# शिक्षा निदेशालय

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

सहायक सामग्री

(2020–2021)

कक्षा : ग्यारहवीं

# हिंदी (ऐच्छिक)

<u>मार्गदर्शन:</u>

**श्रीमती मनीषा सक्सेना**

सचिव (शिक्षा)

**श्री बिनय भूषण**

निदेशक (शिक्षा)

**डॉ. सरोज बाला सेन**

अतिरिक्त शिक्षा निदेशक (स्कूल एवं परीक्षा)

*<u>समन्वयक:</u>*

**श्रीमती मुक्ता सोनी**
उप शिक्षा निदेशक (परीक्षा)

**डॉ. राजकुमार**
विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा)

**श्री कृष्ण कुमार**
विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा)

**उत्पादन मंडल**

**अनिल कुमार शर्मा**

दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो में **प्रभजोत सिंह** सचिव, दिल्ली पाठ्य पुस्तक ब्यूरो, 25/2, पंखा रोड, संस्थानीय क्षेत्र, नई दिल्ली द्वारा प्रकाशित तथा मैसर्स अरिहन्त ऑफसैट, नई दिल्ली द्वारा मुद्रित।

**MANISHA SAXENA**
IAS

सचिव ( शिक्षा )
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र
दिल्ली सरकार
पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
दूरभाष : 23890187 टेलीफैक्स : 23890119

सत्यमेव जयते

Secretary (Education)
Government of National Capital Territory of Delhi
Old Secretariat, Delhi-110054
Phone : 23890187 Telefax : 23890119
e-mail : secyedu@nic.in

DO No. DE. 5/228/Exam/Message/S.M./2018
Dated

## MESSAGE

The importance of adequate practice during examinations can never be overemphasized. I am happy that support material for classes IX to XII has been developed by the Examination Branch of Directorate of Education. This material is the result of immense hard work, co-ordination and cooperation of teachers and group leaders of various schools. The purpose of the support material is to impart ample practice to the students for preparation of examinations. It will enable the students to think analytically & rationally and test their own capabilities and level of preparation.

The material is based on latest syllabus prepared by the NCERT and adopted by the CBSE for the academic session 2020-21 and covers different levels of difficulty. I expect that Heads of Schools and Teachers will enable and motivate students to utilize this material during zero periods, extra classes and regular classes best to their advantage.

I would like to compliment the team of Examination Branch for their diligent efforts of which made it possible to accomplish this work in time. I also take this opportunity to convey my best wishes to all the students for success in their endeavours.

24.6.2020

**(MANISHA SAXENA)**

**BINAY BHUSHAN, IAS**

सत्यमेव जयते

**Director**
Education & Sports
Govt. of NCT of Delhi
Old Secretariat, Delhi- 110054
Tel.: 23890172, Fax : 23890355
E-mail : diredu@nic.in
Website : www.edudel.nic.in

**D.O. No.**

**Date :**

Dear Students,

Directorate of Education is committed to providing qualitative and best education to all its students. The Directorate is continuously engaged in the endeavor to make available the best study material for uplifting the standard of its students and schools.

Every year, the expert faculty of Directorate reviews and updates Support Material. The expert faculty of different subjects incorporates the changes in the material as per the latest amendments made by CBSE to make its students familiar with new approaches and methods so that students do well in the examination.

The book in your hand is the outcome of continuous and consistent efforts of senior teachers of the Directorate. They have prepared and developed this material especially for you. A huge amount of money and time has been spent on it in order to make you updated for annual examination.

Last, but not the least, this is the perfect time for you to build the foundation of your future. I have full faith in you and the capabilities of your teachers. Please make the fullest and best use of this Support Material.

**BINAY BHUSHAN**
**DIRECTOR (EDUCATION)**

**Dr. (Mrs.) Saroj Bala Sain**
Addl. Director of Education
(School / Exam / EVGB/IEB/ VOC.)

सत्यमेव जयते

Govt. of NCT of Delhi
Directorate of Education
Old Secretariat, Delhi-110054
Tel.: 23890023, 23890093

D.O. No. PA/Addl.DE(Sch)/86
Date : 03-10-2019

I am very much pleased to forward the Support Material for classes IX to XII. Every year, the Support Material of most of the subjects is updated/revised as per the most recent changes made by CBSE. The team of subject experts, officers of Exam Branch, members of Core Academic Unit and teachers from various schools of Directorate has made it possible to make available unsurpassed material to students.

Consistence use of Support Material by the students and teachers will make the year long journey seamless and enjoyable. The main purpose to provide the Support Material for the students of government schools of Directorate is not only to help them to avoid purchasing of expensive material available in the market but also to keep them updated and well prepared for exam. The Support Material has always been a ready to use material, which is matchless and most appropriate.

I would like to congratulate all the Team Members for their tireless, unremitting and valuable contributions and wish all the best to teachers and students.

**(Dr. Saroj Bala Sain)**
**Addl.DE (School/Exam)**

# भारत का संविधान

भाग 4क

# नागरिकों के मूल कर्तव्य

## अनुच्छेद 51क

**मूल कर्तव्य** – भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –

(क) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;

(ख) स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;

(ग) भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण बनाए रखे;

(घ) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;

(ङ) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभावों से परे हो, ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो महिलाओं के सम्मान के विरुद्ध हों;

(च) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;

(छ) प्राकृतिक पर्यावरण की, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;

(ज) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;

(झ) सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे;

(ञ) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत् प्रयास करे, जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊँचाइयों को छू सके; और

(ट) यदि माता-पिता या संरक्षक है, छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बालक या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# CONSTITUTION OF INDIA

**Part IV A (Article 51 A)**

# Fundamental Duties

**Fundamental Duties :** It shall be the duty of every citizen of India —

1. to abide by the Constitution and respect its ideals and institutions, the National Flag and the National Anthem;
2. to cherish and follow the noble ideals which inspired our national struggle for freedom;
3. to uphold and protect the sovereignty, unity and integrity of India;
4. to defend the country and render national service when called upon to do so;
5. to promote harmony and the spirit of common brotherhood amongst all the people of India transcending religious, linguistic and regional or sectional diversities; to renounce practices derogatory to the dignity of women;
6. to value and preserve the rich heritage of our composite culture;
7. to protect and improve the natural environment including forests, lakes, rivers and wild life, and to have compassion for living creatures.
8. to develop the scientific temper, humanism and the spirit of inquiry and reform;
9. to safeguard public property and to adjure violence;
10. to strive towards excellence in all spheres of individual and collective activity so that the nation constantly rises to higher levels of endeavour and achievement.
11. who is a parent or guardian to provide opportunities for education to his child or, as the case may be, ward between the age of six and fourteen years.

# भारत का संविधान

## उद्देशिका

हम, भारत के लोग, भारत को एक [1]**[संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य]** बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को :

सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक **न्याय,**

विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म

और उपासना की **स्वतंत्रता,**

प्रतिष्ठा और अवसर की **समता**

प्राप्त कराने के लिए,

तथा उन **सब में**

व्यक्ति की गरिमा और [2]**[राष्ट्र की एकता**

**और अखंडता]** सुनिश्चित करने वाली **बंधुता**

बढ़ाने के लिए

दृढ़संकल्प होकर **अपनी इस संविधान सभा में** आज तारीख 26 नवंबर, 1949 ई. को **एतद्द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।**

---

1. संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1976 की धारा 2 द्वारा (3.1.1977 से) ''प्रभुत्व-संपन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य'' के स्थान पर प्रतिस्थापित।
2. संविधान (बयालीसवां संशोधन) अधिनियम, 1976 की धारा 2 द्वारा (3.1.1977 से) ''राष्ट्र की एकता'' के स्थान पर प्रतिस्थापित।

# THE CONSTITUTION OF INDIA

## PREAMBLE

**WE, THE PEOPLE OF INDIA,** having solemnly resolved to constitute India into a [1]**[SOVEREIGN SOCIALIST SECULAR DEMOCRATIC REPUBLIC]** and to secure to all its citizens :

**JUSTICE,** social, economic and political;

**LIBERTY** of thought, expression, belief, faith and worship;

**EQUALITY** of status and of opportunity; and to promote among them all

**FRATERNITY** assuring the dignity of the individual and the [2][unity and integrity of the Nation];

**IN OUR CONSTITUENT ASSEMBLY** this twenty-sixth day of November, 1949 do **HEREBY ADOPT, ENACT AND GIVE TO OURSELVES THIS CONSTITUTION.**

---

1. Subs. by the Constitution (Forty-second Amendment) Act, 1976, Sec.2, for "Sovereign Democratic Republic" (w.e.f. 3.1.1977)
2. Subs. by the Constitution (Forty-second Amendment) Act, 1976, Sec.2, for "Unity of the Nation" (w.e.f. 3.1.1977)

# शिक्षा निदेशालय

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

## सहायक सामग्री

(2020-2021)

# हिंदी

**कक्षा : ग्यारहवीं**

नि:शुल्क वितरण हेतु

दिल्ली पाठ्य-पुस्तक ब्यूरो द्वारा प्रकाशित

# सहायक सामग्री निर्माण समिति
## हिंदी (ऐच्छिक)
## कक्षा– ग्यारहवीं
## 2020–21

| क्रम संख्या | नाम | पद |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. श्रीमती सुमन शर्मा (समूह संदर्शिका) | उप प्रधानाचार्य, सर्वोदय विद्यालय, वजीरपुर गाँव, दिल्ली |
| 2. | श्रीमती लता (विषय–विशेषज्ञ) | प्रवक्ता–हिन्दी, सर्वोदय कन्या विद्यालय, बी०एल० ब्लॉक शालीमार बाग, दिल्ली |
| 3. | श्रीमती मीनाक्षी शर्मा (विषय–विशेषज्ञ) | प्रवक्ता–हिन्दी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बालिका विद्यालय, आज़ादपुर, कॉलोनी, दिल्ली |
| 4. | श्रीमती मीना कुमारी (विषय–विशेषज्ञ) | प्रवक्ता–हिन्दी, सर्वोदय कन्या विद्यालय, बादली, दिल्ली |

# अध्यापन निर्देश

प्रस्तुत सहायक सामग्री को शिक्षक पाठ्यपुस्तक के विकल्प के रूप में न लें। निर्धारित पाठ्य सामग्री के पूर्ण अध्यापन के बाद ही प्रस्तुत सहायक सामग्री का प्रयोग छात्रों को विषयबोध एवं पुनरावृत्ति कार्य कराने के लिए करें।

1. अंतरा भाग–1 गद्य खण्ड के अंतर्गत पाठ प्रारंभ करने से पूर्व पाठ की विधा का परिचय करवाना आवश्यक है।
2. तत्पश्चात् भाषा–शैलीगत विशेषताओं का परिचय करवाएँ।
3. गद्यांश की व्याख्या के संदर्भ में छात्रों को अंक विभाजन के विषय में बताकर स्पष्ट करें कि व्याख्या को तीन उपशीर्षकों के अंतर्गत लिखें। 1. प्रसंग, 2. व्याख्या एवं 3. विशेष।
4. प्रसंग के अन्तर्गत लेखक एवं पाठ का शीर्षक लिखने का अभ्यास कराएँ, पाठ्यपुस्तक का नाम लिखना आवश्यक नहीं है।
5. विषयवस्तु पर आधारित उत्तरों की शब्द सीमा 50–60 शब्दों की हो।
6. लेखक–परिचय को भी तीन उपशीर्षकों में लिखने का अभ्यास कराना आवश्यक है–

   1. जीवन परिचय 2. रचनाएँ 3. भाषा–शैलीगत विशेषताएँ
7. अंतरा भाग–1 काव्य खण्ड के अंतर्गत निर्धारित पाठ प्रारंभ करने से पूर्व कवि का सामान्य परिचय, वह किस धारा/वाद के हैं तथा उन्हें मिले पुरस्कारों की चर्चा अवश्य करें।
8. भाषा की जानकारी अति आवश्यक है क्योंकि व्याख्या, काव्य–सौंदर्य, शब्द–शक्ति, रस, छंद, अलंकार का ज्ञान इत्यादि लेखन में सहायक सिद्ध होते हैं।
9. काव्यांश की व्याख्या को भी तीन उपशीर्षकों में बाँटने का ज्ञान कराना भी आवश्यक हैं क्योंकि प्रश्नपत्र में अंक विभाजन इसी प्रकार होता है यथा 1. प्रसंग, 2. व्याख्या 3. शिल्प सौंदर्य ।
10. प्रायः छात्र व्याख्या एंव काव्य सौंदर्य के प्रश्नों के उत्तर एक समान लिख देते हैं। अतः शिक्षक का दायित्व हैं कि वह छात्रों को समझाएं कि काव्य सौंदर्य दो उपशीर्षकों (1. भाव सौंदर्य 2. शिल्प सौंदर्य) के अंतर्गत लिखा जाए तथा व्याख्या तीन उपशीर्षकों के अंतर्गत लिखी जाए।
11. प्रश्नों के उत्तर अंकानुसार व शब्द–सीमा के अन्तर्गत लिखने का अभ्यास कराएँ।

12. कवि का जीवन परिचय तीन उपशीर्षकों के अंतर्गत लिखा जाए– 1. जीवन परिचय 2. रचनाएँ 3. काव्यगत विशेषताएँ।

13. पूरक पुस्तक 'अंतराल' के अंतर्गत सर्वप्रथम छात्रों को एकांकी, आत्मकथा तथा जीवनी विधा का परिचय देकर अन्तर स्पष्ट करें।

14. पाठ पढ़ाने के पश्चात् पाठ्यपुस्तक में दिए गए प्रश्नों के अतिरिक्त सहायक सामग्री के अंतर्गत दिए गए बोधात्मक प्रश्नों का अभ्यास अवश्य कराएँ।

15. चरित्र–चित्रण से संबंधित प्रश्नों के अभ्यास कार्य में यह अवश्य बताएँ कि चरित्र–चित्रण को उपशीषकों में ही लिखना चाहिए ।

16. विविध विधाओं पर आधारित 3 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर 60–70 शब्द, तथा 4 अंक वाले प्रश्नों के उत्तर लगभग 80–100 शब्दों में देने चाहिए।

17. ''अभिव्यक्ति एवं माध्यम'' शीर्षक के अंतर्गत सहायक सामग्री में प्रत्येक पाठ के पश्चात् सी.बी.एस.ई. पाठ्यक्रम 2012 के आधार पर लघुउत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं।

18. पत्रकारीय लेखन से संबंधित गतिविधियाँ (रिपोर्ट लिखना, समाचार लिखना, संपादक को पत्र) कक्षा में अवश्य करवाएँ।

19. 'डायरी–लेखन' के अंतर्गत कक्षा में 'ऐनीफ्रेंक की डायरी' का वाचन करवाना छात्रों के हित में हैं इससे छात्रों में डायरी लिखने की रूचि का भी विकास किया जा सकता हैं।

20. छात्रों को समाचारपत्र पढ़ने एवं समाचार सुनने के लिए प्रेरित करें तथा कक्षा में समूह–चर्चा को अवश्य स्थान दें।

21. छात्रों से उनका स्ववृत्त बनवाया जाए।

22. टिप्पण, आनुषंगिक टिप्पण, अनुस्मारक, कार्यसूची एवं कार्यवृत्त इत्यादि के प्रारूप का ज्ञान एवं लेखक का अभ्यास कार्य करवाना अति आवश्यक हैं

23. सहायक सामग्री के अंतर्गत सभी लघुत्तरीय प्रश्नों के उत्तर सार में नहीं हैं इसलिए छात्रों को प्रेरित किया जाए कि उन प्रश्नों के उत्तर वे पाठ से स्वयं खोजें।

24. 'पत्र लेखन' के अंतर्गत पाठ्यक्रम में निर्धारित विभिन्न पत्रों के प्रारूप के साथ ही उन्हें अंक विभाजन से भी अवगत कराएँ, यथा प्रारंभ और अंत की औपचारिकताओं के लिए 1 + 1 अंक, विषय प्रतिपादन के लिए 2 अंक एवं प्रस्तुतीकरण के लिए 1 अंक निर्धारित होता है। इसलिए छात्रों को अंकानुसार पत्र–लेखन का अभ्यास कार्य करवाया जाए।

25. संपादक के नाम पत्र के संदर्भ में कुछ दैनिक समाचारपत्रों के नाम एवं उनके प्रकाशन कार्यालयों के पते अवश्य याद करवाएँ।

26. छात्रों को इस बात का अंतर अवश्य समझाएँ कि समस्या के समाधान का आग्रह किससे करना है और किससे नहीं।

27. छात्रों को बताया जाए कि पत्र–लेखन में कहीं पर भी वे अपने नाम, पते या विद्यालय के वास्तविक नाम का उल्लेख न करें।

28. प्रश्न–पत्र में दी गई स्थिति/घटना के आधार पर दृश्य लेखन का प्रश्न होगा।

29. कुछ घटनाओं/स्थितियों के आधार पर दृश्य लेखन का अभ्यास कराएँ।

30. सबसे महत्वपूर्ण कार्य शिक्षक के लिए यह है कि वह छात्र को प्रश्नपत्र हल करने का सही तरीका अवश्य समझाएँ। छात्रों को बताएँ कि एक प्रश्न के खण्डों–उपखण्डों को एक ही स्थान पर लिखें तथा यभासंभव प्रश्नों को प्रश्नपत्र के क्रमानुसार हल करने का प्रयास करें।

31. उन प्रश्नों को पहले हल करें, जो अच्छी तरह आते हों।

32. प्रत्येक प्रश्न को अंकों के अनुसार समय दें। विशेषकर निबंध लेखन जैसे प्रश्न पर समय का विशेष ध्यान रखें।

33. समय प्रबंधन और स्वच्छ लेखन पर ध्यान दें।

34. दो प्रश्नों के बीच उचित स्थान छोड़ें।

35. उत्तर लिखते समय पृष्ठ के दोनों तरफ हाशिया छोड़ें।

36. प्रत्येक पाठ के मूल भाव व उद्देश्य पर विशेष ध्यान दें।

37. अभिव्यक्ति और माध्यम से अति लघूत्तरीय प्रश्न 1–1 अंक के चार और एक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 3 अंक का आता है।

38. संचार के साथ–साथ शब्द–कोष और संदर्भ ग्रन्थों से भी छात्राओं को परिचित कराया जाए व प्रश्न भी पूछे जाएँगे। यह प्रश्न 3 अंक का होगा।

# विषय सूची


| क्र. सं. | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अंतरा भाग–1 (गद्य खण्ड) | 14 |
| 2. | अंतरा भाग–1 (काव्य खण्ड) | 61 |
| 3. | पूरक पुस्तक (अंतराल) | 107 |
| 4. | अभिव्यक्ति और माध्यम | 118 |
| 5. | दृश्य लेखन | 165 |
| 6. | अपठित बोध (गद्यांश तथा काव्यांश) | 171 |
| 7. | प्रतिदर्श प्रश्न–पत्र | 184 |
| 8. | अभ्यास के लिए प्रश्न–पत्र | 231 |

## हिन्दी (ऐच्छिक) – एक परिचय

## कक्षा – XI

### प्रस्तावना :

उच्चतर माध्यमिक स्तर में प्रवेश लेने वाला विद्यार्थी पहली बार सामान्य शिक्षा से विशेष अनुशासन की शिक्षा की ओर उन्मुख होता है। दस वर्षों में विद्यार्थी भाषा के कौशलों से परिचित हो जाता है। भाषा और साहित्य के स्तर पर उसका दायरा अब घर, पास–पड़ोस, स्कूल, प्रांत और देश से होता हुआ धीरे–धीरे विश्व तक फैल जाता है। वह इस उम्र में पहुँच चुका है कि देश की सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक समस्याओं पर विचार–विमर्श कर सके, एक जिम्मेदारी नागरिक की तरह अपनी जिम्मेदारियों को समझ सकें तथा देश और खुद को सही दिशा दे सकने में भाषा की ताकत को पहचान सकें। ऐसे दृढ़ भाषिक और वैचारिक आधार के साथ जब विद्यार्थी आता है तो उसे विमर्श की भाषा के रूप में हिंदी की व्यापक समझ और प्रयोग में दक्ष बनाना सबसे पहला उद्देश्य होगा। किशोरावस्था में युवास्था के इस नाजुक मोड़ पर किसी भी विषय का चुनाव करते समय बच्चे और उनके अभिभावक इस बात को लेकर सबसे अधिक चिंतित रहते हैं कि चयनित विषय उनके भावी करियर और जीविका के अवसरों में मदद करेगा या नहीं। इस उम्र के विद्यार्थियों में चिंतन और निर्णय करने की प्रवृत्ति भी प्रबल होती है। इसी आधार पर वे अपने मानसिक, सामाजिक, बौद्धिक और भाषिक विकास के प्रति भी सचेत होते हैं और अपने भावी अध्ययन की दिशा तय करते हैं। इस स्तर पर 'ऐच्छिक हिंदी' का अध्ययन एक सृजनात्मक, साहित्यिक, सांस्कृतिक और विभिन्न प्रयुक्तियों की भाषा के रूप में होगा। इस बात पर भी बल दिया जाएगा कि निरंतर विकसित होती हिंदी के अखिल भारतीय स्वरूप से छात्र आत्मीयता का अनुभव करें।

इस स्तर पर विद्यार्थियों में भाषा के लिखित प्रयोग के साथ–साथ उसके मौखिक प्रयोग की कुशलता और दक्षता का विकास भी जरूरी है। प्रयास यह भी होगा कि विद्यार्थी अपने बिखरे हुए विचारों और भावों की सहज और मौलिक अभिव्यक्ति की क्षमता हासिल कर सके।

**इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से :–**

1. विद्यार्थी अपनी रुचि और आवश्यकता के अनुरूप साहित्य का गहन और विशेष अध्ययन जारी रख सकेंगे।
2. विश्वविद्यालय स्तर पर निर्धारित हिंदी–साहित्य से संबंधित पाठ्यक्रम के साथ सहज संबंध स्थापित कर सकेंगे।

3. लेखन–कौशल के व्यावहारिक और सृजनात्मक रूपों की अभिव्यक्ति में सक्षम हो सकेंगे।
4. रोजगार के किसी भी क्षेत्र में जाने पर भाषा का प्रयोग प्रभावी ढंग से कर सकेंगे।
5. यह पाठ्यक्रम विद्यार्थी को संचार तथा प्रकाशन जैसे विभिन्न–क्षेत्रों में अपनी क्षमता व्यक्त करने के अवसर प्रदान कर सकता है।

**उद्देश्य**

– सृजनात्मक साहित्य की सराहना, उसका आनंद उठाना और उसके प्रति सृजनात्मक और आलोचनात्मक दृष्टि का विकास।
– साहित्य की विविध विधाओं (कविता, कहानी, निबंध आदि), महत्वपूर्ण कवियों और रचनाकारों, प्रमुख धाराओं और शैलियों का परिचय कराना।
– भाषा की सृजनात्मक बारीकियों और व्यावहारिक प्रयोगों का बोध तथा संदर्भ और समय के अनुसार प्रभावशाली ढंग से उसकी मौखिक और लिखित अभिव्यक्ति कर सकता।
– विभिन्न ज्ञानानुशानों के विमर्श की भाषा के रूप में हिंदी की विशिष्ट प्रकृति एवं क्षमता का बोध कराना।
– साहित्य की प्रभावशाली क्षमता का उपयोग करते हुए सभी प्रकार की विविधताओं (धर्म, जाति, लिंग, वर्ग, भाषा आदि) एवं अंतरों के प्रति सकारात्मक और संवेदशील रवैये का विकास कराना।
– देश–विदेश में प्रचलित हिंदी के रूपों से परिचित कराना।
– संचार–माध्यमों (प्रिंट और इलेक्ट्रानिक) में प्रयुक्त हिन्दी की प्रकृति से अवगत कराना और नवीन विधियों के प्रयोग की क्षमता का विकास करना।
– साहित्य की व्यापक धारा के बीच रखकर विशिष्ट रचनाओं का विश्लेषण और विवेचन करने की क्षमता हासिल करना।
– विपरीत परिस्थितियों में भी भाषा का इस्तेमाल शांति के साथ करना।
– विविध विषयों के अनुकूल भाषा का विकास और कल्पनाशीलता एवं मौलिक चिंतन के लिए उसका प्रयोग करना।

**शिक्षण युक्तियाँ :**

इन कक्षाओं में उचित वातावरण—निर्माण में अध्यापकों की भूमिका सदैव सहायक की होनी चाहिए। उन्हें भाषा और साहित्य के शिक्षण में इस बात पर ध्यान देने की जरूरत होगी कि —

– कक्षा का वातावरण संवादात्मक हो ताकि अध्यापक, विद्यार्थी और पुस्तक तीनों के बीच एक रिश्ता बन सके।

– गलत से सही की ओर पहुँचने का प्रयास हो यानी बच्चों को स्वतंत्र रूप से बोलने, लिखने और पढ़ने दिया जाए और फिर उनसे होने वाली भूलों की पहचान करा कर अध्यापक अपनी पढ़ाने की शैली में परिवर्तन करे।

– ऐसे शिक्षण—बिंदुओं पर बल दिया जाए, जिससे कक्षा में विद्यार्थी की सक्रिय भागीदारी रहे और अध्यापक भी उनका साथी बना रहे।

– शारीरिक बाधाग्रस्त विद्यार्थियों के लिए उपयुक्त शिक्षण—सामग्री का इस्तेमाल किया जाए तथा किसी भी प्रकार से उन्हें अन्य विद्यार्थियों से कमतर या अलग न समझा जाए।

– विभिन्न विधाओं से संबंधित रुचिकर और महत्वपूर्ण 10 अन्य पुस्तकें—जिनका ज़िक्र पाठ्यक्रम के अंत में किया जाएगा— स्वयं पढ़ने के लिए उन्हें प्रेरित किया जाए।

– कक्षा में अध्यापकों को हर प्रकार की विभिन्नताओं (लिंग, धर्म, जाति, वर्ग आदि) के प्रति सकारात्मक और संवदेनशील वातावरण निर्मित करना चाहिए।

– सृजनात्मकता के अभ्यास के लिए विद्यार्थी से साल में कम से कम दो रचनाएँ लिखवाई जाएँ।

## हिंदी (ऐच्छिक) (कोड सं. 002)
## कक्षा – 11वीं (2020–21)

| खंड | | विषय | अंक |
|---|---|---|---|
| (क) | **अपठित अंश** | | |
| | 1. | अपठित गद्यांश – बोध (गद्यांश पर आधारित बोध, प्रयोग, रचनांतरण, शीर्षक आदि पर लघूत्तरात्मक प्रश्न (2×4 लघूत्तरात्मक प्रश्न + 1×3 अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न) | 11 |
| | 2. | अपठित काव्यांश पर आधारित पाँच लघूत्तरात्मक प्रश्न) (1×5) | 05 |
| (ख) | **कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन**<br>('अभिव्यक्ति और माध्यम' पुस्तक के आधार पर) | | 20 |
| | 3. | दी गई स्थिति / घटना के आधार पर दृश्य लेखन (विकल्प सहित) | 05 |
| | 4. | औपचारिक पत्र / स्ववृत्त लेखन / रोजगार संबंधी आवेदन पत्र (विकल्प सहित) | 05 |
| | 5. | व्यावहारिक लेखन (प्रतिवेदन, प्रेस विज्ञप्ति, परिपत्र, कार्यसूची, कार्यवृत्त इत्यादि (विकल्प सहित) | 03 |
| | 6. | जनसंचार माध्यम और पत्रकारिता के विविध आयामों पर चार लघूत्तरात्मक प्रश्न (1×4) | 04 |
| | 7. | शब्दकोश परिचय से संबंधित एक प्रश्न (विकल्प सहित) | 03 |
| (ग) | **पाठ्यपुस्तकें** | | 44 |
| | (1) | **अंतरा भाग–1** | 32 |
| | (अ) | **काव्य भाग** | 16 |
| | 8. | एक काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या (विकल्प सहित) | 06 |
| | 9. | कविता के कथ्य पर तीन में से दो प्रश्न (2×2) | 04 |
| | 10. | कविताओं के काव्य सौंदर्य पर तीन में से दो प्रश्न (3×2) | 06 |
| | (ब) | **गद्य भाग** | 16 |
| | 11. | एक गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या (विकल्प सहित) | 05 |
| | 12. | पाठों की विषयवस्तु पर दो प्रश्न (3×2) (तीन में से दो प्रश्न) | 06 |
| | 13. | किसी एक लेखक / कवि का साहित्यक परिचय | 05 |
| | (2) | **अंतराल भाग–1** | 12 |
| | 14. | पाठों की विषयवस्तु पर आधारित एक प्रश्न (विकल्प सहित) 4×1 | 04 |
| | 15. | विषयवस्तु पर आधारित दो निबंधात्मक प्रश्न 4×2 (विकल्प सहित) | 08 |
| (घ) | (क) | श्रवण तथा वाचन | 10 |
| | (ख) | परियोजना | 10 |
| | | कुल | 100 |

**नोट :** निम्नलिखित पाठों से प्रश्न नहीं पूछे जाएंगे।

- अंतरा (भाग–1)
- नए की जन्म कुंडली

## मौखिक परीक्षा + परियोजना कार्य

### मौखिक परीक्षा (श्रवण तथा वाचन) हेतु शिक्षा निर्देश

**श्रवण (सुनना)** : वर्णित या पठित सामग्री को सुनकर अर्थग्रहण करना, वार्तालाप करना, वाद–विवाद, भाषण, कवितापाठ आदि को सुनकर समझाना, मूल्यांकन करना और अभिव्यक्ति के ढंग को समझाना।

**वाचन (बोलना)** : भाषण, सस्वर कविता–पाठ, वार्तालाप और उसकी औपचारिकता, कार्यक्रम प्रस्तुति, कथा–कहानी अथवा घटना सुनाना, परिचय देना, भावानुकूल संवाद–वाचन।

**वार्तालाप की दक्षताएँ :–**

**टिप्पणी** : वार्तालाप की दक्षताओं का मूल्यांकन निरतंरता के आधार पर परीक्षा के समय ही होगा। निर्धारित 10 अंकों में से 5 श्रवण (सुनना) के मूल्यांकन के लिए और 5 (बोलना) के मूल्यांकन के लिए होंगे।

**श्रवण (सुनना) का मूल्यांकन** : परीक्षक किसी प्रासंगिक विषय पर एक अनुच्छेद का स्पष्ट वाचन करेगा। अनुच्छेद तथ्यात्मक या सुझावात्मक हो सकता है। अनुच्छेद लगभग 250 शब्दों का होना चाहिए। अध्यापक को सुनते –सुनते परीक्षार्थी अलग कागज़ पर दिए हुए श्रवण बोध के अभ्यास प्रश्नों को हल कर सकेंगे। अभ्यास प्रश्न रिक्तस्थान–पूर्ति, बहुविकल्पी अथवा सत्य–असत्य का चुनाव आदि रूपों में हो सकते है। प्रत्येक आधे अंक के लिए 1–1 परीक्षण प्रश्न होगा।

**मौखिक अभिव्यक्ति (बोलना) का मूल्यांकन :–**

1. चित्रों के क्रम पर आधारित वर्णन : इस भाग में अपेक्षा की जाएगी कि विद्यार्थी विवरणात्मक भाषा का प्रयोग करें।
2. किसी चित्र का वर्णन – चित्र लोगों या स्थानों के हो सकते हैं।
3. किसी निर्धारित विषय पर बोलना – जिससे विद्यार्थी अपने व्यक्तिगत अनुभव या पहले पढ़े गये विषय का पुनः स्मरण कर उसे अभिव्यक्त कर सकें।
4. कोई कहानी सुनाना या किसी घटना का वर्णन करना।

**टिप्पणी :**

1. परीक्षण से पूर्व परीक्षार्थी का कुछ तैयारी के लिए थोड़ा समय दिया जाए।
2. विवरणात्मक भाषा में वर्तमान काल का प्रयोग अपेक्षित है।
3. निर्धारित विषय परीक्षार्थी के अनुभव–जगत के हों। जैसे : कोई चुटकुला या हास्य प्रसंग सुनाना। हाल में पढ़ी देखे हुए चलचित्र (सिनेमा) की कहानी सुनाना।
4. जब परीक्षार्थी बोलना आरंभ कर दे तो परीक्षक कम से कम हस्तक्षेप करे।

**परियोजना कार्य** – किसी भी विषय वस्तु पर परियोजना कार्य कराया जा सकता है।

- गद्य या पद्य की विभिन्न विद्याएँ जैसे–निबंध, नाटक, कहानी आदि।

# कौशलों के अंतरण का मूल्यांकन

(इस बात का निश्चय करना कि क्या विद्यार्थी में श्रवण और वाचन की निम्नलिखित योग्यताएँ हैं।)

| श्रवण (सुनना) | वाचन (बोलना) |
|---|---|
| 1. परिचित संदर्भो में प्रयुक्त शब्दों और पदों को समझने की सामान्य योग्यता है किन्तु वह सुसंबद्ध आशय को नहीं समझ पाता। | 1. केवल अलग–अलग शब्दों और पदों के प्रयोग की योग्यता प्रदर्शित करता है किन्तु एक सुसबद्ध स्तर पर नहीं बोल सकता। |
| 2. छोटे संबद्ध कथनों को परिचित संदर्भों में समझने की योग्यता है। | 2. परिचित संदर्भों में केवल छोटे संबद्ध कथनों का सीमित शुद्धता से प्रयोग करता है। |
| 3. परिचित या अपरिचित दोनों संदर्भों में कथित सूचना को स्पष्ट समझने की योग्यता है। | 3. अपेक्षाकृत दीर्घ भाषण में अधिक जटिल कथनों के प्रयोग की योग्यता प्रदर्शित करता है, अभी भी कुछ अशुद्धियाँ करता है, जिससे प्रेषण में रूकावट आती है। |
| 4. दीर्घ कथनों की श्रृंखला को पर्याप्त शुद्धता से समझने के ढंग और निष्कर्ष निकाल सकने की योग्यता है। | 4. अपरिचित स्थितियों से विचारों को तार्किक ढंग से संगठित कर धारा–प्रवाह रूप से प्रस्तुत करता है। ऐसी गलतियाँ करता है जिनसे प्रेषण में रूकावट नहीं आती। |
| 5. जटिल कथनों के विचार बिंदुओं को समझने की योग्यता व प्रदर्शित करने की क्षमता है। वह उद्देश्य के अनुकूल सुनने की कुशलता प्रदर्शित करता है। | 5. उद्देश्य और श्रोता के लिए उपयुक्त शैली को अपना सकता है, ऐसा करते समय वह केवल मामूली गलतियाँ करता है। |

**परियोजना–लेखन (लिखना)**

1. विद्यार्थी की सृजन क्षमता।
2. उद्‌देश्य की स्पष्टता।
3. विषय से संबद्धता।
4. शुद्‌ध व स्पष्ट लेखन।
5. क्रमबद्‌धता।

**प्रस्तावित पुस्तकें :–**

1. अंतरा भाग–1 एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा प्रकाशित
2. अंतराल भाग–1 एन.सी.ई.टी. द्वारा प्रकाशित
3. अभिव्यक्ति और माध्यम – एन.सी.आर.टी. द्वारा प्रकाशित (खण्ड–ख) कामकाजी हिंदी और रचनात्मक लेखन हेतु

**नोट :** अंतरा गद्य खंड में नए की जन्मकुंडली एक पाठ से प्रश्न नहीं पूछे जायेंगे।

## प्रश्नपत्र का प्रश्नानुसार विश्लेषण एवं प्रारूप
## हिन्दी पाठ्यक्रम–11वीं ऐच्छिक (2020–21)

**निर्धारित समयावधि : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 100**

| क्र.सं. | प्रश्नों का प्रारूप | दक्षता परीक्षण/ अधिगम परिणाम | 1 अंक | 2 अंक | 3 अंक | 4 अंक | 5 अंक | 6 अंक | 8 अंक | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **अपठित बोध (पठन कौशल)** | अवधारणात्मक बोध, अर्थग्रहण अनुमान लगाना, विश्लेषण करना, शब्द–ज्ञान व भाषिक प्रयोग, सृजनात्मकता, मौलिकता। | 8 | 4 | – | – | – | – | – | 16 |
| 2 | **कार्यालयी हिंदी और रचनात्मक लेखन (लेखन कौशल)** | संकेत बिंदुओं का विस्तार, अपने मत कि अभिव्यक्ति, सोदाहरण समझना, औचित्य निर्धारण, भाषा में प्रवाह्यता, सटीक शैली, उचित प्रारूप का प्रयोग, अभिव्यक्ति की मौलिकता, सृजनात्मकता एवं तार्किकता। | 4 | – | 2 | – | 2 | – | – | 20 |
| 3 | **पाठ्य पुस्तकें** | प्रत्यास्मरण, विषयवस्तु का बोध एवं व्याख्या, अर्थग्रहण (भावग्रहण) लेखक के मनोभावों को समझना शब्दों का प्रसंगानुकूल अर्थ समझना, आलोचनात्मक चिंतन, तार्किकता, सराहना, साहित्यिक परंपराओं के परिप्रेक्ष्य में मूल्यांकन, विश्लेषण, सृजनात्मकता, कल्पनाशीलता, कार्य–कारण संबंध सीपित करना, साम्यता एवं अंतरों की पहचान, अभिव्यक्ति में मौलिकता एवं जीवन मूल्यों की पहचान। | – | 2 | 4 | 3 | 2 | 1 | – | 44 |
| 4. | **मौखिक परीक्षा** | श्रवण तथा वाचन | – | – | – | – | – | – | – | 10 |
| 5. | **परियोजना कार्य** | परियोजना | – | – | – | – | – | – | – | 10 |
| | | **कुल** | **1×12 = 12** | **2×6 = 12** | **3×6 = 18** | **4×3 = 12** | **5×4 = 20** | **6×1 = 6** | **10×2 = 20** | **100** |

## परियोजना कार्य

| | |
|---|---|
| | **— कुल अंक 10** |
| व्यक्तिगत रूप से दिया जाएगा | — 5 अंक |
| 1. विषयवस्तु | — 1 अंक |
| 2. शब्द सीमा (1000 शब्द) | — 1 अंक |
| 3. भाषा शैली | — 1 अंक |
| 4. विषय से संबंधित चित्र तथा आँकड़े | — 1 अंक |
| 5. प्रस्तुतीकरण | — 1 अंक |
| • परियोजना कार्य के आधार पर मौखिकी | — 5 अंक |

- परियोजना कार्य हिंदी भाषा और साहित्य से संबंद्ध हो।

## परियोजना कार्य के विषय

**10 अंक**

1. हिन्दी साहित्य का इतिहास
2. विभिन्न संचार माध्यम
3. कवि / लेखक का संपूर्ण परिचय
4. गद्य की विभिन्न विधाएँ
5. किसी एक विधा का विस्तृत वर्णन
6. समसामयिक विषय

# अध्यापक हेतु सहायक निर्देश

1. सत्र के आरंभ में ही विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम व अंक विभाजन (प्रश्नों के आधार पर) लिखवा दें। जिससे छात्र को सुविधा हो और वह उसका मूल्य समझें।
2. अपठित गद्यांश व काव्यांशों का उत्तर छात्र अपनी भाषा में दे, इसका अभ्यास कक्षा में हो।
3. पत्र लेखन के समय ध्यान देने योग्य बातें–
   (i) विषय का चयन प्रश्न में आए पत्र से लिखें।
   (ii) पता भी प्रश्न पत्र से लें।
   (iii) पत्र के अंत में अपना नाम न लिखें।
   (iv) धन्यवाद व तिथि यथास्थान लिखें। (बाँई ओर लिखें)
4. प्रश्नों के उत्तर शब्द सीमा व अंकों के आधार पर ही लिखें।
5. 'अथवा' वाले प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर दें।
6. जीवन–परिचय का विभाजन निम्न भागों में करें– जीवन परिचय, रचनाएँ, साहित्यक / काव्यगत विशेषताएँ / भाषा शैली।

# विद्यार्थी–निर्देश

## अन्तरा भाग–1

### गद्य–खण्ड

1. गद्य–खण्ड के अन्तर्गत सप्रसंग व्याख्या का (5 अंक) एक प्रश्न पूछा जाता है।
2. सप्रसंग व्याख्या के प्रश्न का उत्तर तीन उपशीषर्कों के अन्तर्गत देना आवश्यक है– 1. प्रसंग 2. व्याख्या 3. विशेष
3. प्रसंग–लेखन के अन्तर्गत पाठ एवं लेखक का नाम अनिवार्य रूप से दें। पाठ्यपुस्तक का नाम न लिखें।
4. व्याख्या के अन्तर्गत गद्यांश की पंक्तियों का पूर्व प्रसंग से संबंध स्थापित करते हुए गद्यांश की व्याख्या करें।
5. विशेष के अन्तर्गत लेखक की भाषा एवं शैलीगत विशेषताएँ लिखें।
6. गद्यखण्ड की विषयवस्तु पर आधारित प्रश्न 3 अंक के पूछे जाते हैं इसलिए उनके उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखें।
7. लेखक परिचय को भी तीन उपशीर्षकों में बाँटकर लिखें– जीवन परिचय, रचनाएँ तथा साहित्यगत और भाषागत विशेषताएँ।
8. 'जीवन परिचय' शीर्षक के अंतर्गत लेखक के जन्म, परिवार, शिक्षा एवं साहित्यिक गतिविधियों से सम्बन्धित जानकारी दें।
9. 'रचनाएँ' शीर्षक के अन्तर्गत लेखक द्वारा रचित रचनाओं के नाम लिखें। और किन रचनाओं पर कब उन्हें पुरस्कार मिले।
10. साहित्यगत विशेषताओं के अन्तर्गत लेखक के विषयों, भाषा एवम् शैलीगत विशेषताओं की जानकारी दें।

# अन्तरा भाग–1 (गद्य–खण्ड)

## पाठ–1

## ईदगाह

**विधा – कहानी**

**कहानीकार –प्रेमचन्द**

**जीवन–परिचय**– जन्म सन् 1880 में वाराणसी जिले के लमही ग्राम में। मूल नाम धनपतराय। प्रारंभिक शिक्षा वाराणसी में। असहयोग आंदोलन में भाग लेने के लिए सरकारी नौकरी से त्यागपत्र। उर्दू में नवाबराय के नाम से लेखन कार्य। सन् 1915 में पहली कहानी 'सरस्वती' पत्रिका में प्रकाशित । मृत्यु सन् 1936 में।

**मुख्य रचनाएँ** –

कहानी संग्रह – मानसरोवर (आठ भाग), गुप्तधन (दो भाग)

उपन्यास – निर्मला, सेवासदन, प्रेमाश्रम, रंगभूमि, कर्मभूमि, गबन, गोदान

नाटक – कर्बला, संग्राम, प्रेम की वेदी।

निबंध–संग्रह– विविध प्रसंग (तीन खंडों में) कुछ विचार।

संपादन कार्य – माधुरी, हंस, मर्यादा, जागरण।

**साहित्यिक विशेषताएँ**

प्रेमचन्द ने अपनी रचनाओं में जनसाधारण की वेदना तथा सामाजिक कुरीतियों का मार्मिक चित्रण किया है। उनकी कहानियाँ भारत की संस्कृति एवं ग्रामीण जीवन के विविध रंगों से सराबोर है।

**भाषा–शैली**

इनकी भाषा सजीव मुहावरेदार तथा बोल–चाल के निकट है। तत्सम् तथा उर्दू शब्दों का सुन्दर प्रयोग।

**शैली**

भावपूर्ण, वर्णनात्मक तथा संवादात्मक ।

**पाठ– परिचय**

प्रेमचन्द द्वारा लिखित कहानी 'ईदगाह' भावनात्मक एवं बालमनोविज्ञान पर आधारित कहानी है। कहानी का प्रमुख पात्र हामिद है। जो अपनी दादी अमीना के साथ रहता है। हामिद के चरित्र के माध्यम से अभावग्रस्त जीवन के कारण बच्चे का समय से पहले समझदार होना और इच्छाओं का दमन करना दर्शाया गया है। किस प्रकार बच्चा (हामिद) परिस्थितियों से समझौता करना सीख जाता है, यह बताया गया है।

**स्मरणीय बिन्दु**

ईद के अवसर पर गाँव में ईदगाह जाने की तैयारियाँ हो रही है। सभी लोग कामकाज निपटाकर ईद के मेले में जाने की जल्दी में हैं। बच्चे सबसे ज्यादा खुश हैं। उन्हें गृहस्थी की चिंताओं से कोई मतलब नहीं, उन्हें तो यह भी नहीं मालूम कि उनके अब्बाजान ईद के लिए पैसों का इंतजाम करने चौधरी कायमअली के घर दौड़े जा रहे है और यदि चौधरी पैसे उधार देने से मना कर दे तो वे ईद का त्योहार नहीं मना पाएँगें। उनका यह ईद की खुशी का अवसर मुहर्रम जैसे मातम में बदल जाएगा। बच्चों को तो बस ईदगाह जाने की जल्दी हैं।

हामिद चार–पाँच साल का दुबला–पतला लड़का है, वह अपनी दादी अमीना के साथ रहता है। उसके माता–पिता गत वर्ष गुज़र चुके हैं, परन्तु उसे बताया गया है कि उसके अब्बाजान रूपये कमाने गए हैं और उसकी अम्मीजान अल्लाह मियाँ के घर से उसके लिए अच्छी–अच्छी चीजें लाने गई हैं। इसीलिए हामिद आशावान है और प्रसन्न हैं

अमीना स्वयं सेवैयों के इंतजाम के लिए घर पर रहकर हामिद को तीन पैसे देकर मेले में भेज देती हैं हामिद के साथ उसके दोस्त मोहसिन, महमूद, नूरे और सम्मी भी हैं।

गाँव से बच्चे मेले की ओर चले, हामिद भी साथ में था। रास्ते में बड़ी–बड़ी इमारतें, फलदार वृक्ष आए। बच्चे कल्पनाशील होने के नाते तरह–तरह की कल्पनाएँ तथा उन चीजों पर टीका–टिप्पणी करते आगे बढ़ते जा रहे थे। रास्ते में पुलिस लाइन आने पर एक ने कहा–यहाँ सिपाही कवायद करते हैं। मोहसिन का कहना था कि यहीं पुलिस वाले चोरी भी करवाते हैं। हामिद को सुनकर आश्चर्य होता है। इस प्रकार बालकों में पुलिस के प्रति अलग–अलग विचारधारा थी।

ईदगाह में नमाज का नजारा अलग ही था। नमाज के समय लाखों सिर एक साथ सज़दे में झुकते हैं तथा एक साथ उठते हैं। ऐसा प्रतीत होता है उनके मन में अपार श्रद्धा का भाव होता है। उनके भीतर की भाईचारे की भावना उनको आपस में जोड़े रखते है। धर्म आपस में लोगों को जोड़ता है, तोड़ता नहीं। धर्म के नाम पर

तोड़ने वाले धर्म के रहस्य को समझते ही नहीं। कोई भी धर्म मनुष्य–मनुष्य के बीच भेद नहीं करता।

ईदगाह में नमाज के पश्चात् हामिद के दोस्त चर्खियों पर झूलते हैं परन्तु हामिद दूर खड़ा रहता है। खिलौनों की दुकान से महमूद सिपाही, नूरे वकील, मोहसिन भिश्ती तथा सम्मी धोबिन खरीदता है। हामिद खिलौनों की निंदा करता है परन्तु साथ ही ललचाई निगाहों से उन्हें देखता भी हैं सभी मित्र मिठाईयाँ खरीदते हैं और हामिद को चिढ़ा–चिढ़ाकर खाते हैं।

मेले के अंत में लोहे की दुकान पर चिमटा देखकर हामिद को अपनी दादी का ख्याल आता है। दुकानदार से मोलभाव करके वह चिमटा खरीद लेता है। हामिद के तर्कों के कारण उसके सभी दोस्त उसके चिमटे से प्रभावित हो जाते हैं। घर पहुँचकर दोस्तों के खिलौने किसी न किसी प्रकार टूट जाते हैं।

हामिद के घर पहुँचते ही दादी अमीना उसे गोद में उठाकर प्यार करने लगी पर अचानक हाथ में चिमटा देखकर वह चौंक गई। पूछने पर हामिद बताता है कि उसने मेले से तीन पैसे का चिमटा खरीद लिया। दादी उसकी नासमझी पर क्रोधित होते हुए पूछती है कि पूरे मेले में उसे कोई और चीज़ खरीदने के लिए नहीं मिली। हामिद अपराधी भाव से बताता है कि दादी की उँगलियाँ तवे से जल जाती थी, इसलिए उसने चिमटा खरीदा। यह सुनकर बुढ़िया का क्रोध तुरन्त स्नेह में बदल गया।

दादी अमीना हामिद के त्याग, उसका स्नेह, उसका विवेक देखकर हैरान रह गई। सुबह से भूखा बच्चा, दूसरों को मिठाई खाते देख, कैसे इसने अपने मन को मनाया होगा। मेले में भी इसे अपनी बूढ़ी दादी की याद बनी रही। यह सब सोचकर अमीना का मन गद्‌गद् हो गया।

दादी अमीना एक बालिका के समान रोने लगी। वह दामन फैलाकर हामिद को दुआएँ देती जा रही थी तथा आँसुओं की बड़ी–बड़ी बूँदें गिराती जा रही थी। परन्तु हामिद इस रहस्य को समझने के लिए बहुत छोटा था कि दादी उसके त्याग का अनुभव कर भाव –विभोर हो गई। हामिद यह नहीं समझ पा रहा था कि वह तो दादी के लिए चिमटा लाया है तो फिर दादी रो क्यों रही हैं।

सप्रसंग व्याख्या :–

व्याख्या हेतु अनुच्छेद ''हामिद खिलौनों की निंदा करता है–

मिट्‌टी ही के तो हैं.........................विशेषकर जब अभी नया शौक हैं

**पाठ का नाम** – ईदगाह

**लेखक का नाम** – प्रेमचन्द

**प्रसंग** – प्रस्तुत पाठ में लेखक ने ईद के अवसर पर सर्वत्र छाई खुशी का वर्णन किया है। इस गद्यांश में हामिद के माध्यम से बालसुलभ इच्छाओं व चेष्टाओं का सुन्दर व सजीव वर्णन किया गया है।

**व्याख्या** – हामिद के पास कुल तीन पैसे हैं जिन्हें वह खिलौने और मिठाईयों पर खर्च नहीं कर पाता जबकि उसके साथी रंग–बिरंगे व सुन्दर खिलौने खरीदते हैं। ऐसे में हामिद अपने को समझाने के लिए खिलौनों की निंदा करता है कि मिट्टी के हैं और जमीन पर गिरते ही टूट जाएंगे। परन्तु उसका बालसुलभ मन उन खिलौनों को ललचाई नजरों से देखता है और कुछ देर के लिए उन्हें हाथ में लेकर देखना चाहता है। उसके हाथ अनायास ही खिलौनों की तरफ बढ़ते हैं परन्तु साथी भी उसकी तरह बच्चे ही हैं और उन्होंने खिलौने अभी–अभी लिए हैं अतः वे भी त्यागी नहीं हो सकते है। उनका खिलौनों से खेलने का शौक अभी नया–नया है।

**विशेष**

1. बाल मनोविज्ञान का बहुत ही सुन्दर व हृदयग्राही चित्रण।
2. मुहावरों के प्रयोग से भाषा में सजीवता आ गई है।
3. मिश्रित शब्दावली है।
4. भाषा खड़ी बोली हिन्दी है तथा शैली सरल, सहज व प्रवाहमयी है।

**व्याख्या अभ्यास–कार्य हेतु अनुच्छेद**

1. इस्लाम की निगाह............................................................लड़ी में पिरोऐ हुए है।
2. बुढ़िया का क्रोध.........................................................रहस्य क्या समझता ।
3. रमजान के पूरे तीस रोजों..........................................तैयारियाँ हो रही है।
4. रोजे बड़े–बूढ़ों के लिए................................................सारी ईद मुहर्रम हो जाए।
5. अभागिन अमीना................................................चितवन उसका विध्वंस कर देगी।

**विचारणीय प्रश्न**

1. 'ईदगाह' कहानी के आधार पर प्रेमचन्द कालीन ग्रामीण जीवन की छवि प्रस्तुत कीजिए।

2. छोटे बच्चों की बातचीत में युगीन परिस्थितियाँ किस प्रकार झलकती हैं, उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए ।

3. दादी ने हामिद को अकेले मेले में क्यों भेजा?

4. पुलिसकर्मियों के बारे में हामिद और मित्रों की क्या धारणा है?

5. हामिद के मित्रों ने मेले से क्या–क्या खरीदा?

6. हामिद के हाथ में चिमटा देखकर दादी क्यों क्रोधित हो गई ?

7. बच्चों ने चौधरी के पास जिन्नात होने की बात क्यों कही?

8. दादी का क्रोध स्नेह में क्यों बदल गया?

9. 'हामिद इसका रहस्य क्या समझता' –यहाँ मुंशी प्रेमचन्द किस रहस्य की ओर संकेत कर रहे हैं?

10. हामिद की किन्हीं तीन चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए जिन्होंने उसे कहानी का नायक बना दिया?

11. 'बुढ़िया अमीना बालिका अमीना बन गई'– कैसे ?

12. 'ईदगाह' कहानी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए ।

13. हामिद ने चिमटे की उपयोगिता सिद्ध करने के लिए क्या–क्या तर्क दिए?

14. आशय स्पष्ट कीजिए –

    क) 'उसके अंदर प्रकाश है, बाहर आशा। विपत्ति अपना सारा दलबल लेकर आए, हामिद की आनंद भरी चितवन उसका विध्वंस कर देगी।

    ख) 'उन्हें क्या खबर कि चौधरी आज आँखें बदल लें, तो यह सारी ईद मुहर्रम हो जाए।'

    ग) 'मानों भ्रातृत्व का एक सूत्र इन समस्त आत्माओं को एक लड़ी में पिरोए हुए है।

## अभ्यास–प्रश्न (उत्तर सहित)

1. हामिद की किन्हीं तीन चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए। जिन्होंने उसे कहानी का नायक बना दिया।

उत्तर– 'ईदगाह' कहानी में हामिद ही एकमात्र ऐसा पात्र है जो पाठकों को सबसे अधिक प्रभावित करता है। उसके जिन गुणों ने उसे कहानी का नायक बना दिया, वे निम्नलिखित हैं–

i) हामिद एक तर्कशील बालक है। वह अपने तर्कों से अपने साथियों को पराजित कर देता है।

ii) हामिद एक समझदार बालक है। वह व्यर्थ की चीजें नहीं खरीदता और स्वयं पर नियंत्रण रखता है।

iii) हामिद दादी के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। तभी तो वह मेले में अपने लिए कुछ न खरीदकर दादी के लिए चिमटा खरीद लाता है।

2. हामिद ने चिमटे की उपयोगिता सिद्ध करने के लिए क्या–क्या तर्क दिए?

उत्तर – हामिद ने चिमटे की उपयोगिता सिद्ध करने के लिए निम्नलिखित तर्क दिए–

i) चिमटा बड़े काम की चीज है। रोटियाँ तवे से उतार लो, चूल्हे में सेंक लो, दूसरे को आग पकड़ा दो।

ii) खिलौने तो थोड़ी ही देर में टूट–फूट जाते हैं जबकि चिमटे का कुछ नहीं बिगड़ता।

iii) चिमटे को देखकर अम्मा खुश हो जाएगी। वह मुझे दुआएँ देगी।

iv) चिमटा एक खिलौना भी है, इसे कंधे पर रखो तो बंदूक हो जाती है, हाथ में लो तो फकीरों का चिमटा। इससे मजीरे का काम भी लिया जा सकता है।

v) चिमटे का कोई बाल भी बाँका नहीं कर सकता । चिमटा–खिलौनों का बादशाह, रुस्तमे हिंद सिद्ध हुआ।

3. 'ईदगाह' कहानी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए, क्या इस कहानी का कोई अन्य शीर्षक हो सकता था?

उत्तर– 'ईदगाह' कहानी का शीर्षक सर्वथा उचित है। इस काहनी की प्रमुख घटनाएँ ईदगाह स्थल के इर्द–गिर्द घटित होती है। ईदगाह कहानी का केन्द्र स्थल है। कहानी के प्रारंभ में वहीं जाने की तैयारियाँ होती दर्शायी गई हैं। ईदगाह पर ही नमाज पढ़ी जाती है। वहीं एकता व भ्रातृत्व का दृश्य दिखाई देता है। वहीं मेला लगता है जहाँ ईद की चहल–पहल है। यह शीर्षक कहानी के प्रमुख स्थल के आधार पर है। अतः पूर्णतः उचित एवं सार्थक है।

अन्य शीर्षक हो सकते हैं– 'हामिद का चिमटा' अथवा 'ईद का उपहार'।

# पाठ–2
# दोपहर का भोजन

**विधा– कहानी**

**कहानीकार– अमरकांत**

**जीवन–परिचय**– जन्म जुलाई सन् 1925 को उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के भागलपुर (नगरा) नामक गाँव में। वास्तविक नाम–श्रीराम वर्मा ।

**रचनाएँ**– कहानी संग्रह– जिन्दगी और जोंक, देश के लोग, मौत का नगर, मित्र–मिलन, कुहासा आदि।

**उपन्यास**– सूखा पत्ता, पराई डाल का पंछी, सुख–जीवी, बीच की दीवार, काले उजले दिन, ग्राम सेविका, इन्हीं हथियारों से आदि।

**साहित्यिक विशेषताएँ**– 1. अमरकांत नई कहानी आंदोलन के एक प्रमुख कहानीकार हैं। 2. चित्रात्मकता

**भाषा–शैली**– इन्होंने अपनी अधिकांश कहानियों में बोल–चाल की सहज, सरल भाषा का प्रयोग किया है। प्रसंग व पात्रानुसार आंचलिक मुहावरों व शब्दों के प्रयोग से भाषा रोचक व जीवंत बन गई है। कहीं–कहीं तत्सम् शब्दों के अतिरिक्त अरबी, फारसी, अंग्रेजी व देशज शब्दों का प्रयोग भी मिलता है। वर्णनात्मक शैली को प्रभावी बनाने के लिए संवादों का यदा–कदा प्रयोग ।

**पाठ–परिचय**– 'दोपहर का भोजन' गरीबी से जूझते एक निम्न मध्यवर्गीय शहरी परिवार की कहानी है। जिसके मुखिया की अचानक नौकरी छूट जाने के कारण परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो जाता है। परिवार के सदस्यों को भरपेट भोजन तक नसीब नहीं हो रहा है। पूरे परिवार का संघर्ष भावी उम्मीदों पर टिका है। सिद्धेश्वरी संकट की इस घड़ी में परिवार के सभी सदस्यों को एकजुट एवं चिंतामुक्त रखने का अथक प्रयास करती है। वह अपने परिवार को टूटने से बचाने का हर संभव प्रयत्न करती है।

**स्मरणीय बिन्दु**– सिद्धेश्वरी तथा मुंशीजी के परिवार में उनके अतिरिक्त उनके तीन पुत्र हैं – 21 वर्षीय बड़ा बेटा रामचंद्र, 18 वर्षीय मँझला बेटा मोहन तथा छः वर्षीय छोटा बेटा प्रमोद ।

रामचंद्र एक स्थानीय दैनिक समाचार–पत्र के दफ्तर में प्रूफ रीडींग का काम सीखता है तथा नौकरी की तलाश में हैं। मोहन हाईस्कूल के इम्तिहान की तैयारी कर रहा है।

**दोपहर का भोजन**—सिद्धेश्वरी पाठ की जीवंत पात्र, वह अत्यंत अभाव में अपने परिवार की गाड़ी को खींच रही है। परिवार की स्थिति अत्यंत दयनीय होने पर भी वह परिवार को जोड़ने का पूरा प्रयास करती है। परिवार को जोड़े रखने के लिए वह झूठ का सहारा भी लेती है। उसका अथक प्रयास रहा है कि घर के सभी सदस्यों को सुख पहुँचाए, भले ही स्वयं कष्टों में जीती रहे। वह परिवार के सदस्यों के सामने एक दूसरे की कमी न बताकर उनकी बातों को छिपाती है ताकि किसी भी सदस्य को मानसिक कष्ट न हो। ये सभी बातें उसके अपार धैर्य को दर्शाती हैं। सिद्धेश्वरी ने झूठ बोलकर कोई पाप नहीं किया बल्कि परिवार के सभी सदस्यों को एक—दूसरे से जोड़े रखा है। ऐसा झूठ जो किसी भलाई के लिए बोला जाए उसे बोलने में कोई बुराई नहीं है।

घर के सभी सदस्य रामचंद्र, मोहन तथा मुंशीजी बारी—बारी भोजन के लिए आते हैं। सभी मन ही मन इस वास्तविकता से परिचित हैं कि घर में पर्याप्त भोजन नहीं है। वे सभी कुछ न कुछ बहाना बनाकर आधे पेट ही भोजन करके उठ जाते हैं।

रामचंद्र के भोजन के दौरान सिद्धेश्वरी मंझले बेटे मोहन की पढ़ाई की झूठी तारीफ करती है। वह मोहन से झूठमूठ कहती है कि रामचंद्र उसकी प्रशंसा करता है। मुंशी जी से भी वह झूठ बोलती है कि रामचंद्र उन्हें देवता के समान कहता है। 'मकान किराया नियंत्रण विभाग' के क्लर्क के पद से उनकी छँटनी हो चुकी थी और आजकल मुंशीजी काम की तलाश में हैं। मुंशी जी भोजन करते समय सिद्धेश्वरी से नजरें चुराते हैं। उन्हें मालूम हैं कि घर में भोजन बहुत कम है और वह स्वयं को इस स्थिति का जिम्मेदार मानते हैं।

भोजन के दौरान सिद्धेश्वरी एवम् मुंशी जी असंबद्ध बातें करते हैं जैसे बारिश का न होना, मक्खियों का होना, फूफा की बीमारी तथा गंगाशरण बाबू की लड़की की शादी—हालांकि इन बातों का कोई महत्व नहीं है फिर भी ये सभी बातें पाठ से जुड़ी हुई है। ये सभी बातें उनके मन की व्यथा, जीवन के अभाव आदि को दर्शाती हैं। इन बातों को करके शायद वे मूल विषय (गरीबी एवं अभाव) से बचना चाहते थे तथा अपने दुखों को कम करना चाहते थे।

सिद्धेश्वरी पर्याप्त भोजन न होते हुए भी सदस्यों से और भोजन लेने का आग्रह करती है। ऐसा करके वह घर के सदस्यों को गरीबी एवं अभाव का एहसास नहीं होने देना चाहती। वह सदस्यों की एक—दूसरे के विषय में झूठी तारीफ करके गरीबी, अभावग्रस्त एवं संघर्षपूर्ण वातावरण में भी उन्हें एकजुट तथा खुशहाल रखने की कोशिश करती है।

सबको भोजन करवाने के पश्चात् सिद्धेश्वरी जब स्वयं भोजन करने बैठती है। तो उसके हिस्से थोड़ी—सी दाल, जरा—सी चने की तरकारी तथा मात्र एक रोटी आती है। तब उसे अचानक अपने सबसे छोटे पुत्र प्रमोद का ध्यान आता है, जिसने अभी तक भोजन नहीं किया था। वह आधी रोटी तोड़कर प्रमोद के लिए रख देती है। तथा शेष आधी लेकर भोजन करने बैठ जाती है। पहला ग्रास मुँह में रखते ही उसकी आँखों से टपटप आँसू गिरने लगे जो उसकी विवशता को बयान करते हैं।

सप्रसंग व्याख्या – व्याख्या हेतु अनुच्छेद ''मुंशी जी ने पत्नी......गुड़ होगा क्या?''

पाठ का नाम – दोपहर का भोजन

प्रसंग–

लेखक का नाम – अमरकांत

**संदर्भ** – प्रस्तुत कहानी गरीबी से जूझ रहे एक निम्न मध्यवर्गीय परिवार की कहानी है। इस अंश में लेखक ने परिवार के मुखिया की मनोदशा का चित्रण किया है। पत्नी सिद्धेश्वरी जब मुंशी जी से बड़े लड़के की कसम दिलाकर एक चपाती और खाने का आग्रह करती है तब......

**व्याख्या** – मुंशी जी ने पत्नी की ओर अपराधी–भाव से देखा क्योंकि वे बेरोजगार थे और घर की स्थिति से भली–भांति परिचित थे। उन्होंने दबी आँख से रसोई की ओर देखा जैसे सिद्धेश्वरी को बता रहे हो कि उन्हें घर की हालत पता है। तब अपना और सिद्धेश्वरी का मान बचाते हुए एक अनुभवी गृहस्थ की भाँति पत्नी से कहा कि अन्न और नमकीन से उनका दिल भर गया है जबकि वास्तव में उनकी भूख अभी शांत नहीं हुई थी। इसीलिए वे शपथ के बहाने पत्नी से गुड़ के बारे में पूछकर शर्बत पीने की अपनी इच्छा को भी व्यक्त कर देते हैं।

**विशेष** –

1. अभावग्रस्त निम्न मध्यवर्गीय गृहस्थ की मनोदशा का सजीव चित्रण।
2. शैली संवादात्मक है तथा प्रवाहपूर्ण हैं।
3. भाषा, सरल, सहज व पात्रानुकूल हैं तथा पाठक को अंत तक बाँधे रखने में पूर्ण सक्षम हैं।
4. चित्रात्मक भाषा है। दृश्य जैसे पाठक के समक्ष प्रस्तुत हो जाते हैं।
5. लेखक ने सामाजिक जीवन और उसके अनुभवों की यथार्थवादी ढंग से अभिव्यक्ति की है।

**व्याख्या अभ्यास–कार्य हेतु अनुच्छेद–**

क) उन्माद की रोगिणी.....................प्रमोद को कुछ हो जाए।

ख) सारा घर..........................कहीं जाना न हो।

**विचारणीय प्रश्न :–**

1. सिद्धेश्वरी घर के सदस्यों से एक–दूसरे के विषय में झूठ क्यों बोलती हैं?
2. मुंशी जी तथा सिद्धेश्वरी की असंबद्ध बातें कहानी से कैसे संबद्ध हैं?
3. 'उसने पहला ग्रास मुँह में रखा और तब न मालूम कहाँ से उसकी आँखों से टपटप आँसू चूने लगे।' – इस कथन के आधार पर सिद्धेश्वरी की मनःस्थिति का वर्णन कीजिए।

4. 'दोपहर का भोजन' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

5. सिद्धेश्वरी का चरित्र चित्रण कीजिए।

6. आशय स्पष्ट कीजिए–

   क) वह मतलवाले की तरह उठी और गगरे से लोटा भर पानी लेकर गट–गट चढ़ा गई।

   ख) यह कहकर उसने अपने मंझले लड़के की ओर देखा, जैसे उसने कोई चोरी की हो।

   ग) मुंशी जी ने चने के दानों की ओर इस दिलचस्पी से दृष्टिपात किया, जैसे उनसे बातचीत करने वाले हो।

7. घोर गरीबी और अभाव से जूझते परिवार के सदस्यों के बीच एक–दूसरे के प्रति संवेदना और संवाद बनाए रखने के लिए सिद्धेश्वरी क्या प्रसास करती है? स्पष्ट करें।

8. मुंशी जी द्वारा पैर पसार के सोने में कौन–सा भाव व्यक्त होता है?

9. रामचन्द्र, मोहन और मुंशी जी खाते समय रोटी न लेने के लिए बहाने करते हैं उसमें कैसी विवशता है, स्पष्ट कीजिए।

10. सिद्धेश्वरी के झूठ सौ सत्यों से भारी हैं विवेचना कीजिए।

11. 'दोपहर का भोजन'–कहानी की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए।

**प्रश्न–अभ्यास (उत्तर सहित)**

1. 'सिद्धेश्वरी के झूठ सौ सत्यों पर भारी हैं – विवेचना कीजिए।

उत्तर– सिद्धेश्वरी का परिवार भयंकर गरीबी से ग्रस्त था। अर्थाभाव (गरीबी) के कारण परिवार के सदस्यों में स्नेह का बंधन कमजोर होता जा रहा था। परिवार को बचाए रखने के लिए वह एक सदस्य के सामने दूसरे के विषय में झूठ बोलती थी ताकि परिवार में बिखराव न हो, परिवार के सदस्यों में एक–दूसरे के प्रति सम्मान, स्नेह एवं निकटता बनी रहे। उसके झूठ परिवार को टूटने से बचाते हैं। वह झूठ जो कल्याण के काम आए, सौ सत्यों से भी भारी होता है।

2. 'दोपहर का भोजन' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

उत्तर– 'दोपहर का भोजन' कहानी में निम्न–मध्यवर्गीय परिवार की गरीबी का मार्मिक चित्रण है। इस परिवार की स्थिति इतनी दयनीय है कि घर में खाने के लिए भी पूरा भोजन नहीं है। इस कहानी का पूरा घटनाक्रम दोपहर के

भोजन के समय ही घटित होता है, जो कहानी की मूल संवेदना को प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त करने में पूर्ण सक्षम है। घर के मुखिया के बेरोजगार हो जाने पर परिवार को किस प्रकार एक के बाद एक समस्याओं से जूझना पड़ता है। दोपहर के समय घर के सभी सदस्य एक के बाद एक घर आते हैं और परिवार की स्थिति और अपने संघर्ष को प्रकारान्तर से व्यक्त कर कहानी को आगे बढ़ाते हैं। अतः यह शीर्षक सर्वथा उचित हैं।

3. 'उसने पहला ग्रास मुँह में रखा और तब न मालूम कहाँ से उसकी आँखों से टप–टप आँसू चूने लगे।

उत्तर– सिद्धेश्वरी एक भारतीय गृहिणी है। वह घर की सभी समस्याओं को अपने ऊपर लेती हैं तथा परिवार के अन्य सदस्यों के बीच कटुता नहीं आने देती। घर की आर्थिक दशा खराब है। वह कम साधनों में भी परिवार का पेट भरने की कोशिश करती है। इस काम में उसे बहुत झूठ बोलना पड़ता है। उसे इस बात की पीड़ा है कि घर का हर सदस्य आधे पेट भोजन करके पेट भरा होने का नाटक करता है। वह स्वयं भी भूखी ही रहती है। इस दर्द को वह किसी दूसरे के समक्ष व्यक्त नहीं कर पाती और वह पीड़ा आँखों से आँसुओं के माध्यम से निकलती हैं ।

# पाठ–3
# टार्च बेचने वाले

**विधा – व्यंग्य विधा**

**रचनाकार** – (सुप्रसिद्ध व्यंग्य लेखक) हरिशंकर परसाई (जन्म–1922–मृत्यु–1995) जमानी गाँव 'वसुधा' पत्रिका का सम्पादन कार्य ।

**प्रमुख रचनाएँ :**

**कहानी संग्रह** – 'हँसते हैं रोते हैं', 'जैसे उनके दिन फिरे' ।

**उपन्यास** – 'रानी नागफनी की कहानी', 'तट की खोज'।

**निबन्ध–संग्रह**– 'भूत के पाँव पीछे', 'पगडंडियों का जमाना', 'सदाचार का ताबीज', 'शिकायत मुझे भी है', 'और अंत में'

**व्यंग्य लेख–संग्रह**– 'वैष्णव की फिसलन', 'तिरछी रेखायें', 'ठिठुरता हुआ गणतन्त्र', 'विकलांग श्रद्धा का दौर'

**भाषा–शैलीगत विशेषतायें**–

1. सरल और सुबोध भाषा–शैली
2. तत्सम शब्दों का सटीक प्रयोग
3. मुहावरों का प्रयोग
4. भाषा शैली–व्यंग्यपूर्ण, संवादात्मक, उपदेशात्मक।

**पाठ–परिचय :** एक व्यंग्यरचना 'टार्च बेचने वाले' में परसाई जी ने टार्च बेचने वाले दो मित्रों के माध्यम से समाज में घटित अंध–विश्वास, रूढ़ियों पर कुठाराघात करने के लिए अपने सशक्त हास्य और व्यंग्य के माध्यम से समाज पर तीव्र प्रहार किया है। दो मित्राों में से एक टार्च बेचते–बेचते प्रवचनकर्ता बन जाता है तो दूसरा संतों की वेशभूषा में भोलीजनता की आत्मा के अँधेरे को दूर करने की बात करता है। आत्मा के उजाले के लिए लोगों को संसार का घना अंधेरा दिखाकर भय पैदा कर देता है। इस रचना के माध्यम से समाज में व्याप्त अंधविश्वास तथा तथाकथित धर्माचार्यों पर कड़ा प्रहार किया है।

**स्मरणीय बिन्दु** – लेखक बहुत दिनों बाद एक दाढ़ी बढ़ाये लम्बा कुर्ता पहने हुए उस व्यक्ति से मिला जो पहले चौराहे पर 'सूरजछाप' टार्च बेचा करता था। बदली हुई वेशभूषा का कारण पूछने पर उसने बताया कि जीवन में कुछ ऐसा घटित हुआ कि उसने टार्च बेचने का काम छोड़ दिया।

इसके बाद वह लेखक को उस घटना के विषय में बताता है। पाँच साल पहले वह और उसका दोस्त निराश बैठे थे। उनके सामने एक प्रश्न था– 'पैसा कैसे पैदा करें? इस सवाल के हल के लिए अपनी किस्मत आजमाने के लिऐ अलग–अलग दिशाओं में दोनों मित्र निकल पड़े। इस वादे के साथ कि पाँच वर्ष बाद इसी स्थान पर फिर मिलते हैं।

इन पाँच वर्षों के दौरान पहला मित्र टार्च बेचने का धंधा करने लगा। वह चौराहे पर या मैदान में लोगों को इकट्ठा कर लेता तथा अंधेरे का डर बड़े ही नाटकीय अंदाज से दिखाता कि उसकी सारी टार्च हाथों हाथ बिक जाती। उसका धंधा खूब चल निकला।

वायदे के मुताबिक पाँच साल बाद वह निश्चित स्थान पर पहुँचता है परन्तु मित्र वहाँ नहीं मिलता। वह उसे ढूँढ़ने निकल पड़ता है। एक शाम उसे एक मैदान में मंच पर सुन्दर रेशमी वस्त्रों से सजे एक भव्य पुरूष बैठे दिखाई दिये। हजारों लोग श्रद्धा से झुके गुरू गम्भीर वाणी को तन्मय होकर सुन रहे हैं। वह व्यक्ति प्रवचन दे रहा था– मैं आज मनुष्य को घने अंधकार में देख रहा हूँ, आज आत्मा में भी अन्धकार है। मनुष्य की आत्मा भय, पीड़ा से त्रस्त है। आज मनुष्य इस अन्धकार से घबरा उठा है। डरो मत, जहाँ अन्धकार है, वहीं प्रकाश है, प्रकाश को बाहर नहीं, अन्दर में खोजों। इस प्रकार वह लोगों को पहले डराते हैं फिर तुरन्त उन्हें अपने साधना–मन्दिर में बुलाकर अन्तः ज्योति जलाने का आह्वान करते हैं। लोग तन्मय होकर सन्त की बातें सुन रहे थे पर उसकी हँसी छूट रही थी।

तभी उसने देखा कि भव्य–पुरूष मंच से उतर कर कार पर बैठने जा रहा है। उसने तो उस भव्य पुरूष को नहीं पहचाना पर भव्य पुरूष ने उसे पहचान कर कार में बिठा लिया सन्त की वेशभूषा में यह उसका मित्र ही था। बंगले के वैभव को देखकर वह हैरान हो गया। फिर दोनों मित्रों में खुलकर बात–चीत हुईं

उसने सन्त बने अपने मित्र से पूछा कि उसने इतनी दौलत कैसे पाई, क्या वह भी टार्च बेचता है। फिर वह कहता है कि उन दोनों के प्रवचन एक जैसे ही हैं, वह भी लोगों को अँधेरे का डर दिखाकर टार्च बेचता है। तथा सन्त बना मित्र भी लोगों को डर दिखाकर टार्च बेचता है। दोनों लोगों के जीवन में प्रकाश लाने का वादा करते हैं पर दूसरे मित्र की टार्च किसी कम्पनी की बनाई हुई नहीं है। वह बहुत सूक्ष्म है मगर उसकी कीमत बहुत अधिक मिल जाती है। मित्र को सारा रहस्य समझ में आ गया।

पहला मित्र सन्त के साथ दो दिन तक रहा। अब उसने निर्णय लिया कि नया धंधा शुरू करूँगा। वह 'सूरज छाप' टार्च की पेटी नदी में फेंक देता है। दाढ़ी बढ़ाकर लम्बा कुरता पहन लेता है। वह लेखक को बताता है कि पहले वह लोगों को बाहरी अन्धकार से डराता है, फिर लोगों को आत्मा में प्रकाश फैलाने की बात कहकर उन्हें आसानी से ठग सकेगा। इस प्रकार दोनों मित्र इस ठगी के धन्धे में अँधेरे को दूर करने की बात करते हैं। बस फर्क सिर्फ बाहर के अंधेरे और अंदर के अँधेरे का ही है ।

व्याख्या :–

**''मगर यह बताओ..................................................भीतर आत्मा में कैसे घुसा।**

**प्रसंग** –प्रस्तुत गद्यांश प्रसिद्ध 'व्यंगकार हरिशंकर परसाई' द्वारा रचित व्यंग्य–लेख 'टॉर्च बेचने वाले' से अवतरित है। इसमें लेखक ने टॉर्च बेचने वाले दो मित्रों के माध्यम से बताया है कि किस प्रकार अपने–अपने तरीके से वो दोनों भोली–भाली जनता को बेवकूफ बनाते हैं।

**व्याख्या**– जब लेखक उस व्यक्ति को नये रूप में देखता है तो वह उसके रूप परिवर्तन पर अनेक आशंकायें जताते हुए प्रश्न करता है। लेखक उससे दाढ़ी रखने और लम्बा कुरता पहनने का कारण जानना चाहता है। उसे लगता है कि कहीं उसे उसकी बीबी ने तो नहीं त्याग दिया। या यह भी हो सकता है कि उसे उधार मिलना बन्द हो गया हो। उसे साहूकार कर्ज चुकाने के लिये तंग करते हो या किसी चोरी के मामले में फँस गया हो। ये सभी कारण व्यक्ति को साधु–सन्यासी का रूप धारण करने को मजबूर करते हैं। वह टार्च बेचकर लोगों के जीवन में प्रकाश भरने का दावा करता है। अब वह यह जानना चाहता हैं कि आखिर बाहर का टार्च भीतर उसकी आत्मा में कैसे घुस गया क्योंकि अब वह आत्मा के प्रकाश की बातें करने लगता है।

व्यंग्यार्थ यह है कि बाहरी आदमी दुनिया के प्रपंचों से तंग आकर आन्तरिक ज्ञान और प्रकाश की बातें करने लगता है।

**विशेष** :–
1. व्यंग्यात्मक भाषा–शैली का प्रयोग
2. तत्सम शब्दों का प्रयोग
3. प्रश्नात्मक शैली अपनाई गई ।
4. संवाद शैली, रोचकता।

**महत्वपूर्ण प्रश्न–उत्तर** :–

1. भव्य पुरूष ने कहा–''जहाँ अंधकार है, वहीं प्रकाश हैं'' इसका क्या तात्पर्य है?''

उत्तर– इसका तात्पर्य है कि अँधेरे को चीरने के लिऐ प्रकाश की आवश्यकता होती है। अँधेरे और प्रकाश का गहरा सम्बन्ध है। अँधेरे से ही प्रकाश निकलता है, तभी अन्धकार मिटता है। भव्य–पुरुष हृदय के अन्धकार की बात कर रहा है। इसी हृदय से प्रकाश की किरणें फूटती है। अन्धकार में प्रकाश की किरणें होती हैं तो प्रकाश में अन्धकार की थोड़ी कालिमा भी होती है। प्रकाश को अन्तर में खोजना ही पड़ता है।

2. भीतर के अँधेरे की टार्च बेचने और 'सूरज–छाप' टार्च बेचने के धंधे में क्या फर्क हैं?

उत्तर– इस पाठ में दो प्रकार के अँधेरों का जिक्र हैं – बाहरी अँधेरा और भीतर हृदय का अँधेरा ।

कुछ लोग साधु—सन्त का रूप धारण कर हृदय के अन्धकार को मिटाने का उपाय बताते हैं यही उपाय भीतर के अँधेरे की टार्च हैं और इसी प्रकार लोगों की भावनाओं का शोषण करते हैं। मात्र धन—प्राप्ति ही ऐसे लोगों का एक मात्र उद्देश्य होता हैं। 'सूरज—छाप टार्च' बेचने वाले बाहर के अँधेरे का डर दिखाकर लोगों को भयभीत करते हैं उनके सामने तरह—तरह की दुर्घटनाओं की आशंकाएँ जताते हैं फिर प्रकाश के नाम पर टार्च बेचते हैं ।

3. आशय स्पष्ट कीजिए —

(क) आजकल सब जगह अँधेरा छाया रहता है रातें बेहद काली होती है। अपना ही हाथ नहीं सूझता।

उत्तर— टॉर्च बेचने वाला व्यक्ति लोगों का अंधेरे का भयावह चित्र खींचते हुए अपनी टॉर्च बेचना चाहता है। अंधकार में अपराध होते हैं। व्यक्ति को कुछ नहीं सूझता। अंधेरे का डर दिखाकर टॉर्च बेचकर लाभ कमाने की रणनीति कारगर है।

(ख) प्रकाश बाहर नहीं है उसे अंतर में खोजों। अंतर में बुझी उस ज्योति को जगाओ।

उत्तर— शरीर बाती है और मन ज्योति है। मनुष्य के भीतर आत्मप्रकाश नहीं रहा उसकी ज्योति बुझ गई है। ज्ञान रूपी प्रकाश द्वारा ही अज्ञान रूपी आत्मा के अंधकार को दूर किया जा सकता है। अंधकार को मिटाने का प्रकाश हृदय में ही समाया हुआ है। यहाँ संत बना व्यक्ति लोगों को धर्म के नाम पर भयभीत कर अपनी शरण में बुलाना चाहता है।

(ग) ''धंधा वही करूँगा, यानि टार्च बेचूँगा। बस कम्पनी बदल रहा हूँ।

उत्तर— टॉर्च बेचने वाला कहता है कि धंधा वही करूँगा अर्थात् लोगों को ठगकर पैसा कमाऊँगा। धर्म का धंधा, टॉर्च बेचने के समान ही है। दोनों कंपनी अलग—अलग है, धर्म के ठेकेदार आस्था को बेचते हैं। इसमें कमाई और सम्मान ज्यादा है।

**अभ्यास कार्य —**

**व्याख्या**

1. मैंने कहा.................................................................अन्धकार छाया है।
2. जहाँ अन्धकार है..................................................अपने भीतर जगाओ।
3. मैं आज............................................................पीड़ा से ग्रस्त हैं।

**विचारणीय प्रश्न–**

1. लेखक ने ऐसा क्या कहा कि ठार्च बेचने वाले को पीड़ा हुई?
2. पाँच साल बाद दोनों मित्रों की मुलाकात किन परिस्थितियों में हुई?
3. ''व्यंग्य विधा सबसे धारधार हैं'' परसाई जी की रचना के आधार पर अपने विचार स्पष्ट करो।
4. पैसा पैदा करने की लिप्सा में आज मनुष्य ने अध्यात्म को एक व्यापार बना दिया। स्पष्ट करो ।
5. 'टार्च बेचने वाले' के रचना प्रयोजन और व्यंग्य को अपने शब्दों में लिखो।

**योग्यता विस्तार**

कक्षा में वाद–विवाद और परिचर्चा के विषय

1. पैसा पैदा करने की लिप्सा में अध्यात्मिकता भी एक व्यापार
2. समाज में फैले अंधविश्वास

# पाठ–4
# गूँगे

**विधा** – कहानी

**कहानीकार** – रांगेय राघव (1923–1962) आगरा वि.वि. से हिन्दी में एम.ए. और पी. एच. डी. की , अस्सी से अधिक कहानियाँ लिखी। यथार्थ का मार्मिक चित्रण। इन्हें सन् 1961 ई. में राजस्थान साहित्य अकादमी ने पुरस्कृत किया था।

**रचनायें–**

**कहानी संग्रह** – 'रामराज्य का वैभव', 'देवदासी', 'समुद्र के फेन', 'अधूरी मूरत', 'जीवन के दाने', 'अँगारे न बुझे', 'ऐयाश मुर्दे', 'इंसान पैदा हुआ' ।

**उपन्यास** – 'घरौंदा', 'विषाद–मद', 'मुर्दों का टीला', 'सीधा–सादा रास्ता', 'अँधेरे के जुगनू', 'बोलते खंडहर', 'कब तक पुकारूँ' ।

**भाषा–शैली गत विशेषतायें** –

1. भाषा सरल, सहज एवं प्रवाहपूर्ण।
2. लाक्षणिक, भावपूर्ण एवं चित्रात्मक।
3. मुहावरे एवं लोकोक्तियों का प्रयोग।
4. भाषा–शैली–संवादात्मक, व्यंग्यपूर्ण विचार प्रधान एवं उपदेशात्मक ।

**पाठ–परिचय** – गूँगे कहानी में एक गूँगे किशोर के माध्यम से शोषित पीड़ित मानव की अवस्था का चित्रण किया गया है। ऐसे विकलांगों के प्रति व्याप्त संवेदनहीनता को रेखांकित किया गया । ऐसे व्यक्तियों को जो देखते सुनते हुए भी प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं करते गूँगे और बहरे कहा गया है। इसीलिये कहानी का शीर्षक 'गूँगे' पूर्णतया सार्थक है।

**स्मरणीय बिंदु** – कहानी का प्रमुख पात्र गूँगा किशोर है। वह जन्म से वज्र बहरा होने के कारण गूँगा है। गूँगा बहुत मेहनती एवं स्वाभिमानी है। गूँगा तीव्र बुद्धि है। वह हाथ के इशारे से बताता है। कि जब वह छोटा था उसकी माँ छोड़कर चली गई थी क्योंकि उसका बाप मर गया था । वह यह भी बताता है। कि वह भीख नही लेता, मेहनत का खाता है। गूँगा गला खोलकर दिखाता है कि बचपन में गला साफ करने की कोशिश में किसी ने उसका काकल काट दिया। चमेली ने पहली बार काकल के महत्व को अनुभव किया।

चमेली बहुत भावुक महिला थी। उसने चार रूपये और खाने पर गूँगे को नौकर रख लिया। पड़ोसिन सुशीला ने उसे सावधान किया कि बाद में पछताओगी। उसने फूफा के बारे में बताया कि वे उसे बहुत मारते थे अब वह वापिस नहीं जाना चाहता वे चाहते थे कि गूँगा पल्लेदारी करके पैसा कमाकर उन्हें दे।

एक दिन गूँगा भाग गया । सबके खाना खा चुकने के पश्चात् गूँगे ने आकर इशारे से खाना माँगा चमेली ने गुस्से में रोटियाँ उसके आगे फेंक दी। पहले तो गूँगे ने गुस्से में रोटी छुई तक नहीं पर फिर न जाने क्या सोचकर उसने रोटियाँ उठाकर खा ली। फिर तो अक्सर गूँगा भाग जाता था।

एक बार चमेली के पुत्र बसंता ने कसकर गूँगे को चपत जड़ दी गूँगे का हाथ उठा फिर न जाने क्या सोचकर रूक गया। उसकी आँखों में पानी भर आया और वह रोने लगा। चमेली के आने पर बसंता बताता है कि गूँगा उसे मारना चाहता था। गूँगा सुन नहीं सकता पर चमेली की भाव–भंगिमा से सब कुछ समझ जाता है। चमेली ने गूँगे को मारने के लिये हाथ उठाया तो गूँगे ने उसका हाथ पकड़ लिया। चमेली को लगा जैसे उसके पुत्र ने उसका हाथ पकड़ लिया हो। उसने घृणा से अपना हाथ छुड़ा लिया। उसने सोचा कि यदि उसका बेटा गूँगा होता तो वह भी ऐसे ही कष्ट उठाता।

गूँगे के हाथ पकड़ने से चमेली को उसके शारीरिक बल का अंदाजा हुआ कि गूँगा बसंता से कहीं अधिक ताकतवर है। परन्तु फिर भी उसने अपना हाथ बसंता पर नहीं चलाया था। इसीलिये कि बसंता बसंता है...... गूँगा गूँगा है। किन्तु पुत्र की ममता ने इस विषय पर चादर डाल दी।

एक बार घृणा से विक्षुब्ध चमेली ने गूँगे से कहा– क्यों रे, तूने चोरी की है। गूँगा चुप हो गया। चमेली ने हाथ पकड़ कर द्वार से निकल जाने को कहा। गूँगे की समझ में कुछ नहीं आ रहा था। चमेली उस पर खूब चिल्लाई, उसे बहुत बुरा–भला कहा। लेकिन जैसे मन्दिर की मूर्ति कोई उत्तर नहीं देती वैसे ही उसने भी कुछ नहीं कहा। उसे केवल इतना ही समझ में आया कि मालकिन नाराज है। और उसे घर से निकल जाने को कह रही है। उसे इस बात पर हैरानी और अविश्वास हो रहा था। अन्ततः चमेली ने उसे हाथ पकड़ कर दरवाजे से बाहर धकेल दिया।

करीब एक घंटे बाद शकुन्तला और बसंता यह कहकर चिल्ला उठे –'अम्मा ! अम्मा! चमेली ने देखा के गूँगा खून से भीगा था। उसका सिर फट गया था। वह सड़क पर के लड़कों से पिटकर आया था। क्योंकि वह गूँगा होने के कारण उनसे दबना नहीं चाहता था। दरवाजे की दहलीज पर सिर रखकर वह कुत्ते की तरह चिल्ला रहा था। चमेली चुपचाप देखती रही । चमेली सोचती रही कि आज के दिन ऐसा कौन है जो गूँगा नहीं हैं गूँगा भी स्नेह चाहता हैं, समानता चाहता है।

**सप्रसंग व्याख्या**

**1. आज ऐसा कौन........................................................समानता चाहता है।**

**प्रसंग** – प्रस्तुत गद्यांश प्रसिद्ध कहानीकार 'रांगेय राघव' द्वारा रचित कहानी 'गूँगे' से उद्धृत है। यहाँ विकलांगों के प्रति समाज की संवेदनहीनता का वर्णन किया गया है।

**व्याख्या** – गूँगे की दशा देखकर चमेली सोचती है कि आज के समय में ऐसा कौन है जो गूंगा नहीं है। आज का मानव संवेदनहीन हो गया है। समाज, राष्ट्र, धर्म और व्यक्ति के प्रति हर व्यक्ति कुछ करने की चाह रखता है, परंतु अन्याय का विरोध नहीं कर पाता। उसे अपनी सुख–सुविधाओं के खो जाने का भय है। वह मुँह में शब्द होकर भी गूंगा है। गूंगा स्नेह चाहता है, वह अपना हक चाहता है।

**विशेष** –

1) अन्याय देखकर चुप रहने वालों को भी गूंगा कहा गया है।

2) खडी बोली में सशक्त अभिव्यक्ति।

3) समाज की संवेदनहीनता का चित्रण।

**महत्वपूर्ण प्रश्न–उत्तर**

1. 'मनुष्य की करुणा की भावना उसके भीतर गूंगेपन की प्रतिच्छाया छाया है।' आशय स्पष्ट कीजिए।

उत्तर– लेखक कहता है कि करुणा के प्रति अन्याय होता देखकर मनुष्य में करुणा की भावना जागती तो अवश्य है, परंतु अनेक कारणों से वह उसे व्यक्त नहीं कर पाता। ये कारण जैसे जिम्मेदारी से बचने की प्रवृत्ति, कृत्रिम सुखों को खोने का भय, स्वयं किसी विपत्ति में फंसने की आशंका आदि उसकी करुणा की भावना को कर्मरूप में परिवर्तित नहीं होने देते। अतः उसकी करुणा की भावना मौन रूप धारण कर लेती है। वह अपने में साहस नहीं पाता कि उस भावना को साकार कर सके। यह चमेली के पति के बारे में कहा गया है।

2. हमें विकलांगों के प्रति कैसा व्यवहार करना चाहिए?

उत्तर– कोई भी मनुष्य अपने आप में पूर्ण नहीं है। हम सभी में कोई–न–कोई कमी अवश्य होती है। अतः हमें विकलांगों के साथ समानता का व्यवहार करना चाहिए।

विकलांगों के प्रति हो रहे अन्याय व शोषण के खिलाफ संघर्ष करना चाहिए।

विषम परिस्थितियों में उनकी सहायता करनी चाहिए। उनके प्रति दया नहीं प्रेम व सौहार्द्रपूर्ण व्यवहार करना चाहिए।

उनके सम्मान व स्वाभिमान को बनाए रखना चाहिए। हम स्वयं कई बातों में उनसे बहुत कुछ सीख सकते हैं, प्रेरणा ले सकते हैं।

**अभ्यास के लिये व्याख्या –**

1) करुणा ने सबको.................................उगल नहीं पाता।
2) मनुष्य की करूणा....................................किन्तु कर नहीं पाता।
3) घर पर बुआ मारती थी..................................गूँगा घर नहीं जाता।
4) नाली का कीड़ा...........................मन नहीं भरा।

**विचारणीय प्रश्नः–**

1. चमेली को गूँगे ने अपने बारे में क्या–क्या बताया?
2. ''गूँगा दया नहीं सहानुभूति नहीं सिर्फ अधिकार चाहता है।'' सिद्ध कीजिए।
3. कहानी के आधार पर गूँगे के चरित्र की विशेषताएँ बताइये।
4. गूँगे कहानी को पढ़कर आपके मन में कौन से भाव उत्पन्न होते हैं और क्यों?

# पाठ–5
# ज्योतिबा फुले

**विधा** – जीवनी

**लेखिका** – सुधा अरोड़ा जन्म –लाहौर (पाकिस्तान) 1948 में शिक्षा कलकत्ता विश्वविद्यालय से। उन्हें उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान द्वारा सन् 1978 में विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**रचनायें** – कहानी संग्रह – 'बगैर तराशे हुए', 'युद्ध–विराम', 'काला शुक्रवार', 'काँसे का गिलास' तथा 'औरत की कहानी' आदि ।

**भाषा–शैलीगत विशेषताएँ–**

1. भाषा सहज संयत और बोध गम्य
2. उर्दू शब्दों से युक्त तत्सम प्रधान
3. भाषा–शैली विचार प्रधान, विवेचनात्मक तथा तर्क पूर्ण।

**पाठ–परिचय** – प्रस्तुत पाठ 'ज्योतिबा फुले' में ज्योतिबा और उनकी पत्नी 'सावित्रीबाई फुले' के प्रेरक जीवन चरित्र को दर्शाया गया है। शिक्षा का सभी जाति, वर्ग, वर्ण पर समान अधिकार है और उसके लिए फुले दम्पत्ति ने जो संघर्ष किया है इस पाठ में यह बताने का प्रयास किया गया है। फुले दम्पत्ति ने अछूतों, शोषितों, महिलाओं, विधवाओं आदि के उद्धार का प्रण लिया और उसके लिए संघर्ष भी किया। इन दोनों ने उस समय में प्रचलित सामाजिक विषमताओं, रूढ़ियों का विरोध किया और समाज के निचले वर्ग के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने ब्राह्मणवादी और पूंजीवादी मानसिकता के विरूद्ध आवाज उठाई। उनका मानना था कि शिक्षा पर केवल उच्चवर्ग का ही एकाधिकार नहीं है। केवल किसी वर्ग विशेष के लिए शिक्षा व्यवस्था हो वह किसी काम की नहीं है। उन्होंने शिक्षा पर सभी का हक है और शिक्षा ही समाज में सभी को समानता व शोषण से मुक्ति दिला सकती है इस बात पर बल दिया। उनका मुख्य रूप से इस बात पर बल रहा है कि समाज में स्त्री व पुरुष बराबर हैं और पुरुषों की भांति ही स्त्रियों को भी शिक्षा प्राप्त करने का बराबर का अधिकार हैं इस बात के लिए दोनों दम्पत्ति को समाज का तिरस्कार व विरोध भी सहना पड़ा है। यह पाठ उनके इसी संघर्ष, समाज सुधार के मार्ग में आने वाली बाधाओं और उससे लड़ने की कहानी बताता है।

**स्मरणीय बिन्दु** – लेखिका द्वारा प्रसिद्ध समाज–सुधारक ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी के द्वारा शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों का वर्णन इस पाठ में किया

गया है। किन्तु सामाजिक विकास के आन्दोलन के पाँच प्रमुख लोगों में उनका नाम नहीं लिया जाता है। क्योंकि सूची को बनाने वाले उच्च वर्ग के प्रतिनिधि थे। ज्योतिबा फुले ने पूँजीवादी, पुरोहितवादी मानसिकता पर खुला हमला बोला। वर्ण, जाति और वर्ग व्यवस्था में निहित शोषण प्रक्रिया को एक दूसरे का पूरक बताया। 'गुलामगिरी', 'शेतकर याचाआसूड़' में विचारों का संकलन किया गया है उनके मत में – जिस परिवार में पिता बौद्ध, माता ईसाई, बेटी मुसलमान और बेटा सत्य धर्मी हो वह परिवार आदर्श परिवार है।

महात्मा ज्योतिबा फुले ने स्त्री शिक्षा पर बल देते हुए लिखा कि स्त्री–शिक्षा के दरवाजे पुरुषों ने इसलिये बन्द कर रखे हैं ताकि वह पुरुषों के समान स्वतन्त्रता न ले सकें।

ज्योतिबा फुले ने स्त्री–समानता को प्रतिष्ठित करने वाली नई विवाह–विधि की रचना की। उन्होंने अपनी इस नई विधि से ब्राह्मण का स्थान ही हटा दिया। उन्होंने पुरुष–प्रधान संस्कृति समर्थक और स्त्री की गुलामगिरी सिद्ध करने वाले सारे मन्त्र हटा दिये। उसके स्थान पर ऐसे मन्त्र रखे जिन्हें वर–वधू आसानी से समझ सकें।

1888 में ज्योतिबा फुले ने 'महात्मा' की उपाधि को लेने से यह कहकर इन्कार कर दिया कि इससे मेरे संघर्ष का कार्य बाधित होगा। उनकी कथनी उनके आचरण और व्यवहार में उतरती हुई दिखाई देती थी। स्त्री–शिक्षा के समर्थक ज्योतिबा ने सबसे पहले अपनी पत्नी को शिक्षित किया। उन्हें मराठी, अंग्रेजी भाषा में पारंगत किया।

सावित्री बाई को पढ़ने की रूचि बचपन से ही थी। एक बार बचपन में लाट साहब ने उन्हें एक पुस्तक दी। घर पहुँचने पर पिता ने वह पुस्तक कूड़ेदान में फेंक दी। सावित्री बाई ने उसे छिपाकर रख दिया तथा विवाह पश्चात् शिक्षित होने पर उस पुस्तक को पढ़ा।

14 जनवरी 1848 को भारत में पहली 'कन्या–पाठशाला' की स्थापना पुणे में हुई निम्न वर्ग की बालिकाओं के लिये पाठशाला खोलने के लिये ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई को बहुत सी बाधाओं तथा बहिष्कारों का सामना करना पड़ा। ज्योतिबा के धर्मभीरू पिता ने भी बहु –बेटे को घर से निकाल दिया। सावित्री को तरह–तरह से अपमानित किया जाता था। पर उन्होंने 1840–1890 तक पचास वर्षों तक एक प्रण होकर अपना मिशन पूरा किया। उन्होंने मिशनरी महिलाओं की तरह किसानों और अछूतों की झुग्गी–झोपड़ी में जाकर काम किया। वे दलितों और शोषितों के हक में खड़े हो गये। महात्मा फुले और सावित्री बाई का अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित जीवन एक मिसाल बन गया।

**व्याख्या–अभ्यास :–**

1. भारत के सामाजिक..........................................समर्थक नहीं थे।
2. राजसत्ता और ब्राह्मण..........................................आन्दोलन करना चाहिए।
3. आज के प्रतिस्पर्धात्मक..........................................मिसाल बनकर चमकता है।
4. सच का सवेरा..............................................भूदेव शरमा गये।

**भावार्थ** – जब लोगों के सामने से अज्ञान का पर्दा हटा तब लोगों को सच्चाई का पता चला तथा समाज में जिन्हें सबसे निम्न वर्ग में गिना जाता था शूद्रों के बालक और बालिकाएं भी शिक्षा प्राप्त करने लगे। वे भी वेद पढ़ने और समझने लगे तो ब्राह्मणवाद खत्म हुआ ज्ञान का प्रकाश धरा पर चहुँ ओर बिखरने लगा तो ब्राह्मणों को अपने कृत्यों पर शर्म आने लगी।

**विशेष** – 1. 'ज्योतिबा के साहसपूर्ण कार्यों का उल्लेख।
2. भाषा, सरल एवं सुबोध।
3. समाज की कुरीतियों पर प्रहार ।
4. पूँजीवाद और ब्राहमणवाद का विरोध।

**महत्वपूर्ण प्रश्न–उत्तर :–**

1. ज्योतिबा फुले का नाम समाज–सुधारकों की सूची में शुमार क्यों नहीं किया गया? तर्क सहित उत्तर लिखिए।

उत्तर– भारत के प्रमुख समाज सुधारकों की सूची में ज्योतिबा फुले के शामिल नहीं किया गया था। इसके प्रमुख कारण थे–

1. इस सूची को बनाने वाले लोग समाज के उच्च, संभ्रांत वर्ग व ब्राह्मणवादी मानसिकता व उनके अधिकारों के समर्थक थे। और वे स्वयं समाज के इसी वर्ग से सम्बंधित थे।
2. वे नहीं चाहते थे कि ज्योतिबा फुले के क्रांतिकारी, मानवतावादी विचार आम जनता तक पहुँचे। क्योंकि यदि आम जनता उनके इन विचारों से प्रभावित हो गई तो समाज के निम्न वर्ग पर से उनका वर्चस्व उनकी सत्ता समाप्त हो जाएगी।
3. ज्योतिबा फुले की शिक्षा नीति–जिसमें वे बताते हैं कि शिक्षा पर किसी का एकाधिकार नहीं है। दलित वर्ग, शोषित व निम्न वर्ग को भी पढ़ने का अधिकार है। साथ ही स्त्री स्वतंत्रता, समानता व शिक्षा उनके बराबर अधिकार की बात करते हैं। यदि शिक्षा द्वारा समाज में ये परिवर्तन हुए तो समाज में उच्च वर्ग, ब्राह्मणवादी सोच, वर्चस्व पर प्रहार होगा। अतः यह शिक्षा नीति समाज के उच्च वर्ग के खिलाफ थी। इसीलिए उन्होंने ज्योतिबा फुले का नाम समाज–सुधारकों की सूची में नहीं रखा।

2. ज्योतिबा फुले और सावित्री कैसे एक और एक मिलकर ग्यारह हो गये?

उत्तर– ज्योतिबा और सावित्री ने आपस में मिलकर और पूरा सहयोग करके स्त्री–शिक्षा के मिशन को पूरा किया। वे मिलकर किसानों और अछूतों की झुग्गी–झोपड़ियों में जाकर लड़कियों को पाठशाला भेजने का आग्रह करते थे। लोग उनके काम में तरह–तरह की बाधायें डालते थे। लांछन लगाते थे पर वे लगातार वर्षों तक एक जुट होकर काम करते रहे उन दोनों के मिलकर काम करने से सामाजिक परिवर्तन की राह और आसान हो गई। इसीलिये दोनों के संयुक्त प्रयास एक और एक मिलकर ग्यारह हो गये। उन्हें अपने मिशन में सफलता भी मिली।

**विचारणी प्रश्न–**

1. शोषण–व्यवस्था ने क्या–क्या षड्यन्त्र रचे और क्यों?
2. आदर्श परिवार की परिकल्पना क्या थी? स्पष्ट कीजिए।
3. उनका दांपत्य–जीवन किस प्रकार आधुनिक दम्पत्तियों को प्रेरणा देता है?
4. ज्योतिबा फुले स्त्री–पुरुष के बीच किस प्रकार के सम्बन्ध चाहते थे?
5. सावित्री बाई के जीवन में क्रान्तिकारी परिवर्तन किस प्रकार आए?
6. अस्पृश्य जातियों के विषय में उनके द्वारा किये क्या–क्या उत्थान कार्य थे?
7. ज्योतिबा फुले ने किस प्रकार के सर्वांगीण समाज की कल्पना की थी?
8. सावित्रीबाई और महात्मा फुले द्वारा समाजहित में किए गये कार्यो को स्पष्ट करें?

# पाठ–6
# खानाबदोश

**विधा** – कहानी

**कहानीकार** – ओमप्रकाश वाल्मीकि

**जीवन–परिचय** –इनका जन्म सन् 1950 में बरला, जिला मुजफ्फरनगर, उत्तरप्रदेश में हुआ। उनका बचपन सामाजिक व आर्थिक कठिनाईयों में गुजरा। शिक्षा प्राप्त करने में उन्हें आर्थिक, सामाजिक और मानसिक कष्ट झेलने पड़ें।

वाल्मीकि जी को डॉ. अंबेडकर राष्ट्रीय पुरस्कार (1993) और 'परिवेश सम्मान' (1995) से सम्मानित किया जा चुका है।

**रचनाएँ – कविता संग्रह** – 'सादियों का संताप', 'बस! बहुत हो चुका।'

कहानी संग्रह– 'सलाम', 'घुसपैठिये'।

आत्मकथा – 'जूठन', 'दलित', 'साहित्यिक सौन्दर्यशास्त्र'

साहित्यिक विशेषताएँ– हिन्दी में दलित साहित्य के विकास में ओमप्रकाश वाल्मीकि की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने अपने लेखन में जातीय– अपमान शोषण और उत्पीड़न का वर्णन किया है।

**पाठ–परिचय** – इस सामाजिक समस्या–प्रधान कहानी के माध्यम से लेखक ने मेहनत मजदूरी करके किसी तरह गुज़र–बसर कर रहे मजदूर वर्ग के शोषण, यातना तथा समाज की जातिवादी मानसिकता का चित्रण किया है। मजदूर वर्ग मेहनत कर इज्जत से जीना चाहता है पर उच्च ताकतवर वर्ग ऐसा होने नहीं देता।

**स्मरणीय बिन्दु** – सुकिया और उसकी पत्नी मानो कमाने–खाने की इच्छा से गाँव–देहात छोड़कर शहर आए थे। वे असगर ठेकेदार के भट्टे पर ईंट पाथने का काम करते थे। भट्टे पर मोरी का काम सबसे खतरनाक था। ईंटें पकाने के लिए कोयला, बुरादा, लकड़ी और गन्ने की बाली को मोरियों के अंदर डालना होता था। छोटी–सी असावधानी मौत का कारण बन सकती थी। भट्टा मजदूरों को दड़बेनुमा छोटी–छोटी झोपड़ियों में रहना पड़ता था। संध्या के समय दिन–भर के थके–हारे मज़दूर रात को दड़बों में घुस जाते थे। साँप और बिच्छू का डर लगा रहता था तथा

वातावरण में जंगल का सा सन्नाटा छा जाता था। मानों भट्टे के माहौल से तालमेल नहीं बिठा पाई थी, इसलिए खाना बनाते समय चूल्हे से आती चिट–पिट की आवाजों में उसे अपने मन की दुश्चिंताओं और आशंकाओं की आवाजें सुनाई देती थी। मानों के मन में शारीरिक शोषण का डर, बात न मानने पर प्रतिकूल व्यवहार की घबराहट थी।

एक दिन भट्टा मालिक मुख्तार सिंह कहीं बाहर चला गया तो उसका बेटा सूबे सिंह भट्टे पर आने लगा । सूबेसिंह के भट्टे पर आने से भट्टे का माहौल बदल गया। ठेकेदार असगर उससे डरा–डरा रहने लगा। सूबेसिंह अपनी सेवा–टहल कराने के बहाने एक मजदूर महेश की पत्नी किसनी का यौन–शोषण करने लगा। उसने किसनी को साबुन, कपड़े और ट्रांजिस्टर लाकर दिया। वह किसनी को शहर भी घुमाने ले जाने लगा। किसनी खुश थी, वह सूबेसिंह के साथ अधिक समय व्यतीत करने लगी थी। उसके रंग–ढंग में परिवर्तन आ गया था। उसका पति महेश शराब पीने लगा था। उसे देखकर मजदूरों में फुसफुसाहट शुरू हो गई थी।

मानों और सुकिया खुश थे क्योंकि भट्टे पर काम करते हुए उन्होंने कुछ पैसे बचाए थे। भट्टे पर पकती लाल–लाल ईंटों को देखकर मानों खुश थी। वह ज्यादा काम करके, ज्यादा रुपये जोड़कर अपना एक पक्का मकान बनाने का सपना देखने लगी थी। एक दिन किसनी के अस्वस्थ होने पर सूबेसिंह ने ठेकेदार असगर के द्वारा मानों को अपने दफ्तर में बुलवाया। बुलावे की खबर सुनते ही मानों और सुकिया घबरा गए । वे सूबेसिंह की नीयत भाँप गए। मानों इज्जत की जिंदगी जीना चाहती थी। वह किसनी बनना नहीं चाहती थी। उनकी घबराहट देखकर जसदेव मानों के स्थान पर स्वयं सूबेसिंह से मिलने चला गया। सूबेसिंह ने जसदेव को अपशब्द कहे और लात–घूंसों से पिटाई कर दी। सुकिया और मानों उसे झोपड़ी में ले आए। जसदेव के इस अपनेपन के कारण मानों उसके लिए रोटी बनाकर ले गई, लेकिन ब्राह्मण होने के कारण उसने मानो की बनाई रोटी नहीं खाई । असगर ठेकेदार जसदेव को सुकिया और मानों के चक्कर में न पड़ने की सलाह देता है। जसदेव का व्यवहार मानों और सुकिया के प्रति बदलता चला जाता हें जसदेव की पिटाई से भट्टा मजदूरों में भय फैल जाता है।

सूबेसिंह की हिदायत पर असगर ठेकेदार सुकिया और मानों को तरह–तरह से परेशान करने लगा । उसने सुकिया से ईंट पाथने का साँचा ले लिया और मोरी का काम दे दिया। एक सुबह मानों ने अपनी ईंट पाथने की जगह पर सारी ईंट टूटी हुई देखीं। वह दहाड़े मारकर रोने लगी। आवाज़ सुनकर सुकिया वहाँ आया और टूटी ईंटे देखकर हक्का–बक्का रह गया। असगर ठेकेदार ने टूटी ईंटों की मजदूरी देने से साफ इन्कार कर दिया।

सुकिया सारी बात समझ गया और मानों का हाथ पकड़कर बोला कि 'ये लोग हमारा घर नहीं बनने देंगे।' वे लोग भट्टे को छोड़कर खानाबदोश की तरह किसी अनजान स्थान की ओर चल पड़े।

**व्याख्या अभ्यास –**

मानों का हृदय फटा.............................................................लेना–देना ही न हो।

लेखक का नाम – ओमप्रकाश वाल्मीकि

पाठ का नाम – खानाबदोश

**प्रसंग**– इस कहानी में मज़दूरों के शोषण व यातना को चित्रित किया गया है। प्रस्तुत अंश में उस समय का चित्रण है जब मानों रात में पाथी गई अपनी ईंटों को सुबह टूटा–फूटा पाती है तो उसे उसका घर बनाने का सपना टूटता प्रतीत होता है इसीलिए ......................

**व्याख्या** – उसका हृदय फटा जा रहा है। वह पागल–सी हो गई थी। उसका सपना किसी ने तोड़ दिया था। टूटी–फूटी ईंटों को देखकर उसे लगा कि किसी ने उसके पक्की ईंटों के मकान को तहस–नहस कर दिया हो। उसके कुछ देर बाद जसदेव वहाँ आया। वह भी निरपेक्ष भाव से चुपचाप खड़ा था। ऐसा लग रहा था कि उसे उन टूटी–फूटी ईंटों से कोई लेना–देना ही न हो। मजदूर होते हुए भी जातिगत आधार पर अपने को श्रेष्ठ या निम्न समझकर एक मजदूर दूसरे मजदूर की लड़ाई को अपनी नहीं समझता है तो ऐसे में शोषण मुक्त समाज की कल्पना भी दम तोड़ देती है। ऐसे में मानों का अस्थिर हो जाना स्वाभाविक था।

**विशेष** –

1. मानव–मनोविज्ञान पर लेखक की अच्छी पकड़ है। मानों की मनोदशा व जसदेव की तटस्थता का चित्रण।
2. 'हृदय फटना', 'बौरा जाना', आदि मुहावरों के प्रयोग से भाषा सजीव हो उठी है।
3. खड़ी बोली में भावों की सशक्त अभिव्यक्ति है।
4. भाषा में चित्रात्मकता का गुण विद्यमान है।
5. लेखक ने बड़ी हो बारीकी से मजदूर वर्ग के शोषण व उत्पीड़न का चित्रण किया है।

**अभ्यास–प्रश्न (उत्तर सहित)**

1. सूबेसिंह के सम्पर्क में आने पर किसनी के व्यवहार में क्या परिवर्तन आया और क्यों?

उत्तर– सूबेसिंह भट्टा मालिक मुख्तार सिंह का अय्याश बेटा था। उसने किसनी को दफ्तर की सेवा–टहल का काम दे दिया था। शुरू–शुरू में किसी का ध्यान इस ओर नहीं गया था। धीरे–धीरे वह भट्टे पर गारे–मिट्टी का काम

छोड़कर रोज़ ही दफ्तर में रहने लगी थी। इससे किसनी के पास वे सब सुविधाएं आ गई, जिनकी अन्य मजदूर कल्पना भी नहीं कर सकते थे। अब वह हैंडपंप के नीचे साबुन से रगड़–रगड़े कर नहाती थी। ट्रांजिस्टर पर फिल्मी गानें सुनती थी तथा अच्छे कपड़े पहनती थी। वह अपने पति महेश की उपेक्षा करने लगी थी और ज्यादातर समय दफ्तर में खिलखिलाती रहती थी। वह सूबेसिंह के साथ शहर भी जाने लगी थी और कई–कई दिनों तक शहर से लौटती नहीं थी। जब लौटती–थकी, हारी, निढ़ाल और मुरझाई हुई। इससे वह अन्य मजदूरों में काना–फूसी का कारण बन गई थी। वह कुछ सुविधाओं के लिए शोषण और गर्त्त के ऐसे रास्ते पर चल पड़ी थी जहाँ से लौटना मुश्किल था।

2. 'खानाबदोश' कहानी की मूल संवेदना (भाव) पर प्रकाश डालिए।

उत्तर– 'खानाबदोश' कहानी की मूल संवेदना है– मजदूर वर्ग का शोषण। इस कहानी में लेखक ने मजदूरी करके किसी तरह गुजर–बसर कर रहे मजदूर वर्ग के शोषण तथा यातना को चित्रित किया है। मज़दूर यदि इज्जत के साथ जीना भी चाहे तो सूबेसिंह जैसे समृद्ध और ताकतवर लोग उन्हें जीने नहीं देते । हमारे समाज में व्याप्त जातिवादी मानसिकता भी समाज को बाँटनें में अहम् भूमिका निभाती है। शोषक वर्ग इसको एक हथियार के रूप में अपने पक्ष में प्रयोग करता है। शोषित वर्ग कभी भी अपने लिए कुछ नहीं कर पाता। वह तो रोजी–रोटी की समस्या में ही उलझकर रह जाता हें इस कहानी में भी जमीन से उखड़े हुए लोगों की ब्यथा को बताया गया है जो रोज़ी–रोटी कमाने की इच्छा में शोषण–चक्र में ऐसे फँस जाते हैं कि आजीवन खानाबदोशों जैसा जीवन जीने को विवश होकर रह जाते हैं।

3. 'खानाबदोश' कहानी में आज के समाज की किन–किन समस्याओं को रेखांकित किया गया है? इन समस्याओं के प्रति कहानीकार के दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर– इस कहानी में आज के समाज की निम्नलिखित समस्याओं को रेखांकित किया गया है–

1) समाज में जाति–भेद अभी तक कायम है।
2) मजदूर–वर्ग का शोषण हो रहा है और वे इस यातना को झेलने के लिए विवश हैं।
3) मजदूर अभी भी नारकीय जीवन जीते हैं। उनके लिए सुविधाओं का अभाव है।
4) समाज में स्त्रियाँ सुरक्षित नहीं हैं वे दोहरे शोषण की शिकार है स्त्रियों के लिए सम्मानजनक दृष्टिकोण का अभाव है।

5) समाज में शोषण को देखकर चुप रहने की मानसिकता व्याप्त है। इन समस्याओं के प्रति लेखक का दृष्टिकोण मानो और सुकिया के माध्यम से प्रकट हुआ हैं। दोनों अपना जीवन जीना चाहते हैं, परन्तु शोषणकारी शक्तियाँ उन्हें प्रताड़ित करती हैं वे शोषण के सम्मुख आत्मसमर्पण नहीं करते बल्कि कष्टपूर्ण जीवन झेलने के लिए कहीं और चल देते हैं वे खानाबदोश की जिंदगी जीने के लिए विवश है। कहानीकार के पास इस शोषण का कोई समाधान नहीं है। इतना अवश्य है कि वह शोषित और मजदूरवर्ग से गहरी सहानुभूति रखता है। पर वह कोई तर्कपूर्ण समाधान प्रस्तुत नहीं कर पाया है।

**व्याख्या–अभ्यास हेतु अनुच्छेद**

क) भट्टे का काम खत्म....................................पकवानों से अच्छी होती है।

ख) समूचा दिन अदृश्य........................................आवाज भी नहीं आ रही है।

ग) कड़ी मेहनत और दिन–रात...........................कितनी ईंटें लग जाती है।

घ) सुकिया के पीछे–पीछे..................................एक दिशाहीन यात्रा पर।

ड़) भट्टे में उठते काले....................................एक पड़ाव था वह भट्टा।

**विचारणीय प्रश्न –**

1. सुकिया और मानों भट्टे पर क्या काम करते थे?
2. मोरी का काम खतरनाक क्यों था?
3. संध्या के समय भट्टे का वातावरण कैसा हो जाता था?
4. मानों के मन की दुश्चिताओं और आशंकाओं को स्पष्ट करें।
5. सूबेसिंह के सम्पर्क में आने पर किसनी के व्यवहार में क्या परिवर्तन आया और क्यों?
6. किसनी और सूबेसिंह के संबंधों को देखकर मजदूरों ने क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की?
7. सूबेसिंह ने जसदेव की पिटाई क्यों की?
8. जसदेव ने मानों का बनाया खाना क्यों नहीं खाया?
9. सूबेसिंह ने मानो और सुकिया को किस–किस तरह से परेशान किया?
10. आपके विचार से मानो द्वारा बनाई ईंटे किसने और क्यों तोड़ी होंगी?
11. मानों और सुकिया ने क्या सपना देखा था? वह सपना कैसे टूट गया?
12. 'खानाबदोश' कहानी के शीर्षक का औचित्य स्पष्ट कीजिए।

13. ‘खानाबदोश’ कहानी की मूल–संवेदना अथवा भाव पर प्रकाश डालिए।

14. ‘ईंटों को जोड़कर बनाए चूल्हे में जलती लकड़ियों की चिट–पिट जैसे मन में पसरी दुश्चिंताओं और तकलीफों की प्रतिध्वनियाँ थी जहाँ सब कुछ अनिश्चित था।’ यह वाक्य मानो की किस मानसिक स्थिति को उजागर करता है?

15. ‘सुकिया ने मानों की आँखों से बहते तेज अँधड़ों को देखा और उसकी किरकिराहट अपने अंतर्मन में महसूस की। सपनों के टूट जाने की आवाज उसके कानों को फाड़ रही थी।’ प्रस्तुत पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।

16. मानों किसनी क्यों नहीं बनना चाहती थी?

17. आशय स्पष्ट कीजिए –

    क) अपने देश की सूखी रोटी भी परदेश के पकवानों से अच्छी होती है।

    ख) फिर तुम तो दिन–रात साथ काम करते हो.....मेरी खातिर पिटे.....फिर यह बामन म्हारे बीच कहाँ से आ गया।

    ग) सपनों के काँच उसकी आँख में किरकिरा रहे थे।

18. भट्टा मजदूरों के बच्चों का जीवन कैसा होता है? उनकी शिक्षा व्यवस्था कैसे होती होगी? इस पर अपने विचार लिखे।

# पाठ–7

## नए की जन्म कुंडली : एक

(नोटः पाठ से प्रश्न नहीं पूछे जायेंगे)

**विधा** – विचार प्रधान निबंध

''एक साहित्यिक की डायरी'' का एक अंश

**निबन्धकार** :– गजानन माधव मुक्तिबोध

**लेखक की रचनायें** – 'चाँद का मुँह टेढ़ा है', 'भूरि–भूरि खाक धूल'।

**आलोचनात्मक कृतियाँ** – 'नये साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र', 'कामायनी : एक पुनर्विचार', 'एक साहित्यिक की डायरी'। मुक्तिबोध रचनावली में उनकी सम्पूर्ण रचनाएं संकलित हैं।

**पत्र–पत्रिका सम्पादन** – 'नया खून' (साप्ताहिक)

**भाषा–शैली** – विचारात्मक शैली, चित्रात्मक शैली, नाटकीय शैली, तत्समप्रधान शब्दावली, तर्कशीलता

**पाठ–परिचय**

**नए की जन्म कुंडली–एक** :– एक विचार प्रधान निबंध है। इस निबंध में लेखक ने व्यक्ति और समाज के बाहरी तथा आंतरिक परिवर्तनों के परिणाम स्वरूप प्राप्त चेतना को 'नए' के सन्दर्भ में देखने की कोशिश की है। लेखक का मानना है कि सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनीतिक और साहित्यिक परिवर्तन के फलस्वरूप प्राप्त यथार्थ की वैज्ञानिक चेतना को ही नया मानना चाहिए। लेखक के अनुसार 'संघर्ष एवं विरोध' के निष्कर्ष को व्यावहारिकता में न जीने के कारण ही हम पुराने को तो छोड़ देते हैं। किन्तु ''नए'' को वास्तविक रूप में अपना ही नहीं पाते है।

**स्मरणीय बिन्दु** – लेखक अपने मित्र को अत्यन्त बुद्धिमान समझता हैं। मित्र की तार्किक विश्लेषण क्षमता अद्भुत हैं। उसकी बुद्धि परीक्षण क्षमता में प्रखरता थी, इसलिए लेखक अपने मित्र की प्रतिभा से प्रभावित था। लेखक अपने मित्र के आन्तरिक सौन्दर्य के साथ ही साथ बाह्य सौन्दर्य से भी अभिभूत था। उसके अनुसार सौन्दर्य व्यक्ति के व्यक्तित्व में चार चाँद लगा देता है।

उसके माथे की लकीरों के सौंदर्य की समता मर्मवचन लिखे हुए कागज़ से करता है। वह कहता है कि व्यक्ति के व्यक्तित्व में सौंदर्य का महत्त तो हैं, पर उसमें रहस्य भी बना रहना चाहिए तभी वह प्रभावशाली बनता है।

बारह वर्षों बाद लेखक की उससे मुलाकात होती है, तब भी वह उसके आकर्षण में कोई कमी नहीं पाता। लेकिन लेखक को अपने और अपने मित्र के व्यवहार और रुचियों में अंतर दिखाई देता है जैसे—उसका मित्र शैले को 'ओड टु वैस्ट विंड' अर्थात् काव्य और वह 'स्क्वेयर रूट और मानस वन' अर्थात् गणित नहीं समझ पाता। लेखक भावुक है और उसका मित्र तर्कशील एवं बुद्धिवादी। लेखक का मित्र उसके भावनात्मक स्तर तक और लेखक अपने मित्र के बौद्धिक स्तर पर नहीं पहुँच पाता उसक मित्र जिद्दी भी है, वह राजनीति अपना लेता है और साहित्यक रचनाएँ भी करता है। लेखक को चित्रकला, नृत्यकला और मानव—वंश शास्त्र की जानकारी है। आदतों और व्यवहार के अंतर को लेखक दो ध्रुवों का भेद मानने लगा। लेखक अपने मित्र के विषय में बताता है कि वह कविता लिखते समय अपने को प्रकट करता है तथा सभी इंद्रियों से काम लेते हुए एक आंतरिक यात्रा करता है, इसलिए लेखक कविता को भारतीय परंपरा का विचित्र परिणाम कहता है।

सांसारिक समझौते न करने की आदत ने मित्र के व्यक्तित्व को असामान्य बना दिया। लेखक उसे सामान्य मानता है जो भीतर के असामान्य के उग्र आदेशों को न मानने का सामर्थ्य रखता हो। उसका मित्र जब भी उसके भीतर के असामान्य को उकसा देता था तब वह उसके सामने स्वयं को हीन समझने लगता था। लेखक की सोचने, समझने और कार्य करने की अपनी शैली थी। वह अपने कार्यों से लोगों को प्रसन्न रखता था, अपनी सहजता से सफल और प्रसिद्ध हुआ एवं भद्र कहलाया। वह उसकी व्यावहरिक बुद्धि का परिणाम था। उसका मित्र किसी भी कार्य को इसलिए करता था, क्योंकि वह हर क्षेत्र में व्यवस्था चाहता था। इसके लिए वह अपना सब कुछ कुर्बान कर सकता था। वह समझौतावादी नहीं था। कर्त्तव्यपालन के प्रति उसमें क्रूरता दया निर्दयता थी। इसलिए वह असफल, नामहीन और आकारहीन रह गया।

लेखक को लगता है कि उसका मित्र एक उल्का—पिंड की तरह है जो सूर्य के पास चक्कर लगाते हुए ब्रह्मांड में भटक गया है। उसका मित्र अपनी जिंदगी को भूल का एक नक्शा कहता है। वह छोटी—छोटी सफलताएँ चाहता था, पर उसे एक भव्य असफलता मिली। वह राजनीति में टिक नहीं पाया, क्योंकि वह आजीवन सिद्धांतों पर चलता रहा और स्वयं को बदलते सामाजिक मूल्यों के अनुरूप नहीं ढाल सका।

एक बार चाँदनी रात में पेड़ के नीचे लेखक चुपचाप उससे बातें कर रहा था। लेखक ने पूछा कि पिछले बीस वर्षों की सबसे महत्त्वपूर्ण घटना क्या है तो उसने कहा—संयुक्त परिवारों का विघटन। परिवार का अर्थ अब पति, पत्नी और दो बच्चे हो गया है। अमीर बनने की होड़ में सभी संबंध गौण हो गए हैं तथा पैसा प्रधान हो गया

है। सब ओर भौतिकता का प्रसार हो गया है। लेखक को उसका कथन सही लगा कि जिंदगी और ज़माना बदलते जा रहे हैं। लेखक ने पूछा—'इन वर्षों में सबसे बड़ी भूल कौन—सी हुई है? उसने उत्तर दिया—राजनीति और साहित्य के पास समाज—सुधार का कोई कार्यक्रम न होना। राजनीति को जन—कल्याण से ही कुछ भी लेना—देना नहीं है। राजनीति में लोग स्वार्थ—सिद्धि के लिए आते हैं। इसलिए स्वतंत्रता के बाद गरीबी, अशिक्षा, भुखमरी समाप्त नहीं हुई है। आज़ादी के बाद जातिवाद का उदय इसी का दुष्परिणाम है। सर्वत्र अवसरवादी दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है। कोई नया नहीं खोजना चाहता। पुराना लौट कर नहीं आ सका और नया पुराने का स्थान नहीं ले सका। समाज में प्रत्येक व्यक्ति अच्छाई त्याग कर बुराई की और अग्रसर हो रहा है। कथनी और करनी में अंतर आ गया है। घर के बाहर अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने, संघर्ष करने की बातें की जाती हैं परन्तु अपने पराये का भेद सामने आने पर सब चुप हो जाते हैं।

धर्म भावना चली गई किन्तु वैज्ञानिक बुद्धि नहीं आई। नए मानक और मूल्य, परिभाषाहीन तथा आकारहीन हो गए। वे धर्म और दर्शन का स्थान नहीं ले सके।

**सप्रसंग व्याख्या—**

''जो पुराना है, वह लौटकर........................धर्म और दर्शन का स्थान न ले सके।

**प्रसंग**—प्रस्तुत गद्यांश 'गजानन माधव मुक्तिबोध' द्वारा रचित निबंध 'नए की जन्म कुंडली : एक' से लिया गया है। लेखक ने यहाँ बताया है कि हम आधुनिकता की दौड़ में पुराने को तो भुला बैठे और नए को अपना नहीं पाए।

**व्याख्या**—लेखक का कहना है कि हम पुराने को भुला बैठे। पुराना चला गया वह कभी लौटकर नहीं आ सकता। सबसे बड़ी विडम्बना यह रही कि नया भी पुराने के स्थान को ले नहीं सका। धर्म की भावना तो चली गई परन्तु वैज्ञानिक बुद्धि भी नहीं आई, जिससे हम नए को कुछ समझते। प्राचीनकाल में धर्म हमारे प्रत्येक पक्ष को अनुशासित करता था चाहे वह राजनैतिक पक्ष हो या सामाजिक, वैज्ञानिक मानवीय दर्शन ने और दृष्टि ने धर्म का स्थान नहीं लिया। इसलिए हमारी अतः प्रवृत्तियाँ हमें जिस प्रकार चालित करती हैं हम उसी प्रकार चलते रहते हैं। हम अपने आपकों अनुशासित किए बिना नया—नया चिल्लाने लगे परन्तु बिना आत्मानुशासन के नया क्या है? यह हम नहीं जान सके आखिर ऐसा क्यों हुआ? हमारे सभी मान मूल्यों को धर्म परिभाषित करता था। अब ये सभी मूल परिभाषाहीन हो गए। अब इनका कोई निश्चित स्वरूप नहीं रहा, ये निराकार हो गये। वे दृढ़ और नया जीवन नए व्यापक मानसिक सत्ता के अनुशासन का रूप धारण नहीं कर सके। जिस अनुशासन की परिवार और समाज को आवश्यकता थी वह नहीं रहा। नए मान मूल्य धर्म, दर्शन का स्थान नहीं ले सके।

**विशेष**–खड़ी बोली।

– तत्सम शब्दावली।

– समाज का गहन–गंभीर विश्लेषण।

– विचारात्मक शैली।

– मनुष्य की अवसरवादी, प्रवृत्ति की ओर संकेत।

**अभ्यास–प्रश्न (उत्तर सहित)**

1. लेखक व्यक्ति को बुद्धिमान क्यों मानता था? तथा लेखक के मित्र ने 'इन वर्षों की सबसे बड़ी भूल' किसे माना है?

उत्तर– लेखक उस व्यक्ति को बुद्धिमान इसलिए मानता था क्योंकि वह अपने विचारों को गंभीरतापूर्वक लेता था। वे उसके लिए धूप और हवा – जैसे स्वाभाविक प्राकृतिक तत्व थे। लेखक को लगता था कि यह व्यक्ति अपने को प्रकट करते समय और सभी इंद्रियों से काम लेते हुए एक आंतरिक यात्रा कर रहा है। उसका दिमाग बहुत तेज था। वह प्रत्येक बात को कुशलता से पकड़ता था।

लेखक के मित्र ने इन वर्षों की सबसे बड़ी भूल 'राजनीति के पास समाज–सुधार का कोई कार्यक्रम न होना' को माना है। इसी के साथ–साथ साहित्य के पास भी सामाजिक सुधार का कोई कार्यक्रम न होना भी बड़ी भूल है। यह सोचना गलत था कि हम सामान्य बातें करके और राजनैतिक तथा साहित्यिक आंदोलन के द्वारा वस्तु स्थिति में परिवर्तन ला देंगे।

2. लेखक ने 'व्यावहारिक सामान्य बुद्धि' किसे कहा है।

उत्तर– लेखन ने 'व्यावहारिक साामान्य बुद्धि' उसे कहा है जिससे अधिक–से–अधिक लोगों को प्रसन्न किया जा सके। लेखक जब कोई कार्य करता है तो लोग उससे प्रसन्न होते थे। लेखक के अनुसार उसका मित्र इसलिए काम करता है कि एक बार कोई काम हाथ में लेने पर उसे अधिकारी ढंग से भली–भांति कर ही डालना चाहिए।

3. निम्नलिखित का आाश्य स्पष्ट कीजिए।

**1. सांसारिक समझौता–**

किसी कार्य को सही रूप में पूर्ण करते समय अनेक सांसारिक बाधाएँ उपस्थित हो जाती हैं। यह सांसारिक बाधाएँ अपनो में सुख–सुविधा, धन–यश की चाह आदि किसी भी प्रकार की हो सकती हैं।

जो शक्तिशाली है वह इन बाधाओं से समझौता नहीं करता, परन्तु सुविधाभोगी या संघर्षहीन व्यक्ति इन कठिनाइयों से समझौता कर लेता है। यह समझौता भविष्य में व्यक्ति, समाज और देश सभी के लिए विनाशकारी सिद्ध होता है। लेखक के अनुसार उसके मित्र ने कभी भी सांसारिक समझौता नहीं किया।

**2.** सामान्य–असामान्य तथा साधारण–असाधारण का अंतर जब हम किसी कार्य को आदर्शों एवम् सिद्धांतो की कसौटी पर पूर्ण करना चाहते हैं तो हम अपने अंदर से उठने वाले असामान्य–असाधारण आदेश को मानते हैं।

लेखक की दृष्टि में उसका मित्र असाधरण और असामान्य है। वह अपनी धुन, विचार या एक कार्य पर सबसे पहले खुद को और परिवार तथा अन्य लोगों को भी कुर्बान कर सकता था।

**3. संयुक्त परिवार का ह्रास–**

समाज की बुनियाद परिवार है। मानव के चरित्र का विकास परिवार में रहकर ही होता है। किसी देश का चारित्रिक पतन उसके विकास में सबसे बड़ी बाधा है। परिवार में रहकर ही बच्चे सांस्कृतिक विरासत प्राप्त करते हैं। अनेक कारणों से परिवार टूटते गये। संयुक्त परिवारों का स्थान एकल परिवार ने ले लिया। हमारी व्यवस्था के पास ऐसी कोई नीति नहीं है कि कार्य और घर को जोड़ा जा सके। अतः विचारों और संस्कारों का निरन्तर ह्रास होता गया।

4. पाठ के आधार पर आप समाज में किन बदलावों को लाना चाहेंगे? कुछ सुझाव दीजिए।

उत्तर– हमें इस सत्य को समझना होगा कि हमारे पूर्वजों द्वारा अपनाई गई धार्मिक मान्यताएँ और रीति–रिवाज वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित थे। अतः हमें आज धर्म का पालन करते समय वैज्ञानिक बुद्धि को भी साथ लेकर चलना होगा।

उदाहरणतः धर्म के नाम पर, त्योहार मानने के रीतिरिवाज के नाम पर चौराहों पर खाना डालकर उन्हें गंदा करना निंदनीय है। धर्म के सही स्वरूप को जानें। स्वच्छता ही समसे बड़ा धर्म है।

कर्म–कांड से अधिक उसमें निहित मूल भावना को महत्व दें।

कपड़ों से अधिक विचारों से आधुनिक बनें।

धर्म, जाति, संप्रदाय के नाम पर अशांति, उपद्रव न फैलायें। आदि।

(छात्र स्वयं अपने अनुभवों से उदाहरण दे सकते हैं)

# पाठ–8
# उसकी माँ

**विधा** – कहानी (किसी घटना, पात्र या समस्या का क्रमबद्ध ब्यौरा जिसमें परिवेश, द्वद्वांत्मकता, कथा का क्रमिक विकास और चरमोत्कर्ष का बिन्दु हो, उसे कहानी कहा जाता है)

**कहानीकार** – पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र'

**जीवन–परिचय** – पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' का जन्म 1900 ई. में उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले के चुनार नामक ग्राम में हुआ। परिवार में अभावों के कारण व्यवस्थित शिक्षा पाने का अवसर नहीं मिला किन्तु अपनी नैसर्गिक प्रतिभा और साधना से अपने समय के चर्चित अग्रणी गद्य–शिल्पी के रूप में पहचान बनाई। उन्हें कवि मित्र निराला की तरह पुरातनपंथियों का कठोर विरोध सहना पड़ा। पत्रकारिता से निरन्तर सम्बन्ध रहा। उनकी मुत्यु 1967 ई. में हुई।

**मुख्य रचनाएँ** – कहानी संग्रह – 'पंजाब की महारानी', 'रेशमी पोली इमारत', 'कंचन सी काया', 'काल कोठरी', 'कला का पुरस्कार' आदि।

**उपन्यास** – 'चन्द हसीनों के खतूत', 'बुधुआ की बेटी', 'दिल्ली का दलाल', 'मनुष्यानंद' ।

**आत्मकथा** – 'अपनी खबर' ।

**नाटक** – 'महात्मा ईसा'

**संपादन** – 'आज', 'विश्वमित्र', 'स्वदेश', 'वीणा स्वराज्य', 'विक्रम'।

**भाषा–शैलीगत विशेषताएं** – 1. भाषा सरल, सहज एवं भावपूर्ण

2. ओजपूर्ण, व्यंग्यपरक एवं उद्‌बोधनात्मक शैली।

3. अंलकृत और व्यावहारिक भाषा प्रयोग।

**पाठ–परिचय** – इस कहानी में देश की बुरी अवस्था से चिंतित युवा–पीढ़ी के विद्रोह को नए रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस अवस्था के लिए युवा पीढ़ी शासन तंत्र को दोषी मानती है और उसे उखाड़ फेंकना चाहती है। नई पीढ़ी विद्रोह के स्वर लिए राजसत्ता के विरोध में खड़ी है, वहीं पूर्ववर्ती बुद्धिजीवी समाज अपनी सुविधा के लिए राजसत्ता के तलवे चाटने को तैयार है। इन दोनों के बीच में है एक माँ, जो अनेकानेक प्रयासों के बावजूद व्यवस्था की चक्की से अपने बेटे को नहीं बचा सकी। इस कहानी में ममतामयी माँ का सजीव चित्रण हुआ है।

## स्मरणीय बिन्दु

– यह कहानी स्वाधीनता–संग्राम से प्रेरित कहानी है। लेखक ने देश को आज़ाद कराने के लिए कुछ युवकों द्वारा दिए गए बलिदान का मर्मस्पर्शी चित्रण किया है। एक दिन दोपहर के समय लेखक कुछ पढ़ने के विचार से पुस्तकालय जाता है तभी शहर का पुलिस सुपरिटेंडेंट उससे मिलने आता है। पुलिस सुपरिटेंडेंट उसे लाल की फोटों दिखाकर, लाल के विषय में पूछताछ करता है लेखक बताता है कि वह उसके मैनेजर रामनाथ का पुत्र है और रामनाथ की मृत्यु हो चुकी है। लाल कॉलेज में पढ़ता है और अपनी बूढ़ी माँ के साथ दो मंजिले मकान में रहता है उनका खर्च लेखक के पास रखी उसके पिता की जमापूँजी से चलता है। पुलिस सुपरिटेंडेंट लेखक को लाल से सावधान रहने को कहकर चला जाता है।

– लेखक लाल की माँ को बताता है कि वह लाल को समझा दे कि लाल क्रांतिकारियों से दूर रहे अन्यथा उसे दंड भोगना पड़ेगा। तभी लाल अपनी माँ को बुलाने आता है। तो लेखक उसे समझाने का प्रयास करता है। कि वह ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध षड्यंत्र करना छोड़ दे। लाल उसके साथ तर्क–वितर्क करता है वह कहता है कि वह देश को पराधीन नहीं देख सकता और देश को स्वतंत्र कराने के लिए कुछ भी कर सकता है। जो राष्ट्र किसी अन्य राष्ट्र के नागरिकों की स्वतंत्रता का दमन करता है, ऐसे दुष्ट राष्ट्र (ब्रिटिश सरकार) के सर्वनाश में वह अपना योगदान चाहता है।

– एक दिन लेखक घर आता है तो अपनी पत्नी को लाल की माँ से बात करते देखता है । वह लाल की माँ से लाल के मित्रों के विषय में पूछता है। वह बताती है कि लाल के सभी मित्र मस्त एवं हँसौड़ तथा जिंदादिल हैं। वे सभी उसे भारतमाता कहते हैं, और खूब बहस करते हैं। लेखक ने पूछा कि क्या वे लड़ने–झगड़ने, गोली, बंदूक की बातें करते हैं? तो वह सरलता से कहती हैं कि उनकी बातों का कोई मतलब थोड़े ही होता है।

– एक दिन चार–पाँच दिन बाहर रहने के बाद लेखक घर आता है तो लाल के घर में उसे सन्नाटा–सा दिखाई देता है। उसकी पत्नी उदास मुख से उसे बताती है कि लाल की माँ पर भयंकर विपत्ति आ गई है। पुलिस ने उसके घर की तलाशी में पिस्तौले, कारतूस और कुछ पत्र ढूँढ निकाले थे। उन पर हत्या, षड्यंत्र और सरकारी राज्य उलटने के आरोप लगाए गए और उन पर मुकदमा चलाया गया। सरकार के डर से कोई वकील उनकी पैरवी के लिए नहीं आया। मुकदमा लगभग एक वर्ष तक चला। लाल की माँ ने घर का सामान बेचकर एक–एक वकील को उनकी पैरवी के लिए तैयार किया। वह लाल और उसके साथियों को दोषी नहीं मानती थी। वह समझती थी कि यह पुलिस की चाल–बाजी है। वह उसे बचाने को निरन्तर दौड़–धूप करती रही। उसका शरीर अत्यंत कमजोर हो गया था किन्तु उसके सारे प्रयत्न व्यर्थ

हो गए। अदालत ने लाल, बंगड़ और उसके दो साथियों को फाँसी तथा अन्य दस लड़कों को सात वर्ष की कड़ी सजा सुनाई।

– जब से लाल और उसके साथी पकड़े गए थे, तब से शहर या मुहल्ले के सभी आदमी लाल की माँ से मिलने से डरते थे क्योंकि वह एक विद्रोही की माँ थी। एक दिन लेखक अपने पुस्तकालय में मेज़िनी की कोई पुस्तक देख रहा था, जिस पर लाल के हस्ताक्षर थे। वह पुलिस सुपरिटेंडेंट की चेतावनी को याद कर उसे मिटाने ही वाला था कि लाल की माँ एक पत्र लेकर उसके पास आई वह लाल का पत्र पढ़कर सुनाता है। पत्र में लाल ने स्वयं और अपने साथियों के साथ मृत्यु के बाद माँ से मिलने की बात की थी। लाल की माँ पत्र लेकर चुपचाप चली जाती है, किन्तु लेखक बेचैन हो जाता है। वह सो नहीं पाता। उसे लगता है कि लाल की माँ कराह रही हैं वह लाल की माँ की खोज–खबर लेने के लिए नौकर को भेजता है। नौकर आकर बताता है कि वह हाथ में पत्र लिए घर के दरवाजे पर पाँव पसारे मृत पड़ी है।

**व्याख्या अभ्यास –**

**''इस पराधीनता................................................नहीं छोड़ सकता ।''**

**प्रसंग**– प्रस्तुत गद्यांश प्रसिद्ध कहानीकार पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' द्वारा रचित कहानी 'उसकी माँ' से उद्धृत है। इस कहानी में लेखक ने देश की बुरी स्थिति से चितिंत युवा पीढ़ी के विद्रोह को नए रूप में प्रस्तुत किया है।

यहाँ लेखक लाल को अपने क्रांतिकारी विचार त्यागने के लिए कहता है, प्रतिक्रिया स्वरूप लाल लेखक के सामने अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए कहता है।

**व्याख्या**– लाल कहता है कि गुलामी के बारें में आपकी और मेरी सोच में अन्तर है। आप और मैं दो भिन्न सिरों पर है। आप कट्टर राजभक्त हैं। मैं कट्टर राजद्रोही हूँ । राजभक्त होने के कारण आप अंग्रेजी शासन को ठीक मानते हैं, क्योंकि उससे आपको सुविधाएँ मिलती हैं। मैं राज–विद्रोही होने के कारण दूसरी बात को ठीक मानता हूँ। आप अपने लाभ, ऐश्वर्य के लिए अपना पद छोड़ नहीं सकते । मैं देश के विकास के लिए विदेशी शासन को नष्ट करना चाहता हूँ।

**विशेष –**

1) लेखक और लाल के माध्यम से जमींदारों और क्रांतिकारियों के वैचारिक मतभेद को दर्शाया है।
2) खड़ी बोली में सहज अभिव्यक्ति है।
3) भाषा सहज, सरल और भावपूर्ण है।

4) तर्कपूर्ण शैली

5) संवाद संक्षिप्त और सारग्राही है।

**महत्त्वपूर्ण प्रश्नोत्तर–**

1. क्या लाल का व्यवहार सरकार के प्रति षड्यंत्रकारी था?

उत्तर– लाल का विरोध सरकार से नहीं था। उसका विरोध उस व्यवस्था से था जो उसके देश को परतन्त्रता की जंजीर से जकड़े हुए थी। वह सरकार के प्रति षड्यन्त्र नहीं कर रहा था। उसका उद्देश्य भारतमाता को परतन्त्रता से मुक्ति दिलाना था। अतः कहा जा सकता है कि यद्यपि सरकार उसे षड्यन्त्रकारी मानती थी, वह षड्यन्त्रकारी न होकर क्रान्तिकारी था।

2. पूरी कहानी में जानकी न तो शासन तंत्र के समर्थन में हैं न विरोध में, किन्तु लेखक ने उसे केन्द्र में ही नहीं रखा, बल्कि कहानी का शीर्षक बना दिया क्यों?

उत्तर– जानकी शासन का समर्थन या विरोध समझने में असमर्थ है। वह एक ममतामयी माँ है। जिसका हृदय अपने पुत्र लाल के प्रति ममत्व से भरा है। जब लाल का चाचा जानकी को लाल के सरकार के प्रति विरोधी व्यवहार के बारें में बताता है तब जानकी उसे डाँटती है किन्तु जब वह गिरफ्तार हो जाता है तो वह शासन को कोसती है कि उसके बेटे को फँसाया गया है। लेखक ने जानकी के मातृत्व को महिमामंडित कर उसे मुख्य पात्र बना दिया है क्योंकि संपूर्ण घटनाचक्र में वही है जो सर्वाधिक प्रभावित होती है। अतः संपूर्ण कथा चक्र में ममतामयी माँ का चरित्र सभी पात्रों और घटनाओं की तुलना में सशक्त होकर उभरता है।

3. चाचा, जानकी और लाल के प्रति सहानुभूति तो रखता था, किन्तु वह डरता है, यह डर किस प्रकार का है?

उत्तर– चाचा जानकी और लाल के प्रति सहानुभूति तो रखता था परन्तु वह सरकार से डरता था। वह जमींदार था जमींदारी सरकार की कृपा पर टिकी थी। अगर वह लाल का साथ देता तो उसे चिन्ता थी कि कहीं वह सरकार का कोप–भाजन न बन जाय। प्रलोभन और डर मनुष्य को उसके कर्त्तव्य से विमुख कर देता है।

**विचारणीय प्रश्न–**

1. इस कहानी में दो तरह की मानसिकताओं का संघर्ष है, एक का प्रतिनिधित्व लाल करता है तथा दूसरे का उसका चाचा। आपकी नजर में कौन सही है? तर्कसंगत उत्तर दीजिए।
2. उन लड़कों तथा लाल ने कैसे सिद्ध किया कि जानकी सिर्फ माँ नहीं, भारतमाता है? कहानी के आधार पर जानकी का चरित्र–चित्रण कीजिए।
3. 'विद्रोही की माँ से सम्बन्ध रखकर कौन अपनी गरदन मुसीबत में डालता ? इस कथन के आधार पर उस शासन–तंत्र और समाज व्यवस्था पर प्रकाश डालिए।
4. 'ऐसे दुष्ट, व्यक्ति–नाशक राष्ट्र के सर्वनाश में मेरा भी हाथ हो के माध्यम से लाल क्या कहना चाहता है?
5. पुलिस द्वारा लाल के घर की तलाशी में क्या–क्या आपत्तिजनक सामग्री मिली?
6. पुलिस ने लाल पर क्या–2 आरोप लगाए।
7. कोई भी वकील लाल की पैरवी करने के लिए तैयार क्यों नहीं हुआ?
8. लाल ने अपनी माँ को पत्र में क्या लिखा?
9. इस कहानी की मूल संवेदना को स्पष्ट कीजिए?
10. अभ्यास हेतु गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या–
    - क) पुलिस वाले केवल संदेह.................धीरे–धीरे घुलाना–मिटाना है।
    - ख) चाचा जी, नष्ट हो जाना..................भुजाओं की सखियाँ हैं।
    - ग) लोग ज्ञान न पा सकें.....................यह शासन–प्रणाली।
    - घ) तू भी जल्दी वहीं.....................वहाँ बड़ा आनन्द है।

# पाठ–9

# भारत वर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है

**विधा** – निबन्ध (ददरी मेले में दिया गया भाषण का अंश)

**लेखक** – भारतेन्दु हरिशचन्द्र

**जीवन–परिचय** – आधुनिक हिन्दी साहित्य के प्रवर्तक भारतेन्दु हरिश्चन्द्र माँ सरस्वती की आराधना में जीवन भर लगे रहे। 34 वर्ष की अल्प आयु में उनका स्वर्गवास हो गया।

**लेखक की रचनाएँ** – नाटक – 'नील देवी', 'अंधेरनगरी', 'वैदिकी हिंसा–हिंसा न भवति', 'भारत दुर्दशा', 'चंद्रावली', 'मुद्राराक्षस', 'सत्य हरिश्चन्द्र', 'पाखण्ड विडम्बना', 'विद्यासुन्दर', 'धनंजय विजय' आदि।

**काव्य–संग्रह**– 'प्रेम फुलवारी', 'प्रेममाधुरी', 'प्रेममालिका'

**पत्र–पत्रिकाएँ** – 'कवि वचन सुधा', 'हरिश्चन्द्र मैगजीन', 'बालाबोधिनी' आदि।

**भाषा–शैली** –
1. विचारात्मक एवं व्यंग्यात्मक शैली,
2. सरलता सहजता एवं बोधगम्यता
3. तत्सम, तद्भव, देशज एवं विदेशी शब्दावली
4. मुहावरे एवं लोकोक्तियों का प्रयोग
5. पुनरूत्थानवादी एवं आधुनिकतावादी शैली

**पाठ–परिचय**

पाठ में दिया गया आलोचनात्मक निबन्ध भारतेन्दु हरिश्चन्द्र जी ने ददरी मेले के अवसर पर बलिया में एक उत्साहवर्द्धक भाषण एवं व्याख्यान के रूप में प्रस्तुत किया था। इस निबंध में साहित्यकार ने भारतीय दुर्दशा के लिए अंग्रेजी औपनिवेशिक साम्राज्यवाद को जिम्मेदार माना है। तो दूसरी तरफ भारतीय नागरिकों में विद्यमान आलस्य, अशिक्षा, अकर्मण्यता एवं दिशा हीनता को भी जिम्मेदार माना है। इस निबन्ध में भारतेन्दु ने भारतीयों में भारतीय अस्मिता को स्थापित करने के लिए ललकारा है।

**स्मरणीय बिन्दु** :– भारतेन्दु ने भारतवासियों में नेतृत्व क्षमता को विकसित करना चाहा है। कई दशकों की गुलामी ने हमारी नेतृत्व क्षमता को हतोत्साहित किया है। इसलिए हम अंग्रेजीं के पिछलग्गू बन गये हैं भारत को सांस्कृतिक स्वतंत्रता तभी

मिलेगी जब हम अपना नेतृत्व स्वयं करना सीख लें। इस सृजनात्मक विचार धारा का सकारात्मक परिणाम हमें गाँधी, सुभाषचन्द्र बोस, जवाहर लाल नेहरू, पटेल एवं अम्बेडकर आदि के लोकतांत्रिक नेतृत्व में दृष्टि गोचर होता है।

– भारतेन्दु जी अंग्रेजों के विरोधी तो थे लेकिन पाश्चात्य आधुनिकतावादी संस्कृति के नहीं। उन्होंने बलिया के कलेक्टर राबर्ट साहब की खुलकर प्रशंसा की है, साहित्यकार ने अकबर, बीरबल, टोडरमल की धार्मिक सहिष्णुता, तीक्ष्ण नेतृत्व क्षमता एंव भूराजस्व नीतियों के कारण, उनकी सराहना की है। भारतेन्दु ने भारतवासियों की तुलना रेलगाड़ी के डिब्बों से की है। इसका तात्पर्य यह है कि हम भारतवासी बिना नेतृत्व के चल ही नहीं सकते । वे धार्मिक, पौराणिक उदाहरणो द्वारा सिद्ध करते हैं कि अगर भारतीयों को कोई बल एवं पराक्रम याद दिला दे तो ये सभी कार्य सम्पन्न कर सकते हैं

– भारतेन्दु इतिहास के मर्मज्ञ चित्रक है। इन्हें इतिहास की गतिशील नब्ज की पहचान थी। भारत गुलाम क्यों हुआ? भारत के विभाजित होने के कारण क्षेत्रवाद, अकर्मण्यता, धर्मभीरुता एवं आलस्य आदि कुप्रवृत्तियों के कारण ही भारतीय अस्मिता खतरे में पड़ी। इसके अतिरिक्त जमींदारी प्रथा एवं सामन्तवाद, जैसी भयावह कुरीतियों ने भी भारतीय राजनीतिक प्रशासनिक व्यवस्था को चकनाचूर किया।

– भारतेन्दु पुनरुत्थानवादी, साहित्यकार हैं। इनके विचारों में आधुनिकतावाद के साथ ही भारतेन्दु जी पुनरूत्थानवादी, समाज–सुधारक, साहित्यकार हैं। उनके समय में आम जनता अपने देश भारत के अतीत का गौरव भूल–सी ही गई थी। ये सब जान बूझकर नहीं हुआ था बल्कि अंग्रेजी शासन उनका भय, आतंक, दमनकारी रवैया और भारतीयों का अशिक्षित होना इसके लिए जिम्मेदार था। अतः भारतेन्दु जी के सामने सबसे मुख्य प्रश्न था। समस्या यही थी कि भारतीयों का पुनर्जागरण किया जाए अर्थात् भारत के लोग जो अतीत का गौरव भारत का महान इतिहास भूल गए हैं उसे नाटकों रंगमंचीय कला के माध्यम से बताया जाए। अतः वे अपने नाटकों का कथ्य चयन भी इसी प्रकार का रखते थे। तभी इनके विचारों में आधुनिकतावाद के साथ अतीतोन्मुखी परम्परा का बोध मिलता है। वे भारतीयों को विश्वस्तर पर उनका योगदान याद दिलाते हैं। वे बताते हैं कि भारतीयों ने खगोलशास्त्र, गणितीय प्रणाली, चिकित्सा शास्त्र एवम् रसायनशास्त्र, दर्शन, अध्यात्मवाद, संस्कृति आदि क्षेत्र में विश्वस्तर पर योगदान दिया है। इसी कारण भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता है। अतः आज हमें फिर से अपने योगदान अपने ज्ञान, ताकत को याद करने की जरूरत है। अपने पौरुष को पहचानने की आवश्यकता है। वे आगे यह बताते हैं, कि भारत विश्व विकास की दौड़ में इसी अज्ञानता की वजह से पिछड़ रहा है। और हम अपनी पुरातन रूढ़ियों की वजह से विकास की दौड़ में पिछड़ गए है।

– भारतेन्दु के अनुसार मानव जीवन अत्यन्त दुर्लभ एवं अति महत्वपूर्ण है। मनुष्य को कायरों की भाँति जीवन नहीं व्यतीत करना चाहिए। बल्कि उसको समग्र

सम–विषय अवसरों का लाभ उठाना चाहिए। इस विचारधारा का तात्पर्य यह है कि सम्पूर्ण भारतवासियों को भारतवर्ष के समग्र विकास एवं उन्नति हेतु प्रयत्नशील रहना चाहिए। भारतेन्दु जी ने राष्ट्र हित के लिए व्यक्तिगत हित को महत्व नहीं दिया। यह साहित्यकार का प्रगतिशील दृष्टिकोण है।

– भारतेन्दु जी ने भारतीय संस्कृति की अस्मिता के उद्वार हेतु निवृत्तिमूलक एवं पलायनवादी विचारों के स्थान पर प्रवृत्ति मूलक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। उनके अनुसार भारत में जितना कोई निकम्मा होता है उसे उतना ही बड़ा अमीर समझा जाता है हालांकि इस कुप्रवृत्ति ने आज भी भारत को तोड़ने का प्रयास किया है हमारे यहाँ मानसिक श्रम की अपेक्षा शारीरिक परिश्रम को कम महत्व दिया जाता है। लेकिन राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने मानसिक एवं शारीरिक दोनों प्रकार के श्रम को समान महत्व देकर श्रमजीवी संस्कृति को समेकित धरातल प्रदान किया है। भारतेन्दु जी भारतवासियों को समय के साथ चलने के लिए कहते हैं। वे चाहते थे कि भारतवासी अपनी आवश्यकताओं के लिए किसी दूसरी ताकतों का मोहताज न रहे।

– भारतेन्दु जी ने भारतवासियों में उत्साह का संचार करने के लिए ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पौराणिक साक्ष्यों को प्रस्तुत किया है। भारतेन्दु जी इतिहास की गम्भीर अवधारणा की जानकारी रखते थे। उपर्युक्त तथाकथित सन्दर्भों का प्रयोग भारतेन्दु जी ने सांस्कृतिक राष्ट्रीय चेतना को समेकित रूप में किया है। भारतेन्दु जी भारत के कण–कण में उन्नति एवं अभ्युत्थान देखना चाहते थे। वे चाहते थे कि भारत का सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक, मानवीय, धार्मिक एवं आर्थिक आदि क्षेत्रों में सर्वांगीण विकास सम्पन्न हो । भारतेन्दु जी ने भारतीय समस्याओं का बहुत सूक्ष्म विचार विश्लेषण किया है। वे समस्या मुक्त भारतीयता के हिमायती थे।

– वे धर्मनीति के समर्थ हिमायती थे। लेकिन वे धर्माधंता, साम्प्रदायिकता, क्षेत्रवाद आदि तात्कालिक दोषों से मुक्त होने की तरफ भी इशारा करते हैं। भारतेन्दु के विचारों में देशभक्ति के साथ ही साथ राजभक्ति की प्रार्थना आखिल भारतीय राष्ट्रवादियों के लिए खटकती है। वे तीज–त्योहार की नैतिक, मानवीय एवं वैज्ञानिक व्याख्या के हिमायती थे। वे नारी शोषण, दलित शोषण किसी भी कुप्रवृत्ति के खिलाफ थे। भारतेन्दु सौहार्द साम्प्रदायिक के कारण ही मुसलमानी–संस्कृति को पूर्ण तार्किकता एवं आधुनिकता से जोड़ना चाहते थे। वे भारतीय जनता को किसी भी प्रकार के कृपा पात्र के मोहताज नहीं रखना चाहते थे।

**सप्रसंग व्याख्या**

**भाइयो, राजा–महाराजों..........................................रसातल ही पहुँचोगे।**

**प्रसंग** – प्रस्तुत गद्यांश हिंदी साहित्य में आधुनिक युग के प्रवर्तक भारतेन्दु हरिश्चन्द द्वारा रचित निबंध 'भारत वर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है?' से अवतरित है।

**संदर्भ**—लेखक उन उपायों का उल्लेख करता हैं जिनसे भारतवर्ष की उन्नति हो सके।

**व्याख्या** – लेखक आम लोगों को संबोधित करते हुए कहता है कि उन्हें अपनी तरक्की के लिए राजा—महाराजा अर्थात् उच्च संपन्न वर्ग की ओर नहीं देखना चाहिए। वे तुम्हारे लिए कुछ नहीं करेंगे। उनसे कोई भी आशा रखना व्यर्थ है। पंडित जी भी अपनी कथा में देश की समृद्धि और बुद्धि बढ़ाने का कोई तरीका नहीं बताएंगे। उन्हें तो सिर्फ अपने स्वार्थ को देखना है और आपको ठगना है। तुम्हें स्वयं ही कमर कसकर तैयार होना होगा और आलस्य को छोड़ना होगा। जरा सोचो, तुम कब तक जंगली, बुद्धु, मूर्ख और डरपोक कहलाओगे? अब इन बातों से अपना पीछा छुड़ाओं। तरक्की की दौड़ में तुम भी भाग लो और आगे निकलकर दिखाओ। यदि तुम इसमें पीछे रह गए तो फिर तुम्हें कहीं ठिकाना नहीं मिलेगा । यह मौका बार—बार नहीं मिलने वाला है। इसका लाभ उठाओं। यदि अबकी बार भी पिछड़ गए तो फिर नीचे की ओर गिरते चले जाओगे । इस पतन की कोई सीमा नहीं है लेखक लोगों को तरक्की की दौड़ में पूरी लगन के साथ दौड़ने के लिए प्रेरित कर रहा है

**विशेष** –
1. प्रस्तुत गद्यांश प्रेरक है
2. स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी गई है
3. रामचरितमानस की चौपाई का अंश देकर अपने कथ्य को सशक्त बनाया गया है– ''फिर कब राम जनकपुर है''
4. खड़ी बोली का प्रयोग किया गया है।
5. भाषा सरल और सुबोध है।

**अभ्यास—प्रश्न**

1. भारतेन्दु के समय हिन्दुस्तान की दशा कैसी थी?

उत्तर– भारतेन्दु जी के समय देश की सामाजिक धार्मिक, राजनैतिक, आर्थिक स्थिति पिछड़ी हुई थी। देश पर अंग्रेजों का शासन था। वह हमारा सारा कच्चा माल सस्ते दामों पर खरीदकर अपने देश भेजते थे। और वहाँ का माल हमारे देश में मनमानी कीमत पर बेचते थे। जिससे हमारे उद्योग धंधे ठप्प हो गए, खेती बिगड़ गई, आर्थिक स्थिति कमजोर होने लगी। इन सभी का देश की आम जनता पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ा। क्योंकि उनका दोहरे स्तर पर शोषण हो रहा था। एक तो उच्च वर्ग, सामंतवादी सोच के कारण दूसरा अंग्रेजी शासन के रूप में समाज में। समाज में विषमताएँ थी बहुत सारी कुरीतियाँ जैसे अंधविश्वास, जादू—टोना, जातिप्रथा, अनमेल विवाह, छूआ—छूत, धर्म के आधार पर भेदभाव, दलित समस्या स्त्रियों की दीन हीन दशा, बाल—विवाह,

अशिक्षा, विधवा पुनर्विवाह ना होना आदि। इस प्रकार देखा जा सकता है कि इस समय में समाज राजनीति आर्थिक क्षेत्र, धार्मिक क्षेत्र प्रत्येक स्तर पर भेदभाव, शोषण अन्याय, हीन भावना आदि व्याप्त थी।

2. देश का रुपया और बुद्धि बढ़े, इसके लिए क्या करना चाहिए?

उत्तर– देश का रुपया और बुद्धि बढ़े इसके लिए लोगों को राजा–महाराजाओं का मुँह देखना बंद करना होगा अर्थात् उन पर निर्भरता खत्म करनी होगी। अपने बल के भरोसे काम करना होगा। पंडित जी की कथा से भी यह काम नहीं हो सकता । हमें अपने आप ही कमर कसनी होगी, आलस्य छोड़ना होगा। हमें अब जंगली पशु, मूर्ख और कमजोर नहीं कहलवाना होगा। हमें रुपया पाने की होड़ में आगे बढ़ना होगा। एक बार पीछे पड़ने पर फिर उठ नहीं सकेंगे। इस समय में सरकार का राज्य पाकर और उन्नति का इतना सामान पाकर भी न सुधरे तो फिर कभी सुधर नहीं पाएंगे। यह सुधार भी ऐसा हो जो सभी क्षेत्रों में उन्नति हो। हमें ऐसी सभी बातों को छोड़ना होगा जो हमारी उन्नति के रास्ते में काँटे बिछाती हैं। हमें अपने सुख को होम करना होगा।

**अभ्यास हेतु प्रश्न :–**

1) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र किस काल के साहित्यकार हैं?
2) भारतेन्दु ने अंग्रेजी साम्राज्यवाद की आलोचना क्यों की है?
3) भारतेन्दु ने अपने इस कालजयी निबन्ध में भारतीय अतीत का समर्थन क्यों किया है?
4) भारतेन्दु ने भारतीयों को आलसी क्यों कहा है?
5) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र हिन्दी साहित्य के इतिहास में क्यों चर्चित है?
6) भारतेन्दु ने स्वदेशी विचारधारा का समर्थन क्यों किया?
7) भारतेन्दु भारत में किस प्रकार का विकास चाहते थे?
8) भारतेन्दु ने राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के लिए साम्प्रदायिक सद्भाव को क्यों आवश्यक माना है?
9) भारतेन्दु जी के धार्मिक विचारों पर प्रकाश डालिए?
10) भारतेन्दु को आधुनिक कबीर की संज्ञा क्यों दी जाती है?
11) भारतेन्दु भारत को कैसा बनाना चाहते थे?

12) भारतेन्दु की राष्ट्रवादी विचारधाराओं पर प्रकाश डालिए?

13) भारतेन्दु ने इस निबन्ध में भारतीय समाज की जीती–जागती तस्वीर प्रस्तुत की है। कैसे?

**व्याख्या हेतु अनुच्छेद :–**

1) ''हमारे हिन्दुस्तानी लोग...................क्या नहीं कर सकते ।''

2) ''आर्य लोग हिन्दुस्तान..........................प्रतिदिन बैठे।''

3) ''हम क्या उन्नति करे.............................काँटों को साफ किया।''

4) ''मुसलमान भाईयों.........................जी दुखाने वाली हो, न करे।''

# अन्तरा भाग–1

## काव्य–खण्ड

**छात्र–निर्देश :**

पाठ्य पुस्तक का काव्य खण्ड 16 अंक का है।

| | |
|---|---|
| सप्रसंग व्याख्या (एक) – | 6 अंक |
| काव्य पर आधारित प्रश्न (दो) – | 4 अंक (2 + 2) |
| काव्य–सौंदर्य आधारित प्रश्न (दो) – | 6 अंक (3 + 3) |

**क) व्याख्या का उत्तर तीन उपशीर्षकों में देना अनिवार्य हैं।**

**1. प्रसंग 2.व्याख्या 3. शिल्प–सौन्दर्य**

1. **प्रसंग** – इसके अन्तर्गत कवि और कविता का नाम अनिवार्य रूप से दें। पाठ्यपुस्तक का नाम न लिखे। एक पंक्ति में काव्य का पूर्वापर प्रसंग लिखें।
2. **व्याख्या**– काव्य पंक्तियों को समझने के उपरान्त अर्थ को अपने शब्दों में व्यक्त करें।
3. **शिल्प–सौन्दर्य** – इसमें भाषा, रस, छन्द, अलंकार आदि का निरूपण करें।

**ख) काव्य–सौन्दर्य** – इसे केवल दो उपशीर्षकों में विभक्त करें।

1. **भाव–सौन्दर्य**– इसके अन्तर्गत एक या दो पंक्तियों में मात्र भाव स्पष्टीकरण करें।
2. **शिल्प–सौंदर्य**– इसमें कवि की भाषिक विशेषता, विशिष्ट प्रयोग, रस,छन्द, अलंकार आदि का निरूपण, लय, चित्रात्मकता, बिम्ब योजना आदि को स्पष्ट करें।

# पाठ–1

# कबीर

## (भक्तिकालीन निर्गुण काव्यधारा के संतकवि)

**परिचय**– कबीर का जन्म सन् 1398 में काशी में हुआ था। नीरु और नीमा नामक जुलाहा दम्पति ने इनका लालन–पालन किया। ये गुरु रामानन्द के शिष्य थे। कबीर पढ़े–लिखे नहीं थे यह उन्होंने स्वयं स्वीकार किया है वे कहते हैं :–

**मसि कागद छुयो नहीं, कलम गही नहि हाथ।**

सन् 1518 में मगहर में उनका देहावसान हो गया।

**रचनाएँ** – बीजक (साखी, सबद, रमैनी) कबीर की कुछ रचनाएँ गुरु ग्रन्थ साहब में संकलित है।

**काव्यगत विशेषताएँ** – भक्तिकाल की निर्गुण (निराकार रूप के उपासक) काव्यधारा के संत कवि कबीर का आविर्भाव ऐसे समय में हुआ जब राजनीतिक, धार्मिक एवम् सामाजिक क्रान्तियाँ अपने चरम पर थी। कबीर क्रान्तिकारी कवि थे। एक ओर कबीर ने समाज में फैली कुरीतियों एवम् आडम्बरों पर प्रहार किया दूसरी ओर उनका भक्तरूप देखने को मिला।

कबीर की रचनाओं की भाषा सधुक्कड़ी है। सधुक्कड़ी में बोलचाल की अवधी, भोजपुरी, पंजाबी अत्यादि बोलचाल की भाषाओं के शब्दों का प्रचुर मात्रा में प्रयोग है। इसलिए सधुक्कड़ी को पंचमेल खिचड़ी भाषा कहा जाता है। कबीर का काव्य तुकात्मकता एवम् लयबद्धता के कारण गेय है। अर्थात् इसे गाया जा सकता है। उन्होंने साखी, सबद एवम् रमैनी के माध्यम से अपनी भावनाओं को जनमानस तक पहुँचाया। कबीर के काव्य में अलंकारों का स्वाभाविक प्रयोग है।

**पद 1 – अरे इन दोउन..........................................राह ह्वै जाई ।**

**प्रसंग / मूलभाव**

प्रस्तुत पद कबीर के 'बीजक' संग्रह से उद्धृत है। हिन्दू एवम् मुसलमान दोनों धर्मों में व्याप्त कर्मकाण्ड एवम् आडम्बरों का विरोध करते हुए कबीर कहते हैं कि ये

दोनों अज्ञानतावश बाह्य कर्मकाण्डों को वास्तविक धर्म मान बैठे हैं इन्हें धर्म के मर्म का ज्ञान नहीं है धर्म का वास्तविक अर्थ है उचित कर्मों से व्यक्ति एवम् समाज का मार्गदर्शन करना, परन्तु ये केवल दिखावा करते हैं। वास्तव में ये दोनों ही पथभ्रष्ट हो चुके है। इनका यह अज्ञान परमात्मा की प्राप्ति में बाधक है।

**व्याख्या बिंदु** – हिंदुओं के विषय में कबीर का कहना है कि ये वर्ण–भेद में विश्वास करते हैं उच्च वर्ग का व्यक्ति निम्न–वर्ण के व्यक्ति को अस्पृश्य मानता है उसे अपने पात्रों (बर्तनों) को छूने नहीं देता परन्तु स्वयं वैश्यागमन जैसे निम्न कर्म में लिप्त है। तात्पर्य यह है कि हीन कर्मों में लीन है केवल श्रेष्ठ होने का दिखावा करते है।

मुसलमानों की दशा भी कुछ भिन्न नहीं है। ये दिखावा करते हैं कि पीर औलिया बनकर माया–मोह से दूर हैं दूसरी ओर अपनी रसना के आगे विवश है। केवल स्वाद के लिए मांसाहार करते हैं, जीव–हत्या करते हैं। जीव हिंसा करने वाले खुदा के बंदे कैसे हो सकते हैं? समाज की नीतियों के प्रतिकूल रक्त–संबंधों में विवाह करते हैं। दोनों ही सत्य की राह से भटके हैं।

इस प्रकार इन दोनों को ही ईश्वर–प्राप्ति नहीं हो सकती।

**काव्य–सौन्दर्य**

**भाव–पक्ष**

1. कबीर का समाज सुधारक रूप द्रष्टव्य है।
2. हिन्दुओं एवम् मुसलमानों दोनों के आडम्बरों पर तीखा प्रहार किया गया है।
3. आडम्बरों को ईश्वर प्राप्ति के मार्ग में बाधक माना है।
4. ईश्वर एक है। राम–रहीम में कोई भेद नहीं है। ईश्वर सर्वदा है। ईश्वर सर्वव्यापक है एवं सभी प्राणियों के हृदय में विद्य मान है। दोनों को ही मानवता अपनाने को कहा है।

**कला–पक्ष**

1. सधुक्कड़ी भाषा में भावों की सहज, सरल अभिव्यक्ति है।
2. शब्द–चयन, भावपूर्ण व भावानुकूल है।
3. 'सब सखियाँ' 'कहै कबीर' अनुप्रास अलंकार
4. गेय पद शैली।
5. मुक्तक शैली
6. सहज और सरलभाषा।

**पद पर आधारित प्रश्न**

1. कबीर ने हिन्दुओं और मुसलमानों के किन वाह्य आडम्बरों की बात कही है?

उत्तर– हिन्दू एवम् मुसलमान दोनों ही अज्ञानतावश वाह्य आडम्बरों को ही धर्म समझ बैठे हैं। धर्म के वास्तविक स्वरुप का इन्हें ज्ञान नहीं । ये दोनों ही पथभ्रष्ट हो चुके हैं।

हिन्दू वर्ण–भेद में विश्वास करते हैं। उच्च वर्ण का व्यक्ति निम्न वर्ण के व्यक्ति के साथ छुआछूत की भावना रखता है। उसे अपने बर्तन तक छूने नहीं देता। दूसरी ओर वैश्यागमन जैसे नीचकर्म में लिप्त है। मुसलमानों की दशा यह है कि इनके पीर–औलिया तक माँसभक्षण करते हैं। समाज की नीति के विरूद्ध मुसलमान अपने ही रक्त संबंधों में विवाह करते हैं।

**अभ्यास कार्य**

1. कबीर के अनुसार ईश्वर प्राप्ति के मार्ग में क्या बाधा है?
2. इस पद में कबीर का कवि रूप नहीं समाज सुधारक रूप दिखाई पड़ता है, सिद्ध करें।
3. कबीर के अनुसार ईश्वर प्राप्ति कैसे की जा सकती है?

**व्याख्या (उदाहरण)**

**पद – 2**

**बालम आवो..........................................................................जिव जाय रे''**

**प्रसंग / मूलभाव**

प्रस्तुत पद 'बीजक' संग्रह से उद्धृत है। यहाँ कबीर का भक्तरूप द्रष्टव्य है। इस पद में कबीर ने स्वयं (जीवात्मा) को पत्नी और परमात्मा को पति मानकर परमात्मा रूपी पति से वियुक्त जीवात्मा की विरहावस्था का चित्रण किया गया है।

**व्याख्या बिंदु** – परमात्मा से मिलन न हो पाने के कारण कबीर को एक वियोगिनी की भाँति न अन्न भाता है न नींद आती है। निर्गुणमार्गी संत कवियों ने साधक को नायिका तथा परमात्मा को नायक के रूप में चित्रित किया है। यहाँ पति (परमात्मा) निराकार परन्तु पत्नी (साधक) साकार रूप में विद्यमान है। यहाँ कबीर निर्गुण और सगुण–दो भिन्न मतों के बीच एक साम्य स्थापित करते दिखाई देते हैं ।

**काव्य–सौन्दर्य**

**भाव–पक्ष**

1. कबीर का भक्त रूप द्रष्टव्य है।
2. ज्ञान चक्षु खुलने पर साधक ईश्वर प्राप्ति के लिए आतुर हो उठा है

**कला–पक्ष**

1. भाषा–सधुक्कड़ी
2. 'दुखिया देह', 'कोई कहे', 'जिव जाय' अनुप्रास अलंकार
3. कामिन को है.....................प्यासे को नीर दृष्टान्त अलंकार
4. लय एवम् तुकबद्ध गेय पद शैली।
5. रस–विप्रलंभ (वियोग) श्रृंगार, भक्ति रस

## महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

प्रश्न कबीर ने साधक और परमात्मा को किस रूप में चित्रित किया है?

उत्तर– कबीर ने साधक को पत्नी एवम् परमात्मा को पति के रूप में चित्रित किया है। जिस प्रकार प्रेयसी प्रियतम से मिलन के लिए आतुर रहती है उसी प्रकार ज्ञान हो जाने पर साधक (आत्मा) निरन्तर परमात्मा से मिलन को आतुर रहता है। उसे सांसारिक कार्यों में कोई सुख नहीं मिलता जैसे प्रेयसी को विरहावस्था में न अन्न भाता है न नींद आती है।

**अभ्यास प्रश्न**

1. इस पद में सांसारिक प्रेम का वर्णन है, फिर भी यह भक्ति का श्रेष्ठ उदाहरण है कैसे?
2. इस पद में कौन–सा रस हैं?
3. 'कामिन को हैं......................................ज्यों प्यासे को नीर' में कौन–सा अलंकार हैं?

# पाठ–2

# सूरदास

## (सगुण भक्तिधारा के कृष्णभक्त कवि)

**कवि का सामान्य परिचय**– अधिकांश साहित्यकारों का मत है। कि उनका जन्म आगरा और मथुरा के बीच में रूनकता नामक गाँव में हुआ था। वह साहित्य आकाश के एक चमकते नक्षत्र है।

**रचनाएँ – सूरदास के काव्य ग्रन्थ**

1. सूरसागर
2. सूरसारावली
3. साहित्य लहरी

**काव्यगत विशेषताएँ–**

– सूरदास वात्सल्य, प्रेम और सौन्दर्य के अमर कवि हैं।

– काव्य में माधुर्यगुण, स्वाभावकिता तथा सजीवता विद्यमान है।

– सूरदास की काव्यभाषा ब्रजभाषा है। सूर की भाषा में माधुर्य, लालित्य और नाद सौन्दर्य का मिश्रण है।

– तुकात्मकता तथा लय के कारण संगीतात्मकता का समावेश है।

– सूरदास के पदों में अनुप्रास, रुपक, श्लेष आदि का सहज प्रयोग है। काव्य सरस है। भावानुरूप शब्द चयन है।

### व्याख्या (उदाहरण)

### सूर के पद–1

### पद–1

**खेलन में को..............................................करि नंद–दुहैया।**

**प्रसंग**– कविः सूरदास कविता : पद

इस पद में कवि ने भगवान श्री कृष्ण की खेल में हार हो जाने को बड़े ही स्वाभाविक रूप में चित्रित किया है। श्रीदामा से हार जाने पर भी श्रीकृष्ण हार स्वीकार

नहीं करते और रूठकर एक ओर बैठ जाते हैं। पुनः खेलने का मन होने पर वे नंदबाबा की दुहाई देकर श्रीदामा की दाँव देने के लिए तैयार हो जाते हैं। श्रीकृष्ण की बाल सुलभ खीझ का व बाल लीला का सहज स्वाभाविक वर्णन बड़े सुंदर ढंग से चित्रित किया गया है–

**व्याख्या**–श्रीकृष्ण और श्रीदामा खेल रहे हैं, जिसमें श्रीकृष्ण हार जाते हैं। हारने पर भी वे श्रीदामा की दाँव देने को तैयार नहीं होते वरन् श्रीदामा पर क्रोधित होने लगते हैं। श्रीदामा तथा अन्य चित्र कृष्ण से कहते हैं कि तुम हम पर इतना क्रोध क्यों दिखा रहे हो। खेल में कोई छोटा–बड़ा नहीं होता, सभी बराबर होता है। श्रीदामा कृष्ण से कहते हैं न तो जाति में तुम हमसे बड़े हो, न ही हम तुम्हारी शरण में रहते हैं जो तुम इतनी ऐंठ (अकड़) दिखा रहे हो। हाँ, तुम्हारे पास हमसे कुछ गाएँ अधिक हैं जिससे तुम इतना अधिकार जता रहे हो। खेल में रूठने वाले के साथ कोई खेलना पसंद नहीं करेगा–ऐसा कहकर सभी ग्वाल–बाल (मित्र) इधर–उधर बैठ जाते हैं। हालांकि श्रीकृष्ण भीतर से (मन से) खेलना चाहते हैं पर वे श्रीदामा पर ही एहसान रखते हुए कहते हैं कि देखों में दोबारा खेल रहा हूँ। वे नंद बाबा की दुहाई देते हुए श्रीदामा की दाँव (बाजी) देने को तैयार हो जाते हें।

**शिल्प सौन्दर्य**–1. बृजभाषा का प्रयोग किया गया है। कृष्ण की बाल लीलाओं का सहज एवं स्वाभाविक वर्णन है।

2. पद में बाल मनोविज्ञान (खेलन में रुठना) का सुंदर चित्रण किया गया है।
3. पद में गेयता एवं तुकात्मकता है।
4. सखा भाव भक्ति का वर्णन है।
5. को काको, हरि हारे, दावं दियो आदि में अनुप्रास अलंकार है।
6. दुहाई देना–मुहावरे का प्रयोग किया गया है।
7. वात्सल्य रस है।
8. छंद पद है।
9. माधुर्यगुण है।

**पद–2**

**मुरली तऊ गुपलहि.......................................सीस डुलावति।**

**प्रसंग**– कवि : सूरदास कविता : पद

प्रस्तुत पद में श्रीकृष्ण की बांसुरी के प्रति गोपियों का सौतन का भाव प्रकट हुआ है। श्रीकृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम होने के कारण गोपियाँ मुरली (बांसुरी) के प्रति ईर्ष्या का

भाव रखती है। उनका कहना है कि मुरली श्रीकृष्ण को जैसे चाहती है वैसे नचाती है। वह उनको एक पाँव पर खड़ा रहने को बाध्य कर देती है, अपनी हर आज्ञा का पालन करवाती है फिर भी श्रीकृष्ण पूरी तरह से मुरली के अधीन है।

**व्याख्या**–एक सखी दूसरी सखी से कहती है कि मुरली श्रीकृष्ण को इतना परेशान करती है तो भी उन्हें बांसुरी अत्यधिक प्रिय है। बांसुरी श्रीकृष्ण को नाना प्रकार से नचाती है, वह उनको एक पाँव पर खड़ा रहने को बाध्य कर देती है तथा उन पर अपना पूर्ण अधिकार जताती है (मुरली बजाते समय श्रीकृष्ण की त्रिभंगी मुद्रा)। श्रीकृष्ण का शरीर अत्यंत कोमल है फिर भी मुरली उनसे अपनी आज्ञा का पालन करवाती है। उसकी आज्ञा का पालन करते–करते उनकी कमर तक टेढ़ी हो जाती है। यह मुरली चतुर कृष्ण को भी अपना कृतज्ञ बना देती है। गोवर्धन पर्वत को उठाने वाले श्रीकृष्ण की गर्दन तक को ये मुरली झुका देती है। मुरली स्वयं तो उनके अधर (होंठ) रूपी शैय्या पर लेटी रहती है और उनके हाथों से अपने पैर दबवाती है अर्थात् श्रीकृष्ण बांसुरी के छिद्रों पर हाथ फिराते हैं। मुरली बजाते–बजाते श्रीकृष्ण की भृकुटियाँ टेढ़ी हो जाती है और नाक के नथुने फूल जाते हैं इस मुद्रा को देखकर गोपियों को लगता है कि ये बांसुरी उन पर क्रोध कर रही है। ये सब मुरली के कारण ही हो रहा है। सूरदास जी कहते हैं कि गोपियों को लगता है कि ये मुरली श्रीकृष्ण को क्षणभर में प्रसन्न कर लेती हैं और कृष्ण अपने पूरे शरीर को डुलाने लगते हैं अर्थात् आनंद में झूमने लगते हैं।

**शिल्प सौंदर्य**–1. बृजभाषा के साथ आंचलिक शब्दों का प्रयोग किया गया है यथा–सुजान, कनौड़े, पौढ़ि, पलुरावति आदि।

2. नार नचावति, सीस झुलावति आदि मुहावरों का प्रयोग देखते ही बनता है।
3. बांसुरी बजाते हुए श्रीकृष्ण की त्रिभंगी मुद्रा का आकर्षक वर्णन है।
4. श्लेष (गुपालहिं, गिरिधर); रूपक (अधर–सज्जा, कर–पल्लव); अनुप्रास (सुनरी सखी, नंदलालहिं' नाना, नार नवावति, नैन नासा) जैसे अलंकारों का सफल प्रयोग हुआ है।
5. श्रृंगाररस के वियोग पक्ष का वर्णन है।
6. माधुर्य गुण है।
7. छंद पद है।

## पदों पर आधारित प्रश्न

1. सूरदास श्रृंगार और वात्सल्य के अद्वितीय कवि हैं। अपने शब्दों में लिखिए।

उत्तर– सूरदास श्रृंगार एवं वात्सल्य के अद्वितीय कवि है। कृष्ण भक्त कवियों में उनका स्थान सर्वोपरि है। उन्होंने सूर–सागर नामक अमर काव्य की रचना

की है। सूरदास द्वारा रचित पद विनय भक्ति, शृंगार, वात्सल्य, बाल लीला आदि से सम्बन्धित है। सूरदास वात्सल्य का तो कोना–कोना, झांक आये हैं। उन्होंने बालक कृष्ण की सरलता, चपलता, चंचलता, मातृस्नेह का सहज चित्रण किया है। उनके वात्सल्य वर्णन में बालक की विविध क्रीडाओं का वर्णन हुआ है। मातृ हृदय के उत्साह और उल्लास का मनभावन वर्णन है।

2. कृष्ण को ''सुजान कनौड़े'' क्यों कहा गया है?

उत्तर– 'सुजान का अर्थ है– चतुर और ''कनौडे का अर्थ है – कृपा से दबे रहने वाला। कृष्ण को 'सुजान कनौड़े' इसलिए कहा गया है क्योंकि वे मुरली के आधीन होकर कार्य करते हैं। मुरली ने चतुर कृष्ण को भी अपनाकृतज्ञ बना लिया है। वे मुरली की आज्ञा का पालन करते हैं।

**अभ्यास कार्य**

**व्याख्या– खेलन में को..........................................................नन्द दुहैया।**

**अभ्यास प्रश्न –**

1. पद में किस भाव का चित्रण किया गया है?
2. श्रीदामा और अन्य ग्वाल सखाओं ने कृष्ण के सम्मुख क्या–क्या तर्क दिये।
3. सूरदास के वात्सल्य वर्णन को अपने शब्दों में लिखो।
4. खेल में जातिवाद का भाव आना सूरदास के समय की समाज व्यवस्था की कैसी स्थिति के बारें में संकेत करता है?
5. कृष्ण ने नन्दबाबा की दुहाई देकर दांव क्यों दिया?
6. खेल में किस चीज का स्थान नहीं हैं?
7. सूरदास के काव्य की विशेषताएं बताइये।

व्याख्या–

**मुरली तऊ गुपालहि.....................................................सीस डुलावति।**

काव्य–सौन्दर्य

**कोमल तन आज्ञा करवावति, कटि टेढ़ौ ह्वै आवति।**
**अति अधीन सुजान कनौड़े, गिरिधर नार नवावति।**

अभ्यास हेतु प्रश्न–

1. मुरली के प्रति गोपियों का क्या भाव हैं?

2. सखियाँ आपस में क्या बात करती हैं?
3. मुरली कृष्ण से क्या–क्या कार्य करवाती है?
4. गोपियों को ऐसा क्यों लगता है कि मुरली ही कृष्ण के क्रोध का कारण है?
5. कृष्ण की किस मुद्रा का उल्लेख है?
6. अधर को सेज क्यों कहा गया है?
7. 'कर पल्लव पलुटावति' का आशय स्पष्ट करें।
8. भृकुटी–कुटिल ''नैन नासा पुट'' में कौन–सा भाव व्यक्त हुआ है?
9. पद की भाषा कौन–सी हैं?
10. इस पद में कौन–सा रस हैं?

# पाठ–3

# देव (रीतिकालीन)

## (हँसी की चोट, सपना, दरबार)

**कवि परिचय**– रीतिकालीन रीतिबद्ध कवि देव का पूरा नाम देवदत्त द्विवेदी था। इनका जन्म सन् 1673 ई. में उत्तर प्रदेश के इटावा में हुआ। ये एक दरबारी कवि थे। इन्होंने अनेक आश्रयदाता बदलें। इनके प्रमुख आश्रयदाता भोगीलाल थे। कवि देव सन् 1767 ई. तक जीवित रहे।

**प्रमुख रचनाएँ**– 'भाव विलास, 'भवानी विलास', 'कुशल विलास', 'रस विलास', 'काव्य रसायन', 'प्रेम तरंग', 'प्रेम चन्द्रिका' आदि।

**काव्यगत विशेषताएँ**– कवि देव प्रेम और सौंदर्य के कवि थे। इनके काव्य में श्रृंगार के उदात्त रूप का चित्रण है। अनुप्रास, और यमक इनके पसंदीदा अलंकार है।

कवि देव के काव्य की भाषा कोमलकान्त पदावली युक्त ब्रज भाषा है। भाषा में प्रवाह और लालित्य है। प्रचलित मुहावरों का भी खूब प्रयोग किया है।

# हँसी की चोट

**साँसनि ही सौं.......................................हरि जू हरि।।**

**प्रसंग**–कवि : देव कविताः हँसी की चोट

प्रस्तुत सवैये में प्रिय (श्रीकृष्ण) की हँसी से घायल गोपी के विरह का वर्णन है। उसी विरह के कारण पंच भौतिक। तत्वों (वायु, जल, अग्नि, भूमि एवं आकाश) से बने शरीर से एक–एक तत्व निकलता जा रहा है।

**व्याख्या**–कवि कहते हैं कि जिस दिन से श्रीकृष्ण गोपी के सामने से एक बार हँसते हुए मुख फेरकर चले गए उसी दिन से नायिका विरह में व्याकुल हो गई है। ऐसा करते हुए श्रीकृष्ण जैसे उसका हृदय ही चुरा कर ले गए हैं, तभी से गोपी के शरीर से पाँच तत्वों में से एक–एक तत्व विदा होते चले जा रहे हैं। विरहावस्था में तेज–तेज सांसे छोड़ने से वायु तत्व, आंसू बहने के कारण जल तत्व, शरीर की गर्मी के द्वारा तेज (अग्नि) तत्व, विरह के दुख में दुखी होने के कारण शरीर की कमजोरी के कारण भूमि तत्व चला गया है। इतना सब होने पर भी गोपी ने श्रीकृष्ण से मिलने की आशा में आकाश तत्व को बनाए रखा है। वह तो श्रीकृष्ण से मिलने की आशा पर ही जीवित है। जिस दिन से श्रीकृष्ण ने गोपी की तरफ से मुँह फेर लिया है तभी से उसका दिल उन के साथ चला गया है और गोपी के मुख की हँसी गायब हो गयी है। वह कृष्ण को ढूँढ–ढूँढ कर थक चुकी है।

**कला पक्ष / शिल्प सौंदर्य –**

1. संपूर्ण सवैये में अतिशयोक्ति अलंकार दृष्टव्य है। गोपी के विरह का बढ़ा–चढ़ाकर (अतिशयोक्ति पूर्ण) वर्णन किया गया है।
2. श्रृंगार रस के वियोग पक्ष का वर्णन है।
3. ब्रजभाषा का प्रयोग किया गया है।
4. सवैये में लयात्मकता तथा गेयता विद्यमान है।
5. माधर्य गुण है।
6. सवैया छंद है।
7. अनुप्रास अलंकार का प्रयोग है–सांसनि ही सौं समीर, तन की तनुजा आदि।
8. हरि जू हरि में यमक अलंकार है।
9. मुँह फेर लेना मुहावरे का प्रयोग किया गया है।

**महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर**

1. प्रस्तुत सवैये में किन पाँच भौतिक तत्त्वों का वर्णन है? वियोग में वे तत्त्व किस प्रकार विदा होते हैं?

उत्तर– 'हँसी की चोंट' सवैये में कवि ने इन पाँच तत्त्वों का वर्णन किया हैः–

1) वायु 2) जल 3) भूमि 4) अग्नि 5) आकाश

वियोग में ये तत्त्व इस प्रकार विदा हो गए ।

1) वायु तत्त्व– वियोग में तेज साँसों के चलने से वायु तत्त्व विदा हो गया।
2) जल तत्त्व– निरन्तर आँसू बहने से जल तत्त्व बह गया।
3) अग्नि तत्त्व– शरीर का तेज मिटने से अग्नि तत्त्व चला गया।
4) शरीर की दुर्बलता से भूमि तत्त्व समाप्त हो गया।
5) केवल आकाश तत्त्व शेष है क्योंकि नायिका में अभी आशा शेष है।

2. साँसों से समीर जाने का क्या तात्पर्य हैं?

उत्तर– वियोग की दशा में नायिका गहरी आहें भरती है। अतः तेज साँसें लेने से उसके शरीर की प्राणवायु निकलती रहती है। पंचतत्वों से बने शरीर में वायु एक परम आवश्यक है। वियोगावस्था में इसी आवश्यकतत्व का क्षय होता रहता है।

**अभ्यास–प्रश्न**

1. श्रीकृष्ण ने गोपियों का क्या चुरा लिया है?
2. प्रस्तुत सवैये में गोपियों की किस मनोदशा का चित्रण है?
3. 'हेरि हियो जु लियो हरि जू हरि' का आशय स्पष्ट करें।

# सपना

## कवि – 'देव'– रीतिकालीन प्रमुख कवि

**काव्य–सौंदर्य**

**झहरि–झहरी.......................................वा जमन में।**

**भावपक्ष** – प्रस्तुत पंक्तियों में स्वप्न और उसके टूटने के माध्यम से कवि ने श्रृंगार रस के दोनों पक्षों अर्थात् संयोग व वियोग को बड़े ही रोचक ढ़ंग से प्रस्तुत किया है। कवि के अनुसार गोपियाँ हर अवस्था में (स्वप्न व जागृत) श्री कृष्ण का सान्निध्य चाहती हैं। उनके लिए श्री कृष्ण का वियोग असह्य है।

**शिल्प सौंदर्य**

1. कोमल कान्त पदावली युक्त ब्रज भाषा का प्रयोग।
2. श्रृगांर के दोनों पक्षों (संयोग व वियोग) को एक साथ प्रस्तुत किया है।
3. भाषा में चित्रात्मकता व तुकान्तता है। गेयता का गुण विद्यमान है।
4. कवित्त छंद का प्रयोग है।
5. ' झहरि–झहरि' तथा 'घहरि–घहरि' में पुनरुक्ति प्रकाश 'झहरि–झहरि झीनी' व 'निगोड़ी नींद' में अनुप्रास तथा 'सोए गए भाग मेरे' में मानवीकरण अलंकार का प्रयोग है।
6. 'फूला न समाना' मुहावरे का प्रयोग है।
7. माधुर्य गुण है।
8. नींद का खुलना और भाग्य का सोना विरोधाभास से गोपी की पीड़ा अभिव्यक्त हुई है।

**महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर–**

1. स्वप्न में नायिका की प्रसन्नता का क्या कारण था? उसकी प्रसन्नता क्यों खो गई ?

उत्तर— नायिका ने स्वप्न में देखा कि सुखद वर्षाकाल में कृष्ण उसके सम्मुख खड़े हैं और उससे झूला झूलने का आग्रह कर रहे हैं। नायिका इस प्रकार कृष्ण से मिलन के सुख के कारण प्रसन्नता से फूली नहीं समा रही थी। जैसे ही वह झूला झूलने के लिए उठी तभी उसकी नींद टूट गई । कृष्ण से मिलन न हो पाने के कारण उसकी प्रसन्नता खो गई ।

2. नींद को निगोड़ी क्यों कहा है?

उत्तर— नायिका नींद को कोसते हुए उसे निगोड़ी कह रही है क्योंकि उसके दुःख का कारण नींद है। नींद के खुलने से उसका कृष्ण से मिलन का सुख अधूरा रह गया।

**अभ्यास—प्रश्न**

1. प्रस्तुत कवित्त में किस ऋतु का वर्णन है?
2. सपना कवित्त का भाव—सौन्दर्य लिखें।
3. नींद टूट जाने से भाग सो जाने का क्या आशय है?
4. कवित्त से अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण छांटिए।

# दरबार

## कवि—देव

**काव्य—सौंदर्य**

**भाव—पक्ष** :— प्रस्तुत सवैये में कवि देव ने अपने समय के दरबारी तथा सामंती वातावरण पर करारी चोट करते हुए उसके प्रति अपने असंतोष को प्रकट किया है। कवि का कहना है कि भोगविलासिता से पूर्ण वातावरण में काव्य और कला का कोई मोल नहीं है। सभी लोग मात्र चाटुकारिता व अपने स्वार्थ सिद्धि में ही लगे हुए हैं।

**शिल्प—सौंदर्य** —
1. सवैया छंद का प्रयोग हैं।
2. लालित्यपूर्ण ब्रज भाषा प्रयुक्त हुई है।
3. 'रुचि राच्यों', 'निसि नाच्यो', 'निबरेनट' मसाहिब मूक, रंग—रीझ में अनुप्रास अलंकार है।
4. भोगविलास के कारण अकर्मण्यता दृष्टिगोचर होती हैं।
5. प्रसाद गुण है।

**महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर**

1. 'दरबार' सवैये में किस प्रकार के वातावरण का वर्णन है?

उत्तर– 'दरबार' सवैये में दरबारी वातावरण में कला विहीनता, भोग–विलासपूर्ण प्रवृत्ति का वर्णन है, चाटुकारिता (चापलूसी) पूर्ण व्यवहार का वर्णन है। रीतिकालीन काव्य में इस प्रकार की दरबारी संस्कृति का वर्णन अनेक कवियों ने किया है।

2. 'दरबार' में गुण ग्राहकता और कला की परख को किस प्रकार अनदेखा किया जाता है?

उत्तर– दरबार का वातावरण आंडबरपूर्ण (दिखावा) और चाटुकारों से भरा होता है। कला के पारखी वहाँ न के बराबर हैं इसलिए जो चापलूसी करता है राजा को वहीं पसंद आता है। वहाँ गुण को नहीं चाटुकारिता को श्रेष्ठ माना जाता है। सब पर भोग–विलास और राग–रंग का रंग चढ़ा है इसलिए राजा और दरबारी इत्यादि अंधे बने रहते हैं, ऐसे दरबारी वातावरण में गुण और कला की परख की बात करना व्यर्थ है।

# पाठ–4
# पद्माकर (रीतिकालीन)

**कवि परिचय**– श्री पद्माकर का जन्म 1733 में बांदा में हुआ। इनके पिता श्री मोहन लाल भट्ट थे। इनके पिता व अन्य वंशज कवि थे इसलिए इनके वंश का नाम कवीश्वर पड़ा। बूँदी नरेश, पन्ना के राजा जयपुर से इन्हें विशेष सम्मान मिला। इनका निधन 1833 में हुआ।

**रचनाएँ** – पद्माभरण, रामरसायन, गंगा लहरी, हिम्मत बहादुर, विरुदावलि, प्रताप सिंह विरुदावलि, प्रबोध पचासा मुख्य रचनाएँ है। कवि राज शिरोमणि की उपाधि से इन्हें सम्मानित किया गया।

**काव्यगत विशेषताएँ** – पद्माकर ने अपना काव्य ब्रजभाषा में रचा है जिसमें अलंकारों की विविधता है। अनुप्रास, यमक, श्लेष, उपमा, उत्प्रेक्षा, इनके प्रिय अलंकार हैं। भाषा भावानुकूल और शब्द चयन विषयानुकूल है। भाषा में प्रवाह और गति हैं। मुहावरे और लोकोक्तियों का सुन्दर प्रयोग किया है। सवैया और कवित्त छंद का सुन्दर प्रयोग किया है।

पद्माकर रीतिकालीन कवि है। अपनी अधिकतर रचनाओं में प्रेम और सौन्दर्य का सजीव चित्रण किया है।

**कवित्त–1**

**''औरें भांति कुंजन..................................................................बन हैं गए''**

कवि– पद्माकर

काल– रीतिकाल

छन्द – कवित्त

**मूलभाव** – वसंत ऋतु के आगमन का चित्रण किया है। ऋतुराज के प्राकृतिक सौन्दर्य का तथा नवयुवकों एवं पक्षी समाज पर पड़ने वाले उसके प्रभावों का चित्रात्मक वर्णन किया है।

**व्याख्या–बिंदु** – ऋतुराज वसंत की मादकता का मनोहारी चित्रण किया है। वसंत के आगमन से प्रकृति की शोभा में वातावरण के सौन्दर्य में वृद्धि होती है। समस्त प्रकृति राग, रस और रंग से पूरित हो उठती है। मन व शरीर में उत्साह का संचार होता है। वसंत ऋतु एक अलग ही प्रकार का चमत्कारपूर्ण प्राकृतिक परिवर्तन और सौन्दर्य लेकर आती है।

**शिल्प सौंदर्य**— 1. वसंत ऋतु का मोहक चित्रण हुआ है।
2. कवित्त की भाषा ब्रज है।
3. 'औरे' शब्द को बार–बार आवृत्ति करके चमत्कार उत्पन्न किया गया है। (और ही तरह का) इससे अर्थ सौंदर्य में वृद्धि हुई है।
4. अनेक स्थलों पर 'अनुप्रास अलंकार' की छटा हैः– 'भीर भौंरे', 'छलिया छबीले छैल छवि छ्वै'।
5. भाषा में तुकात्मकता और माधुर्य गुण द्रष्टव्य है।
6. श्रृंगार रस है।
7. चित्रात्मक वर्णन है।
8. गेयता और संगीतात्मकता विद्यमान है।

## महत्वपूर्ण प्रश्न

1. पहले पद में कवि ने किस ऋतु का वर्णन किया है? इस ऋतु में प्रकृति में क्या परिवर्तन होते हैं?

उत्तर– प्रथम पद में कवि ने वसंत ऋतु का वर्णन किया है वसंत. ऋतु में प्रकृति में निम्नलिखित परिवर्तन होते हैं :–

– बाग–बगीचों में भौरों को भीड़ बढ़ जाती है।
– बाग–बगीचों में तरह–तरह के फूल खिल जाते हैं।
– आम के पेड़ों की डालियों पर बौर आ जाता है।
– पक्षियों का समूह कुछ और ही प्रकार से आवाज करने लगता है।

2. 'ऐसे रितुराज के न आज दिन द्वै गए' से कवि क्या तात्पर्य है?

उत्तर– कवि का तात्पर्य है कि वसंत ऋतु का अभी–अभी आरंभ हुआ है। इसको आये अभी अधिक दिन नहीं बीते। अभी से प्राकृतिक सौंदर्य मन को लुभाने लगा है। जब वसंत का सौंदर्य अपने चरम शिखर 3 पर होता है तो उसकी शोभा अतुलनीय होगी। उसका सौंदर्य अद्भुत विलक्षण होगा।

## अभ्यास हेतु प्रश्न

1. इस कवित्त में किस ऋतु का वर्णन है?
2. इस ऋतु के आगमन का प्रकृति, नर, पक्षी समाज पर क्या–क्या प्रभाव पड़ता है?
3. छलिया छबीले छेल में कौन–सा अलंकार है?

4. ऋतुराज शब्द का प्रयोग किसके लिए व क्यों किया है?
5. 'और' शब्द की आवृत्ति से अर्थ में क्या विशिष्टता उत्पन्न हुई है।

**गोकुल.................................................................निचोरत बनै नहीं ।**

**कवि – श्री पद्माकर**

**कविता का नाम– प्रकृति और शृगांर**

**प्रसंग** – रीतिकालीन कवि पद्माकर की प्रकृति और शृंगार शीर्षक से उद्धरित कवित्त में कवि ने गोकुल में कृष्ण ग्वालों, गोपियों की होली के अवसर पर की गई धूम, मस्ती, छेड़छाड़ का वर्णन है। रंग खेलते–खेलते गोपी किस प्रकार कृष्ण को अपना हृदय चोरी–चोरी दे देती है। इसका सुन्दर वर्णन है।

**व्याख्या**–कवि कहता है कि गोकुल में, गलियों में गाँवों में जहाँ तक भी लोग हैं वह कुछ न कुछ अविवेकपूर्ण बातें कर रहे हैं पर कोई किसी की बात का बुरा नहीं मानता है। कवि कहता है कि पड़ोस में पिछवाड़े में सब एक दरवाजे से दूसरे दरवाजे तक दौड़ रहे हैं, लेकिन कोई किसी के गुण, अवगुण को नहीं देख रहा है। ऐसे में चतुर सखी के बारें में क्या कहूँ कि दूसरी सखी अपने रंग भीगे वस्त्रों को अभी निचोड़ भी नहीं पाई थी कि उसे पुनः सखी ने रंग डालकर और भिगो दिया। इस सखी को कोई रोक नहीं रहा है। इस पर रंग में भीगी सखी कहती है। कि मैं तो चोरी–चोरी कृष्ण के रंग में रंगी जा चुकी हूँ अर्थात् मेरा तन ही नहीं मन भी स्याम रंग में रंगा जा चुका है। अब अपना मन स्याम रंग में रंगे जाने के पश्चात् उससे मुक्त नहीं होना चाहती । इसलिए अपने रंग में भीगे कपड़े नहीं निचोड़ना चाहती है।

गोपी श्याम द्वारा रंग डालने पर श्याम के रंग में रंगी जा चुकी है अर्थात् उनसे प्रेम करने लगी है इस अनन्य प्रेम के कारण वह श्याम के डाले रंग को भी निचोड़कर अलग नहीं करना चाहती है।

**कला पक्ष**–

1. ब्रज भाषा का सुंदर प्रयोग
2. तद्भव शब्दों का सुंदर प्रयोग किया गया है।
3. कविता में लयबद्धता है।
4. कवित्त छंद का प्रयोग किया गया है।
5. स्याम रंग में श्लेष अलंकार है। कवि ने श्याम (काला रंग) तथा श्याम अर्थात् कृष्ण के 'अनुराग (प्रेम) रंग की ओर संकेत किया है।
6. शृंगार रस के संयोग पक्ष का वर्णन किया गया है।

7. गोप–गाउन, कछु तो कछु, पद्माकर परोस पिछवारन, चलित चतुर, चुराई चित चोरा चोरी में अनुप्रास अलंकार है।
8. भाषा, भाव एवं विषय के अनुकूल है।
9. वर्णों की मधुर आवृत्ति से संगीतात्मकता उत्पन्न हो गई है।
10. गोपी के मनोभावों का हृदयग्राही चित्रण है।
11. कोमलकांत पदावली में भाषा सरस, मधुर एवं प्रवाह लिए हुए है।

**महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर :–**

1. होली के अवसर पर सारा गोकुल गाँव किस प्रकार रंगों के सागर में डूबा जाता है? पद के आधार पर लिखिए।

उत्तर– पद्माकर ने होली का वर्णन अत्यंत प्रभावी ढंग से किया है, गोकुल के गोप–गोपी दौड़–दौड़कर घरों के आगे पीछे पहुँच रहे हैं और होली खेल रहे हैं। चारों ओर होली का वातावरण है। एक गोपी पर कृष्ण (श्याम) प्रेम का 'स्याम रंग' चढ़ गया है। वह इसी रंग में डूबे रहना चाहती है। इस होली के वातावरण में कोई किसी का लिहाज नहीं करता है। कोई भी कुछ सुनने को तैयार नहीं है।

2. कृष्ण प्रेम में डूबी गोपी क्यों श्याम रंग में डूबकर भी उसे निचोड़ना नहीं चाहती है।

उत्तर– गोपी श्याम रंग अर्थात् कृष्ण के प्रेम के रंग में डूबी है। वह इस स्थिति में रहना चाहती है। वह इसको निचोड़ना नहीं चाहती है। इसका कारण यह है कि वह कृष्ण के प्रेम में स्वयं को अलग नहीं करना चाहती।

**अभ्यास हेतु प्रश्न**

1. इस कवित्त में किस त्योहार का वर्णन है?
2. गोपी कौन–से रंग में रंगी जा चुकी है?
3. होली के अवसर पर लोग क्या करते हैं?
4. पद्माकर की भाषा कौन–सी है?
5. गोपी अपने रंग से भीगे कपड़ों का निचोड़ना क्यों नहीं चाहती?

**अभ्यास हेतु व्याख्या–**

**भौरन को..................................................सुहावनो लागत है।**

**महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर –**

1. पद में कवि ने वर्षा ऋतु की किन–किन विशेषताओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है?

उत्तर– सावन वर्षा ऋतु में आता है। कवि ने इस ऋतु की निम्नलिखित विशेषताओं का वर्णन किया है–

1. बाग–बगीचों में भौरों का गुंजार हो रहा है। उनका गुंजार मल्हार राग की तरह प्रतीत हो रहा है।
2. राम मल्हार का गायन वर्षा के आगमन के लिए भी किया जाता है?
3. इस ऋतु में प्रियतम प्राणों से भी प्यारा प्रतीत हो रहा है।
4. सावन में चारों ओर मोरों का शोर सुनाई देता है। इसमें हिंडोलों की छवि का आभास होता है।
5. सावन में प्रेम बरसता है। वर्षा की रिमझिम में प्रेम की फुहारों का बरसना लगता है।
6. इस मास में झूलना मन को बहुत भाता है।

2. गुमान हूँ ते मानहूँ तै में क्या सौंदर्य छिपा है?

उत्तर– इस पंक्ति में यह सौंदर्य छिपा है कि वर्षा ऋतु में प्रियतम चाहे रूठे या उसे बार–बार मनाना भी पड़े अच्छा प्रतीत होता है। वर्षा ऋतु मिलन की ऋतु है। इसलिए रूठना–मनाना बुरा नहीं लगता।

**अभ्यास हेतु प्रश्न–**

1. प्रस्तुत कवित्त में किस ऋतु का वर्णन हैं?
2. सावन में मेघ पानी के साथ–साथ और क्या–क्या बरसाते हैं?
3. सावन में भौरों का गुंजन कैसा लगता है?

# पाठ–5

# सुमित्रानंदन पंत

## (छायावादी काव्यधारा के कवि)

**जीवन परिचय**– छायावादी काव्यधारा के मूर्धन्य कवि सुमित्रानंदन पंत का जन्म 20 मई 1900 को उत्तराखण्ड के अल्मोड़ा जिले के कौसानी गाँव में हुआ। इनकी प्रारंभिक शिक्षा वाराणसी में हुई तथा उच्च शिक्षा इलाहाबाद के 'म्योर कॉलेज' में हुई।

पंत जी ने 'लोकायतन' संस्था की स्थापना की। ये लम्बे समय तक आकाशवाणी के परामर्शदाता रहें 28 दिसम्बर 1977 में इनका निधन हो गया।

**रचनाएँ व सम्मान –**

'वीणा', 'पल्लव', 'युगवाणी', 'ग्राम्या', 'ग्रन्थि', 'स्वर्णकिरण', 'गुंजन' एवं 'उत्तरा'।

साहित्य अकादमी पुरस्कार (1960 कला व बूढ़ा चाँद) ज्ञानपीठ पुरस्कार (1969 चिदम्बरा ) पाने वाले हिन्दी के प्रथम कवि हैं।

पद्मभूषण (1961) सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार।

**काव्यगत विशेषताएँ एवं भाषा–शैली**

1. सुमित्राानंदन पंत की आरंभिक कविताओं में प्रकृति प्रेम एवं रहस्यवाद झलकता है। इसके बाद के चरण की कविताएँ मार्क्स व गाँधी से प्रभावित है अगले चरण की कविताओं पर अरविन्द दर्शन का प्रभाव नजर आता है।
2. पंतजी प्रकृति के चितेरे (चित्रकार) कवि हैं।
3. प्रकृति के कोमल रूप का चित्रण एवम् उसके पल–पल परिवर्तनशील सौन्दर्य का चित्रात्मक वर्णन इनकी विशेषता है।
4. तत्सम शब्दावली युक्त खड़ी बोली का प्रयोग किया है।
5. मानवीकरण, विशेषण–विपर्यय एवम् ध्वन्यार्थ व्यंजना जैसे नवीन अलंकारों के साथ उपमा, रूपक एवम् उत्प्रेक्षा जैसे परम्परागत अंलकारों का प्रयोग ।
6. अमूर्त के माध्यम से मूर्त का वर्णन उनकी प्रमुख विशेषता है।

# संध्या के बाद

**मूलभाव**— प्रस्तुत कविता छायावाद के प्रमुख आधार—स्तम्भ सुमित्रानंदन पंत द्वारा रचित 'ग्राम्या' में संकलित हैं।

कविता में संध्या के समय होने वाले प्राकृतिक परिवर्तनों, ग्रामीण जीवन के दैनिक क्रियाकलापों के वर्णन के साथ—साथ मानवता एवं संवदेनशीलता का भी संदेश दिया हैं कवि ने एक ऐसी सामाजिक व्यवस्था की आवश्यकता पर बल दिया है। जो शोषणमुक्त हो, जिसमें दरिद्रता न हो एवम् कर्म तथा गुणों के आधार पर साधनों व अर्थ की प्राप्ति हो, गाँव में दरिद्रता, उत्पीड़न एवम् निराशा व्याप्त है। परन्तु व्यक्ति इनको प्रकट करने में असमर्थ है। कवि ने समस्त पापों का कारण दरिद्रता को माना है। दरिद्रता के लिए कोई व्यक्ति—विशेष दोषी नहीं है। बल्कि सामाजिक व्यवस्था दोषी है।

गाँव के बनिये के माध्यम से कवि कहना चाहता है कि व्यक्ति अपनी कथनी और करनी में समानता द्वारा सामाजिक व्यवस्था में तभी परिवर्तन ला सकता है। जब व्यक्ति की सोच और आचरण समान हो।

**सिमटा पंख साँझ................................................निर्झर ।**

**प्रसंग**—कविः सुमित्रानंदन पंत कविताः संध्या के बाद

उपर्युक्त पंक्तियों में कवि सांझ की जाती हुई लाली के विविध प्राकृतिक चित्र प्रस्तुत कर रहा है। इन पंक्तियों में संध्याकालीन सौंदर्य को चित्रित किया गया है।

**व्याख्या**—कवि संध्या को एक पक्षी के रूप में चित्रित करते हुए बताता है कि संध्या रूपी पक्षी अपने पंखों को समेटकर, लाली के साथ पेड़ की शाखाओं पर जा बैठता है अर्थात् सूर्य धीरे—धीरे अस्त होने जा रहा है, सांझ की लाली सिमटनी शुरू हो गई है। अब ये लाली पेड़ की ऊपर की फुनगियों पर ही दिखाई दे रही है जिसके कारण पेड़ के पत्ते ताम्र रंग के दिखाई दे रहे हैं। ताँबें के रंग के पत्तों के समान सैकड़ों मुख वाले झरने सुनहरी धाराओ में बह रहे हैं। झरनों के जल पर पीला प्रकाश होने के कारण वे ताम्र वर्ण के दिखाई दे रहे हैं। सूरज छुपने का यह दृश्य पूरी तरह से मन को हरने वाला लग रहा है।

**शिल्प सौंदर्य**—1. संध्याकालीन प्रकृति का मनोहारी चित्रण किया गया है।

2. संध्या का पक्षी रूप में चित्रण होने के कारण मानवीकरण अलंकार है।
3. संस्कृत निष्ठ, तत्सम् प्रधान खड़ी बोली का प्रयोग किया गया है।
4. वृक्षों के पत्तों का लालिमा से ताम्र वर्ण का होना, झरनों की स्वर्णिम आभा का भावपूर्ण वर्णन है।
5. मुक्त छंद की कविता है।
6. चित्रात्मकता तथा सुंदर बिंब विधान है।

**महत्वपूर्ण प्रश्न**

1. बस्ती के छोटे से गाँव के अवसाद को किन–किन उपकरणों द्वारा अभिव्यक्ति प्रदान की है?

उत्तर– बस्ती के छोटे से गाँव के अवसाद को निम्नलिखित उपकरणों द्वारा अभिव्यक्त किया हैः–

घरों में टिन की ढिबरी जलाई जाती है जो रोशनी कम धुँआ अधिक देती है। लोगों के मन का अवसाद उनकी आँखों में तैरता रहता है, जाला सा बुनता रहता है।

दीपक की लौ के संत्र उनके हृदय का कातर क्रंदन, मूक निराशा काँपती रहती है।

2. लाला के मन में उठने वाली दुविधा को अपने शब्दों में लिखिए।

उत्तर– लाला के मन में दुविधा उठती रहती है कि उसी के जीवन में दीनता, दुःख, उत्पीड़न क्यों हैं? उसके मन में खुशी क्यों नहीं है? वह अपने परिजनों के लिए सुख–सुविधाओं को क्यों नहीं जुटा पाता। वह सोचता है समाज में शोषण क्यों है? क्या कोई ऐसी व्यवस्था हो सकती है जिसमें सभी को कर्म और गुणों के आधार पर अवसरों की प्राप्ति हो।

**अभ्यास–कार्य**

**व्याख्या** 1. मन में कढ़ अवसाद..................................मूक निराशा।

2. व्यवस्था में जग की................................अधिकारी धन का ।

3. नील लटरियों.......................................बँधे सम्मुज्जवल ।

**काव्य–सौंदर्य 1** – ज्योति स्तंभ सा.....................................गंगाजल।

**भावपक्ष**–इन पंक्तियों में कवि ने संध्याकालीन वातावरण का चित्रण किया है। संध्याकालीन लालिमा का प्रभाव संपूर्ण प्रकृति पर पड़ता है। क्षितिज पर छिपते सूर्य की नदी में पड़ती झलक धँसे हुए प्रकाश के खंभे के समान प्रतीत होती है। इसी प्रकार गंगाजल चितकबरा–सा दिखाई देता है। नदी एक थके हुए अजगर की केंचुली के समान प्रतीत होती है।

**काव्य सौंदर्य**–ज्योति स्तंभ सा, विश्लय केंचुल–सा में उपमा अलंकार है। कवि ने तत्सम् युक्त खड़ी बोली का प्रयोग किया है। मुक्त छंद में लिखी इस कविता का दृश्य बिंब देखते ही बनता है। प्रकृति का सजीव वर्णन है।

# पाठ–6

# महादेवी वर्मा

## (छायावादी काव्यधारा की प्रसिद्ध कवयित्री)

**जीवन परिचय**– छायावाद के चार स्तम्भों में से एक महादेवी वर्मा का जन्म 1907 में फर्रुखाबाद, उ. प्र. में हुआ। इनके पिता श्री गोविन्द प्रसाद वर्मा तथा माता श्रीमती हेमरानी थी। इनका विवाह 12 वर्ष की अल्पायु में डा. स्वरूप नारायण वर्मा से हुआ। इन्होंने सन् 1933 में प्रयाग विश्वविद्यालय से संस्कृत विषय में एम.ए. किया । इसके बाद वहीं महिला विद्या पीठ की प्राचार्या बनी। इनका देहावसान 1987 में हुआ।

**रचनाएँ** – काव्यग्रन्थ – 'नीहार', 'रश्मि', 'नीरजा', 'सांध्यगीत' व 'दीपशिखा' आदि।

गद्य रचनाएँ– 'पथ के साथी', 'अतीत के चलचित्र', 'स्मृति की रेखाएँ', व 'श्रृंखला की कड़िया' आदि।

**काव्यगत विशेषताएँ** – महादेवी को आधुनिक युग की मीरा कहा जाता है इनके काव्य में रहस्यवाद की छाप है। उन्होंने अपनी प्रेमानुभूति में अज्ञात, असीम प्रियतम को संबंधित किया है। जिसके कारण इन्हें रहस्यवादी कवयित्री कहा जाता है। लाक्षणिकता, संगीतात्मकता, चित्रात्मकता, रहस्यवाद, काल्पनिकता तथा प्रकृति सौंदय इनके काव्य की विशेषता है। बिम्बों और प्रतीकों की सुन्दर योजना है।

महादेवी की भाषा स्वच्छ, कोमल, मधुर सुसंस्कृत तथा तत्सम शब्दों से युक्त खड़ी बोली है। इनकी भाषा में लोकोक्तियों एवं मुहावरों का सटीक प्रयोग हैं।

## जाग तुझको दूर जाना

प्रस्तुत गीत महादेवी की प्रसिद्ध रचना 'सांध्यगीत' से लिया गया है । यह एक जागरण गीत है जिसमें कवयित्री ने स्वाधीनता प्राप्ति के लिए भारतीय वीरों का राष्ट्रीय विघ्न बाधाओं और कठिनाइयों की परवाह किए बिना अपने लक्ष्य पर निंरतर आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा दी गई हैं। कवयित्री ने अपने स्वर्णिम अतीत और साहसी, निडर और कर्मवीर महापुरूषों की याद दिलाते हुए व उनसे प्रेरणा लेते हुए निरंतर लक्ष्य की प्राप्ति की तरफ बढ़ने की प्रेरणा दी है।

कवयित्री ने देशवासियों को विषम परिस्थितियों, सांसारिक बन्धनों, व मोह–माया से अप्रभावित होते हुए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की प्रेरणा दी है। कवयित्री ने आत्मा

की अमरता का ज्ञान कराते हुए मृत्यु से न डरने की सलाह दी है। कवयित्री ने पतंगे का उदाहरण देकर बलिदान का महत्व समझाया है। कवयित्री का कहना है कि देशवासियों को बलिदान के मार्ग पर अपनी कोमल भावनाओं को बलिदान करना होगा।

## काव्य–सौंदर्य

**भावपक्ष**– कवयित्री ने विघ्न बाधाओं, मुसीबतों और विषय परिस्थितियों में भी निरंतर लक्ष्य की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा दी है। स्वाधीनता की चाह रखने वाले विपरीत परिस्थितियों से विचलित न होकर निरंतर आगे बढ़ते जाते हैं।

कवयित्री ने आत्मा की अमरता और भारतीयों की दृढ़ता व शक्ति–सामर्थ्य की याद दिलाई है।

## शिल्प–सौंदर्य

1. तत्सम शब्द प्रधान खड़ी बोली का प्रयोग है।
2. ओज गुण व गीत शैली में लिखा गीत है प्रश्न शैली भी अपनाई गई है
3. लक्षणा शब्द –शक्ति प्रयुक्त हुई है।
4. वीर रस में लिखा उद्‌बोधन गीत है
5. 'हिमगिरि के हृदय', ' बाधा बनेंगे', 'मधुप की मधुर' और 'मदिरा माँग' में अनुप्रास अलंकार है।

   'जीवन–सुधा' में रूपक तथा 'सो गई आँधी' में मानवीकरण अलंकार है।

   'सजेगा आज पानी' में श्लेष है।
6. बिम्बों और प्रतीकों का प्रयोग।

## महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

1. 'जाग तुझको दूर जाना' कविता किसे सम्बोन्धित करते हुए लिखी है?

उत्तर– इस कविता में कवयित्री देशवासियों को स्वाधीनता संग्राम में बढ़–चढ़कर भाग लेने की प्रेरणा देती हैं। यह एक जागरण गीत है, उस समय देशवासी आलस्य में पड़े थे। उन्हें जगाने की आवश्यकता थी। कवयित्री उन्हें उनका पथ निर्देशित कर मार्ग में आने वाली बाधाओं के प्रति सचेत करती हैं।

2. मोम के बंधन और तितलियों के पर का प्रतीकार्थ लिखिए।

उत्तर– मोम के बंधन – इसमें पारिवारिक मोह के बंधन का अर्थ निहित है।

तितलियों के पर– इसमें सुंदर युवतियों के आकर्षण जाल (बहुरंगी पंख) का अर्थ निहित है।

**अभ्यास प्रश्न**

1. कविता में 'अमरता–सुत' किसे और क्यों कहा गया है?
2. कविता में कैसी हार को 'मानिनी जय की पताका' के रूप में स्वीकार किया गया है।
3. 'पतंगा' का उदाहरण प्रस्तुत कर कवयित्री भारतीय वीरों से क्या कहना चाहती है।
4. 'तू न अपनी छाँह को अपने लिए कारा बनाना' का आशय स्पष्ट करें।
5. नाश के पथ पर अपने चिह्न छोड़ने का क्या तात्पर्य है?
6. 'जाग तुझको दूर जाना' कविता का मूल भाव क्या है?
7. कवयित्री किस मोहपूर्ण बंधन से मुक्त होकर मानव को जागृति का सन्देश दे रही है?
8. स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी को किन गुणों का विस्तार करना चाहिए? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
9. 'सुधा और 'मदिरा' प्रतीकों को स्पष्ट कीजिए।

7. निम्नलिखित पंक्तियों का काव्य–सौंदर्य लिखिए–
   - क) विश्व का क्रंदन......................अपने लिए कारा बनाना।
   - ख) कह न ठंडी..............................सजेगा आज पानी।
   - ग) है तुझे अंगार......................कलियाँ बिछाना।

# सब आँखों के आँसू उजले

'सब आँखों के आँसू उजले' इस कविता में महादेवी वर्मा ने प्रकृति के विभिन्न प्रतीकों द्वारा मानव जीवन के यथार्थ को प्रस्तुत किया है। यहाँ प्रकृति के उस स्वरूप की चर्चा की गई है, जो सत्य है, यथार्थ है और मनुष्य को उसके लक्ष्य तक पहुँचने में मदद करता है। अपनी मानव प्रकृति में परिवर्तन लाए बिना दूसरों का कल्याण करने का संदेश यहाँ निहित है।

कवयित्री ने सभी के आँसुओं को उजला बताया है, क्योंकि वे मन की सत्य भावनाओं के प्रतीक हैं। सृष्टि के सभी पदार्थ ईश्वरीय सत्ता से प्रभावित हैं। इसलिए

सभी पदार्थों की त्यागमयी भावना से उत्पन्न करुणा और वेदना भी अंततः जीवन को उज्ज्वलता प्रदान करती है। अतः आँसुओं को उजला कहना सार्थक एवं उपयुक्त है।

सपनों को सच बनाने के लिए मनुष्य को जीवन में आने वाली कठिनाओं और सुख–दुख का साहसपूर्वक सामना करना चाहिए। दीपक की तरह जलना और फूलों की तरह खिलना आना चाहिए एक ही परमसत्ता का अंश भिन्न–भिन्न पदार्थों में भिन्न–भिनन रूपों में दिखाई देता है। कोई भी वस्तु अपनी–अपनी प्रकृति के अनुरूप साधन अपनाकर ही अपने को श्रेष्ठ सिद्ध करती है। इसी तथ्य को कवयित्री ने अनेक उदाहरणों द्वारा स्पष्ट किया है।

छायावादी कवियों ने प्रकृति को मानवीय चेतना और संस्कार से युक्त माना है। यही कारण है कि छायावादी कविता में प्रकृति मानवीय व्यवहार से परिपूर्ण है।

**अभ्यास–प्रश्न**

1. महादेवी वर्मा ने 'आँसू' के लिए 'उजले' विशेषण का प्रयोग किस सन्दर्भ में किया है और क्यों?
2. सपनों को सत्य रूप में ढालने के लिए कवयित्री ने किन यथार्थपूर्ण स्थितियों का सामना करने को कहा है?
3. 'नीलम मरकत के संपुट दो, जिनमें बनता जीवन मोती' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
4. कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि प्रकृति किस प्रकार मनुष्य को उसके लक्ष्य तक पहुँचाने में सहायक सिद्ध होती है?
5. 'सपने–सपने में सत्य ढला' के आधार पर कविता की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए।
6. निम्न पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिएः–

   क) आलोक लुटाता वह ....................................कब फूल खिला।

   ख) नभ तारक–सा..........................................हरिक पिघला।

**व्याख्या हेतु सहायक बिंदु–**

महादेवी जी स्पष्ट करती है कि ईश्वर ने भिन्न–भिन्न प्रकार की वस्तुएँ बनाई है। सभी के कार्य अलग–अलग होते हैं, परन्तु सभी वस्तुओं में दूसरों के कल्याण के लिए त्यागमयी भावना का गुण होना चाहिए। दीपक जलकर और फूल खिलकर यह कार्य करता है।

पर्वत और सागर दोनों ही पृथ्वी को जल प्रदान करते हैं, फिर भी दोनों अपनी प्रकृति नहीं बदलते। सागर का ह्रदय कभी पत्थर–सा कठोर नहीं बनता और पर्वत कभी अपने कठोर तन को नहीं बदलता।

हीरे को अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करने के लिए खंडित होना पड़ता है और सोने को आग में तपना पड़ता है। सोना न तो कभी टूटकर और ना ही हीरा आग में तपकर अपने आकर्षण और सौंदर्य को बनाए रख पाते हैं। अतः स्पष्ट है कि प्रत्येक वस्तु अपनी–अपनी प्रकृति के अनुरूप ही साधन अपनाकर अपने अनुपम सौंदर्य और मूल्य को बनाए रख सकती है।

नीलम (रत्न) का आभास देता नीला आकाश और मरकत (पन्ना) जैसी दिखने वाली हरी–भरी विस्तृत धरती के द्वारा बीच का बना स्थान दोना (अंजलि) जैसा प्रतीत होता है। दोने जैसे इस संसार में सभी प्रकार का जीवन पनपता है, जो किसी सीपी के अंदर पलने वाले मोती की तरह स्वच्छ, पवित्र और सौंदर्यमयी है। समस्त सृष्टि में एक ही परमसत्ता का अंश विद्यमान है। जो अंश आकाश में बिजली और बादल का रूप धारण कर प्रस्फुटित होता है।

कवयित्री कहती है कि जो आकांक्षाएँ मेरे भीतर बनती बिगड़ती हैं, वैसी ही दूसरे प्राणी भी अपने भीतर महसूस करते हैं। जलते, खिलते और बढ़ते हुए इस संसार के सभी जड़–चेतन पदार्थों में एक ही परमसत्ता का प्राण स्पंदित होता है। कवयित्री स्पष्ट करती है कि पीड़ा की अनुभूति में, सुख का अहसास में, निरंतर आगे बढ़ती हुई सृष्टि के हर जड़–चेतन पदार्थ में एक ही प्राण समाया हुआ है। एक ही परमसत्ता संपूर्ण सृष्टि में समान रूप से व्याप्त है यही कारण है कि प्रत्येक सपने (वस्तु के अस्तित्व) में एक ही सत्य आभासित होता है।

### काव्य सौंदर्य

**भावपक्ष**–इस कविता में संपूर्ण सृष्टि में व्याप्त प्रकृति के माध्यम से जीवन की व्याख्या की गई है।

प्रकृति के अनेक उपादानो (दीपक, फूल, पर्वत और सागर आदि) के माध्यम से जीवन में त्यागमयी भावना को रेखांकित किया गया है। सृष्टि के कल्याण के लिए हमें निश्छल भाव से अपने स्वभाव से परिवर्तन किए बिना अपना जीवन दूसरों के लिए उत्सर्ग करना होगा। ईश्वर सर्वव्यापक है। सृष्टि के प्रत्येक जड़–चेतन पदार्थ में एक ही परमसत्ता विद्यमान है।

**शिल्प सौंदर्य**–1. भाषा तत्सम शब्दावली युक्त खड़ी बोली है।

2. पूरी कविता में मानवीकरण अलंकार है।
3. चित्रात्मकता एवं संगीतात्मकता है।

4. भावानुकूल शब्दों का प्रयोग है। अतः भाषा में सरसता, सरलता और लालित्य है।
5. 'सबके सपनों में सत्य', केशर–किरणों और 'रंग–रूप' में अनुप्रास अलंकार है।
6. 'घुल–घुल', 'शत्–शत्' और 'सपने–सपने' में पुनरूक्ति प्रकाश अलंकार है।
7. जीवन–मोमी, करुणा–जल में रूपक अलंकार है।
8. नभतारक–सा, केशर किरणों–सा में उपमा अलंकार है।
9. नीलम, भरकत, संपुट, जीवन–मोती आदि प्रतीकों का प्रयोग किया गया है।

प्रश्न 1. प्रकृति किस प्रकार मनुष्य को उसके लक्ष्य तक पहुँचाने में सहायक सिद्ध होती है।

उत्तर– प्रकृति के कार्यों द्वारा मनुष्य की प्रेरणा मिलती है। मनुष्य आलस्य छोड़कर संघर्ष पथ पर बढ़ने के लिए प्रेरित हो जाता है। फूलों का मरकंद, दीपक की लौ, झरनों का चंचल होकर बहना, प्रकृति का करुणा–जल, नभ के तारे, विद्युत मेघ, अंकुरण आदि सभी उपादान मनुष्य को संघर्ष करके लक्ष्य तक पहुँचने की प्रेरणा देते हैं।

# पाठ–7

# नींद उचट जाती है

## कवि– नरेन्द्र शर्मा

**कवि परिचय**– श्री नरेन्द्र शर्मा का जन्म 1923 में उ.प्र. के बुलंदशहर जिले में हुआ। प्रांरभिक शिक्षा यही से प्राप्त करने के पश्चात् इन्होंने इलाहाबाद से एम.ए. किया। इन्होंने फिल्म जगत में भी लेखन कार्य किया। 1984 में इनकी मृत्यु हो गई

**रचनाएं** – 'प्रभात फेरी', 'पलाशवन', 'प्रीति कथा', 'कामिनी', 'मिट्टी के फूल', 'हंसमाला', 'रक्त चंदन', 'कदली वन', 'द्रौपदी', 'प्यासा निर्झर', 'उत्तर जय' आदि अनेक रचनाएँ लिखी।

**काव्यगत विशेषताएँ** – इन्होंने आम जन–जीवन से जुड़ी कहानियाँ, कविताएँ लिखी। समाज की बुराईयों, विषमताओं को इन्होंने अपनी कविताओं में उठाया है। इन्होंने छायावादी, प्रगतिवादी दोनों प्रकार की रचनाएँ रची।

श्री नरेन्द्र शर्मा की भाषा सरल, सहज व मधुर है। इनकी भाषा में प्रेरक तत्व की प्रधानता मिलती हैं जो पढ़ने वालों को दृढ़ निश्चयी बनाती है। इनकी भाषा में कोमलता व कठोरता दोनों भाव विद्यमान है।

**कविता का परिचय** – कवि नरेन्द्र शर्मा द्वारा रचित कविता 'नींद उचट जाती है' एक व्यक्ति और समाज के भीतर अवसाद बेचैनी, निराशा, सन्नाटा, चिन्ताओं के भावों की कविता है। यहाँ कवि ने इस सभी नकारात्मक भावों को व्यक्त करने के लिए रात, अंधेरे, नींद न आना आदि शब्दों को प्रतीक रूप में लिया है। कवि ने कविता में जिस अंधेरे की बात की है वह दो स्तर पर है। एक व्यक्ति के स्तर पर और दूसरा समाज के स्तर पर। व्यक्ति पर यह अंधेरा, उसकी निराशा, चिन्ता, बुरे सपने, बेचैनी आदि के रूप में है। जो समाज के अंधेरे के रूप में प्रतिबिम्बित हुई है। अर्थात् समाज में अंधेरे के रूप में विषमता, चेतना व जागृति का अभाव, विकास न होना, शोषण, छल, कपट विद्यमान हैं जिसके फलस्वरूप समाज में विसंगति बढ़ती जा रही है। और इन्हीं विसंगति के परिणामस्वरूप समाज के व्यक्ति की नींद उचट जाती है। कवि जीवन में दोनों स्तरों के अंधेरों को दूर करने की बात करता है। वह चाहता है कि समाज में जागृति, चेतना फैले और सभी के जीवन से अंधेरा दूर हो जाए।

मूलभाव / व्याख्या बिंदु – कविता में एक ऐसी बात का कवि वर्णन करता है जब अचानक बुरे और डरावने सपने देखने के कारण कवि की नींद खराब हो जाती है नींद खराब होने के बाद रात लंबी हो जाती है। नींद उचट जाने के बाद कवि यह अनुभव करता है हृदय में जो डर है उससे अधिक भयानक बाहर का अंधेरा है। बार–2 सुबह होने को है ऐसा लगता है, लेकिन हर बार, यह आभास ही होता है। बाहर के अंधेरे को

देखकर मन में दुश्चिंता घर कर लेती है, कुत्ते, गीदड़ की आवाज वातावरण को और भयानक बना रही है।

सामाजिक व्यवस्था व कुरीति के बारें में सोच–सोच कर कवि फिर सोना चाहता है। परन्तु जब तक धरती पर अंधेरा व्याप्त है। उन्हें न तो उस करवट नींद आ रही है, न दूसरी करवट नींद आ रही है। अर्थात् बहुत बेचैनी है।

वह रात भर करवटें बदलते हैं, किंतु अंधेरा करवट नहीं बदलता अर्थात् सुबह नहीं होती। लगातार जगने से एक पागलपन–सा छा गया है। समय रुकता–सा प्रतीत हो रहा है। सिर्फ इसी आशा में सांस अटकी है, कि बस सुबह होने को है।

कवि रात भर जागने को जागरण जागृति नहीं मानते अपितु इसे नींद न आने की समस्या कहते हैं उनका मानना है कि जब तक इस धरती पर अंधेरा व्याप्त है प्रकाश इसके चारों तरफ चक्कर काट रहा है। पर वह पास नहीं आ रहा है । इसी प्रकार कवि के अंतर की आँखो के आगे चट्टान (अंधेरे) की है। अर्थात् समाज का अंधेरा अभी दूर नहीं हुआ हैं।

## कविता पर आधारित प्रश्न

## 'नींद उचट जाती है''

1. कविता के आधार पर बताइए कि कवि की दृष्टि में बाहर का अँधेरा भीतरी दुःस्वपनों से अधिक भयावह क्यों हैं?

उत्तर– कवि ने भीतर के दुःस्वप्नों से अधिक भयावह बाहर के अंधकार को माना है। यह अंधेरा मिटने का नाम ही नहीं लेता और उषा नहीं आती। कवि ने भीतर के दुःस्वप्नों से भयानक बाहर के अंधकार को माना है इसका कारण यह है कि उसके भीतर तो मात्र उसकी निराशा एवं अवसाद का भाव हैं परन्तु बाहर सारे संसार की भीषण कठिनाईयां एवं विसंगतियाँ हैं जो उसके व्यक्तित्व दुःख की अपेक्षा अधिक कष्टदायक है।

2. अतंर्नयनों के आगे से शिला न तम की हट पाती हैं पंक्ति में 'अन्तर्नयन और 'तम की शिला' से कवि का क्या तात्पर्य हैं?

उत्तर– इस पंक्ति में अंतर्नयन से कवि का तात्पर्य है–आंतरिक चेतना। 'तम की शिला से तात्पर्य है–मन के अन्दर उपस्थित अवसाद व निराशा का भाव। यहाँ कवि का आशय यह है कि वर्तमान परिवेश में मनुष्य के हृदय में व्याप्त निराशा और अवसाद चट्टानों की तरह हमारी अन्तः चेतना के द्वार को बन्द कर हमारे भीतर अंधेरा भर देते हैं।

प्रश्न 1. निम्नलिखित पद्यांश की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए।

**करवट नहीं बदलना.........................आस रात भर भटकाती है।**

**प्रसंग**—कवि —प्रगतिवादी कवि नरेन्द्र शर्मा जी है।

कविता— ''नींद उचट जाती है''

**व्याख्यां**—प्रस्तुत पद्यांश में कवि यह बताने का प्रयास कर रहा है कि उसे नींद नहीं आ रही है। और वह निरन्तर करवट बदल रहा है जिसका कारण है उसके भीतर व बाहर व्याप्त अंधकार। वह आगे कहता है कि उसके करवट बदलने से अंधकार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है अर्थात् अंधेरा अपनी करवट नहीं बदलता है। वह यह कहने का प्रयास कर रहा है कि उसके करवट बदलने का कारण उसकी बेचैनी है जो समाज में व्याप्त असमानता से उत्पन्न हुई है जिसकी वजह से वह करवट बदलता है। परन्तु समाज की परिस्थितियों, विषमताओं, सामाजिक स्थितियाँ बिल्कुल बदलने का नाम नहीं ले रही है। अंधेरे से प्रकाश या निराशा से आशा की ओर कोई नहीं बढ़ रहा है। मन में अभी भी उतावलापन, बेचैनी है। मन स्थिर नहीं है। और मन में असंतोष और बेचैनी व चिन्ताएँ है जिसके कारण रात भर बिना पलक झपकाए जागना पड़ता है। और अब उसकी आँखें भी निराश होकर थम गई हैं, रुक गई है।

अब केवल उसकी साँसे इसी आस में रूकी हुई है कि कभी न कभी तो उसके मन का व समाज का अंधकार दूर होगा। अर्थात् समाज की परिस्थितियाँ बदलने लगेंगी और परिणामस्वरूप उसके भीतर का अंधेरा भी दूर होगा।

**शिल्प सौन्दर्य**—1. भाषा—सरल, सहज, भावानुकूल

2. बोली—खड़ी बोली

3. शैली—प्रतीक शैली

4. छंद मुक्त कविता

**काव्य—सौंदर्य:—**

**भाव पक्ष**— बाहर का अंधेरा तो सूरज निकलने पर खत्म हो जायेगा किंतु हमारे अंदर जो अन्याय, विषमता का अंधेरा है वो कैसे खत्म होगा।

कला पक्ष — 1. तत्सम शब्दों का प्रयोग है।

2. भाषा सरल, सरस, सुबोध है।

3. भाषा में लय और गेयता है।

**अभ्यास कार्य**

**निम्न पद्यांशों की व्याख्या करो :—**

1. मन होता है............................करवट आती है।
2. जागृति.....................................तम की हट पाती है।

**प्रश्नोत्तर–**

1. कविता के आधार पर बाताओ कि बाहर का अंधेरा भीतरी दुःस्वप्नों से अधिक भयावह क्यों हैं?
2. बाहर के अंधेरे को देखकर कवि की क्या दशा होती है?
3. रातभर कवि को कौन–सी आस भटकाती रहती हैं?
4. कवि चेतन से जड़ होने की बात क्यों कहता है?
5. अंदर का भय कवि के नयनों को सुनहरी भार का अनुभव क्यों नहीं होने दे रहा है?
6. गहरी निंद्रा में खोने की इच्छा कवि क्यों कर रहा है?
7. अंतर्नयनों के आगे से शिला न तम की हट जाती है 'तम की शिला' से क्या तात्पर्य है।

# पाठ–8

# बादल को घिरते देखा है

## कवि– नागार्जुन

**कवि परिचय**– नागार्जुन का जन्म बिहार के तरौनी जिला में हुआ था। नागार्जुन का वास्तविक नाम वैद्यनाथ मिश्र था। प्रारम्भिक शिक्षा संस्कृत पाठशाला तथा उच्च शिक्षा वाराणसी तथा कोलकाता में हुई।

**रचनाएँ** –काव्य कृतियाँ – युगधारा, पथराई आँखे, तालाब की मछलियाँ, सतरंगे पंखों वाली, तुमने कहा था, रत्नगर्भा, पुरानी जूतियों का कोरस, हजार–हजार बाँहों वाली आदि।

**उपन्यास**– बलचनामा, जमनिया का बाबा, कुंभी पाक, उग्रतारा, रविनाथ की चाची, वरुण के बेटे आदि।

**सम्मान** –विलक्षण प्रतिमा के धनी नागार्जुन को अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

1. साहित्य अकादमी पुरस्कार
2. भारत भारती पुरस्कार
3. मैथिली शरण गुप्त पुरस्कार
4. राजेन्द्र प्रसाद पुरस्कार
5. हिन्दी अकादमी दिल्ली का शिखर सम्मान आदि।

**काव्यगत विशेषताएं** – नागार्जुन प्रगतिशील काव्यधारा के साहित्यकार रहे हैं।

1. कविताओं में बांग्ला, संस्कृत, अरबी, फारसी तथा मैथिली आदि भाषा के शब्दों का प्रयोग किया गया है।
2. भाषा सहज, सरल व चित्रात्मक है।
3. काव्य में खड़ी बोली का भी प्रयोग है।
4. तत्सम–तद्‌भव शब्दों का प्रयोग मिलता है।
5. काव्य में धार–दार व्यंग्य का वर्णन किया गया है।
6. काव्य की विशेषता छंदबद्ध तथा छंदमुक्त हैं।

**कविता का परिचय**–नागार्जुन द्वारा रचित 'बादल को घिरते देखा– कविता में प्रकृति का चित्रण किया गया है। यह कविता नागार्जुन की कविता संग्रह 'युगधारा' से ली गई है। वर्षा ऋतु के आने पर सम्पूर्ण प्रकृति में जो परिवर्तन आता है उसका कवि ने छः दृश्य द्वारा वर्णन किया है। इसी प्रकृति से सम्बन्धित मनोभावों को विविध बिम्बों के माध्यम द्वारा अभिव्यक्त किया है। वे छः दृश्य कुछ इस प्रकार हैं–पावस की उमस

को शान्त करते हुए मानसरोवर में तैरते हंस, चकवा–चकवी का प्रणय मिलन, हिमालय की गोद में सुवास को खोजते हिरन, हिमालय की चोटियों पर बादल का गरजना, और तूफान, मनोरम अँगुलियों को वंशी पर फिरते किन्नर और किन्नरियाँ। ये सभी चित्र बहुत ही आकर्षक, मनोरम तथा हृदयस्पर्शी होने के साथ–साथ कविता को मनोरंजक और रोचक बनाते हैं। यदि देखा जाए तो ऐसा लगता है कि कवि ने कालिदास की परम्परा को आगे बढ़ाया है।

**मूलभाव**– नागार्जुन के कविता संग्रह 'युगधारा' से लिया गया है। कविता में प्रकृति चित्रण का सुन्दर उदाहरण है। वर्षा ऋतु आने पर सारी प्रकृति जैसे अपनी विरहाग्नि शान्त करती नजर आती है। इसी भाव को कवि ने विविध बिम्बों से व्यक्त किया है। कविता में हिमालय की पहाड़ियों, दुर्गम बर्फीली घाटियों, झीलों, झरनों तथा देवदारु के जंगलों के बीच दुर्लभ वनस्पतियों जीव–जन्तुओं, गगनचुम्बी कैलाश पर्वत पर मेघा किन्नर–किन्नरियों के विलास पूर्ण जीवन का अत्यन्त आकर्षण वर्णन किया है।

कवि बताता है कि जब स्वच्छ और धवल चोटियों पर वर्षा कालीन बादल छा जाते हैं तो सम्पूर्ण प्रकृति उल्लास से भर जाती है। मानसरोवर के सुनहरे कमलों पर ओस–कण मोतियों के समान झलकते हैं पावस की उमस से व्याकुल समतल प्रदेशों से आकर हंस झीलों में तैरते हुए कमल डंडियों को खोजते हैं। रात की विरह पीड़ा से व्याकुल चकवा–चकवी सवेरा होते ही अपनी प्रणय–क्रीडा में मग्न हो जाते हैं। सैकड़ों हजारों फुट दुर्गम बर्फीली घाटी में अपनी ही नाभि से उठने वाली मादक सुगन्ध को न पाने पर युवा हिरन को खीझते हुए देखा है।

पर्वतों पर छाई घटा कालीदास की रचना मेघदूत की याद दिला देती है। कवि ने भीषण जाड़ों में मेघों को झंझावत (तेज हवायें) को आपसे भिड़ते हुए देखा है। पर्वतीय शोभा पर मुग्ध कवि को किन्नर–किन्नरियों का विलासपूर्ण जीवन याद आ जाता है। वे मस्ती के वातावरण में द्राक्षासव (मदिरा) तथा संगीत का आनन्द उठाते दिखाई देते हैं ।

## प्रसंग सहित व्याख्या

### कहाँ गया धनपति.....................................घिरते देखा है।

**प्रसंग**– पर्वत की चोटियों पर छाई मेघ माला कवि के हृदय में कालिदास द्वारा रचित विरह–काव्य मेघदूत का स्मरण करा देती है कवि पर्वतीय प्रदेश में मेघदूत के पात्रों एवं स्थानों को खोजने का प्रयास करता है जिसमें उसे निराशा ही मिलती है।

**व्याख्या**– कवि निराशा के स्वर में कहता है कि न जाने वह धनपति कुबेर जिसने यक्ष को निर्वासन का दंड दिया था, कहाँ चला गया। उसकी वैभव नगरी

जिसका नाम अलकापुरी था उसका भी कोई निशान नहीं दिखाई दे रहा है। कालिदास ने अपने प्रसिद्ध विरह काव्य मेघदूत में जिस आकाश गंगा का वर्णन किया है, वह भी न जाने कहाँ बहती है। उस आकाश गंगा का जल भी कहीं दिखाई नहीं देता। मेघदूत के पात्रों एवं स्थलों को प्रयास करने के बाद भी कवि नहीं खोज पाता है। जो मेघ का दूत बनकर अलकापुरी भेजा था वह मेघदूत भी न जाने कहाँ गया? संभवतः वह इसी पर्वत पर बरस पड़ा हो।

कवि कहता है बादलों ने प्रेम संदेश दिया हो या न हो। शायद वह कालिदास की कल्पना में ही उपजा था। लेकिन मैंने इस पर्वत प्रदेश में भीषण सर्दी में गगनचुंबी कैलाश पर्वत पर मेघ खंडों को तूफानी हवाओं से टकराते हुए देखा है।

**शिल्प सौन्दर्य**

1. कालिदास द्वारा रचित मेघदूत में धनपति कुबेर ने यक्ष को एक वर्ष का निर्वासन दंड दिया था। इस निर्वासन अवधि में यक्ष ने मेघ को दूत बनाकर अपनी प्रिया के पास संदेश भिजवाया था। कवि ने पौराणिक घटना का उल्लेख किया है।
2. महामेघ और झंझानिल का बिम्ब प्रभावशाली बन पड़ा है।
3. कवि–कल्पित में अनुप्रास अलंकार की छटा है।
4. भाषा चित्रात्मक, सरल व सहज है।
5. काव्य की विशेषता छंदबद्ध तथा छंदमुक्त है।
6. संस्कृत निष्ठ तथा मैथिली भाषा का पूरा प्रभाव है।

**काव्य–सौंदर्य**

**अमल–धवल.........................कमलों पर गिरते देखा है।**

**भाव पक्ष**–इन काव्य पंक्तियों में कवि ने वर्षा ऋतु में हिमालय पर्वत की बर्फीली चोटियों पर अपने अनुभव का वर्णन कर रहा है यहाँ बादलों के घिरने की छटा का मनोहारी चित्रण किया गया हैं। यहाँ बर्फ के छोटे–छोटे कणों को गिरते हुए देखा है। मानसरोवर में खिलने वाले कमलों को स्वर्णिम बताया गया है। बर्फ के कण जब कमल पर गिरते हैं तो वह मोती जैसे दिख रहे हैं पर्वतों की चोटियों को स्वच्छ और सफेद बताया गया है।

**शिल्प पक्ष**–

– छोटे–छोटे में पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार है।

– छोटे–छोटे मोती जैसे में उपमा अलंकार है।

– अमल–धवल, छोटे–छोटे में अनुप्रास अलंकार है।

– अनेक तत्सम शब्दों का प्रयोग हुआ है।

## कविता पर आधारित प्रश्न–उत्तर

1. कविता में चित्रित प्रकृति–चित्रण एवं जन–जीवन का अपने शब्दों में लिखिए।

उत्तर– **प्रकृति चित्रण**– कविता में वर्षा ऋतु में पर्वत शिखरों पर बादलों के घिरने की शोभा का वर्णन हैं ओस कणों को मोती के समान बताया गया है। ओस का कमल के फूलों पर गिरना बहुत ही मनोहारी चित्र उपस्थित कर देता हैं हिमालय पर स्थित झीलों में हंसों के तैरने का दृश्य भी नयनाभिराम हैं। वसंत ऋतु के प्रातःकालीन सूर्य की किरणें अनोखी छटा उपस्थित करती हैं। कस्तूरी मृग को अपनी नाभि से उठने वाली सुगंन्ध के पीछे पागल होते देखा जा सकता है।

**जनजीवन**– इस प्राकृतिक वातावरण में जन–जीवन मस्ती से परिपूर्ण होता है। किन्नर–किन्नरियाँ मृगछालाओं पर बैठकर चिन्ताओं से दूर मस्ती में बाँसुरी बजाते रहते हैं भोज पत्तों से बनी झोपड़ी में चंदन की तिपाही पर चांदी के बने मणियों से सजे हुए सुरा पात्र रखे हुए है। किन्नर और किन्नरियों की वेशभूषा और साज सज्जा बड़ी मन मोहक है।

2. बादलों का वर्णन करते हुए कवि को कालिदास की याद क्यों आती है?

उत्तर– बादलों का वर्णन करते हुए कालिदास की याद कवि को इसलिए आती है कि कालिदास द्वारा रचित मेघदूत में धनकुबेर ने यक्ष को एक वर्ष का जो निर्वासन दंड दिया था उस अवधि में यक्ष ने मेघ (बादल) को दूत बनाकर अपनी प्रिया के पास अपना संदेश भेजा था।

कवि ने उन स्थानों को खोजने का प्रयास किया है जिनका उल्लेख मेघदूत में हैं पर वे कहीं नहीं मिले। न आकाश गंगा मिली और न वह मेघ मिला। इसी कारण कवि को उनकी याद आती है।

## अतिरिक्त अभ्यास कार्य

1. व्याख्या
   - क) छोटे–छोटे..................................देखा है।
   - ख) दुर्गम बर्फानी.......................................अपने पर चिढ़ते देखा है।
   - ग) ढूँढ़ा बहुत..........................................भिड़ते देखा है।
2. आशय सपष्ट कीजिए–
   - क) अलख नाभि से उठने वाले...............................
   - ख) मैनें तो भीषण जाड़ों में......................................

**अभ्यास हेतु प्रश्न–**

1. ''बादल को घिरते देखा है'' से क्या अभिप्राय है?
2. पावस की उमस से क्या अभिप्राय है।
3. कस्तूरी मृग का अपने पर चिढ़ने का क्या कारण है?
4. प्रणय कलह से कवि का क्या तात्पर्य है?
5. कवि ने महामेघ को झंझानिल से गरज–गरज भिड़ते देखा है। क्यों कहा है?
6. ''बादल को घिरते देखा है'' कविता के आधार पर नागार्जुन की भाषा–शैली पर प्रकाश डालिए।

# पाठ–9

# हस्तक्षेप

## कवि– श्रीकांत वर्मा

**कवि परिचय**– श्रीकांत वर्मा का जन्म 18 दिसम्बर 1931 को बिलासपुर म.प्र. में हुआ।

**पुरस्कार** – इन्हें तुलसी पुरस्कार, आचार्य नंद दुलारे वाजपेयी पुरस्कार, शिखर सम्मान, कुमारन आशान पुरस्कार प्राप्त हुए।

**रचनाएं** – जलसाघर, मगध, भटका मेघ, माया–दर्पण, झाड़ी सवांद, घर, दूसरे के पैर, जिरह, अपोलो का रथ, फैसले का दिन, बीसवीं शताब्दी के अंधेरे में मुख्य रचनाएँ हैं

**काव्यगत विशेषताएँ** –

1. श्रीकांत वर्मा जी को कम शब्दों में अधिक कहने में महारथ हासिल है।
2. उन्होंने आधुनिक जीवन के यर्थाथ का नाटकीय चित्र प्रस्तुत किया है।
3. भाषा आम बोलचाल की सरल व सरस है।
4. तत्सम तद्भव शब्दों का प्रयोग किया है।

**मूलभाव** – कवि ने हस्तक्षेप कविता में आम व्यक्ति को गलत निर्णयों के विरूद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया है। कवि आम जनता का आह्वान करते हुए कहते है। कि सत्ता के गलत निर्णयों के विरूद्ध विद्रोह करते हुए डरना नहीं चाहिए। व्यवस्था को जनतांत्रिक बनाने के लिए समय–समय पर उसमें हस्तक्षेप की जरूरत होती है वरना व्यवस्था निरंकुश हो जाती है। इस कविता में ऐसे ही तंत्र का वर्णन है जहाँ किसी भी प्रकार के विरोध के लिए गुंजाइश नहीं छोड़ी गई है। किन्तु कवि बताता है कि हस्तक्षेप तो मुर्दा भी कर जाता है। फिर जिंदा लोग चुप बैठे रह जायेगे यह कैसे सम्भव हैं।

**व्याख्या बिंदु**– यह है कि कवि ने मगध की सत्ता की निरकुशता एवं क्रूरता का वर्णन करते हुए दर्शाया है कि वहाँ ऐसा आतंकपूर्ण वातावरण हो गया है कि लोग भयवश किंकर्त्तव्यविमूढ़ हो गए है। कवि सत्ताधारी वर्ग पर अप्रत्यक्ष रुप से व्यंग्य करते हुए कहता है कि मगध के लोग यह सोचते हैं कि मगध में शांति रहनी ही चाहिए। शांति भंग होने के डर से कोई छींक तक नहीं मार रहा है। मगध के अस्तित्व के लिए शांति का होना अत्यंत आवश्यक है।

निरंकुश शासन व्यवस्था में लोगों पर कितना ही अत्याचार क्यों न हो जाए कोई चीख पुकार नहीं कर सकता क्योंकि ऐसा करना शासन के विरूद्ध समझा जायेगा। शासन व्यवस्था में व्यवधान हो जायेगा। मगध सिर्फ नाम का मगध है रहने के लिए

मगध नहीं है। मगध के शासन तंत्र की अनुचित बातों पर कोई हस्तक्षेप नहीं करता कि ऐसा करने से वहाँ सत्ता का विरोध करने की पंरपरा आरंभ हो जायेगी।

कवि कहता है तुम विरोध से कितना ही बचो परंतु तुम उसके स्पष्ट विरोध से बच नही पाओगे। जब कोई विरोध नहीं करता तो शहर के बीच से गुजरता मुर्दा यह प्रश्न करता है कि मनुष्य क्यों मरता है अर्थात् अत्याचार बढ़ने पर दबा–कुचला वर्ग भी निरंकुश सत्ता पर उंगली उठा सकता है।

**'हस्तक्षेप' कविता की सप्रसंग व्याख्या आदर्श व्याख्या।**

**कोई छींकता तक..................................................रहनी ही चाहिए।**

**प्रसंग** – प्रस्तुत काव्यांश आधुनिक काल के कवि 'श्रीकांत वर्मा' द्वारा रचित कविता 'हस्तक्षेप' से अवतरित है।

इस कविता में कवि ने कम से कम शब्दों में सत्ता की क्रूरता और निरंकुशता पर करारा व्यंग्य किया है। इस प्रकार की व्यवस्था विरोध की गुंजाइश ही नहीं छोड़ती। व्यवस्था के नाम पर शासकवर्ग आतंक का वातावरण बनाए रखता है। इसमें हस्तक्षेप की जरूरत तो बनी रहती है।

**व्याख्या** – कवि सत्ताधारी वर्ग की निरंकुशता पर अप्रत्यक्ष रूप से व्यंग्य करते हुए कहता है। कि मगध (शासन का प्रतीक) में शांति व्यवस्था बनी रहनी ही चाहिए। यह शान्ति व्यवस्था भंग न हो जाये, इसी डर से कोई छींकता तक नहीं। शांति के नाम पर शासक वर्ग नागरिकों को चुप कराके रखता हैं उसकी अभिव्यक्ति की क्षमता पर नियंत्रण रखा जाता है। मगध है तो शांति बनी रहेगी। कोई भी नागरिक इस प्रतिबंध के विरोध में आवाज नहीं उठाता। उसे डराया जाता है कि इससे मगध की शासन व्यवस्था में विघ्न पड़ जायेगा, रूकावट आ जायेगी। उनका कहना है कि मगध में हर कीमत पर व्यवस्था बनी रहनी चाहिये।

भाव यह है कि सत्ता जब निरकुंश हो जाती है तब वह किसी नागरिक की विरोधी आवाज़ सहन नहीं कर पाती। वह नागरिकों को दबा कर रखती है। लोगों को शांति–व्यवस्था के भंग होने को भय दिखाया जाता है।

**शिल्प सौन्दर्य**–

1. 'मगध' शब्द का प्रयोग प्रतीकात्मक रूप से हुआ हे। यह शासक वर्ग सत्ता का प्रतीक है।
2. कवि ने शब्दों में मितव्ययता बरती है।
3. कवि के मन का आक्रोश अभिव्यक्त हुआ है।
4. कविता अतुकांत है।

5. लक्षणा शब्द शक्ति का प्रयोग है।

6. भाषा सीधी–सरल है।

**कविता पर आधारित प्रश्न–उत्तर–**

1. मनुष्य क्यों मरता है? पंक्ति में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए?

उत्तर– इस पंक्ति में यह व्यंग्य निहित है कि जो लोग अन्याय अत्याचार को झेलते हैं वे मरे हुये के समान होते हैं। जिंदा लोगों को मरे हुओं के समान जीवन नहीं बिताना चाहिये। उसे मृतक के समान नहीं रहना चाहिए। निरंकुश व्यवस्था के विरूद्ध उसे अपनी आवाज उठानी चाहिये। व्यवस्था को जनतांत्रिक बनाने के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए।

2. मुर्दा के हस्तक्षेप करने से क्या तात्पर्य है।

उत्तर– 'मुर्दा के हस्तक्षेप करने से तात्पर्य है उस व्यक्ति से जो समाज के सबसे कमजोर तबके से आता है। जो सुविधाहीन है, सभी साधन व संसाधनों से दूर है। जब वह शासन व्यवस्था में हस्तक्षेप अर्थात् प्रश्न पूछ सकता है। सत्ता द्वारा किए गए अनुचित कार्यों पर सवाल उठा सकता है तो अन्य मनुष्य जो सक्षम हैं वे हस्तक्षेप क्यों नहीं कर सकते। जनतंत्र, लोकतंत्र के लिए हस्तक्षेप करना बहुत आवश्यक हो जाता है।

**अभ्यास कार्य–**

1. मगध के माध्यम से हस्तक्षेप कविता किस व्यवस्था की ओर संकेत कर रही है।

2. मगध निवासी किसी भी प्रकार से सत्ता में हस्तक्षेप करने से क्यों कतरा रहे हैं।

3. ''मगध अब कहने को मगध है रहने को नहीं '' इस आधार पर मगध की स्थिति का वर्णन करो?

4. मुर्दे का हस्तक्षेप क्या प्रश्न खड़ा करता है। प्रश्न की सार्थकता को कविता के संदर्भ में बताओ।

5. लाक्षणिक प्रयोगों का स्पष्टीकरण :–

   1) कोई छींकता तक नही– छींक जैसी प्राकृतिक क्रिया भी अप्रत्यक्ष रूप से मना है। अर्थात् विद्रोह की जरा सी आवाज भी नहीं उठनी चाहिए बिल्कुल शांति रहनी चाहिए।

   2) कोई चीखता तक नही– निरकुंश शासन के विरूद्ध कोई भी (आम जनता) अपना आक्रोश व्यक्त नहीं कर सकता।

   3) कोई टोकता तक नहीं– शासन व्यवस्था की कमियों का विरोध करने के लिए कोई भी शासन कार्यों के बारें में बातचीत तक भी नहीं कर रहा है ।

# पाठ–10

# घर में वापसी

## कवि– सुदामा पांडेय (धूमिल) प्रगतिवादी प्रयोगवादी

**कवि परिचय**– साठोत्तरी कविता के सशक्त हस्ताक्षर धूमिल का पूरा नाम सुदामा पांडेय 'धूमिल' है। इनका जन्म 9 नवम्बर 1936 को वाराणसी जिले के खेवली गाँव में हुआ। बालक सुदामा ने सन् 1953 में हाई स्कूल परीक्षा पास की। सन् 1950 में आई.टी.आई. वाराणसी से विद्युत–डिप्लोमा किया और वहीं अनुदेशक के पद पर नियुक्त हो गए। असमय ही ब्रेन–टयूमर हो जाने के कारण 10 फरवरी 1975 को आपका स्वर्गवास हो गया।

**प्रमुख रचनाएँ** – बाँसुरी जल गई, ससंद से सड़क तक, कल सुनना मुझे और सुदामा पाण्डेय का प्रजातन्त्र। धूमिल को मरणोपरान्त साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**काव्यगत विशेषताएँ** – सुदामा पाण्डेय 'धूमिल' 'नई कविता' के सशक्त हस्ताक्षर हैं। उनके काव्य में एक विशेष प्रकार का गँवईपन दिखाई देता है धूमिल की कविता में परंपरा, सभ्यता, शालीनता और भद्रता का विरोध है। इन्होंने व्यंग्यों के माध्यम से उपहास, झुंझलाहट और पीड़ा को व्यक्त किया है।

**भाषा शैली** – इनके काव्य में मुहावरें, लोकोंक्तियों और सूक्तियों का सुन्दर प्रयोग मिलता है। सवांद–शैली के प्रयोग से भाषा सशक्त हो गई हैं । लाक्षणिकता और प्रतीकात्मकता इनकी भाषा की विशेषता है भाषा सरल और सहज है। इन्होंने मुक्त छंदों का प्रयोग किया हैं।

**पाठ परिचय**–'घर की वापसी' धूमिल जी की गरीबी से संघर्ष कर रहे परिवार की दुख भरी कविता है। कोई भी व्यक्ति अपने रोज़ की भाग दौड़ वाली जिन्दगी में प्रेम, ममत्व, स्नेह, सुरक्षा, ऊर्जावान रिश्ते चाहता है। वह एक ऐसा घर चाहता है जहाँ उस घर में रहने वाले लोगो के बीच आपसी सम्बन्ध मधुर, परिपक्व, ऊर्जावान हो। परन्तु इस कविता में जिस घर का उल्लेख किया है उसकी अपनी त्रासदी है। त्रासदी यह है कि उस घर के लोगों के बीच आपस में सवांदहीनता की दीवार खिंच गई है। इस संवादहीनता का कारण गरीबी है। ऐसा नहीं है कि ये परिवार पैसे की ओर आकर्षित या धन का लालच रखता है। बल्कि सच तो यह है कि परिवार के सभी

सदस्यों को एक–दूसरे की मजबूरी और लाचारी को जानते हैं, समझते हैं। इसलिए वे एक–दूसरे से बोलते नहीं है। यह परिवार गरीबी से लड़ते–लड़ते इतना ऊर्जाहीन, दीन–हीन जर्जर हो गया है कि आपसी रिश्तों को जीवित रखने के लिए जिस संवाद और ऊर्जा की आवश्यकता होती है, वह समाप्त हो चुकी है। परिवार में पाँच सदस्य है। सभी के बीच खून का रिश्ता है, परन्तु गरीबी के कारण ये सभी अपने मन के भावों को अभिव्यक्त भी नहीं कर पाते हैं। ये संवादहीनता इनके बीच आपस में भाषा रूपी जर्जर ताले को खोल भी नहीं पाती है। यहाँ तक कि ये आपस में एक–दूसरे के प्रति अपने दायित्वों, कर्त्तव्यों को भी गरीबी के कारण पूरा कर पाने में असमर्थ हैं। गरीबी इनके रिश्तों को आपस में जिन्दा रखने में सबसे बड़ी बाधक है।

# घर में वापसी

**मूलभाव** – यह कविता गरीबी से संघर्ष करते हुए परिवार की व्यथा–कथा है। प्रत्येक मनुष्य संसार की भागम भाग भरी जिन्दगी से राहत पाने के लिए स्नेह , अपनत्व और सुरक्षा भरे वातावरण में घर बनाता है और उसमें रहता है। लेकिन विडम्बना यह है कि तमाम रिश्ते–नातों, स्नेह और अपनत्व के बीच गरीबी की दीवार खड़ी हो जाती है। गरीबी से लड़ते–लड़ते अब इतनी भी ताकत नहीं रही कि रिश्तों में मधुरता लाने के लिए कोई चाबी बनाई जाए जो इस जटिल ताले को खोल सकें।

कवि ने एक ऐसे घर की कामना की हैं, जहाँ गरीबी दीवार की भाँति बाधक न हो और परिवार के सभी सदस्य प्रेमपूर्ण वातावरण में रहते हुए सुख प्राप्त कर सकें।

प्रश्न 1. निम्नलिखित पद्यांश की प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए।

**वैसे हम स्वजन हैं.................भाषा के भुन्न–सी ताले को खोलते।**

**प्रसंग**– कवि – 'धूमिल' जी

कविता – 'घर में वापसी'

**व्याख्या**–प्रस्तुत पंक्तियों में कवि यह बताना चाहता है कि यद्यपि हमारा परिवार गरीब है। तथापि हम स्वजन है। अर्थात् हम करीबी रिश्तेदार हैं हमारे रिश्ते मधुर हैं। आज भी गरीबी होने के बावजूद हम सभी में आत्मीयता बनी हुई है। परन्तु फिर भी हमारे रिश्तों के बीच गरीबी की दीवार है। जिसके कारण हम आपस में अपने मनोभावों को अभिव्यक्त भी नहीं कर पाते हैं। गरीबी के कारण रिश्तों में उपस्थित संवादहीनता के कारण हम सभी पारिवारिक सदस्य आपस में न तो बोल पाते हैं और

न ही एक–दूसरे के प्रति अपने कर्त्तव्यों को निभा पाते हैं। प्रत्येक सदस्य पर एक मानसिक दबाव काम कर रहा है। जिसका कारण ये गरीबी और उससे उत्पन्न संवादहीनता है। यह गरीबी परिवार को विरासत में मिली है वे जन्मजात गरीब है। परिवार का कोई भी सदस्य अपने विचारों को इसी कारण प्रकट नहीं करता क्योंकि वे सभी आपस में एक–दूसरे की मजबूरी समझते हैं। आपसी रिश्तों की ऊर्जा व गर्मी बिल्कुल समाप्त हो गई है। आगे कवि कहता है कि रिश्तों में आपस में इतनी भी ऊर्जा नहीं बची जिससे कि इनके बीच जंग खाई भाषा रूपी ताले को खोला जा सके अर्थात् ये आपस में संवाद की परम्परा को शुरू कर सके।

**शिल्प सौंदर्य–**

1. भाषा सरल सहज है।
2. भाषा में चित्रात्मकता है।
3. गरीबी का यथार्थ चित्रण है।
4. खड़ी बोली है।
5. आधुनिक जीवन में पैसों का रिश्तों पर जो प्रभाव पड़ रहा है उसका सटीक और सही वर्णन है।
6. कविता आज के सबसे संवेदनशील मुद्दों को उठाती है।
7. मुक्त छंद की कविता है।
8. भाषा का भुन्ना–सी ताला–रूपक अलंकार।
9. नवीन उपमान का प्रयोग।

**कविता पर आधारित प्रश्न उत्तर–**

1. माँ की आँखें पड़ाव से पहले ही तीर्थ यात्रा की बस के दो पंचर पहिए हैं। कैसे?

उत्तर– कवि सुदामा पांडेय धूमिल ने माँ की आँखों को तीर्थ यात्रा की बस के दो पहिए कहा है। पड़ाव शब्द का प्रयोग प्रतीकात्मक है वह मृत्यु का प्रतीक है। 'दो पंचर पहिए' का प्रतीकार्थ है ज्योति विहिन दो आँखें। अपेक्षित गंतव्य तक न पहुँच पाने की यातना 'पंचर पहिए' से व्यक्त होती है।

2. पिता की आँखें लोह साँय की ठंडी सलाखें हैं से क्या तात्पर्य हैं?

उत्तर– कवि ने पिता की आँखों को 'लोह साँय की ठंडी सलाखें' बताया हैं यह

उपमान प्रतीक रूप में प्रयुक्त किया है। यौवनावस्था में पिता तेजस्वी और रौबदार रहे होंगे पर बुढ़ापे और गरीबी ने उनके तेज को उनसे छीन लिया है उनका उत्साह ठंडा पड़ चुका है। भाषा सहज, सरल, भावपूर्ण है।

**काव्य सौंदर्य –**

**भाव पक्ष** – प्रस्तुत कविता में कवि में गरीबी की विवशता भरी जिन्दगी का सजीव चित्र प्रस्तुत किया है। गरीबी के कारण परिवार में आए बिखराव और अलगाव का भावपूर्ण चित्र उपस्थित किया गया है। कवि के हृदय में गरीबी के कारण आए बिखराव और अलगाव का भावपूर्ण चित्र उपस्थित किया गया है। कवि के हृदय में गरीबी के कारण आए बिखराव को जोड़ने की तीव्र इच्छा है।

**शिल्प–सौंदर्य –**

1. कवि ने प्रतीकात्मकता और लाक्षणिकता से युक्त खड़ी बोली का प्रयोग किया है।
2. भाषा में करीब, गरीब आदि उर्दू शब्दों के प्रयोग से व्यावहारिकता आ गई है भाषा में चित्रात्मकता का समावेश है।
3. मुक्त छंद में लिखी गई कविता है।
4. सर्वथा नवीन उपमानों का प्रयोग है।
5. 'पंचर पहिए', 'पड़ाव से पहले', 'भाषा के भुन्नासी' में अनुप्रास अलंकार है।
6. भाषा का भुन्नासी ताला बड़ा ही सुन्दर रूपक है।
7. 'जोखिम उठाना' मुहावरें का सटीक प्रयोग है।
8. मुक्त छंद प्रयोग किया गया है।

**अभ्यास प्रश्न–**

1. कवि परिवार के पाँच सदस्यों को पाँच जोड़ी आँखें क्यों मानता हैं?
2. 'पत्नी की आँखें–आँखें नहीं, हाथ हैं, जो मुझे थामे हुए हैं। से कवि का क्या आशय हैं?
3. 'वैसे हम स्वजन है, करीब है..................क्योंकि हम पेशेवर गरीब है। से कवि क्या कहना चाह रहा है?
4. 'रिश्ते हैं लेकिन खुलते नहीं'– कवि के सामने ऐसी कौन–सी विवशता है जिससे आपसी रिश्ते भी नहीं खुलते ?

5. निम्नलिखित पंक्तियों का काव्य–सौंदर्य लिखिए–

   क) माँ की आँखे पड़ाव से पहले की तीर्थ–यात्रा की बस के दो पंचर पहिए हैं

   ख) पिता की आँखे लोह साँय की ठंडी सलाखें हैं।

6. निम्नलिखित पंक्तियों की व्याख्या कीजिए–

   क) वैसे तो हम स्वजन है..................पेशेवर गरीब है।

   ख) रिश्ते हैं...........................यह मेरा घर हैं।

7. कवि ने भुन्नासी ताले किसे कहा है?

# पूरक पुस्तक

# अन्तराल भाग–1

**छात्र–निर्देश :**

पूरक पुस्तक को पाठ्य क्रम में समाहित करने का उद्देश्य हैं छात्रों की भाषिक तथा साहित्यिक रूचियों का विकास हो सकें।

पूरक पुस्तक के रूप में 'अंतराल' को साहित्य की तीन विधाओं से अलंकृत किया गया है।

पुस्तक आरंभ करने से पूर्व हमें एकांकी, आत्मकथा एवं जीवनी के अर्थ को समझाना होगा तथा संक्षेप में गद्य की विधाओं पर प्रकाश अवश्य डालें।

एकांकी – एकांकी नाटक का एक अंक होता हैं।
– अंक का कई दृश्यों में विभाजन।
– जीवन की कोई एक घटना, परिस्थिति, एक समस्या या कोई एक प्रसंग प्रस्तुत किया जाता है।
– पात्रों की संख्या कम होती है।
– इसमें घटनाओं या पूर्व प्रसंगों की विविधता अधिक नहीं होती।

आत्मकथा – आत्मकथा जीवनी का ही रूप हैं।
– आत्मकथा स्वयं लेखक द्वारा अपने जीवन का सम्बद्ध वर्णन है।
– लेखक उत्तम पुरूष का प्रयोग करते हुए जब अपनी जीवनी लिखता है तो वही आत्मकथा बन जाती है।
– पाठ का शीर्षक ही विधा का द्योतक हैं।

जीवनी – जीवनी में लेखक किसी व्यक्ति विशेष का जीवन चरित्र प्रस्तुत करता है।
– जन्म से मृत्यु तक की सभी घटनाओं को सम्मिलित किया जाता है।
– इसका विषय यथार्थ होता है, काल्पनिक नहीं।
– व्यक्ति के व्यक्तित्व, कृतित्व तथा उसकी उपलब्धियों का वर्णन रहता है।

# पूरक–पुस्तक – अन्तराल भाग–1

## पाठ–1

## अंडे के छिलके

**विधा** – एकांकी

**एकांकीकार – मोहन राकेश**

**एकांकी का उद्देश्य –**

– आधुनिक समाज की दिखावे की संस्कृति और समाज की विकृति को प्रस्तुत करना।

– परम्परा और आधुनिकता के द्वन्द्व को उभारना।

– विद्यार्थियों को संदेश देना कि वह अपने जीवन में बनावटीपन को नहीं यथार्थ को महत्व दें।

– परिवार में एकता एवं आत्मीयता को बनाए रखने के लिए सदस्यों द्वारा एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना।

– धूम्रपान जैसी बुराईयों के प्रति जागरूक करना।

**मुख्य स्मरणीय बिन्दु**

– मोहन राकेश ने इस एकांकी में एक संयुक्त परिवार की विभिन्न रूचियों को सूक्ष्मता से उभारा है। परिवार में अम्मा, माधव, राधा, वीना, गोपाल और श्याम कुल छह विभिन्न रूचियों के पात्र हैं। सभी पात्र एक–दूसरे से छिपकर अपने शौक पूरे करते हैं, लेकिन एक दूसरे की भावनाओं को समझते भी हैं। वीना, गोपाल, राधा और श्याम अम्मा से छिपकर अण्डे खाते हैं। गोपाल सिगरेट पीता है। यहाँ तक कि अम्मा भी सब कुछ जानते हुए अनदेखा करती है। सभी पात्रों की परस्पर घनिष्ठता तथा आत्मीयता पूरे एकांकी में झलकती हैं।

– एकांकी की शुरुआत में पर्दा उठते ही गैलरीवाला दरवाजा खुला दिखाई देता है। श्याम सीटी बजाता आता है। बाहर वर्षा हो रही है उसकी बरसाती से पानी टपक रहा है।

– श्याम और वीना में बातें होती हैं। वीना श्याम की भाभी हैं। श्याम वीना के कमरे में आते हुए कहता है कि उसे भाई का कमरा अब पराया–सा लगता है। पहले इस कमरे में जूते को छोड़कर सभी चीजें चारपाई पर होती थी। आज कमरे का नक्शा बदला हुआ है। बीना श्याम को चाय पीने को कहती है। श्याम इस सुहावने मौसम में चाय के साथ कुछ खाने के लिए ले आने को कहता है। वीना

उससे चार छः अण्डे लाने को कहती है। जब श्याम अंडे के नाम पर नाक–भौंह सिकोड़ता है तो वीना कहती हैं कि यहाँ तो रोज अण्डे का नाश्ता होता है। वैसे श्याम भी छिपकर कच्चा अण्डा खाता है। वीना उससे कहती है कि अगर कुछ खाना है तो इसमें छिपाने की क्या बात है

– श्याम के बाहर जाते ही वीना काम करते हुए पानी लेने के लिए राधा के कमरे में जाती है। उसे राधा के बिस्तर पर 'चन्द्रकांता' पुस्तक मिल जाती है पूछने पर राधा कहती है। कि ऐसी किताब माँ जी के सामने नहीं पढ़ सकती।

– वीना चाय के लिए स्टोव पर केतली में पानी रखती हैं बाहर से गोपाल आता है। चाय बनती देख प्रसन्न हो जाता हैं वीना उसे बताती हैं कि यह चाय श्याम के लिए हैं। गोपाल अपनी भाभी राधा की प्रशंसा करता है। गोपाल सिगरेट पीना चाहता है वह वीना को बताता है कि वह भाभी के सामने पी लेता है। उन्होंने यह बात किसी को नहीं बताई। थोड़ी देर में श्याम अंडे लेकर लौट आता है और उनकी पोल खुल जाती है। वीना अंडे का हलुआ बनाती है तभी जमुना देवी की आवाज सुनाई देती हैं सब सकपका जाते हैं सारी चीजें ढक देते हैं जमुना अन्दर आकर पूछती है कि दरवाजा ऐसे क्यों बन्द कर रखा है? जमुना अपने कमरे की छत चूने की शिकायत करती है। वह गोपाल से पूछती है कि वह कोने में खड़ा क्या कर रहा है? गोपाल कहता है कि वीना का हाथ जल गया है। मैं उसके लिए मरहम ढूँढ रहा हूँ। माँ पूछती है कि स्टोव के ऊपर क्या रखा है? वह देखना चाहती है  गोपाल माँ को हाथ लगाने से मना करता है। वह करंट मारने का डर दिखाता है। राधा बहाना बनाती है कि श्याम के घुटने में गेंद लग गई है इसलिए पुलटिस बाँधने के लिए गरम किया है। जमुना स्वयं पुलटिस बाँधने को कहती हैं गोपाल बहाने बनाकर उन्हें मना करता है तथा उन्हें उनके कमरे तक छोड़ने जाता है।

– वे सभी हलुवा खाने लगते हैं तथा छिलकों को छिपाने का उपाय करते हैं। तभी बड़ा भाई माधव आ जाता है। माधव को सब पता चल जाता है। गोपाल उनसे प्रार्थना करता है कि अम्मा को मत बताना। माधव कहता है कि अम्मा को सभी बातें पता हैं। अब अंडे के छिलके छिपाने की कोई जरूरत नहीं हैं।

**क) प्रश्न विचार– बोधात्मक प्रश्न**

आदर्श बोधात्मक प्रश्न (उत्तर सहित)

1. ''पराया घर तो लगता ही है, भाभी''– अपनी भाभी के कमरे में श्याम को पराएपन का एहसास क्यों होता है?

उत्तर–भाभी के घर में आते ही भाई (गोपाल) के कमरे का नक्शा ही बदल गया था। भाभी ने कमरे की हर चीज़ व्यवस्थित (करीने से अपने स्थान पर) ढंग से रख दी थी। अतः श्याम की कमरे में पैर रखने की भी हिम्मत नहीं होती थी। भाभी के घर में आने से पहले जूतों को छोड़कर अन्य सभी चीजें चारपाई पर

बिखरी रही थीं। अब तो केवल एक कोना ही गोपाल भैया को नजर आता है जहाँ पतलून और कोट एक–दूसरे पर टँगे हुए नजर आते हैं। ऐसा लगता है कि सारे कमरे की सरकार ही बदल गई है। यही कारण है कि श्याम को भाई–भाभी के कमरे में पराएपन का एहसास होता है।

2. ''अम्मा की जो तस्वीर एकांकी में उभरती है, अन्त में वह बिल्कुल बदल जाती है''– टिप्पणी कीजिए।
3. अम्मा के अचानक आ जाने पर अण्डे के हलवे के संदर्भ में क्या बहाना बनाया गया?
4. 'अण्डे के छिलके' एकांकी में पीढ़ियों की टकराहट से पुराने मूल्यों की टूटन और नये मूल्यों का उभार है'' स्पष्ट कीजिए।
5. 'अण्डे के छिलके' एकांकी के पात्र दोहरी मानसिकता अपनाए हुए पुराने–नए के बीच सामंजस्य रखने का प्रयास कर रहें हैं– स्पष्ट कीजिए।
6. 'अण्डे के छिलके' एकांकी से क्या प्रेरणा मिलती है?
7. 'अण्डे के छिलके' एकांकी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध करें।
8. 'अण्डे के छिलके' एकांकी का उद्देश्य बताओ।

**विचारणीय प्रश्नः–**

1. राधा के चरित्र की कौन–कौन सी विशेषताएँ हैं, जिन्हें आप अपने जीवन में सम्मिलित करना चाहेंगे व क्यों?
2. 'अंडे के छिलके' पाठ साहित्य की कौन–सी विधा है, तर्क सहित स्पष्ट कीजिए?
3. धूम्रपान से होने वाली बीमारियों के नाम बताओ?
4. संयुक्त परिवार की कैसी झाँकी एकांकी के माध्यम से प्रस्तुत की गई है?

# पाठ–2

# हुसैन की कहानी अपनी जबानी

## (लेखक –मकबूल फिदा हुसैन)

**विधा** – आत्मकथा

**प्रेरणा** – यदि विद्यार्थी जीवन में प्रतिभा विकास का सही अवसर और दिशा मिल जाए जो विद्यार्थी का जीवन धन्य हो जाता है। अतः अभिभावक और शिक्षक दोनों को अपने बच्चों की शैक्षणिक योग्याताओं से इतर प्रतिभा को पहचान कर उसके विकास में सहयोग देकर उसके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

**मुख्य स्मरणीय बिन्दु** –

– 'हुसैन की कहानी अपनी जबानी' का पहला अंश 'बड़ौदा का बोर्डिंग स्कूल' उनके विद्यार्थी जीवन से जुड़ा है जहाँ उनकी रचनात्मक प्रतिभा के अंकुर फूटे। उनकी प्रतिभा सबके सामने आई ।

– दूसरा अंश 'रानीपुर बाजार' है जहाँ हुसैन से अपने पारिवारिक व्यवसाय को स्वीकार करने की अपेक्षा की जा रही थी। किन्तु वहाँ भी हुसैन के अन्दर का कलाकार उनसे चित्रकारी कराता रहा। अंततः हुसैन के पिताजी ने अपने बेटे के हुनर को पहचाना और उनकी रोशन ख्याली ने हुसैन को एक महान चित्रकार बना दिया।

– दादाजी की मृत्यु के बाद हुसैन  दादा के कमरे में ही बंद रहता और उनके बिस्तर में ही सोता। हुसैन के इस तरह गुमसुम रहने के कारण उसके अब्बा ने उसे बड़ौदा के बोर्डिंग स्कूल भेज दिया। बोर्डिंग में मकबूल के छः दोस्त बने–मोहम्मद इब्राहीम गोहर अली, अरशद, हामिद कंबर हुसैन, अब्बास जी अहमद, अब्बास अली फिदा, अत्तार आदि। सभी में दो साल तक दोस्ती रही। फिर सभी भिन्न–भिन्न दिशाओं में चले गए। दो साल की नज़दीकी तमाम उम्र कभी दिल की दूरी में बदल नहीं पाई। विद्यालय में मकबूल ने ड्राइंग मास्टर द्वारा ब्लैकबोर्ड पर बनाई चिड़िया को अपनी स्लेट पर हुबहू बनाकर तथा दो अक्टूबर को गाँधी जयन्ती के अवसर पर गाँधी जी का पोर्ट्रेट ब्लैकबोर्ड पर बनाकर अपनी जन्मजात कला का परिचय दिया।

– रानीपुर बाजार में चाचा मुरादअली की दुकान पर बैठकर उनका सारा ध्यान ड्राइंग और पेटिंग पर रहता था। वह दुकान पर बैठे–बैठे आने जाने वालों के चित्र बनाता रहता जिनमें से घूँघटताने मेहतरानी, गेहूँ की बोरी उठाए मजदूर की पेंचावली पगड़ी का स्केच, बुकरा पहले औरत और बकरी के बच्चे का स्केच

आदि प्रमुख थे। एक बार 'सिंहगढ़' फिल्म का पोस्टर देखकर मकबूल को ऑयल पेंटिंग बनाने का विचार आया। उसने अपनी किताबें बेचकर ऑयल कलर खरीदा तथा अपनी पहली पेंटिंग बनाई। पेंटिंग देखकर पिता ने पुत्र को गले लगा लिया।

– एक बार इंदौर के सर्राफा बाज़ार में लैंडस्केप बनाते समय बेन्द्रे साहब से मुलाकात हुई। फिर दोनों लैंडस्केप पेंट करने लगे। मकबूल ने एक दिन बेन्द्रे को अपने पिता से मिलवाया। बेन्द्रे ने मकबूल के काम पर उनसे बात की। मकबूल के पिता ने बंबई से 'विनसर न्यूटन' ऑयल ट्यूब और कैनवस मँगवाए। उन्होंने बेटे के लिए सारी पुरानी मान्यताओं को नज़रअंदाज कर, अपने बेटे को जिन्दगी में रंग भरने की इजाज़त दे दी। ये हुसैन के जीवन की ऐसी महत्वपूर्ण घटनाएँ थी, जिनकी हुसैन को एक प्रसिद्ध चित्रकार बनाने में विशेष भूमिका रही।

**क) प्रश्न–विचार बोधात्मक प्रश्न**

1. लेखक ने अपने पाँच मित्रों के जो शब्द चित्र प्रस्तुत किए हैं, उनसे उनके अलग–अलग व्यक्तित्व की झलक मिलती है, फिर भी वे घनिष्ठ मित्र हैं, कैसे?
2. आप कैसे कह सकते हैं कि लेखक का अपने दादा से विशेष लगाव रहा?
3. 'लेखक जन्मजात कलाकार है'–इस आत्मकथा में सबसे पहले कहाँ उद्घाटित होता है।
4. दुकान पर बैठे–बैठे भी मकबूल के भीतर का कलाकार उसके किन कार्यकलापों से अभिव्यक्त होता है।
5. प्रचार–प्रसार के पुराने तरीकों और वर्तमान तरीकों में क्या फर्क आया है? पाठ के आधार पर बताओ।
6. कला के प्रति लोगों का नजरिया पहले कैसा था? उसमें अब क्या बदलाव आया है?
7. इस पाठ में मकबूल के पिता के व्यक्तित्व की कौन–2 सी बातें उभरकर आई हैं?
8. बेद्रें साहब कौन थे? उन्होंने पेंटिंग के क्षेत्र में क्या किया।

**विचारणीय प्रश्नः–**

1. हुसैन के मन में किस फिल्म के पोस्टर को देखकर ऑयल पेंटिंग बनाने का विचार आया?

2. बड़ौदा शहर व वहाँ के मदरसे पर टिप्पणी कीजिए।

3. 1933 में बेन्द्रे द्वारा कैनवस पर बनाई गई पेंटिंग का नाम क्या था? इस पेंटिंग को किसने सम्मानित किया?

4. विद्यालयों में महापुरूषों की जयंतियाँ क्यों मनाई जाती है।

5. फ़िल्मी इश्तिहार को देखकर मकबूल ने क्या किया?

6. मकबूल और बेन्द्रे का आपसी परिचय किस प्रकार और कहाँ हुआ?

# पाठ–3

# आवारा मसीहा : दिशाहारा

## (लेखक – विष्णु प्रभाकर)

**विधा** – जीवनी

संदेश – इस रचना के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि व्यक्ति जीवन के हर मोड़ पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करे, यह आवश्यक नहीं, किन्तु किसी विशेष क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन से उसके पूरे व्यक्तित्व का आकलन हो सकता है। प्रतिभा के विकास को हर समय उचित अवसर मिलें, आवश्यक नहीं लेकिन जब भी मिले उसका उपयोग करना चाहिए।

**मुख्य स्मरणीय बिन्दु –**

– 'आवारा मसीहा' विष्णु प्रभाकर द्वारा रचित महान कथाकार शरत्चन्द्र की जीवनी है। इसके लिए विष्णु प्रभाकर जी को 'साहित्य अकादमी पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। यह पाठ 'आवारा मसीहा' के प्रथम पर्व 'दिशाहारा' का एक अंश है। इसमें लेखक ने शरत्चन्द्र के बचपन से किशोरावस्था तक के जीवन के विविध पहलुओं को इस प्रकार वर्णित किया है, जिससे बचपन की शरारतों में भी शरत् के एक अत्यन्त संवेदनशील और गम्भीर व्यक्तित्व के दर्शन होते हैं। उनके रचना–संसार के समस्त पात्र वस्तुतः उनके वास्तविक जीवन के ही पात्र हैं।

– शरत् के पिता यायावर प्रवृत्ति के थे। वे कभी भी एक जगह बँधकर नहीं रहे। उन्होंने कई नौकरियाँ की तथा छोड़ी। वे कहानी, नाटक, उपन्यास इत्यादि रचनाएँ लिखना तो प्रारम्भ करते किन्तु उनका शिल्पी मन किसी दासता को स्वीकार नहीं कर पाता इसलिए रचनाएँ पूर्ण नहीं हो पाती थी। जब पारिवारिक भरण–पोषण असंभव हो गया तब शरत् की माता सपरिवार अपने पिता के घर आ गई।

– भागलपुर विद्यालय में 'सीता–वनवास', 'चारू–पीठ', 'सद्भाव–सद्गुरू' तथा प्रकांड व्याकरण इत्यादि पढ़ाया जाता था। प्रतिदिन पंडित जी के सामने परीक्षा देनी पड़ती थी और विफल होने पर दण्ड भोगना पड़ता था। तब लेखक को लगता था कि साहित्य का उद्देश्य केवल मनुष्य को दुःख पहुँचाना ही है।

– नाना के घर में शरत् का लालन–पोषण अनुशासित रीति और नियमों के अनुसार होने लगा। घर में बाल–सुलभ शरारतों पर भी कठोर दंड दिया जाता था। फेल

होने पर पीठ पर चाबुक पड़ते थे। नाना के विचार से बच्चों को केवल पढ़ने का अधिकार है, प्यार और आदर से उनका जीवन नष्ट हो जाता है। वहाँ सृजनात्मकता के कार्य भी लुक–छिपकर करने पड़ते थे।

– शरत् को घर में निषिद्ध कार्यों को करने में विशेष आनन्द आता था। निषिद्ध कार्यों को करने में उन्हें स्वतन्त्रता का तथा जीवन में ताजगी का अनुभव होता था। शरत् को पशु–पक्षी पालना, तितली पकड़ना, उपवन लगाना, नदी या तालाब में मछलियाँ पकड़ना, नाव लेकर नदी में सैर करना और बाग में फूल चुराना अतिप्रिय था।

– शरत् और उनके पिता मोतीलाल दोनों के स्वभाव में काफी समानाताएँ थी। दोनों साहित्य प्रेमी, सौन्दर्य बोधी, प्रकृति प्रेमी, संवेदनशील तथा कल्पनाशील और यायावर ( घुमक्कड़) प्रवृत्ति के थे।

– कभी–2 शरत् किसी को कुछ बताए बिना गायब हो जाता । पूछे जाने पर वह बताता कि तपोवन गया था। वस्तुतः तपोवन लताओं से घिरा, गंगा नदी के तट पर एक स्थान था जहाँ शरत् सौन्दर्य उपासना करता था।

– अघोरनाथ अधिकारी के साथ गंगाघाट जाते हुए शरत् ने जब अपने अंधे पति की मृत्यु पर एक गरीब स्त्री के रुदन का करुण स्वर सुना तो शरत् ने कहा कि दुखी लोग अमीर आदमियों की तरह दिखावे के लिए जोर–जोर से नहीं रोते। उनका स्वर तो प्राणों तक को भेद जाता है। यह सचमुच का रोना है। छोटे से बालक के मुख से रुदन की ऐसी सूक्ष्म व्याख्या सुनकर अघोरनाथ के एक मित्र ने भविष्यवाणी की थी जो बालक अभी से रुदन के विभिन्न रूपों को पहचानता है, वह भविष्य में अपना नाम ऊँचा करेगा। अघोरनाथ के मित्र की यह भविष्यवाणी सच साबित हुई।

– शरत् के स्कूल में एक छोटा–सा पुस्तकालय था। शरत् ने पुस्तकालय का सारा साहित्य पढ़ डाला था। व्यक्तियों के मन के भाव जाने में शरत् का महारत हासिल थी पर नाना के घर में उसकी प्रतिभा को पहचानने वाला कोई न था। शरत् छोटे नाना की पत्नी कुसुमकामिनी को अपना गुरु मानते रहे।

– नाना के परिवार की आर्थिक हालत खराब होने पर शरत् के परिवार को देवानंदपुर लौटकर वापस  आना पड़ा।

– मित्र की बहन धीरू कालांतर में 'देवदास की पारो', 'श्रीकांत की राजलक्ष्मी', 'बड़ी दीदी' की माधवी के रूप में उभरी।

– शरत् को कहानी लिखने की प्रेरणा अपने पिता की अलमारी में रखी 'हरिदास की गुप्त बातें' और 'भवानी पाठ' जैसी पुस्तकों से मिली। इसी अलमारी में उन्हें

पिता द्वारा लिखी अधूरी रचनाएँ भी मिली। जिन्होंने शरत् के लेखन का मार्ग प्रशस्त किया। शरत् ने अपनी रचनाओं में अपने जीवन की कई घटनाओं एवं पात्रों को सजीव किया है।

– शरत में कहानी गढ़कर सुनाने की जन्मजात प्रतिभा थी । वह पंद्रह वर्ष की आयु में इस कला में पारंगत होकर गाँव में विख्यात हो चुका था। गाँव के जमींदार गोपालदत्त मुंशी के पुत्र अतुलचंद्र ने उसे कहानी लिखने के लिए प्रेरित किया। अतुलचंद्र शरत् को थियेटर दिखाने कलकत्ता ले जाता और शरत् से उसकी कहानी लिखने को कहता। शरत् ऐसी कहानियाँ लिखता कि अतुल चकित रह जाता। अतुल के लिए कहानियाँ लिखते–लिखते शरत् ने मौलिक कहानियाँ लिखना प्रारंभ कर दिया।

– शरत् का कुछ समय 'डेहरी आन सोन' नामक स्थान पर बीता। शरत् ने 'गृहदाह' उपन्यास में इस स्थान को अमर कर दिया। 'श्रीकांत' उपन्यास का नायक श्रीकांत स्वयं शरत् है। 'काशीनाथ' कहानी का नायक उनका गुरुपुत्र था। जो शरत् का घनिष्ठ मित्र था। लम्बी यात्रा के दौरान परिचय में आई विधवा स्त्री को लेखक ने 'चरित्रहीन' उपन्यास में जीवंत किया है। 'विलासी' कहानी के सभी पात्र कहीं न कहीं लेखक से जुड़े हैं। 'शुभदा' में हारुन बाबू के रूप में अपने पिता मोतीलाल की छवि को उकेरा है। 'श्रीकांत' और 'विलासी' रचनाओं में सांपों को वश में करने की घटना शरत् का अपना अनुभव है। तपोवन की घटना ने शरत् को सौन्दर्य का उपासक बना दिया।

– देवानन्द गाँव में शरत्चन्द का संघर्ष और कल्पना से परिचय हुआ। बातें उनकी साधना की नींव थी। इसलिए शरतचन्द्र कभी भी देवानन्द गाँव के ऋण से मुक्त नहीं हो पाए।

**प्रश्न विचार (बोधात्मक विचार)**

1. बालक शरत् को ऐसा क्यों लगा कि साहित्य का उद्देश्य मात्र दुःख पहुँचाना है? अपके विचार से साहित्य के कौन–कौन से उद्देश्य हो सकते हैं?
2. नाना के घर किन–किन बातों का निषेध था? शरत को उन निषिद्ध कार्यों को करना क्यों प्रिय था?
3. बच्चों के प्रति शरत् के नाना की क्या मान्यता थी?
4. आपको शरत् और उसके पिता मोतीलाल में क्या समानताएँ नजर आती हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

5. ''जो रुदन के विभिन्न रूपों को पहचानता है, वह साधारण बालक नहीं है। बड़ा होकर वह निश्चय की मनस्तत्व के व्यापार में प्रसिद्ध होगा।'' अघोर बाबू के मित्र की टिप्पणी पर अपनी टिप्पणी कीजिए।

6. 'शरत् की रचनाओं में उनके जीवन की अनेक घटनाएँ एवं पात्र सजीव हो उठे हैं'– पाठ के आधार पर विवेचना कीजिए।

7. सिद्ध कीजिए कि शरत्चन्द्र एक सवंदेनशील, प्रकृतिप्रेमी, परोपकारी एवं दृढ़निश्चयी व्यक्ति थे?

8. 'आवारा मसीहा' उपन्यास में वर्णित तत्कालीन समाज में नारी की स्थिति के विषय में बताइये।

9. शरत् के पिता मोतीलाल साहित्यकार होते हुए भी घर जँवाई बनने के लिए क्यों विवश हुए?

10. शरत् के शौक कौन–2 से थे? उन्हें उसे छिपकर पूरे क्यों करने पड़ते थे?

**विचारणीय प्रश्नः–**

1. ''इस गाँव के ऋण से वह कभी मुक्त नहीं हो सका।'' लेखक ने ऐसा क्यों कहा?

2. पाठ में वर्णित बाल सुलभ शरारतों का वर्णन कीजिए।

3. शरत् को नाना के घर पर क्यों रहना पड़ा?

4. वर्तमान समय में नारी की स्थिति व 'आवारा मसीहा' में वर्णित समाज में नारी की स्थिति–दोनों के अंतर को स्पष्ट कीजिए।

# अभिव्यक्ति और माध्यम

1. जनसंचार माध्यम और लेखन।
2. पत्रकारिता के विविध आयाम।
3. कार्यालयी लेखन और प्रक्रिया।
4. स्ववृत्त लेखन और रोजगार संबंधी आवेदन पत्र।
5. शब्दकोश, संदर्भ ग्रंथों की उपयोगी विधि और परिचय।

## पाठ 1

# जनसंचार माध्यम

## संचार एवं संचार प्रक्रिया

**संचार**
**सूचनाओं, विचारों व भावनाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाना**

## संचार के तत्त्व

**स्रोत** — सूचना या संदेश भेजने की प्रक्रिया जहाँ से प्रारंभ होती है। →
**एनकोडिंग** — संदेश को उस भाषा में भेजना जिसका ज्ञान प्राप्तकर्त्ता को हो। →
**संदेश** — संदेश स्पष्ट व सीधा हो। →
**माध्यम** — संदेश भेजने का माध्यम– टी.वी., रेडियो, फोन, समाचार इत्यादि। →
**डीकोडिंग** — प्राप्त संदेश का अर्थ समझना। →
**फीडबैक** — संदेश पहुँचने के बाद प्राप्तकर्त्ता की प्रतिक्रिया।

**शोर**
संचार प्रक्रिया में आने वाले रूकावटें या बाधाएँ।


संचार के प्रकार
सांकेतिक संचार
संकेत के माध्यम से बात समझाना
जनसंचार
किसी यंत्र व तकनीक (रेडियो, टी.वी., अखबार, इंटरनेट) के माध्यम से बड़े समूह से बात करना।
मौखिक व अमौखिक संचार
मुख से बोलकर या बिना बोले बात समझना।
समूह संचार
समूह में चर्चा करना।
अंतःवैयक्तिक संचार
स्वयं से ही बात करना।
अंतरवैयक्तिक संचार
दो व्यक्तियों का आमने–सामने बात करना।

## विभिन्न जनसंचार माध्यम

**प्रिंट माध्यम**

समाचार पत्र–पत्रिकाएँ

**इलैक्ट्रोनिक माध्यम**

रेडियो, टेलीविजन, इंटरनेट, सिनेमा

## जनसंचार के कार्य

सूचना देना

शिक्षित करना

मनोरंजन करना

एजेंडा तय करना

निगरानी करना

विचाराभिव्यक्ति के लिए मंच उपलब्ध कराना।

# पाठ–1

# जनसंचार माध्यम और लेखन

**स्मरणीय बिन्दु –**

1. **अर्थ** – 'चर' धातु से उत्पन्न संचार शब्द का अर्थ एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाना है । दो या दो से अधिक व्यक्तियों के बीच सूचनाओं, विचारों और भावनाओं का आदान–प्रदान संचार कहा जाता है।

   विल्बेर श्रेम (प्रसिद्ध संचार शास्त्री) के अनुसार संचार अनुभवों की साझेदारी है।

2. **संचार** – संचार जीवन भर चलने वाली प्रक्रिया है। सभी जीव संचार करते हैं। परन्तु मनुष्य बौद्धिक रूप से विकसित होने के कारण सर्वोत्तम संचार करता है। संचार माध्यमों के विकास में भौगोलिक दूरियाँ कम हो गई हैं एक अँगुली के स्पर्श से दूर बैठे अपनों से संचार कर सकते हैं।

   सूचनाओं, विचारों और भावनाओं को मौखिक, लिखित अथवा दृश्य–श्रव्य माध्यमों के द्वारा सफलतापूर्वक एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचना ही संचार है।

   संचार एक प्रक्रिया है जिसमें सूचना देने वाले और पाने वाले दोनों की ही सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। एक के अभाव में भी ये संभव नहीं है, इस अर्थ में संचार अंतर क्रियात्मक (इंटरएक्टिव) प्रक्रिया है।

3. **संचार के विभिन्न तत्व –**

   1) स्रोत– संचार प्रक्रिया को प्रारम्भ करता है। व्यक्ति अपने संदेश या सूचना को अन्य तक पहुँचाना चाहता है वह स्रोत है।
   2) कूटीकृत या एन कोडिंग– संदेश की भाषा का ज्ञान संचारकर्त्ता व प्राप्तकर्त्ता दोनों को होना चाहिए।
   3) संदेश– सफल संचार के लिए संदेश का स्पष्ट और सीधा होना आवश्यक है।
   4) माध्यम (चैनल)– संदेश को किस माध्यम (टेलीफोन, समाचारपत्र, रेडियो, इंटरनेट) से संदेश प्राप्तकर्त्ता तक पहुँचाया जाता है।
   5) डीकोडिंग– प्राप्त संदेश में निहित अर्थ को समझना।
   6) फीडबैक– फीडबैक द्वारा पता चलता है कि संदेश सही रूप में प्राप्तकर्त्ता तक पहुँचा या नहीं।
   7) शोर– संचार प्रक्रिया में आने वाली रुकावटें शोर कहलाती है शोर मानसिक तकनीकी और भौतिक भी हो सकता है।

4. **संचार के प्रकार**

1) सांकेतिक संचार – जब संकेंतों से बात समझाई जाए।
2) मौखिक और अमौखिक संचार – जब मुख खोलकर, बोलकार संचार करें वह मौखिक और बिना मुख खोले बात समझाए तब वह अमौखिक संचार है।
3) अंतः वैयक्तिक संचार – जब व्यक्ति अपने से बात करे अर्थात् मन में प्रश्न करें और उत्तर भी दे वह अंतः वैयक्त्कि संचार होता है।
4) अंतरवैयक्ति संचार – जब दो व्यक्ति आमने–सामने बैठकर संचार करें वह अन्तर वैयक्तिक संचार कहलाता है।
5) समूह संचार – जब एक समूह आपस में विचार–विमर्श या चर्चा करें तो उसे समूह संचार कहते हैं।
6) जनसंचार– जब हम समूह से यांत्रिक या तकनीक के माध्यम से बात करते हैं तब उसे जनसंचार कहते हैं। यह माध्यम अखबार, रेडियों, टी. वी., सिनेमा या इंटरनेट कुछ भी हो सकता है।

5. **संचार के कार्य** – प्राप्ति नियंत्रण, सूचना, अभिव्यक्ति, सामाजिक संपर्क, समस्या समाधान, प्रतिक्रिया और भूमिका को पूरा करने के लिए संचार का प्रयोग किया जाता है।

6. **जन संचार के कार्य** – सूचना देना, शिक्षित करना, मनोरंजन करना, एजेंडा तय करना, निगरानी करना, विचारों की अभिव्यक्ति के लिए मंच उपलब्ध करना।

7. आधुनिक जनसंचार के माध्यम पाश्चात्य तकनीक से प्रेरित हैं परन्तु भारतीय इतिहास गवाह है कि देवर्षि नारद पहले समाचार वाचक माने जाते हैं महाभारत काल में संजय की कल्पना जिसने युद्ध का आँखों देखा वर्णन धृतराष्ट्र को सुनाया था, एक समृद्ध संचार व्यवस्था की ओर इशारा करता है।

8. **जनसंचार के आधुनिक माध्यम** – समाचार–पत्र, पत्रिकाएँ, टेलीविजन, सिनेमा और इंटरनेट आदि हैं।

9. जनसंचार की मज़बूत कड़ी समाचार पत्र, पत्रिकाएँ या प्रिंट–माध्यम है? यही समाचारों के आदान–प्रदान का मुख्य साधन माना जाता है। पत्रकारिता के तीन पहलू हैं– पहला, समाचारों को संकलित करना। दूसरा, उन्हें संपादित कर छपने लायक बनाना। तीसरा, पत्र या पत्रिका के रूप में छापकर पाठको तक पहुँचाना। संवाददाता जो खबरें एकत्रित करके लाते हैं उन्हें व्यवस्थित ढंग से छापने का काम संपादक करता है।

10. 400 साल पहले ही अखबारी पत्रकारिता अस्तित्व में आई परन्तु भारत में इसकी शुरूआत 1780 में जेम्स ऑगस्ट हिकी के बंगाल गजट से हुई। जो कोलकाता से निकला था। हिन्दी का पहला साप्ताहिक पत्र 'उदण्ड' मार्तंड भी 1826 में कोलकाता से ही प्रकाशित हुआ। जिसका संपादन पं जुगलकिशोर शुक्ल ने किया था। भारतेन्दु हरिशचन्द्र जी ने बहुत सी पत्र–पत्रिकाएँ निकालकर इस क्षेत्र में विशेष योगदान दिया।

11. स्वतन्त्रता से पूर्व पत्रकारों में गणेश शंकर विद्यार्थी, माखनलाल चतुर्वेदी, प्रताप नारायण मिश्र, शिवपूजन सहाय, राम वृक्ष बेनीपुरी और बालमुकुंद गुप्त हैं।

12. **प्रमुख पत्र–पत्रिकाएँ** – 'केसरी', हिन्दुस्तान, सरस्वती, हंस, 'कर्मवीर', प्रताप, प्रदीप और विशाल भारत आदि है।

आज़ादी के बाद प्रमुख पत्रकारों में सच्चिदानन्द, हीरानन्द वात्स्यायन, रघुवीर सहाय, धर्मवीर भारती, मनोहर श्याम जोशी, राजेन्द्र माथुर आदि है।

समाचार पत्र– नवभारत टाइम्स, जनसत्ता, नई दुनिया, अमर उजाला, दैनिक जागरण आदि है।

पत्रिकाएँ – धर्मयुग, साप्ताहिक हिन्दुस्तान, दिनमान, इन्डिया टुडे और साप्ताहिक कादम्बनी हैं।

13. **रेडियों** – रेडियों जनसंचार का श्रव्य माध्यम है जो सर्वाधिक लोकप्रिय है। 1895 में इटली के जी. मार्कोनी ने वायरलैस की खोज की और उसी का रुपान्तर रेडियों है। 1921 में मुंबई में टाइम्स ऑफ इंडिया डाक तार विभाग की ओर से संगीत कार्यक्रम प्रसारित हुआ। 1936 में ऑल इण्डिया रेडियों की स्थापना हुई  आज देश में 350 से अधिक निजी रेडियों स्टेशन का जाल बिछ गया है।

14. **टेलीविजन** – यह दृश्य –श्रव्य माध्यम है। इसकी विश्वसनीयता सर्वाधिक है। 1927 में बेल टेलीफोन लेबोरैट्रीज में न्यूयार्क  और वांशिगटन के बीच प्रायोगिक टेलीविज़न कार्यक्रम का प्रसारण किया। 1936 में बी.बी.सी. ने अपनी टेलीविज़न सेवा प्रारम्भ की। भारत में टेलीविज़न की शुरूआत 15 सितंबर 1959 को हुई जिसका उद्‌देश्य शिक्षा के सामुदायिक विकास को प्रोत्साहित करना था। 15 अगस्त 1965 में स्वतंत्रता दिवस से विधिवत टी.वी. सेवा प्रारंभ हुई । 1 अप्रैल 1976 से इसे आकाशवाणी से अलग कर दूरदर्शन का नाम दिया गया।

जनतंत्र को प्रबल बनाने में जहाँ समाज पुराने मूल्य टूट हों और नए न बन रहे हों, दूरदर्शन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

15. **सिनेमा** – मनोरंजन के साथ–साथ परोक्ष रुप में सूचना ज्ञान और संदेश देने का काम करता है। सिनेमा का अविष्कार का श्रेय थॉमस अल्वा एडीसन को जाता है। 1894 में फ्रांस में पहली फिल्म 'द अराइवल ऑफ ट्रेन' बनी। भारत में पहली मूक फिल्म 1913 में 'राजा हरिशचन्द्र' दादा साहब फल्के द्वारा बनाई गई । 1931 में पहली बोलती फिल्म 'आलम आरा' बनी। इस समय भारत विश्व का सबसे बड़ा फिल्म निर्माता देश है यहाँ हिन्दी के अतिरिक्त क्षेत्रीय भाषा और बोली में भी फिल्में बनती हैं।

16. **इन्टरनेट** – इंटरनेट जनसंचार का सबसे आधुनिक और लोकप्रिय माध्यम है। रेडियों, टेलीविज़न, किताब, सिनेमा यहाँ तक कि इसमें पुस्तकालय के भी सारे गुण मौजूद है। यह एक अन्तर्क्रियात्मक माध्यम है। जिसमें प्रयोगकर्ता मूकदर्शक नहीं है, वह चर्चा बातचीत का एक हिस्सा होता है। इंटरनेट ने संचार की नई संभावनाएँ जगा दी हैं हमें विश्वग्राम का सदस्य बना दिया है। अश्लील पन्नों व आपराधिक गतिविधियों के कारण इसके दुरुपयोग की घटनाएँ सामने आने लगी है।

17. **जनसंचार माध्यमों का प्रभाव** – जनसंचार माध्यमों के बिना जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। अखबार पढ़े बिना हमारी सुबह नहीं होती। रेडियों, टेलीविज़न, मनोरंजन के साथ–साथ समाचार, ज्ञान–विज्ञान, बाज़ार भाव, विज्ञापन देते हैं। इंटरनेट का प्रयोग शादी ब्याह के लिए, टिकट बुक करवाने के लिए कोई भी बिल जमा कराने, बैंक के काम घर से करने के लिए करते हैं। ऐसा लगता है पूरी दुनिया नेट पर निर्भर है। सदुपयोग के साथ–साथ दुरूपयोग भी हो रहा है। नेट–क्राइम बढ़ता जा रहा है जहाँ सिनेमा, टी.वी. वास्तविकता से परे काल्पनिक दुनिया में पहुँचा देते हैं। वहीं वे अपराधों के नए–नए तरीके सिखा देते हैं हिंसा और अश्लीलता युवा वर्ग को प्रभावित करती है। विज्ञापनों के जाल में मनुष्य फंस जाता है। अखबार और टेलीविज़न चैनलों में कुछ खास मुद्दों को उछाला जाता है। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि जहाँ एक ओर लोग शिक्षित, सचेत और जागरुक हो रहे हैं वहीं नकारात्मक प्रभाव उन्हें भ्रमित, पथभ्रष्ट और चरित्र पर प्रभाव डाल रहे हैं। एक जागरूक पाठक व श्रोता होने के नाते हमें आँखें, कान और दिमाग सदा खुले रखने जाहिर।

जनसंचार माध्यमों की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह भी है कि उनमें अनेक द्वारपाल (गेटकीपर) कार्य करते हैं। द्वारपाल का कार्य जनसंचार से प्रकाशित या प्रसारित होने वाली सामग्री को नियंत्रित एवम् निर्धारित करना है। किसी जनसंचार माध्यम में काम करने वाले द्वारपाल ही निश्चित करते हैं कि वहाँ किस प्रकार की सामग्री प्रकाशित अथवा प्रसारित की जाएगी।

**प्रश्न–विचार**

**लघुत्तरीय प्रश्न–**

1. संचार से आप क्या समझते हैं?
2. मौखिक एवं अमौखिक संचार में क्या अंतर हैं?
3. अंतःवैयक्तिक संचार से आप क्या समझते हैं?
4. अंतरवैयक्ति संचार क्या है?
5. संचार के विभिन्न तत्व कौन–कौन–से हैं?
6. फीडबैक क्या है?
7. एनकोडिंग किसे कहते हैं?
8. डीकोडिंग किसे कहते हैं?
9. जनसंचार क्या है?
10. जनसंचार के आधुनिक माध्यम कौन–2 से हैं?
11. जन संचार में द्वारपाल की क्या भूमिका है?
12. द्वारपाल किसे कहते हैं?
13. भारत में पहला समाचार वाचक किसे माना जाता है?
14. अखबारी पत्रकारिता को अस्तित्व में आए कितने वर्ष हो गए?
15. भारत में पत्रकारिता की शुरूआत कब और किससे हुई?
16. भारत के पहले साप्ताहिक पत्र और उसके संपादक का नाम लिखिए।
17. आज़ादी से पूर्व के दो पत्रकारों एवं दो पत्रिकाओं के नाम लिखो।
18. स्वतंत्रता के बाद के दो पत्रकारों व पत्रिकाओं के नाम लिखो।
19. रेडियों का आविष्कार किसने किया?
20. ऑल इंडिया रेडियों की स्थापना कब हुई?
21. एफ. एम. रेडियों कब से प्रारम्भ हुआ?
22. भारत में टी.वी. की शुरुआत कब से हुई?
23. सिनेमा का आविष्कार किसने कहाँ किया?
24. भारत में पहली फिल्म बनाने का श्रेय किसे जाता है?
25. भारत में पहली मूक फिल्म कब बनी और इसका क्या नाम था?
26. पहली बोलती फिल्म कब बनी और इसका क्या नाम था?

27. इंटरनेट के लाभ लिखो।
28. जनसंचार माध्यम का एक लाभ व एक दुष्परिणाम लिखो।
29. पत्रकारिता के तीन पहलू कौन—कौन से हैं?
30. रेडियों किस प्रकार का संचार माध्यम है?
31. टेलीविज़न जन—संचार का कैसा माध्यम है?
32. जन संचार का आधुनिक व लोकप्रिय माध्यम कौन—सा है?

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. 'भारत के जनसचांर माध्यमों का विकास पर टिप्पणी लिखो।
2. अनुच्छेद लिखो— समाचार पत्र, रेडियों, सिनेमा, टेलीविजन।
3. आज के युग में इंटरनेट का महत्व।

# पत्रकारिता के विविध आयाम

**स्मरणीय बिन्दु –**

1. मनुष्य अपने सहज स्वभाव के कारण अपने आस–पास व दूर की जानकारी रखना चाहता है ज्ञान अर्जित करना चाहता है। उसकी इस जिज्ञासा को शांत करने के लिए ही पत्रकारिता का विकास हुआ है। अतः पत्रकारिता का मूल तत्त्व जिज्ञासा है।

2. पत्रकारिता क्या है ? पत्रकारिता, अंग्रेजी जर्नलिज़म का हिन्दी अनुवाद है। जर्नल शब्द का प्रयोग पत्रिका के लिए होता है मैथ्यू आर्नल्ड के अनुसार–'पत्रकारिता शीघ्रता में लिखे जाने वाला साहित्य है। पत्रकार देश–विदेश की घटनाओं, समस्याओं और सूचनाओं को संकलित कर समाचार रुप में ढाल प्रस्तुत करते हैं। इसी प्रक्रिया को पत्रकारिता कहते हैं।

3. समाचार – हर घटना समाचार नहीं होती। समाचार के रुप में उन्हीं घटनाओं, सूचनाओं और मुद्दों को चुना जाता है। जिन्हें जानने में अधिक से अधिक लोगों की रुचि हो। किसी घटना को समाचार बनने के लिए उसमें नवीनता, जनरुचि, निकटता, प्रभाव जैसे तत्वों का होना आवश्यक है। समाचार किसी भी ऐसी ताजा घटना, विचार या समस्या की रिपोर्ट है जिसमें अधिक से अधिक लोगों की रूचि हो और जिसका प्रभाव अधिक से अधिक लोगों पर पड़े।

4. समाचार के आवश्यक तत्व –

   क) नवीनता – समाचार बनने के लिए 'न्यू' होने पर ही वह न्यूज है। दैनिक समाचार पत्र रात 12 बजे तक के समाचार कवर करता है जो (डेडलाइन) समय सीमा होती है।

   ख) निकटता– लोग उन घटनाओं को जानना चाहते हैं जो भौगोलिक, सामाजिक व सांस्कृतिक रुप में उनसे जुड़ी हो।

   ग) प्रभाव – घटना की तीव्रता उससे पता चलती है कि उससे कितने लोग प्रभावित होते हैं।

   घ) जनरुचि – किसी घटना, विचार या समस्या के समाचार बनने के लिए यह भी आवश्यक है कि आम लोगों की रूची हो।

ड़) टकराव या संघर्ष – लोगों को टकराव या संघर्ष के बारें में स्वाभाविक दिलचस्पी होती है। चुनाव के दिनों में राजनैतिक दलों के संघर्ष में लोग रुचि रखते हैं।

च) महत्वपूर्ण लोग – महत्वपूर्ण लोगों से सम्बन्धित जानकारी में लोग विशेष रुचि रखते हैं।

छ) उपयोगी जानकारी – उपयोगी जानकारियाँ भी समाचार को भूमिका निभाती है इन्हें जानने में आम लोगों की सहन दिलचस्पी होती है।

ज) अनोखापन – अनोखापन लिए हुए घटनाएँ भी समाचार पत्रा में।

झ) विशेष भूमिका निभाती हैं जैसे किसी शुष्क स्थान पर अत्याधिक वर्षा या बाढ़।

ञ) पाठक वर्ग–समाचारीय घटना का महत्त्व इससे भी तय होता है कि खास समाचार का पाठक वर्ग कौन है? पाठक वर्ग की रूचियों और जरूरतों का विशेष ध्यान रखा जाता है।

नीतिगत ढाँचा–विभिन्न समाचार संगठनों की समाचारों के चयन और प्रस्तुति को लेकर एक नीति होती है। इस नीति को 'संपादकीय नीति' कहते हैं। नीतिगत ढाँचा तथा संपादक ही तय करता है कि कौन–सी खबर चुनी जाए तथा उसकी प्रस्तुति किस प्रकार की जाए।

संपादन का अर्थ है किसी समाग्री की अशुद्धियों को दूर करके उसे पठनीय बनाना। उपसंपादक अपने संवाददाता की खबरों की भाषा, व्याकरण वर्तनी तथा तथ्यपरक अशुद्धियों को दूर करके उसे प्रकाशित करने का स्थान तय करता है।

5. **संपादन के सिद्धान्त** – पत्रकारिता को खास बनाए रखने के लिए इन सिद्धान्तों को पालन करना आवश्यक हो जाता है।

**क) निष्पक्षता (फेयरनेस)** – पत्रकार के लिए निष्पक्ष होना जरूरी है। पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है। निष्पक्षता का अर्थ तटस्थता नहीं है। सही–गलत, न्याय–अन्याय को ध्यान में रख किया जाता है।

**ख) तथ्यों की शुद्धता (एक्युरेसी)** – मीडिया या पत्रकारिता यथार्थ का प्रतिबिंब है अतः तथ्यों को तोड़–मोड़ कर नहीं प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

ग) **वस्तुपरकता (आब्जेक्टीविटी)** – एक पत्रकार समाचार के लिए तथ्यों का आकलन अपनी धारणा आधार पर न करें उसका वास्तविक रूप प्रस्तुत करें।

घ) **संतुलन (बैलेंस)** – समाचार को किसी एक पक्ष में झुका नहीं होना चाहिए दोनों पक्षों की बात बराबर लानी चाहिए।

ड़) **स्रोत (सोर्सिंग एट्रीब्यूशन)** – किसी भी समाचार में शामिल की गई सूचना एवं जानकारी का कोई स्रोत होना आवश्यक है। स्रोत का उल्लेख आवश्यक हो जाता है।

6. पत्रकारिता के अन्य आयाम – इनके बिना कोई समाचार, पत्र स्वयं को पूर्ण नहीं मान सकता ।

क) **संपादकीय** – यह समाचार पत्र का सबसे महत्वपूर्ण पृष्ठ होता है। संपादक इस पृष्ठ पर अपनी राय प्रकट करता है। इस पृष्ठ पर विभिन्न विषयों के विशेषज्ञो के लेख होते हैं। संपादक के नाम पत्र भी इसी पृष्ठ पर होते हैं। वह घटनाओं पर आम लोगों की टिप्पणी होती है।

ख) **फोटो पत्रकारिता** – जो बात हजार शब्द स्पष्ट नहीं कर सकते उसे एक फोटो स्पष्ट कर देती हैं यह बहुत प्रभावशाली माध्यम है।

ग) **कार्टून कोना** – कार्टून के माध्यम से की गई धारदार टिप्पणियाँ सीधे पाठक के मन को छूती है ।

घ) **रेखांकन और कार्टोग्राफ** – इनके प्रयोग से शब्दों के बिना ही आँकड़ों को ग्राफ के द्वारा एक नज़र में समझाया जाता है इसका प्रयोग समाचार पत्रों के अलावा टी.वी. में भी होता है।

7. **पत्रकारिता के प्रकार** –

क) **खोजपरक पत्रकारिता** – ऐसी पत्रकारिता जिसमें गहराई से छानबीन करके ऐसे तथ्यों व सूचनाओं को सामने लाने की कोशिश की जाती है, जिन्हें दबाने या छुपाने का प्रयास किया जा रहा हो। आज इसी को स्टिंग ऑपरेशन कहा जाता है।

ख) **विशेषीकृत पत्रकारिता** – संसदीय, न्यायालय (कानून), आर्थिक, खेल विज्ञान, विकास, अपराध, फैशन और फिल्मों से संबंधित पत्रकार उस क्षेत्र की विशेषज्ञता प्राप्त होते हैं

**ग) वॉचडॉग पत्रकारिता** – जब मीडिया सरकार के काम काज पर निगाह रखकर होने वाली गड़बड़ी के पर्दाफाश कर जनता के समक्ष लाती है तो उसे वॉचडॉग पत्रकारिता कहते हैं।

**घ) एडवोकेसी पत्रकारिता** – जब कोई समाचार संगठन किसी मुद्दे को उछाल कर उसके पक्ष में जनमत हासिल करने के लिए अभियान चलाते हैं तो उसे एडवोकेसी या पक्षधर पत्रकारिता कहते है।

**ड़) वैकल्पिक पत्रकारिता** – जो मीडिया स्थापित व्यवस्था के विकल्प को सामने लाने और उसके अनुकूल सोच को अभिव्यक्त करता है उसे 'वैकल्पिक मीडिया' कहा जाता है।

8. एक अच्छे पत्रकार को सफल होने के लिए पत्रकारिता के मूल्यों को ध्यान में रखना पड़ता है। इन्हीं मूल्यों को पत्रकार की बैसाखियाँ कहा जाता है–

क) सच्चाई   ख) संतुलन   3) निष्पक्षता   4) स्पष्टता

9. संपादक मंडल – यह एक संगठन है जिसमें संपादक, संयुक्त संपादक, सहायक संपादक, विशेष संपादक, मुख्य संपादक, उप–संपादक, संवाददाता और प्रूफ रीडर शामिल होते हैं।

10. समाचार माध्यमों का मौजूदा रुझान – व्यापारीकरण के कारण सभी अधिक–से अधिक धन कमाना चाहते हैं। अतः अपने समाचार–पत्र अथवा चैनल को लोकप्रिय बनाने के लिए सनसनी खोज खबरें 'पीत पत्रकारिता' या पेज–थ्री का प्रयोग अधिक से अधिक करते हैं।

11. पत्रकारिता का महत्व –

1) देश–विदेश की गतिविधियों की जानकारी देती है।
2) जनसामान्य को उसके कर्त्तव्य और अधिकारों की जानकारी देती है।
3) रोजगार के अवसर तलाशने में सहायक हैं।
4) राष्ट्रीय चेतना का सशक्त आधार है।
5) युगीन समस्याओं से जनता को जोड़ती है।
6) मानव कल्याण की प्रेरणा देती हैं।

**प्रश्न विचार – लघुत्तरीय प्रश्न –**

1. पत्रकारिता से आप क्या समझते हैं?
2. पत्रकारिता के मूल में कौन–सा भाव होता है?
3. समाचार क्या है?
4. समाचार के मुख्य तत्व कौन–कौन से हैं?
5. समाचार के संदर्भ में डेडलाइन से क्या तात्पर्य है?
6. संपादन के प्रमुख सिद्धान्त कौन–कौन से हैं?
7. वस्तुपरकता एवं तथ्यपरकता में क्या अंतर है?
8. पत्रकार के लिए निष्पक्ष होना क्यों आवश्यक है?
9. पत्रकारिता कितने प्रकार की होती है? उनके नाम लिखिए।
10. पीत पत्रकारिता क्या है?
11. 'न्यूज' का क्या अर्थ है?
12. 'संपादन' से आप क्या समझते हैं?
13. संपादकीय नीति से क्या अभिप्राय है?
14. फोटो पत्रकारिता का क्या महत्व है?
15. स्टिंग ऑपरेशन का क्या आशय है?
16. पत्रकारिता में विशेषज्ञता के प्रमुख क्षेत्र कौन–कौन से हैं?
17. वॉचडॉग पत्रकारिता का क्या तात्पर्य है?
18. एक सफल पत्रकार को किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।
19. पत्रकार की बैसाखियाँ किन्हें माना जाता है?
20. भारत में इंटरनेट पत्रकारिता की शुरूआत कब हुई?

**दीर्घ उत्तर दो –**

1. समाचार किसे कहा जाता है? समाचार के तत्वों पर प्रकाश डालिए।
2. संपादन के सिद्धान्तों पर प्रकाश डालिए।
3. पत्रकारिता के अन्य आयाम बताइए।

**पीत पत्रकारिता**– यह पत्रकारिता सनसनी फैलाने का कार्य करती है। पीत पत्रकारिता में अखबार अफवाहों, व्यक्तिगत आरोपों–प्रत्यारोपों, प्रेम संबंधों, भंडाफोड़ और फिल्मी गपशप को समाचार की तरह प्रकाशित करते हैं।

**पेज़ थ्री**–इसमें फैशन, अमीरों की पार्टियों, महफिलों और जाने–माने लोगों के निजी जीवन के बारे में बताया जाता है। यह आमतौर पर पृष्ठ तीन पर प्रकाशित होती है। इसलिए इसे पेज़ थ्री पत्रकारिता कहते हैं। आजकल इसकी पृष्ठ संख्या अलग भी हो सकती है।

**डेडलाइन**–समाचार माध्यमों में किसी समाचार को प्रकाशित या प्रसारित होने के लिए पहुँचने की आखिरी समय–सीमा को डेडलाइन (समय–सीमा) कहते हैं।

**न्यूज़पेग**–किसी मुद्दे पर लिखे जा रहे लेख या फीचर में उस नवीनतम घटना का उल्लेख जिसके कारण वह मुद्दा चर्चा में आ गया हो।

# डायरी लिखने की कला

**स्मरणीय बिन्दु –**

1. डायरी क्या है? – डायरी एक मोटी जिल्दवाली नोटबुक होती है जिसके पन्नों पर साल के 365 दिनों की तिथियाँ क्रम से सजी होती हैं और हर पृष्ठ पर खाली जगह छूटी होती है। जिसे हम सूचनाओं या निजी बातों को दर्ज करने के लिए करते हैं।

2. डायरी एक व्यक्तिगत दस्तावेज है जिसमें हम अपने जीवन के कुछ विशेष क्षणों में घटित अनुभवों, विचारों, घटनाओं, मुलाकातों आदि का विवरण लिखते हैं।

3. डायरी–लेखन नितांत निजी स्तर पर घटित घटनाओं और उससे संबंधित बौद्धिक –भावनात्मक समस्त प्रतिक्रियाओं का लेखा–जोखा है। जिस बात को हम दुनिया में किसी और व्यक्ति के सामने नहीं कह सकते उन्हें डायरी में लिखते हैं।

4. डायरी–लेखन में हम खुद को बेहतर तरीके से समझ पाते हैं तथा अपने अंदर अनजाने में जमा हो रहे भार से मुक्त होते हैं इससे हमें अपने गुणों और अवगुणों का ज्ञान होता है जो हमारी कमियों को दूर करने में सहायक होता है।

5. डायरी–लेखन हमें अपने अंतरंग के साथ साक्षात्कार करने का अवसर प्रदान करता है। डायरी के माध्यम से हम अपने अतीत को स्मरण कर सकते हैं

6. डायरी लिखते समय कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है –डायरी लिखना अपने साथ एक अच्छी दोस्ती कायम करने का बेहतरीन ज़रिया है। डायरी या तो किसी नोटबुक में या पुराने साल की डायरी में लिखी जानी चाहिए। पुराने साल की डायरी में पहले की छपी हुई तिथियों की जगह अपने हाथ से तिथि डालनी चाहिए।

7. कुछ प्रसिद्ध डायरियाँ और उनके लेखक

   क) द् डायरी ऑफ अ यंग गर्ल – एनी फ्रैंक

   ख) एक साहित्यकार की डायरी– गजानन माधव मुक्तिबोध

   ग) पैरों में पंख बाँध कर – राम वृक्ष बेनीपुरी

   घ) रुस में पच्चीस मास– राहुल सांकृत्यायन

   ड़) सुदूर दक्षिण पूर्व – सेठ गोविंद दास

   च) हरी घाटी – डॉ. रघुवंश

## बोधात्मक प्रश्न

## लघुत्तरीय प्रश्न

**प्रश्न–विचार**

1. डायरी–लेखन क्या है?
2. डायरी हमारा किससे साक्षात्कार करती है?
3. किन्हीं दो प्रसिद्ध डायरियों एवं उनके लेखकों के नाम लिखिए।
4. 'रूस में पच्चीस मास' किसकी रचना है?
5. डायरी–लेखक की भाषा–शैली कैसी होनी चाहिए?
6. डायरी किस समय लिखनी चाहिए।
7. ऐनी फ्रैंक का जन्म कहाँ हुआ था?
8. ऐनी फ्रैंक की डायरी किस नाम से प्रकाशित हुई ?
9. ऐनी की डायरी में कब से कब तक का वर्णन किया गया है?
10. ऐनी फ्रैंक की मूल डायरी किस भाषा में लिखी गई है। इस डायरी की प्रसिद्धि का मुख्य कारण क्या है?
11. डायरी लिखते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

# कथा–पट कथा

**स्मरणीय बिन्दु –**

1. पटकथा शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है 'पट' और 'कथा' पट का अर्थ है परदा और कथा का अर्थ है कहानी जो छोटे यानी दूरदर्शन या बड़े परदे यानी फिल्म किसी पर भी दिखाई जाए पटकथा कहलाती है। फिल्म व टी.वी. की पटकथा की संरचना नाटक की संरचना से बहुत मिलती है। अंग्रेजी में इसे भी स्क्रीनप्ले कहते हैं। पटकथा लेखक, पत्रकार एवं साहित्यकार मनोहर श्याम जोशी ने अपनी पुस्तक 'पटकथा लेखन–एक परिचय में लिखा है–

   ''पटकथा कुछ और नहीं कैमरे से फिल्म के परदे पर दिखाए जाने के लिए लिखी गई कथा है।

2. पटकथा के स्रोत – पटकथा तैयार करने के लिए सबसे पहले कथा का चयन किया जाता है यह कथा हमारी जिंदगी, कोई घटना, इतिहास अथवा किसी सच्चे किस्से या साहित्य की किसी अन्य विद्या पर आधारित होती हैं।

3. पटकथा की संरचना – अंग्रेजी के शब्द स्क्रीन प्ले 'पटकथा' के निम्न अंग होते हैं –

   1) पात्र–नायक प्रतिनायक होते हैं।

   2) इसमें द्वन्द्व–टकराहट और फिर समाधान होता है।

   3) इसमें अलग–अलग घटनास्थल होते हैं।

   4) इसमें दृश्य भी होते हैं।

4. नाटक और फिल्म की पटकथा में अन्तर –

   क) नाटक के दृश्य लम्बे होते हैं फिल्म के छोटे।

   ख) नाटक के घटनास्थल सीमित होते हैं फिल्म के असीमित।

   ग) नाटक एक सजीव कला माध्यम है।

   घ) नाटक में कथा का विकास रेखीय होता है फिल्म में विकास कई प्रकार से होता है।

5. फ्लैश बैक / फ्लैश फॉरवर्ड – फ्लैश बैक वह तकनीक हैं जिसमें अतीत में घटी किसी घटना को दिखाया जाता है। फ्लैश फॉरवर्ड में भविष्य में होने वाली किसी घटना को पहले दिखा देते हैं। फ्लैश बैक और फ्लैश फॉरवर्ड दोनों युक्तियों का प्रयोग करने के बाद हमें वर्तमान में आना जरूरी है। पटकथा की मूल इकाई दृश्य होता है।

6. पटकथा लेखन में कंप्यूटर की भूमिका – वर्तमान समय में पटकथा लेखन में कम्प्यूटर का प्रयोग होने लगा है। कम्प्यूटर पर ऐसे सॉफ्टवेयर आ गए हैं जिनमें पटकथा का प्रारुप बना बनाया आता है। सॉफ्टवेयर पटकथा में सुधार लाने के सुझाव भी प्रस्तुत करता है, इन्हें मानना न मानना लेखक की इच्छा पर निर्भर है।

7. शरत् चंद्र चट्टोपाध्याय के प्रसिद्ध उपन्यास देवदास पर कई फिल्म बन चुकी हैं। मुंशी प्रेमचंद, फणीश्वरनाथ रेणु, धर्मवीर भारती तथा मन्नू भंडारी आदि की रचनाओं पर फिल्में एवं टी.वी. धरावाहिक बन चुके हैं।

8. सिनेमा, टेलीविज़न दोनों ही माध्यमों के लिए बनने वाली फिल्में या धारावाहिकों का मूल आधार पटकथा ही होती हैं

**प्रश्न विचार–**

1. समाचार के मुख्य तत्त्व कौन–कौन से हैं?
2. 'पटकथा' शब्द किन दो शब्दों से मिलकर बना है?
3. पटकथा का स्रोत क्या है?
4. 'फ्लैश बैक' तकनीक क्या है?
5. 'पटकथा लेखन–एक परिचय' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
6. किन्हीं दो लेखकों एवं उनकी रचनाओं के नाम लिखिए जिन पर फिल्म बनी हैं।
7. किसी एक लेखक एवं उसकी रचना का नाम लिखिए जिस पर टी.वी. धारावाहिक बना हो।
8. नाटक और पटकथा के दृश्यसें में क्या अन्तर है?
9. पटकथा की मूल इकाई क्या है?
10. पटकथा लेखन में कम्प्यूटर का एक लाभ बताइए।
11. 'स्क्रीनप्ले' से आप क्या समझते हैं?
12. पटकथा में दृश्य बदलने पर कौन से शब्दों का प्रयोग किया जाता है?
13. नाटक और पटकथा की संरचना में क्या समानताएँ होती है?
14. नाटक और पटकथा में क्या अन्तर है?

# कार्यालयी लेखन और प्रक्रिया

**स्मरणीय बिन्दु –**

1. सरकारी पत्र औपचारिक पत्र की श्रेणी में आते हैं।

2. प्रायः ये पत्र एक कार्यालय, विभाग अथवा मंत्रालय से दूसरे कार्यालय, विभाग या मंत्रालय को भेजे जाते हैं।

   पत्र के शीर्ष पर कार्यालय, विभाग या मंत्रालय का नाम व पता लिखा जाता हैं पत्र के बाईं तरफ संख्या लिखी जाती हैं जिसे पत्र लिखा जा रहा है, उसका नाम पता भी बाईं ओर लिखा जाता है। 'सेवा में' का प्रयोग कम होता जा रहा है। पत्र के अंत में बाईं ओर प्रेषक का पता और तारीख दी जाती है और 'भवदीय' का प्रयोग कर नीचे भेजने वाले के हस्ताक्षर होते हैं।

3. सरकारी कार्यालयों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इन पात्रों को कई श्रेणियों में बाँटा गया है। हर श्रेणी के पत्र के लिए एक विशेष स्वरूप निर्धारित कर दिया गया है।

4. मुख्य टिप्पणीं (नोटिंग) – किसी भी विचाराधीन पत्र अथवा प्रकरण को निपटाने के लिए उस पर जो राय, मत, आदेश या निर्देश दिया जाता है उसे टिप्पणी कहते हैं टिप्पणी लिखने की प्रक्रिया को हम टिप्पण (नोटिंग) कहते हैं। टिप्पण मुख्यतः दो प्रकार के होते हैं– सहायक स्तर पर टिप्पण, अधिकारी स्तर पर टिप्पण ।

5. टिप्पण का उद्देश्य मामलों को नियमानुसार निपटाना है।

6. आरंभिक टिप्पण में सहायक विचाराधीन मामले का संक्षिप्त ब्यौरा देते हुए उसका विवेचन करता है। कार्यालय में टिप्पण के कार्य अधिकतर सहायक स्तर पर होता है।

7. टिप्पणी अपने आप में पूर्ण एवं स्पष्ट होनी चाहिए। टिप्पणी संक्षिप्त, विषय–संगत, तर्कसंगत और क्रमबद्ध होनी चाहिए।

8. टिप्पणी सदैव अन्य पुरुष में लिखी जाती है।

9. आनुषंगिक टिप्पण – सहायक टिप्पण को संबंधित अधिकारी को भेजा जाता है। अगर संबंधित अधिकारी उस टिप्पण से सहमत होता है तो टिप्पण के नीचे केवल हस्ताक्ष्र कर देता है। अथवा 'मैं उपर्युक्त टिप्पणी से सहमत हूँ' लिखता है। टिप्पणी पर संबंधित अधिकारी का मत आनुषंगिक टिप्पणी कहलाता है। यदि अधिकारी है तो वह टिप्पणी को काटने, बदलने या हटाने का कार्य नहीं करता अपितु केवल अपनी असहमति व्यक्त करता है। आनुषंगिक टिप्पणी प्रायः संक्षिप्त होती है लेकिन असहमति की स्थिति में टिप्पणी बड़ी भी हो सकती है।

10. स्मरण पत्र – इसे अनुस्मारक (रिमांइडर) भी कहा जाता है। जब किसी पत्र, ज्ञापन इत्यादि का उत्तर समय पर प्राप्त न हो तो याद दिलाने के लिए अनुस्मारक भेजा जाता है। इसे स्मरण पत्र भी कहते हैं। इसका प्रारूप तो औपचारिक पत्र की तरह होता है। पर आकार छोटा होता है यदि एक से अधिक अनुस्मारक भेजे जाते हैं तो उन्हें अनुस्मारक 1 , 2, 3 इत्यादि लिखें।

11. अर्धसरकारी पत्र– अर्ध सरकारी–पत्र में अनौपचारिकता का पुट होता है। इसमें मैत्री भाव होता है यह पत्र तब लिखे जाते हैं जब लिखने वाला अधिकारी संबंधित अधिकारी को व्यक्तिगत स्तर पर जानता हो या परामर्श लेना चाहता हो। इसके लेखन के लिए लेटर पैड का प्रयोग होता है सबसे ऊपर बाईं ओर प्रेषक का नाम, पता और पदनाम होता है। पत्र का प्रारंभ श्री/श्रीमान/प्रिय इत्यादि से हो सकता है। पत्र के अंत में 'भवदीय' के स्थान पर 'आपका' शब्द प्रयोग किया जाता है। तत्पश्चात् संबोधित अधिकारी का नाम, पदनाम और पूरा पता दिया जाता है।

12. प्रेस विज्ञाप्ति (प्रेस रिलीज़) – कोई व्यक्ति या संस्थान किसी विषय या बैठक में जो निर्णय लेता है, उसे प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसामान्य तक पहुँचाया जाता है।

13. परिपत्र (सर्कुलर) – सरकारी या निजी संस्थान में जो निर्णय लिए जाते हैं उन्हें लागे करने के लिए अधीनस्थ कार्यालयों को परिपत्र जारी किया जाता है। जिसमें निर्णय को कार्यान्वित करते के निर्देश भी होते हैं।

14. कार्यसूची – विभिन्न संस्थाओं और कार्यालयों में विभिन्न विषयों में विचार–विमर्श कर निर्णय में पहुँचने के लिए कई समितियों का गठन किया जाता है। इन समितियों में अध्यक्ष, सचिव के अतिरिक्त अन्य सदस्य भी होते हैं। जब किसी विषय पर विचार–विमर्श करना ही अथवा निर्णय लेना हो तो समिति के सब सदस्य एक निश्चित समय में पूर्व निश्चित स्थान पर बैठक का आयोजन करते हैं बैठक प्रारंभ होने से पहले विचारणीय मुद्दों की एक क्रमवार सूची बनाई जाती है जिसे कार्यसूची (ऐजेंडा) कहते हैं।

15. कार्यसूची का निर्माण इसलिए किया जाता है ताकि केवल उन विषयों पर चर्चा की जाए जो विचारणीय हैं। इससे समय की तो बचत होती ही है साथ में विषय से भटकने की स्थिति नहीं आती।

16. बैठक का संचालन सचिव करता है।

17. कार्यवृत्त – कार्यसूची में दिए गए मुद्दों को सचिव बैठक में प्रस्तुत करता है समिति के अध्यक्ष की उपस्थिति में सभी सदस्य विचारणीय मुद्दों पर अपने–अपने विचार व्यक्त करते हैं। विचार –विमर्श के बाद निर्णय लेते हैं प्रत्येक मुद्दे पर किया गया विचार विमर्श एवं निर्णय ही कार्यवृत्त है।

# प्रतिवेदन

**स्मरणीय बिन्दु –**

1. 'प्रतिवेदन' शब्द 'प्रति' 'उपसर्ग' और 'विद्' धातु के योग से बना है। इसका अर्थ है सम्यक् अर्थात् पूरी जानकारी। इस प्रकार 'प्रतिवेदन' से अभिप्राय अनुभव से युक्त विभिन्न तथ्यों का विस्तृत लेखा–जोखा है।
2. प्रायः रिपोर्ट एवं प्रतिवेदन को समान अर्थ में ले लिया जाता है किंतु 'प्रतिवेदन' शब्द का अर्थ, स्वरूप और विषय वस्तु रिपोर्ट से काफी भिन्न है जैसे–पुलिस को घटना की रिपोर्ट दी जाती है, डाक्टर मरीज की रिपोर्ट पढ़ता है, संवाददाता समाचार के लिए रिपोर्ट लिखता है। यहाँ पर रिपोर्ट का अर्थ सामान्य विवरण से हैं जबकि 'प्रतिवेदन' किसी घटना, कार्ययोजना इत्यादि का अनुभव और तथ्यों से परिपूर्ण विवरण है जो लिखित रूप से प्रस्तुत किया जाता है। इसमें कार्य विशेष की जानकारी तो दी जाती है, साथ ही विभिन्न आंकड़ों आदि के माध्यम से निष्कर्ष, सुझाव और संस्तुतियाँ भी दी जाती हैं।
3. प्रतिवेदन दो प्रकार के होते हैं। जब सरकार या किसी संस्था अथवा विशिष्ट अधिकारी के आदेशानुसार किसी कार्य विशेष के बारें में प्रतिवेदन तैयार किया जाता है उसे औपचारिक प्रतिवेदन तैयार किया जाता है। उसे औपचारिक प्रतिवेदन कहते हैं इसका वस्तुनिष्ठ और तथ्यात्मक होना अनिवार्य है। अनौपचारिक प्रतिवेदन किसी व्यक्ति विशेष का अपना अध्ययन एवं निष्कर्ष है। समाचारपत्रों में इस प्रकार के प्रतिवेदन प्रकाशित होते रहते हैं। इसमें अकेला व्यक्ति ही उत्तरदायी होता है।
4. प्रतिवेदन–लेखन के लिए कुछ बातों पर ध्यान देना आवश्यक है।

   1) रूपरेखा पहले बनानी चाहिए। 2) तथ्यों का संकलन

   3) विवेकपूर्ण, निष्पक्ष अध्ययन 4) विचारों की प्रामाणिकता

   5) विषय केन्द्रित अध्ययन 6) सही निर्णय

   7) अनावश्यक विस्तार से बचें।

**बोधात्मक प्रश्न –**

1. प्रतिवेदन से आप क्या समझते हैं?
2. प्रतिवेदन एवं रिपोर्ट में अंतर स्पष्ट कीजिए।
3. प्रतिवेदन के संदर्भ में निष्कर्ष से क्या अभिप्राय है।
4. एक अच्छा प्रतिवेदन प्रस्तुत करते समय किन–किन बातों पर ध्यान रखना चाहिए?
5. प्रतिवेदन कितने प्रकार के होते हैं? स्पष्ट कीजिए।

**प्रतिवेदन का प्रारूप–1**

1. विद्यालय के शैक्षिक विकास और उन्नति को ध्यान में रखते हुए प्रधानाचार्य ने एक समिति का गठन किया। जाँच एवं अध्ययन के पश्चात समिति की ओर से प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए।

उत्तर– विद्यालय के शैक्षिक विकास और उन्नति के लिए 1 अगस्त 2016 को विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रामसिंह जी ने एक समिति का गठन किया था। जिसमें निम्नलिखित सदस्य थे–

1) श्रीमती दीपा पाण्डे, शिक्षाविद् एवं सचिव
2) श्रीमती कांता, वरिष्ठ शिक्षिका हिंदी (सदस्य)
3) श्री अरूण कुमार, शारीरिक शिक्षक (सदस्य)
4) कु. उमा, वरिष्ठ अध्यापिका विज्ञान (सदस्य)
5) श्री संतोष कुमार, वरिष्ठ अध्यापक गणित (सदस्य)

समिति ने इस दिशा में अध्ययन किया कि वर्तमान में विद्यालय का विकास एवं उन्नति उस गति से नहीं हो रही है जैसी अपेक्षित थी। अध्ययन के अनुसार निम्नलिखित क्षेत्रों में कार्य करके स्थिति को सुधारा जा सकता हैः–

1. विद्यालय में मूलभूत सुविधाएँ यथा –पीने का पानी, स्वच्छ शौचालय इत्यादि की उचित व्यवस्था की जाए।
2. विद्यालय में कम्प्यूटर शिक्षा का प्रावधान है परंतु शिक्षकों की कमी ने उसे अवरूद्ध कर दिया है। अतः शीघ्रातिशीघ्र कम्प्यूटर शिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए।
3. विद्यालय के पुस्तकालय एवं शारीरिक शिक्षा कक्षा में विद्यार्थियों के अनुरूप पुस्तकें एवं खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाए तथा बच्चों से उनका समुचित उपयोग कराया जाए।
4. छात्रों के विकास के लिए अभिभावकों से सतत् संपर्क रखा जाए।
5. नैतिक शिक्षा के वर्धन के लिए प्रार्थना–सभा एंव सदन व्यवस्था से माध्यम से बच्चों को प्रेरित किया जाए।
6. प्रत्येक तीन माह के पश्चात् उपर्युक्त सुझावों की प्रगति की समीक्षा की जाये।

दिनां क – 1 अगस्त 2016

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर |
| सचिव | सदस्य | सदस्य | सदस्य | सदस्य |

**प्रतिवेदन का प्रारूप–2**

दिल्ली में स्वच्छता अभियान चलाने से पूर्व एक समिति का गठन किया गया। समिति द्वारा दिए प्रतिवेदन को लिखिए।

दिल्ली में स्वच्छता अभियान चलाने व ''हमारी दिल्ली स्वच्छ दिल्ली'' के नोट को सार्थक बनाने हेतु, समिति का गठन किया गया।

जिसमें निम्न सदस्य थे–

1. श्रीमती प्रभा (सचिव)
2. श्रीमती उमा (अध्यक्ष)
3. श्रीमती रेखा (सदस्य)
4. श्री मुकेश (सदस्य)
5. श्री संतोष (सदस्य)

समिति ने इस दिशा में निम्न प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

हमारी दिल्ली का ऐतिहासिक व प्राचीन महत्त्व है। इसकी स्वच्छता का ध्यान रखना अनिवार्य है। अतः हमें निम्न प्रयास करने चाहिए–

1. सड़कों की चौड़ाई जहाँ संभव है बढ़ा देनी चाहिए व नालियों को गहरी व पक्की किया जाना चाहिए।
2. धार्मिक स्थलों पर चढ़ाई गई फूल मालाओं, पत्तों, छिलकों आदि को इधर–उधर न फेंक कर मिट्टी में दबाकर खाद बनाने के लिए प्रयुक्त किया जाए।
3. सड़कों के किनारों पर कुछ–कुछ दूरी पर कूड़ेदानों का प्रबंध किया जाना चाहिए।
4. टूटी सड़कों की मरम्मत होनी चाहिए।
5. सड़क के किनारे पेड़–पौधे व चौराहों पर आकर्षक मूर्तियाँ आदि लगाई जाए।
6. बिजली के तारों को भूमिगत किया जाए।
7. पुराने जर्जर होती इमारतों की रख–रखाव हेतु पुरातत्व विभाग की सेवाएं प्राप्त करें।
8. प्रत्येक दो माह के पश्चात् उपर्युक्त सुझावों की प्रगति की समीक्षा की जाए।

दिनांक : 12 अप्रैल 20........

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर |
| अध्यक्ष | सचिव | सदस्य | सदस्य | सदस्य |

# स्ववृत्त लेखन

**स्मरणीय बिन्दु –**

1. 'स्ववृत्त' से अभिप्राय अपने विवरण से है। यह एक बना–बनाया प्रारूप होता है, जिसे विज्ञापन के प्रत्युत्तर में आवेदन पत्र के साथ भेजा जाता है।

2. नौकरी के संदर्भ में स्ववृत्त की तुलना एक उम्मीदवार के दूत या प्रतिनिधि से की जाती है। अभिप्राय यह है कि स्ववृत्त का स्वरूप उसे प्रभावशाली बनाता है।

3. एक अच्छा स्ववृत्त नियुक्तिकर्ता के मन में उम्मीदवार के प्रति अच्छी और सकारात्मक धारणा उत्पन्न करता है।

4. नौकरी में सफलता के लिए योग्यता और व्यक्ति के साथ–साथ स्ववृत्त निर्माण की कला में निपुणता भी आवश्यक है।

5. स्ववृत्त में किसी विशेष प्रयोजन को ध्यान में रखकर सिलसिलेवार ढंग से सूचनाएँ संकलित की जाती है।

6. स्ववृत्त में दो पक्ष होते हैं पहला पक्ष वह व्यक्ति है जिसका केन्द्र में रखकर सूचनाएँ संकलित की जाती है दूसरा पक्ष नियोजन का है।

7. स्ववृत्त में ईमानदारी होनी चाहिए। किसी भी प्रकार के झूठे दावे या अतिशयोक्ति से बचना चाहिए।

8. अपने व्यक्तित्व, ज्ञान और अनुभव के सबल पहलुओं पर जोर देना चाहिए।

9. स्ववृत्त का आकार अति संक्षिप्त अथवा जरूरत से ज्यादा लंबा नहीं होना चाहिए।

10. स्ववृत्त का आकार अति संक्षिप्त अथवा जरूरत से ज्यादा लंबा नहीं होना चाहिए।

11. स्ववृत्त साफ–सुथरे ढंग से टंकित या कम्प्यूटर–मुद्रित अथवा सुंदर–लेखन में होना चाहिए । स्ववृत्त में सूचनाओं को अनुशासित क्रम में लिखना चाहिए तथा व्यक्ति –परिचय, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, प्रशिक्षण, उपलब्धियाँ, कार्येत्तर गतिविधियाँ इत्यादि।

12. परिचय में नाम, जन्मतिथि, उम्र, पत्र–व्यवहार का पता, टेलीफोन नंबर ई–मेल इत्यादि लिखे जाते हैं।

13. शैक्षिक योग्यता में विद्यालय का नाम, बोर्ड या विश्वविद्यालय का नाम, परीक्षा का वर्ष, प्राप्तांक, प्रतिशत तथा श्रेणी का उल्लेख करना आवश्यक है।

14. कार्येत्तर गतिविधियों का उल्लेख अन्य उम्मीदवारों से अलग पहचान दिलाने में समर्थ होता है।

15. स्ववृत्त में विज्ञापन में वर्णित योग्याताओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए थोड़ा–बहुत परिवर्तन किया जा सकता है।।

**प्रश्न–विचार**

1. स्ववृत्त से आप क्या समझते हैं?
2. उम्मीदवार के चयन में स्ववृत्त किस प्रकार सहायक होता है?
3. एक अच्छे स्ववृत्त में क्या–क्या विशेषताएँ होती है?
4. स्ववृत्त में अन्य योग्यताओं के अतिरिक्त कार्येत्तर गतिविधियां की चर्चा करना क्यों आवश्यक है?
5. स्ववृत्त निर्माण की कला में निपुण होना क्यों आवश्यक है?

नोट– स्ववृत्त का प्रारूप 'पत्र–लेखन' शीर्षक के अंतर्गत आवेदन पत्र में देखें।

## प्रेस विज्ञप्ति

भारतीय रिज़र्व बैंक बोर्ड

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक से जुड़े सभी कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि

भारतीय रिज़र्व बैंक बोर्ड ने अपनी बैठकों में एकमत से यह निर्णय लिया कि बैंक के सभी कर्मचारियों के वेतन में तत्काल प्रभाव से वृद्धि की जाए।

ध्यान दें कि इसके पूर्व बैंक कर्मचारियों के वेतन में सन् 2012 में वृद्धि की गई थी। पिछले कुछ समय से कर्मचारियों द्वारा यह शिकायत की जा रही है, कि बैंक द्वारा दिया जाने वाला वेतन बहुत कम है और यही कारण है कि युवा वर्ग बैंकों में कार्य नहीं करना चाहता।

कर्मचारियों की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने वेतन की दरों में वृद्धि को मंजूरी देते हुए यह विश्वास व्यक्त किया है कि इससे युवा वर्ग प्रोत्साहित होगा और बैंक द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

# परिपत्र

अखिल भारतीय साहित्य एवं संस्कृति संस्थान

महानिदेशालय

पत्रांक 25 / 14 / प्र 2019 नई दिल्ली 30 मई 2019

**परिपत्र**

विषय : मोबाइल फोन पर होने वाले व्यय के लिए निर्धारित सीमा

महानिदेशालय ने उपर्युक्त विषय पर दिनांक 23 नवम्बर, 2018 को एक समसंख्यक परिपत्र जारी किया था।

उपर्युक्त परिपत्र द्वारा मोबाइल फोन पर होने वाले व्यय की सीमा दो हजार रूपए प्रतिमाह निर्धारित की गई थी।

अखिल भारतीय साहित्य एवं संस्कृति बोर्ड द्वारा इस सीमा पर पुनःविचार किया गया तदनुसार उपर्युक्त परिपत्र में आंशिक संशोधन करते हुए यह निर्णय किया गया कि दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालय के लिए यह सीमा 6 हजार रूपए प्रतिमाह होगी।

उपर्युक्त परिपत्र के अन्य प्रावधान पूर्ववत् रहेंगे। यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

/–

**रमा शंकर गौंड**

# कार्यसूची (Agenda)

**अभ्यास** – 20 मई 2016 को विद्यालय में वार्षिकोत्सव के संदर्भ में एक बैठक होनी निश्चित हुई है। बैठक से पूर्व विचारणीय बिन्दुओं पर कार्यसूची बनाइए।

रा. बा. व. मा. विद्यालय–सांस्कृतिक समिति की बैठक

दिनाँक – 20 मई 2016

बैठक समय – प्रातः 10 बजे

स्थल – विद्यालय सभागार

**कार्यसूची–**

1. पिछली (पाँचवी) बैठक के कार्यवृत्त की संपुष्टि।
2. पिछली बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा।
3. वार्षिकोत्सव में होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर चर्चा ।
4. मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि निमंत्रण पर चर्चा।
5. विद्यालय प्रबन्धन समिति (एस. एम. सी.) से सुझाव।
6. वार्षिकोत्सव पर होने वाले व्यय पर चर्चा।
7. प्रधानाचार्या की अनुमति से किसी भी अन्य विषय पर चर्चा ।
8. जलपान/भोज के आयोजन पर विचार।
9. धन्यवाद ज्ञापन।

**हस्ताक्षर**

**सचिव, सांस्कृतिक समिति**

# कार्यसूची

विद्यालय में स्वच्छता की स्थिति पर चर्चा के लिए विद्यालय प्रबंध समिति (SMC) की बैठक होनी है। बैठक के लिए कार्यसूची तैयार कीजिए।

बैठक की तिथि : 15 जुलाई, 2019

समय : प्रातः 10 बजे

स्थान : प्रधानाचार्य कक्ष

**कार्यसूची–**

1. समिति के सदस्यों का स्वागत।
2. पिछली बैठक के कार्यवृत्त की संपुष्टि।
3. विद्यालय में स्वच्छता की स्थिति पर चर्चा।
4. 'स्वच्छता समिति' का गठन
5. 'स्वच्छता समिति' से मासिक रिपोर्ट लेना।
6. खर्च के लिए धन की व्यवस्था।
7. जलपान
8. धन्यवाद ज्ञापन।

**हस्ताक्षर**

**सचिव**

**विद्यलाय प्रबंध समिति**

**विद्यालय का नाम, पता।**

# कार्यवृत्त

प्रश्न विद्यालय की सांस्कृतिक समिति की 26 मई 2016 को संपन्न हुई थी। उसमें जिन विषयों पर चर्चा हुई जो निर्णय लिए गए–उनके कार्यवृत्त का नमूना।

विद्यालय नई सीमा पुरी दिल्ली की सांस्कृतिक समिति की बैठक का

**कार्यवृत्त का नमूना–1**

विद्यालय नई सीमा पुरी दिल्ली की सांस्कृतिक समिति की बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 26 मई 2016 को छठी बैठक सम्पन्न हुई। सांस्कृतिक समिति की इस बैठक की अध्यक्षता उप–प्रधानाचार्या श्रीमती कमला सिंह ने की। बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों की सूची इस प्रकार है :–

1. विजय लक्ष्मी सिंह (सचिव)
2. भारती (सदस्य)
3. पूनम शर्मा (सदस्य)
4. मीनू शर्मा (सदस्य)
5. सारिका नेहरू (सदस्य)
6. सरिता (सदस्य)
7. नरेन्द्र गुजराल (एस.एम.सी. सदस्य)
8. राजन्द्र चन्देला (एस.एम.सी. सदस्य)

कार्यवाही का आरम्भ अध्यक्षा द्वारा अपने सभी सदस्यों का स्वागत करने से हुआ। इसके पश्चात् उन्होंने अपने अनुभवों से अवगत कराया जिससे हम अपने वार्षिकोत्सव को अधिक प्रभावशाली और सफल बना सकते हैं।

सामान्य चर्चा के बाद बैठक की कार्यसूची में वर्णित विषयों पर विचार विमर्श हुआ जिसका संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :–

1. पाँचवी बैठक के कार्यवृत्त प्रस्तुत किया गया । सदस्यों ने सर्व सर्वसम्पति से इस कार्यवृत्त की संपुष्टि की।
2. पिछली बैठकों में लिए गए निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा। समिति ने पिछली बैठक में लिए निर्णयों के अनुपालन संबंधी प्रतिवेदन की विस्तार से समीक्षा की।

समिति ने अधिकांश निर्णयों के अनुपालन पर संतोष व्यक्त किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि जो अनुपालन शेष हो उन्हें अगली बैठक से पहले कार्यान्वित कर देना चाहिए।

3. समिति ने निर्णय लिया कि वार्षिकोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम संक्षिप्त एवं शिक्षाप्रद हो। लघु नाटिका एवं लोकनृत्यों की महत्ता पर चर्चा हुई। अनेक लोकनृत्यों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुत किए जाने की बात स्वीकार की गई।

4. अतिथियों को निमंत्रित किए जाने पर चर्चा हुई और निर्णय लिया गया कि शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले किसी व्यक्ति को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया जाये।

5. एस.एम.सी. से समस्त कार्यक्रम पर सुझाव माँगे गए। कार्यक्रम पर समिति के दोनों सदस्यों ने अपनी सहमति जताई।

6. वार्षिकोत्सव पर होने वाले व्यय को प्रधानाचार्या जी ने बढ़ाने की स्वीकृति दी ताकि छात्राओं को उत्तम खाद्य सामग्री वितरण की जा सके।

7. प्रधानाचार्या की अनुमति से विद्यालय स्वच्छता पर भी चर्चा हुई। अगली बैठक 13 जुलाई 2016 को होगी।

| **हस्ताक्षर** | **हस्ताक्षर** |
|---|---|
| 1 अध्यक्ष | सचिव |
| 1 सदस्य | |
| 1 सदस्य | |

# कार्यवृत्त–2

सर्वोदय विद्यालय, अशोक विहार में 20 सितंबर, 20......... को 'वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन समिति' की बैठक सम्पन्न हुई। उसमें जिन विषयों पर चर्चा हुई जो निर्णय लिए गए उनके कार्यवृत्त का नमूना।

सर्वोदय विद्यालय, अशोक विहार, नई दिल्ली की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजन समिति की बैठक का कार्यवृत्त :

विद्यालय के प्रधानाचार्य कक्ष में दिनांक 20 सितंबर, 20...... को प्रातः 10 बजे वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन से संबंधित बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों की सूची इस प्रकार है–

1. श्रीमती सीमा (प्रधानाचार्या)
2. कु. नीलम (शारीरिक शिक्षक)
3. गरिमा (सचिव)
4. यामिनी (सदस्य)
5. सरिता (सदस्य)
6. श्रीमती लता (शिक्षक सदस्य)
7. प्रीति (एस.एम.सी. सदस्य)
8. कमला देवी (एस.एम.सी. सदस्य)

बैठक प्रारंभ करने से पूर्व प्रधानाचार्य ने सभी सदस्यों का स्वागत किया व पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर बातचीत।

सामान्य चर्चा के पश्चात् सचिव द्वारा बैठक में बताया गया कि विद्यालय का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का प्रस्ताव रखा। जिसका समर्थन सभी सदस्यों ने किया।

अध्यक्ष महोदय के सुझाव पर 15 नवम्बर, 20........ को खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित करने के सुझाव का सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया।

काफी विचार–विमर्श के उपरांत प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु निम्न समितियों का गठन सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ–

1. खेलों के लिए चयन समिति
2. निर्णायक मंडल समिति
3. पुरस्कार समिति
4. जलपान समिति

उपर्युक्त समितियाँ अपने से संबंधित गतिविधियों के सफल संचालन हेतु साप्ताहिक बैठक करेंगी। सचिव पूरे कार्यकाल की रिपोर्ट तैयार करेंगे।

बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| हस्ताक्षर | हस्ताक्षर | हस्ताक्षर |
| अध्यक्ष | सचिव | सदस्य |

# आवेदन–पत्र

1. सर्वोदय कन्या विद्यालय नई सीमा पुरी में टी.जी.टी. (विज्ञान) का पद रिक्त है। विज्ञापन के अनुसार अपनी योग्यता का विवरण प्रस्तुत करते हुए शिक्षा–निदेशक को आवेदन प्रस्तुत करें।

सेवा में,

शिक्षा–निदेशक,

शिक्षा निदेशालय

पुराना सचिवालय,

दिल्ली ।

**विषय** :– टी.जी.टी. (विज्ञान) पद के लिए आवेदन।

महोदया

आज दिनांक 20 मई 2016 को दिल्ली से प्रकाशित 'हिन्दुस्तान' के प्रातः संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन के संदर्भ में मैं टी.जी.टी. (विज्ञान) पद के लिए अपना आवेदन प्रस्तुत कर रही हूँ । मेरा स्ववृत्त इस आवेदन के साथ संलग्न है।

निवेदक /आवेदक

मीना शर्मा

20, दिलशाद गार्डन

दिल्ली

20 मई, 2016

# स्ववृत्त

| | | |
|---|---|---|
| नाम | – | मीना शर्मा |
| पिता का नाम | – | सुशील कुमार शर्मा |
| माता का नाम | – | दीपा शर्मा |
| जन्मतिथि | – | 21 जनवरी 1991 |
| वर्तमान पता | – | 20, दिलशाद गार्डन, दिल्ली |
| स्थाई पता | – | 20, दिलशाद गार्डन, दिल्ली |
| दूरभाष | – | 011–225781 |
| मोबाइल नं. | – | 98683535 |
| ई–मेल | – | meenasharma@gmail.com |

**शैक्षणिक योग्यताएँ**

| क्र.सं. | कक्षा | वर्ष | विद्यालय / बोर्ड | विषय | उत्तीर्णां प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दसवी | 2006 | राजकीय विद्यालय सी.बी.एस.ई | अंग्रेजी, हिन्दी विज्ञान, गणित, सा.विज्ञान | 93% |
| 2. | बारहवी | 2008 | सी.बी.एस.ई | अंग्रेजी, भौतिकी, रसायन जीव–विज्ञान, गणित | 90% |
| 3. | बी.एस.सी. | 2011 | हंसराज कालेज दिल्ली विश्वविद्यालय | रसायन विज्ञान | 85% |
| 4. | बी.एड. | 2012 | दिल्ली विश्वविद्यालय | विज्ञान | 86% |
| 5. | एम.एस.सी. | 2015 | दिल्ली विश्वविद्यालय | रसायन विज्ञान | 85% |

**अन्य योग्यताएँ**

1. कम्प्यूटर का अच्छा ज्ञान
2. जर्मन भाषा का ज्ञान

**उपलब्धियाँ**

1. विज्ञान प्रदर्शनी (राज्य स्तरीय) 2007 प्रथम पुरस्कार।
2. विज्ञान कांग्रेस 2008 द्वितीय पुरस्कार
3. विद्यालय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार

**कार्येत्तर गतिविधियाँ और अभिरुचियाँ**

1. योगाभ्यास, बैडमिंटन एवं संगीत का नियमित अभ्यास
2. चित्रकला का शौक
3. इंटरनेट सर्फिंग

# पत्र लेखन

विद्यालय स्तर पर सैनिक शिक्षा को अनिवार्य किए जाने के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए अपने राज्य के शिक्षा सचिव को पत्र लिखकर उच्च माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए सैनिक शिक्षा अनिवार्य करने का अनुरोध कीजिए।

शिक्षा सचिव,

दिल्ली राज्य सरकार,

दिल्ली............. ।

दिनांक :

**विषय :** विद्यालय स्तर पर सैनिक शिक्षा को अनिवार्य करने के अनुरोध हेतु

महोदय/महोदया,

निवेदन यह है कि आज के आधुनिक युग में जहाँ चारों ओर मानव विकास चाहता है वहीं वह स्वयं सुविधा संपन्न भी बनना चाहता है। चाहे प्रकृति का हनन करके या नई–नई वैज्ञानिक ख़ोज करके। आज दुनिया के सभी देशों में एक–दूसरे से होड़ लगी हुई है। जिसके परिणाम स्वरूप देश की आंतरिक और वाह्य सीमा पर रोज़ एक नई समस्या खड़ी हो जाती है। जिसका सामना हमारे सैनिकों को ही करना पड़ता है। देश के प्रति कर्त्तव्य बोध प्रत्येक नागरिक में होना चाहिए और इसके लिए विद्यालयों में कम से कम उच्च माध्यमिक स्तर पर सैनिक शिक्षा अनिवार्य कर दी जाए जिससे विद्यार्थियों में एक जिम्मेदारी का भाव आएगा और वे सैनिकों के त्याग बलिदान व देश–प्रेम को समझ पाएंगे। देश में आई किसी भी संकटकालीन स्थिति से निपट पाने में सरकार व आम नागरिकों की सहायता करेंगे।

अतः मेरा आपसे अनुरोध है कि आप उच्च माध्यमिक स्तर पर सैनिक शिक्षा अनिवार्य करने के विषय में विचार करेंगे, जिससे देश को उच्चकोटि के देशभक्त व सैनिक प्राप्त हो सकेंगे।

धन्यवाद!

भवदीय

क, ख, ग

## पत्र

आपके घर बिजली का भारी–भरकम बिल आ गया है आप दिल्ली विद्युत बोर्ड के अभियंता (मुख्य) को पत्र लिकखर उन्हें अपनी समस्या से अवगत कराएँ।

मुख्य अभियंता,

दिल्ली विद्युत बोर्ड,

दिल्ली............. ।

दिनांक :

**विषय** : अत्यधिक राशि के बिल के संदर्भ में

महोदय / महोदया,

निवेदन यह है कि मैं पिछले दस वर्षों से अशोक विहार में रह रहा हूँ। मैं नियमित रूप से बिजली के बिल का भुगतान भी करता रहा हूँ। भुगतान किए गए पिछले सभी बिल मेरे पास सुरक्षित हैं। इस बार अचानक हमारे घर बिजली का बिल बहुत अधिक राशि का आ गया है। पहले हमारा बिल 1000 / – से 1500 / – के बीच प्रति माह आता था, लेकिन इस बार एक माह का बिल 5000 / – का आया है।

महोदय, मेरी तरफ से कोई बकाया शेष नहीं है और न ही बिल में बकाया राशि दिखाई गई है। घर में बिजली की खपत भी पूर्ववत् है। इतनी अधिक राशि का बिल भरना मेरे लिए संभव नहीं है। कृपया मेरे घर की बिजली खपत का अनुमान लगाते हुए मुझे पूर्व बिलों के आधार पर अनुमानित राशि का बिल प्रदान करे या मीटर रीडिंग करके उचित राशि का बिल उपलब्ध कराने की कृपा करें।

धन्यवाद!

भवदीय

क, ख, ग

# संपादक को पत्र

## शिवानी गुप्ता, दिल्ली की ओर से

मानसून की पहली वर्षा के बाद दिल्ली की सड़कों की दुर्दशा की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए किसी दैनिक समाचार–पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

संपादक,

नवभारत टाइम्स,

बहादुरशाह ज़फर मार्ग,

नई दिल्ली–110002।

**विषय :** पहली वर्षा के बाद सड़कों की दुर्दशा की ओर ध्यानाकर्षण हेतु

महोदय,

मैं इस पत्र के माध्यम से आपका ध्यान दिल्ली की सड़कों की दुर्दशा की ओर आकृष्ट करना चाहती हूँ।

पिछले सप्ताह मानसून की पहली वर्षा हुई जिससे सभी को भीषण गर्मी से राहत मिली किन्तु दूसरी ओर शहर की सड़कों की दुर्दशा ने यातायात के लिए समस्या उत्पन्न कर दी। दिल्ली भारत की राजधानी है तथा यहाँ अनेक विदेशी दूतावास भी हैं। पर्यटक व अतिविशिष्ट विदेशी अतिथियों का आवागमन यहाँ हमेशा ही रहता है। ऐसे महत्त्वपूर्ण शहर में सड़कों की दुर्दशा केवल असुविधा ही पैदा नहीं करती अपितु देश की प्रतिष्ठा को भी हानि पहुँचाती है। सड़कों के बीचोबीच बने बड़े–बड़े गड्ढों और किनारों पर जमा पानी से वाहनों का चलना कठिन हो गया है। साथ ही पैदल यात्री अलग परेशान है। इससे छोटी–मोटी दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ गई है तथा बीमारियाँ फैलने की भी आशंका है। अतः दिल्ली सरकार के उच्च अधिकारियों से अनुरोध है कि वे दिल्ली की सड़कों का दौरा कर तथा सड़क निर्माण विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करें जिससे विभाग ऐसी सड़के बनाए जो हर मौसम के लिए उपयुक्त हों।

महोदय आपसे निवेदन है कि मेरे विचारों को अपने समाचार–पत्र में यथोचित स्थान देने की कृपा करें।

धन्यवाद!

भवदीया,

शिवानी गुप्ता

पता :

दिनांक :

**देवेश शर्मा, दिल्ली की ओर से**

पत्र–पत्रिकाओं और टेलीविजन में प्रदर्शित होने वाले अश्लील विज्ञापनों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए किसी प्रतिष्ठित दैनिक समाचार–पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

संपादक,

नवभारत टाइम्स,

बहादुरशाह ज़फर मार्ग,

नई दिल्ली–110002।

**विषय** : अश्लील विज्ञापनों के संबंध में

महोदय,

मैं इस पत्र के माध्यम से अश्लील विज्ञापनों की बढ़ती प्रवृत्ति की ओर जनता तथा संबंधित अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूँ।

आज व्यापार के क्षेत्र में व्यापक वृद्धि हुई है। इस कारण व्यावसायिकता भी काफी बढ़ी है। कोई भी समाचार–पत्र, पत्रिका अथवा टेलीविजन चैनल ऐसा नहीं दिखता है, जहाँ अश्लीलता का प्रदर्शन नहीं हो रहा हो। अपनी बिक्री को बढ़ाने के लिए अश्लील चित्रों का खुला प्रयोग किया जा रहा है। समाचार–पत्रों के मुख्य पृष्ठ पर ही मॉडलों तथा फिल्मी नायिकाओं के ऐसे चित्र दिखाए जाते हैं जिन्हें देखकर आँखें शर्म से झुक जाती है।

टी.वी. चैनलों पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों के बीच में कई ऐसे अश्लील विज्ञापन दिखाए जाते हैं जिन्हें परिवार के साथ बैठकर नहीं देखा जा सकता।

इस प्रकार के विज्ञापनों से संस्कारों का पतन निश्चित है। ये अश्लील विज्ञापन व्यापार को तो बढ़ा रहे हैं लेकिन भारतीय संस्कृति को खतरे में डाल रहे हैं व युवा वर्ग को दिग्भ्रमित कर रहे हैं।

सरकार को इस तरह के विज्ञापनों पर रोक लगानी चाहिए तथा समाज में भी ऐसे विज्ञापनों का विरोध होना चाहिए। आपसे निवेदन है कि मेरे इस पत्र को अपने समाचार–पत्र में यथोचित स्थान देने की कृपा करें।

धन्यवाद!

भवदीय,

देवेश शर्मा

पता :

दिनांक :

## सरकारी पत्र

भारत सरकार के गृह मंत्रालय के सचिव की ओर से मुख्य सचिव, पंजाब राज्य को एक सरकारी–पत्र लिखें जिसमें राज्य में कानून और व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई हो।

संख्या 48 (गृ.पं.) / 12.8.50 / 98–99 / 50196

भारत सरकार
गृह मंत्रालय, नई दिल्ली
11 जून, 2018

प्रेषक

दीनदयाल उपाध्याय
सचिव, भारत सरकार
गृह मंत्रालय
नई दिल्ली।

सेवा में,

मुख्य सचिव
पंजाब राज्य
चंडीगढ़

विषय : राज्य में कानून तथा व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति।

महोदय,

मुझे यह सूचना देने का निर्देश हुआ है कि पंजाब राज्य में कानून और व्यवस्था की दिनों–दिन बिगड़ती स्थिति से केन्द्र सरकार बहुत चिंतित है। सरकार ने आपका ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकृष्ट किया है और इस स्थिति से दृढ़ता से निपटने का निश्चय किया है। पंजाब सरकार को भी इस दिशा में कड़े कदम उठाने चाहिए। इस संदर्भ में आपको सूचित किया जाता है कि राज्य में कानून तथा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही की जाए तथा केन्द्र सरकार को भी प्रगति से अवगत कराया जाए। इस संबंध में केन्द्र सरकार, राज्य सरकार को सभी प्रकार की सहायता देने के लिए तैयार है।

भवदीय,
डॉ. दीनदयाल उपाध्याय
सचिव, गृह मंत्रालय

## आवेदन पत्र

सेवा में,

महाप्रबंधक (मानव संसाधन)
मानव संसाधन विभाग
इंडिया कैमिकल्स लिमिटेड
36, न्यू लिंग रोड, अंधेरी, मुंबई—400053

**विषय** : मार्केटिंग एग्जक्यूटिव पद के लिए आवेदन पत्र

महोदय,

आज दिनांक 16 अप्रैल, 2019 को दिल्ली से प्रकाशित नवभारत टाइम्स के प्रातः संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन से ज्ञात हुआ है कि आपकी कम्पनी में मार्केटिंग एक्जक्यूटिव की आवश्यकता है। मैं इस पद के लिए अपना आवेदन—पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

मेरा स्ववृत्त इस आवेदन पत्र के निम्न भाग में वर्णित है इसका अवलोकन करने पर आप पायेंगे कि मैं इस पद के लिए पूरी तरह से उपयुक्त उम्मीदवार हूँ। मैं विज्ञापन में आपके द्वारा वर्णित सभी योग्ताओं व अर्हताओं को पूरा करता हूँ। मेरा स्ववृत्त इस प्रकार है—

## स्ववृत्त

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | नाम | — | अमित कुमार |
| 2. | पिता का नाम | — | श्री घनश्याम दास |
| 3. | माता का नाम | — | श्रीमती कमलेश |
| 4. | जन्मतिथि | — | 01 जनवरी, 1990 |
| 5. | पता | — | मकान नं. 1455 ⁄ ए, बादली गाँव, दिल्ली |
| 6. | दूरभाष नं. | — | 011—27859214 |
| 7. | मोबाइल नं. | — | 8560793942 |
| 8. | ई—मेल | — | amit@gmail.com |
| 9. | आधार नं. | — | 9986702346073147 |

**शैक्षणिक योग्यताएँ :**

| क्र.सं. | परीक्षा का नाम | बोर्ड / महाविद्यालय संस्था | वर्ष | विषय | प्राप्तांक | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हाई स्कूल | सी.बी.एस.ई<br>डी.ए.वी. | 2005 | हिन्दी, अंग्रेजी<br>गणित, विज्ञान<br>सा. विज्ञान | 480/500 | प्रथम |
| 2. | इन्टरमीडिएट | सी.बी.एस.ई | 207 | अंग्रेजी, गणित<br>रसायन विज्ञान<br>भौतिक विज्ञान, अंग्रेजी,<br>कम्प्यूटर साइंस | 440/500 | प्रथम |
| 3. | स्नातक | दिल्ली विश्वविद्यालय<br>हंसराज कॉलेज | 2010 | रसायन विज्ञान<br>(ऑनर्स) | 435/500 | प्रथम |
| 4. | एम.बी.ए. | आई. पी. यूनिवर्सिटी<br>आदर्श इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट | | मार्केटिंग | 85% | प्रथम |

**उपलब्धियाँ :**

1. विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर क्रिकेट टीम का कप्तान।
2. वाद–विवाद और निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर चयन।

**अभिरुचियाँ :**

मैं पर्यटन का शौक रखता हूँ और लगभग पूरे देश के महत्त्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर चुका हूँ, मेरी यह प्रकृति पद की आवश्यकता के अनुकूल है।

**अनुभव :**

1. दो वर्ष तक एडोवी कम्पनी में मार्केटिंग का कार्य किया।
2. इंटरनेट सर्फिंग का अच्छा ज्ञान।

दिनांक : 15.05.2019
स्थान : दिल्ली
सधन्यवाद!
भवदीय
अमित कुमार

# अभ्यास कार्य

1. बढ़ती मँहगाई पर चिंता व्यक्त करते हुए किसी दैनिक समाचार–पत्र के संपादक को पत्र लिखिए एवं सुझाव भी दीजिए–
2. पेट्रोल के मूल्यों में हो रही वृद्धि के बावजूद कारों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस स्थिति का कारण स्पष्ट करते हुए राज्य के परिवहन मंत्री को एक पत्र लिखो।
3. आपके क्षेत्र में आभूषण झपटमारी की घटनाएँ दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इसकी शिकायत करते हुए अपने क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखिए।
4. बस कंडक्टर (सह–चालक) के साहसिक कार्य के कारण कई यात्रियों की जान बची। इस संदर्भ में उसे पुरस्कृत करने का अनुरोध करते हुए दिल्ली परिवहन निगम के महाप्रबंधक को पत्र लिखिए।
5. आपके घर का पानी का मीटर बंद हो गया है। शिकायत करने पर भी अभी तक ठीक नहीं हुआ है। इस संदर्भ में 'दिल्ली जल बोर्ड' के संबंधित अधिकारी को एक पत्र लिखिए।
6. सार्वजनिक सूचना–पट्टों पर लिखी अशुद्ध हिन्दी की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।
7. 'सर्वोदय बाल विद्यालय राउज ऐवन्यू' में शारीरिक शिक्षक का एक पद रिक्त है। विाापन के अनुसार अपनी योग्यता का विवरण प्रस्तुत करते हुए शिक्षा–निदेशक को आवेदन पत्र प्रस्तुत कीजिए।
8. सम–विषम फार्मूले के विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के सम्पादक को पत्र लिखो।

# कोश—एक परिचय

शब्दकोश—

1. शब्दों का खजाना है इसमें एक भाषा भाषी समुदाय में प्रयुक्त होने वाले शब्दों को संचित किया जाता है।

2. शब्दकोश में शब्दों की व्युत्पत्ति, स्रोत, लिंग, शब्दरूप एवं विभिन्न संदर्भपरक अर्थों के बारें में जानकारी दी जाती है।

3. हिंदी शब्दकोश में हिन्दी वर्णमाला का अनुसरण किया जाता है। परंतु अ से प्रारम्भ होने वाले शब्द सबसे पहले दिए जाते हैं।

4. यद्यपि हिन्दी वर्णमाला में कुछ संयुक्त व्यंजन सबसे अंत में आते हैं परंतु शब्दकोश में उन्हें उस क्रम में रखा जाता है जिन व्यंजनों से मिलकर वे बने हैं जैसे – क् + ष = क्ष, ज् + ञ = ज्ञ, त् + र = त्र, श् + र = श्र

5. स्वर रहित व्यंजनों सें प्रारम्भ होने वाले शब्द उस व्यंजन में इस्तेमाल होने वाले सभी स्वरों के बाद में रखे जाते हैं। जैसे क्या शब्द 'कौस्तुभ' के बाद ही आएगा।

# संदर्भ–ग्रंथ

1. जिस प्रकार शब्दकोश में शब्दों के अर्थ दिए जाते हैं उसी प्रकार संदर्भ ग्रन्थों में मानव द्वारा संचित ज्ञान को संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत किया जाता है।
2. संदर्भ–ग्रंथ कई प्रकार के होते हैं। संदर्भ –ग्रंथ का सबसे विशद रूप 'विश्व ज्ञान कोश' है इसमें मानव द्वारा संचित हर प्रकार की जानकारी और सूचना का संक्षिप्त संकलन होता है।
3. संदर्भ –ग्रंथों के अन्य महत्वपूर्ण प्रकार है –'साहित्य कोश' और 'चरित्र कोश' साहित्यकोश में साहित्यिक विषयों से सम्बन्धित जानकारियों संकलित होती है 'चरित्र–कोश' में साहित्य संस्कृति, विज्ञान आदि क्षेत्रों के महान व्यक्तियों के व्यक्तित्व के बारें में जानकारी संकलित होती है।
4. संदर्भ –ग्रंथ गागर में सागर के समान होते हैं। जब भी किसी विषय पर तुरंत जानकारी की आवश्यकता होती है, संदर्भ–ग्रन्थ हमारे काम आते हैं।
5. संदर्भ–ग्रन्थों में जानकारियों का सिलसिलेवार संकलन 'शब्दकोश' के नियमों के अनुसार ही होता है।

**प्रश्न–विचार**

1. शब्दकोश किसे कहते हैं?
2. शब्दकोश से शब्द के विषय में क्या–क्या जानकारी मिलती है?
3. संयुक्त व्यंजन वाले शब्द कहाँ मिलते हैं?
4. नीचे दिए गए शब्दों को शब्दकोश के क्रमानुसार लिखिए –

   फूल, पक्षी, निबंध, उजाला, प्रातः, विद्यालय, परिवेश, जिज्ञासा, समाहित।
5. संदर्भ–ग्रंथ क्या है?
6. हिन्दी संदर्भ ग्रंथ का सबसे विशद रुप कौन–सा है?
7. संदर्भ–ग्रंथ को गागर में सागर क्यों कहा गया है?

# दृश्य लेखन
### (दी गई स्थिति/घटना के आधार पर)

## विचारणीय बातें:–

विद्यार्थी दृश्य लेखन की गंभीरता को समझें, क्योंकि अपने विचारों, भावों व कल्पना को अभिव्यक्त करने का यह सशक्त माध्यम है।

दृश्य लेखन करते समय निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है–

- दृश्य लेखन की शब्द सीमा 100 से 150 होनी चाहिए।
- दृश्य लेखन प्रभावशाली हो।
- घटना या स्थिति में निहित भाव को समझ कर लिखें।
- भावाभिव्यक्ति में क्रमबधता हो।
- बिंब का अर्थ है 'अनुभूति' इसलिए दृश्य लेखन में बिंब की प्रधानता होनी चाहिए।
- इंद्रिय बोध जाग्रत होना चाहिए।
- दृश्य लेखन में सभी पाँचों इंद्रियों का बोध भी हो सकता है या किसी एक/दो का भी।
- दृश्य लेखन वर्तमान काल में होना चाहिए।

## दृश्य लेखन का महत्त्व :

- अनुभूति/संवेदनशीलता का विकास।
- कल्पना शक्ति का विकास।
- विचारों व भावों को एक सूत्र में पिरोकर लेखन–क्षमता का विकास।
- भावों को स्वतंत्रतापूर्वक अभिव्यक्त करने की कला का विकास।

# चुनाव का दृश्य (1)

भारत सबसे बड़ा प्रजातांत्रिक देश है। प्रजातंत्र शासन में प्रत्येक वयस्क को अपना मत देने का अधिकार होता है वह अपना मत देकर जनप्रतिनिधि चुनता है। निर्वाचित जन प्रतिनिधि ही बहुमत के आधार पर राज्य एवं केन्द्र में अपनी सरकार बनाकर शासन का संचालन करते हैं।

चुनाव के दिनों में चारों ओर अलग ही माहौल होता है, जगह–जगह उम्मीदवारों के समर्थन में पोस्टर बैनर लगे दिखायी देते हैं। सभी राजनैतिक दलों के बड़े–बड़े नेता अपनी जनसभाएँ संबोधित करते हैं। विभिन्न दलों के पार्टी कार्यकर्ता घर–घर जाकर जन संपर्क करते हैं और अपने–अपने पक्ष में मतदान करने की अपील करते हैं।

चौपालों, हाट बजारों, बस अड्डों, पार्कों में चुनाव की ही चर्चा होती दिखाई देती है, जहाँ भी चार व्यक्ति एकत्र हो जाते हैं वहाँ यही चर्चा होती है कि यह जीतेगा और वह हारेगा, चुनाव के दिनों में यह दृश्य सुबह से शाम तक सर्वत्र जोर–शोर के साथ दिखाई देता है। मतदान दिवस लोकतंत्र के पर्व की तरह होता है। अनेक मतदान केन्द्र बनाए जाते हैं। जहाँ सुबह सात बजे से ही मतदान शुरू हो जाता है। मतदान कर्मियों को कई सप्ताह पहले से इस कार्य को करने के लिए ट्रेनिंग दी जाती है। एक मतदाता अधिकारी मतदाताओं के बायें हाथ की ऊंगली पर न मिटने वाली स्याही का एक चिन्ह लगाता है, अंत में विभिन्न उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला वोटिंग मशीन में बंद हो जाता है। चुनाव के द्वारा ही लोकप्रिय सरकार गठित हाती है। अतः अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करना चाहिए।

# दृश्य लेखन (2)

## घटना – सड़क दुर्घटना

दुर्घटनाएँ कहीं भी, कभी भी घटित हो जाती हैं। बच्चे, बूढ़े, युवा, स्त्री–पुरुष, सभी इनकी चपेट में आते रहते हैं। हर दुर्घटना के पीछे किसी न किसी की जल्दबाजी या लापरवाही जरूर होती है।

ऐसी ही एक हृदय विदारक सड़क दुर्घटना 31 दिसम्बर, 2018 को घटी। वातावरण में रंगीनी थी। हर व्यक्ति वर्ष के अंतिम दिन को जी लेना चाहता था। मैं भी अपने परिवार के साथ नव वर्ष की पूर्व संध्या के एक आयोजन से लौट रही थी। हमने देखा कि कुछ नौजवान मोटर साइकिलों पर तेज़ी से हमसे आगे निकल गए। उन्होंने न तो लाल बत्ती देखी और न अपनी गति कम की। हमारे देखते ही देखते वे नौजवान तीव्र गति से आती हुई कार से जा टकराए। क्षणभर में ही जीते–जागते वे युवक बेसुध हो गए और उनके शरीर से खून का फब्वारा छूट पड़ा। चारों ओर चीख पुकार मच गई। आसपास लोग जमा होने लगे। घायलों को उठाकर अस्पताल ले जाने के लिए लोग कानाफूसी करने लगे। इतने में ही दो युवक आए और स्थिति को समझते हुए तुरंत पुलिस को फोन किया और घायलों को उठाकर अपनी–अपनी गाड़ी में अस्पताल ले जाने के लिए तैयार हो गए, तभी पुलिस भी आ गई और उन्होंने तेज़ी से भागते हुए कार ड्राइवर को पकड़ लिया।

मैंने मन ही मन उन युवकों की हिम्मत व साहस को सलाम किया। आज भी मैं उस दुर्घटना को याद करके काँप उठती हूँ।

## बाढ़ का दृश्य–3

पिछले वर्ष हमारे शहर में बाढ़ का पानी घुस आया, तीन चार दिनों से लगातार बारिश हो रही थी, इससे पास की नदी का तटबंध टूट गया।

रात्रि नौ बजे लोग खा–पीकर सोने की तैयारी कर रहे थे कि उनके घरों में पानी घुस आया, शहर भर में अफरा–तफरी मच गई, कुछ लोग आवश्यक वस्तुएँ लेकर छतों पर चढ़ गए। चारों ओर पानी ही पानी था पालतू जानवर पानी में बहे जा रहे थे घर की जरूरी वस्तुए अनाज आदि पानी में तैरने लगे। हर कोई परेशान था, बच्चों और वृद्धों को विशेष परेशानी हुई, कुछ की तो मौत हो गई थी। चारों तरफ से चीख–पुकार की आवाजें आ रही थी। पीने का पानी व खाने की वस्तुओं का अभाव होने लगा, बाढ़ पीड़ितों का यह दृश्य बहुत ही हृदय विदारक था। रोजमर्रा की प्रयोग में आने वाली दैनिक वस्तुएँ भी पानी के तेज बहाव में तैरने लगी। जिनके घर कच्चे व कमजोर थे वह पानी के सैलाव में बह गए, सुबह होने पर पानी उतरना आरंभ हुआ लेकिन यह क्या बीमारियों का प्रकोप शुरू हो गया।

जैसे–जैसे बाढ़ का पानी कम होता गया लोगों ने राहत की सांस ली। लोग पुनः सफाई आदि करके अपने –अपने स्थलों पर आना शुरू हो गए। बाढ़ उतर जाने के बाद पता चला कि जान माल की कितनी क्षति हुई, इसका आकलन आरंभ करने लगे, वास्तव में बाढ़ का यह दृश्य बहुत ही भयावह था।

बाढ़ पीड़ितों के लिए दिल्ली सरकार की तरफ से भी सहायता राशि दी जाने लगी।

## दृश्य लेखन – 4

**दी गयी स्थिति के आधार पर :**

उद्यान / प्रातःकाल / दो सहेलियाँ / ठूँठ वृक्ष

प्रातः काल का दृश्य बहुत ही सुहावना और मन को लुभाने वाला होता है। पक्षी अपने घोंसलों को छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। चंद्रमा और तारे रात भर पहरा देकर जाने लगे, सूर्य देवता पूर्व दिशा से आने को आतुर हैं।

ऐसे समय में मैं और मेरी सहेली सुनीता निकट के उद्यान में सैर करने गये, रोज़ की भांति आज भी बहुत ठंडी–ठंडी हवा चल रही थी, जिसके कारण पेड़ पौधे झूम रहे थे फूलों से भीनी–भीनी खुशबू आ रही थी। अचानक बादल गरजने लगे और हल्की–हल्की फुहार पड़ने लगी जिससे मिट्टी की सोंधि–सोंधी खुशबू आने लगी, सैर करते–करते अचानक हमारी दृष्टि एक कोने में खड़े कई ठूँठ वृक्षों पर पड़ी जो कुछ दिनों पहले हरे भरे थे।

एक ओर जहाँ भारतीय योग संस्थान द्वारा संचालित यौगिक क्रियाएँ करते हुए लोग दिखाई पड़े तो वही दूसरी तरफ फूलों पर भ्रमर गुंजार करते तथा कोयल की कूक भी कानों को आनंदित कर रही थी। हरी–हरी दूब घास पर विखरे ओस के कण सूर्य के प्रकाश में मोती की तरह चमकते दिखाई पड़े।

प्रातःकाल सूर्य के उदय होने पर उद्यान में बच्चों का शोरगुल भी बढ़ गया है। हम आपस में उपर्युक्त वर्णित ठूँठ वृक्षों पर परिचर्चा करने लगे जो कि कुछ दिन पहले हमें जीवनदायनी ऑक्सीजन दिया करते थे। सुनीता तेज स्वर में बोली अरे इन्हें काट क्यों दिया गया। चलो इस बारे में पिताजी से बात करते हैं और उनके साथ मिलकर इसकी सूचना निगम पार्षद को भी देते हैं। जिसमें भविष्य में वृक्षों को न काटा जाए।

# अभ्यास हेतु

## (दृश्य लेखन के विषय)

- विवाह समारोह / संध्याकाल (स्थिति)
- दीवाली मेला / झूले / चाट की दुकानें / खेल–खिलौने / सामान (स्थिति)
- सब्जी मंडी
- मैट्रो स्टेशन
- अस्पताल / डेंगू बुखार / भागते लोग / डॉक्टर (स्थिति)
- मेगा पी.टी.एम. / विद्यालय परिसर / प्रातःकाल (स्थिति)
- साप्ताहिक बाजार
- वर्षा का दिन।
- सुनसान सड़क / दोपहर का समय / हाथ में बैग लिए महिला (स्थिति)
- एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण

# ''अपठित–बोध'' (गद्‌य)

## विचारणीय तथ्य

अपठित का अर्थ है जो पहले से न पढ़ा गया हो। अपठित अवतरण गद्य अथवा पद्य दोनों में हो सकता है। परीक्षा में केवल अपठित गद्यांश देकर उस पर आधारित प्रश्न पूछे जाते हैं। इनका उत्तर देते समय निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए :

- दिया गया गद्यांश अपठित होता है अतः कम से कम दो बार अवश्य पढ़ना चाहिए ताकि मूल–भाव समझ में आ जाये।
- पूछे गए प्रश्नों के उत्तर रेखांकित कीजिए। ध्यान रहे प्रश्नों के उत्तर अनुच्छेद में दी गई सामग्री पर ही आधारित हो।
- प्रश्नों के उत्तर अत्यंत सरल भाषा और अपने शब्दों में दीजिए।
- प्रश्नों के उत्तर सीधे, संक्षिप्त एवं सटीक होने चाहिए।
- मुहावरों, अलंकार, सूक्तियों का प्रयोग नहीं करना चाहिए।
- कभी कठिन शब्दों के अर्थ, विलोम शब्द भी पूछे जाते हैं।
- उचित स्थानों पर विराम–चिन्हों का प्रयोग करना न भूलें।
- पूछे प्रश्नों में अनावश्यक विस्तार न करें।

अपठित–बोध में सार और शीर्षक भी लिखने को कहा जाता है। अतः अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

**उदाहरण (अभ्यास)**

प्र. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

''मैं जिस समाज की कल्पना करता हूँ, उसमें गृहस्थ संन्यासी और संन्यासी गृहस्थ होंगे। अर्थात सन्यास और गृहस्थ के बीच वह दूरी नहीं रहेगी जो परंपरा से चलती आ रही है। संन्यासी उत्तर कोटि का मनुष्य होता है। क्योंकि उसमें संचय की वृत्ति नहीं होती, लोभ और स्वार्थ नहीं होता। यही गुण गृहस्थ में भी होना चाहिए। संन्यासी भी वही श्रेष्ठ है जो समाज के लिये कुछ करे। ज्ञान और कर्म को भिन्न करोगे तो विषमता उत्पन्न होगी ही। 'मुख में कविता और करघे पर हाथ, यह आदर्श मुझे बहुत पसन्द था। इसी की शिक्षा में दूसरों को भी देता हूँ। श्रेष्ठ समाज वही है जिसके सदस्य ज्ञान और कर्म में से एक को श्रेष्ठ और दूसरे को अद्यम नहीं मानते। श्रेष्ठ समाज वह है जिसके

सदस्य जी खोलकर श्रम करते हैं। जरूरत से अधिक धन पर अधिकार जमाने की उनकी इच्छा नहीं होती। वे मानते हैं :

"उदर समाता उन्न लैं, तनहिं समाता चीरं।
अधिकहि संग्रह ना करें, ताको नाम फकीर।"

**प्रश्न :**

1) 'गृहस्थ और संन्यासी संन्यासी और गृहस्थ' से लखक का क्या आशय है?
2) संन्यासी उत्तम कोटि का मनुष्य क्यों होता है?
3) समाज में विषमता कब उत्पन्न होती है?
4) 'मुख में कविता और करघे पर हाथ' के आधार पर अनुमान लगाओ कि इस गद्यांश में विचार किसके हैं?
5) श्रेष्ठ समाज कौन–सा है?
6) उपर्युक्त गद्यांश का 'शीर्षक' बताओ।

**उत्तर :**

1) गृहस्थ–संन्यासी और संन्यासी–गृहस्थ से आशय है गृहस्थ में रहकर संन्यासी जैसा सादा जीवन जीना दोनों में सन्तुलन बनाना ही संन्यासी–गृहस्थ जीवन है।
2) संन्यासी उत्तर कोटि का इसलिये होता है क्योंकि उसमें संचय (जोड़ने) की वृत्ति नहीं होती।
3) ज्ञान और कर्म को भिन्न करने से समाज में विषमता उत्पन्न होती है।
4) इस पंक्ति के आधार पर कहा जा सकता है कि इसमें संत कबीर के विचार व्यक्त हुए हैं।
5) श्रेष्ठ समाज वह है जिसके सदस्य ज्ञान और कर्म को बराबर का महत्व देते हैं। ऐसे समाज के लोग खूब मेहनत करते हैं तथा अधिक धन पर अधिकार नहीं जमाते।
6) उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक "सच्चा संन्यासी और गृहस्थ"।

**विशेष :**

1) उपर्युक्त अपिठत गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर सरल भाषा में दिये गये हैं।

2) शब्छ सीमा अंकों के अनुरूप है।

3) शीर्षक आकर्षक, संक्षिप्त एवं प्रभावशाली है।

## अभ्यास कार्य

सभी धर्म हमें एक ही ईश्वर तक पहुँचाने के साधन हैं। अलग–अलग रास्तों पर चलकर भी हम एक ही ईश्वर तक पहुँचते हैं। इसमें किसी को दुखी नहीं होना चाहिए। हमें सभी धर्मों के प्रति समान भाव रखना चाहिए। दूसरे धर्मों के प्रति समभाव रखने से धर्म का क्षेत्र–व्यापक बनता है। हमारी धर्म के प्रति अंधता मिटती है। इससे हमारा प्रेम अधिक ज्ञानमय एवं पवित्र बनता है। यह बात लगभग असंभव है कि इस पृथ्वी पर कभी भी एक धर्म रहा होगा या हो सकेगा। यही कारण है कि लेखक विविध धर्मों में ऐसे तत्त्व को खोजने का प्रयास करता है जो विविधि धर्मों के अनुयायियों के मध्य सहनशीलता की भावना को विकसित कर सकें।

सत्य के अनेक रूप होते हैं। यह सिद्धांत हमें दूसरे धर्मों को भली प्रकार समझने में मदद करता है। लेखक सात अंधों का उदाहरण देता है जिन्होंने हाथी का वर्णन अपने–अपने ढंग से किया। जिस अंधे का हाथी का जो अंग हाथ में आया, उसके अनुसार हाथी वैसा ही था। एक प्रकार से वे सभी अपनी–अपनी समझ से सही थे, पर इस दृष्टि से गलत थे कि उन्हें पूरे हाथी की समझ न थी। जब तक अलग–अलग धर्म मौजूद हैं, तब तक उनकी पृथक पहचान के लिए बाहरी चिह्न की आवश्यकता होती है, लेकिन ये चिह्न जब आडंबर बन जाते हैं और अपने धर्म को दूसरे से अलग बताने का काम करने लगते हैं, तब त्यागने के योग्य हो जाते हैं। धर्म का उद्देश्य तो यह होना चाहिए कि वह अपने अनुयायियों को अच्छा इंसान बनाए। उसे ईश्वर से यह प्रार्थना करनी चाहिए – तू सभी को वह प्रकाश प्रदान कर, जिसकी उन्हें अपने सर्वोच्च विकास के लिए आवश्यकता है।

ईश्वर एक ऐसी रहस्यमयी शक्ति है जो सर्वत्र ब्याप्त है। उस शक्ति का अनुभव तो किया जा सकता है, पर देखा नहीं जा सकता। इस शक्ति का कोई प्रमाण नहीं दिया जा सकता। वह शक्ति इंद्रियों की पहुँच के बाहर है। लेखक यह अनुभव करता है कि उसके चारों ओर हर चीज हमेशा बदलती रहती है और नष्ट होती रहती है। इन परिवर्तनों के पीछे कोई ऐसी शक्ति अवश्य है जो बदलती नहीं। वही शक्ति नया निर्माण एवं संहार करती रहती है। यह क्रम

निरंतर चलता रहता है। यह जीवन देने वाली शक्ति ही परमात्मा है। उसी का अस्तित्व अंतिम है। हमें यह तथ्य समझना चाहिए कि इंद्रियों द्वारा दिखाई देने वाली चीज स्थायी नहीं हो सकती। ईश्वर की शक्ति कल्याण करने वाली है। लेखक देखता है कि मृत्यु के बीच जीवन कायम रहता है, असत्य के बीच सत्य टिका रहता है और अंधकार के मध्य प्रकाश स्थिर रहता है। इससे पता चलता है कि ईश्वर जीवन है, सत्य है और प्रकाश है। वह परम कल्याणकारी है।

**प्रश्न :**

| | | |
|---|---|---|
| 1) | धर्मों के बारे में क्या कहा गया है? | 2 |
| 2) | धर्मों के प्रति समभाव रखना क्यों अच्छा है? | 2 |
| 3) | सत्य के अनेक रूप होने को किस उदाहरण द्वारा समझाया गया है? | 2 |
| 4) | ईश्वर कैसी शक्ति है? | 2 |
| 5) | हमें किस बात को समझना चाहिए। | 1 |
| 6) | असत्य और अंधकार के मध्य क्या स्थिर रहता है। | 1 |
| 7) | उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए। | 1 |

3. भारतीय धर्मनीति के प्रणेता नैतिक मूल्यों के प्रति अधिक जागरूक थे। उनकी यह धारणा थी कि नैतिक मूल्यों का दृढ़ता से पालन किए बिना किसी भी समाज की आर्थिक व सामाजिक प्रगति की नीतियाँ प्रभावी नहीं हो सकती। उन्होंने उच्चकोटि की जीवन–प्रणाली के निर्माण के लिए वेद की एक ऋचा के आधार पर कहा कि उत्कृष्ट जीवन–प्रणाली मनुष्य की विवेक–बुद्धि से तभी निर्मित होनी संभव है, जब 'सब लोगों के संकल्प, निश्चय, अभिप्राय समान हों, सबके हृदय में समानता की भव्य भावना जागृत हो और सब लोग पारस्परिक सहयोग से मनोनुकूल सभी कार्य करें। चरित्र/निर्माण की जो दिशा नीतिकारों ने निर्धारित की, वह आज भी अपने मूल रूप में मानव के लिए कल्याणकारी है। प्रायः यह देखा जाता है कि चरित्र और नैतिक मूल्यों की उपेक्षा वाणी, बाहु और उदर को संयत न रखने के कारण होती है। जो व्यक्ति इन तीनों पर नियंत्रण रखने में सफल हो जाता है, उसका चरित्र ऊँचा होता है। सभ्यता का विकास आदर्श चरित्र से ही सम्भव है। जिस समाज में चरित्रवान व्यक्तियों का बाहुल्य है, वह समाज सभ्य होता है और वही उन्नत कहा जाता है।

चरित्र मानव–समुदाय की अमूल्य निधि है। इसके अभाव में व्यक्ति पशुवत् व्यवहार करने लगता है। आहार, निद्रा, भय आदि की वृत्ति सभी जीवों में विद्यमान रहती है, यह आचार अर्थात् चरित्र की ही विशेषता है जो मनुष्य को पशु से अलग कर, उससे ऊँचा उठा मनुष्यत्व प्रदान करती है। सामाजिक अनुशासन बनाए रखने के लिए भी चरित्र–निर्माण की आवश्यकता है। सामाजिक अनुशासन की भावना व्यक्ति में तभी जागृत होती है जब वह मानव–प्राणियों में ही नहीं, वरन् सभी जीवधारियों में अपनी आत्मा का दर्शन करता है।

क) हमारे धर्मनीतिकार नैतिक मूल्यों के प्रति विशेष जागरूक क्यों थे? 2

ख) विवेक बुद्धि क्या है? यह कब निर्मित होती है? 2

ग) सामाजिक अनुशासन से क्या तात्पर्य है? यह भावना व्यक्ति में कब जागृत होती है? 2

घ) 'उत्कृष्ट' और 'प्रगति' शब्दों के विलोम लिखिए। 2

ड़) 'आर्थिक' और 'मनुष्यत्व' शब्दों में प्रत्यय बताइए। 1

च) 'चरित्र' और 'निर्माण' शब्दों में विशेषण बताइए। 1

छ) प्रस्तुत गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

## अपठित गद्यांश–1

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 11

आज मानव की जीवन–शैली में बदलाव आ गया है। लोग अंधाधुंध पाश्चात्य जीवन–शैली का अनुसरण करने लगे हैं। नई परंपराओं और रीति–रिवाजों को अपनाने की चाह में पुराने स्थापित जीवन मूल्य व परंपराएँ पीछे छूटती जा रही है और लोग इसे ही आधुनिक जीवन–शैली का नाम दे रहे हैं। आज युवा वर्ग धन को ही सब कुछ मानकर धन कमाने के पीछे भाग रहा है। हर व्यक्ति को डर है कि कहीं कोई आगे न निकल जाए। किसी के भी पास अपनों के लिए समय नहीं है। पारिवारिक व सामाजिक संबंधों से कोई सरोकार नहीं है। उन्हें केवल धन चाहिए वह चाहे जैसे भी मिलें। आधुनिक जीवन शैली ने लोगों में अनिपत्रिता और असंतुलित माँग एवं उपयोग की आदत को जन्म दिया है। एक दूसरे को देखा देखी में लोग जिन वस्तुओं की आवश्यकता नहीं होती उन्हें भी खरीदकर अपने धन की क्रय–शक्ति का प्रदर्शन कर संतुष्टि का अनुभव करते हैं। महँगे होटलों में भोजन करना, अंग्रेजी फिल्में देखना, महँगे वस्त्र खरीदना इत्यादि आधुनिकता के पर्याय बन गए हैं। प्रदर्शन करना ही जीवन पद्धति का अनिवार्य लक्ष्य बन कर रह गया है। जीवन को मौजमस्ती का पर्याय माना जाने लगा है। परिश्रम, धीरज, संतोष, जैसे गुण मानो मृतप्राय हो गए हैं। आधुनिक जीवन पद्धति से प्रतिस्पर्धा, ईर्ष्या व स्वार्थ को बढ़ावा मिला है।

(i) आज आधुनिक का पर्याय किसे माना जाने लगा है? 2

(ii) युवा वर्ग ने किसे जीवन का लक्ष्य मान लिया है? 2

(iii) आज आधुनिक जीवन शैली किसे माना जा रहा है? 2

(iv) आधुनिक जीवन पद्धति से किस आदत को बढ़ावा मिला है व किन गुणों को मानव ने निम्न कर दिया है? 2

(v) 'अपनों के लिए समय नहीं है' का भाव स्पष्ट कीजिए। 1

(vi) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(vii) कोई एक ऐसा शब्द लिखिए जिसमें उपसर्ग–प्रत्यय दोनों हो। 1

# अपठित गद्यांश–2

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 11

मधुर वचन वह रसायन है जो पारस की भाँति लोहे को भी सोना बना देता है। मनुष्यों की तो बात ही क्या, पशु–पक्षी भी उसके वश में हो, उसके साथ मित्रवत् व्यवहार करने लगते हैं। व्यक्ति का मधुर व्यवहार पाषण–हृदयों को भी पिघला देता है। निस्संदेह मीठे वचन औषधि की भाँति श्रोता के कान की व्यथा, उसकी पीड़ा व वेदना को हर लेते हैं। मीठे वचन सभी को प्रिय लगते हैं। कभी–कभी किसी मृदुभाषी के मधुर वचन घोर निराशा में डूबे व्यक्ति को आशा की किरण दिखा उसे उबार लेते हैं, उसमें जीवन–संचार कर देते हैं, उसे सांत्वना और सहयोग देकर यह आश्वासन देते हैं कि वह व्यक्ति अकेला व असहाय नहीं, अपितु सारा समाज उसका अपना है, उसके सुख–दुःख का साथी है। किसी ने सच कहा है–

''मधुर वचन है औषधि, कटुक वचन है तीर'' मधुर वचन श्रोता को ही नहीं, बोलने वाले को भी सुख और शांति देते हैं। बोलने वाले के मन का अहंकार और दंभ सहज ही विनष्ट हो जाता है। उसका मन स्वच्छ और निर्मल बन जाता है। वह अपनी विनम्रता, शिष्टता एवं सदाचार से समाज में यश, प्रतिष्ठा और मान–सम्मान को प्राप्त करता है। उसके कार्यों से उसे ही नहीं, समाज को भी गौरव और यश प्राप्त होता है और समाज का अभयुत्थान होता है। इसके अभाव में समाज पारस्परिक कलह, ईर्ष्या–द्वेष, वैमनस्य आदि का घर बन जाता है। जिस समाज में सौहार्द नहीं, सहानुभूति नहीं, किसी दुखी मन के लिए सांत्वना का भाव नहीं, वह समाज कैसा? वह तो नर्क है।

(I) मधुर वचन निराशा में डूबे व्यक्ति की सहायता कैसे करते हैं? 2

(ii) मधुर वचन को 'औषधि की संज्ञा क्यों दी गई है? स्पष्ट कीजिए। 2

(iii) मधुर वचन बोलने वाले को क्या लाभ देते हैं? 2

(iv) समाज के अभ्युत्थान में मधुर वचन अपनी भूमिका कैसे निभाते हैं? 2

(v) लेखक ने कैसे समाज को नरक कहा है? 1

(vi) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(vii) उपर्युक्त गद्यांश से 'इक' प्रत्यय वाला शब्द छांटकर लिखिए। 1

## अपठित काव्यांश

### क) उदाहरण अभ्यास

फिर से नही आता समय, जो एक बार चला गया,
जग में कहो बाधारहित कब कौन काम हुआ भला।
बहती नदी सूखे अगर उस पार मैं इसके चलूँ,
इस सोच में बैठा पुलिन पर, पार जा सकता भला?
किस रीति से काम, कब करना बनाकर योजना,
मन में लिए आशा प्रबल, दृढ़ जो वही बढ़ जाएगा।
उसको मिलेगा तेज बल, अनुकूलता सब ओर से
कब कर्म योगी, वीर, अनुपम साहसी सुख पायेगा।
यह वीर भोग्या, जो हृदय तल में बनी वसुधा सदा,
करती रही आह्वान है, युग वीर का पुरूतत्व का।
कठिनाइयों में खोज का पथ, ज्योति पूरित जो करे,
विजयी वही होता धरणि – सुत वरण कर अमरतत्व का।

**प्रश्न :**

1) बहती नदी के उदाहरण से कवि ने क्या सिद्ध करना चाहा है? 1
2) जीवन में कैसे व्यक्ति प्रगति करते हैं? 1
3) वसुन्धरा किसका आह्वान करती है और क्यों? 1
4) दृढ़ निश्चयी वीर को क्या लाभ प्राप्त होते हैं? 1
5) धरणि–सुत किसे कहा है? वह कैसे विजय प्राप्त करता है? 1

**उत्तर :**

1) बहती नदी के उदाहरण से कवि ने यह सिद्ध करना चाहा है कि समय भी नदी की धारा की तरह बहता चला जाता है। बीता हुआ समय कभी लौटकर नहीं आता। समय के महत्व को समझना चाहिए।
2) जीवन में वे लोग प्रगति करते हैं जो योजना बनाकर कार्य करते हैं। जिन लोगों में आशा की तीव्र भावना होती है। वही लोग आगे बढ़ते हैं।
3) वसुन्धरा अर्थात् पृथ्वी कर्मयोगी और वीर पुरूषों का आह्वान करती है। ऐसे लोग ही सभी प्रकार के सुख पाते हैं। वीर व्यक्ति ही सुखों का उपभोग करते हैं।

4) दृढ़निश्चयी वीर आगे बढ़ता है। सफलता प्राप्त करता है तथा सभी प्रकार के सुखों का उपभोग करता है।

5) धरणि सुत अर्थात् धरती का पुत्र सामान्य वीर व्यक्ति को कहा गया है। ऐसा व्यक्ति कठिनाइयों के मध्य अपना रास्ता खोज निकालता है। उसकी दृढ़ता उसे विजय बनाती है।

## अपठित पद्यांश

**क) निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

यदि फूल नहीं बो सकते तो,
काँटे कम–से–कम मत बोना।
है अगम चेतना की घाटी,
कमजोर बड़ा मानव का मन।
ममता की शीतल छाया में,
होता कटुता का स्वयं शमन।
ज्वालाएँ जब घुल जाती हैं
खुल–खुल जाते हैं मुँदे नयन।
होकर निर्मलता में प्रशांत,
बहता प्राणों का क्षुब्ध पवन।
संकटमें यदि मुस्का न सको,
भय से कातर हो मत रोना।
यदि फूल नहीं बन सकते तो,
काँटे कम से कम मत बोना।।

**प्रश्न :**

1) 'काँटे बोने' से कवि का क्या आशय है? 1
2) कटुता का शमन कैसे होता है? 1
3) मुँदे नयन कब खुल जाते हैं? 1
4) संकट आने पर मनुष्य को कैसा व्यवहार करना चाहिए? 1
5) 'खुल–खुल जाते हैं' में कौन–सा अलंकार है? 1

**उत्तर :**

1) किसी के जीवन में बाधाएँ, परेशानियाँ पैदा करना।
2) ममता की शीतल छाया में आकर।
3) जब ईर्ष्या–द्वेष और बुरे विचार समाप्त हो जाते हैं।
4) भय से घबराना, रोना नहीं चाहिए बल्कि धैर्य से काम लेना चाहिए।
5) पुनरूक्ति प्रकाश अलंकार।

## अपठित काव्यांश अभ्यास कार्य

**ख) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उससे सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. देखकर बाधा विविध बहुविघ्न घबराते नहीं।
रह भरोसे भाग्य के दुःख भोग पछताते नहीं।।
काम कितना ही कठिन हो किन्तु उकताते नहीं।
भीड़ में चंचल बने जो वीर दिखलाते नहीं।।
हो गए एक आन में उनके बुरे दिन भी भले।
सब जगह सब काल में वे ही मिले फूले फले।।

**प्रश्न :**

1) कैसा व्यक्ति असफल होकर दुःख भोगता है? 1
2) किन व्यक्तियों के बुरे दिन भी भले दिन बन जाते हैं? 1
3) संसार में कैसा व्यक्ति फलता फूलता है? 1
4) कर्मवीर व्यक्ति के क्या–क्या लक्षण बताएं हैं? 1
5) 'भीड़ में चंचल बने जो वीर दिखलाते नहीं' का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

2. इतनी ऊँची इसकी चोटी सकल धरती का ताज यही,
पर्वत पहाड़ से भरी धरा पर केवल पर्वत राज यही।
अंबर में सिर, पाताल चरन,
मन इसका गंगा का बचपन
तन वरन वरन मुख निरावरण

इसकी छाया में जो भी है, वह मस्तक नहीं झुकाता हैं
गिरिराज हिमालय से भारत का कुछ ऐसा ही नाता है।।

**प्रश्न :**

1) हिमालय का भारत से क्या सम्बन्ध है? 1

2) हिमालय को पर्वतराज क्यों कहते हैं? 1

3) हिमालय का तन और मन कैसा है? 1

4) किसके मन को गंगा का बचपन कहा गया है? 1

5) 'इसकी छाया में जो भी है वह मस्तक नहीं झुकाता है' का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

## अपठित काव्यांश–1

निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1×5=5

आम की थी डाल हरियल,
मैं मग्नमन झूमता था
कई पल्लव और भी थे,
उन्हें जी भर चूमता था।
देख मेरा हरा यौवन मुस्कुराती नित्य डाली
गीत से मन जीत लेते कभी कोयल, कभी माली
बाग बस्ती में अचानक हुआ मेरा रंग पीला
खिलखिलाना बंद, बजना बंद, यह तन पड़ा ढीला।
हवा ने ऐसा हिलाया डाल का भी साथ छूटा,
रह गया परिवार पीछे, एक पल्लव हाथ! टूटा।
जब हवा की गोद में कुछ दूर बगिया से बहा
देवता हो तुम पवन मेरी सुनो मैंने कहा।
जन्मभूमि बाग मेरी मूल माँ चरण चूमूँ
खाद बनकर करूँ सेवा फिर किसी डाली पै झूमूँ
पवन की करुण कृपा से बाग में उड़ लौट आया,
वृक्ष के चरणों में पल्लव खाद बनकर मुस्कुराया।

(i) पल्लव की युवावस्था का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए/कीजिए। 1

(ii) अचानक पल्लव को क्या पीड़ा हुई और क्यों? 1

(iii) पल्लव ने पवन से क्या प्रार्थना की और क्यों? 1

(iv) इस काव्यांश से क्या प्रेरणा मिलती है? 1

(v) काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

## अपठित काव्यांश–2

निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1×5=5

पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले।
पुस्तकों में है नहीं, छापी गई उसकी कहानी,
हाल इसका ज्ञात होता है न औरों की जुबानी
अनगिनत राही गए इस राह से,
उनका पता क्या,
पर गए कुछ लोग इस पर छोड़
पैरों की निशानी,
यह निशानी मूक होकर भी बहुत कुछ बोलती है,
खोल इसका अर्थ, पंथी, पंथ का अनुमान कर ले।
पूर्व चलने के बटो ही, पंथ की पहचान कर ले।
है अनिश्चित किस जगह पर,
सरित–गिरि–गह् वर मिलेंगे,
है अनिश्चित किस जगह पर,
बाग–बन सुंदर मिलेंगे,
किस जगह यात्रा खत्म हो जाएगी,
यह भी अनिश्चित,
है अनिश्चित, कब सुमन,
कब कंटकों के सर मिलेंगे,
और सहसा छूट जाएँगे, मिलेंगे कौन सहसा,
आ पड़े कुछ भी, रुकेगा तू न,
ऐसी आन कर ले।
पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले।

(i) चलने से पूर्व राह की पहचान करने की बात क्यों की गई है? 1

(ii) इस राह पर अनेक राही अपने पैरों की निशानियाँ छोड़ गए। भाव स्पष्ट कीजिए। 1

(iii) जीवन यात्रा के मार्ग में 'सुमन' और 'कंटक' से क्या अभिप्राय है? 1

(iv) 'किस जगह यात्रा खत्म हो जाएगी' से कवि का क्या तात्पर्य है? 1

(v) जीवन में क्या–क्या अनिश्चितताएँ बताई गई हैं? 1

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र–1

## विषय : हिन्दी (ऐच्छिक)

## कक्षा–XI

**समयः 3 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

हिन्दी रंगमंच में गतिविधियाँ बढ़ रही हैं। रंग महोत्सव के अवसर पर रंगमंच पर नाटकों का प्रदर्शन होता है हिन्दी रंगमंच से अनेक अनूदित नाट्य रचनाओं को प्रस्तुत किया जा रहा है। हिन्दी में मौलिक नाटकों का अभाव है। रंगमंच की माँग पर हिन्दी लेखकों ने भी लिखना आरम्भ किया। अधिकांश लेखक, कहानीकार जब नाटक की रचना करते हैं तो कई बार विधागत भेद को भुला देते हैं। कहानी के पात्रों के सपाट संवादों को कह देने भर से वह कथावस्तु नाटक नहीं बन जाती। रंग नाटक वही होता है, जिसे मंच पर भली भाँति खेला जा सके। कविता या संगीत आदि के माध्यम से काव्य को समास शैली में प्रस्तुत करने पर भी कोई रचना नाटक नहीं हो जाती।

नाटक का अपना विधागत स्वरूप होता है। यह कहानी अथवा कविता के स्वरूप से भिन्न होता है। अभिनय प्रदर्शन, मंच सज्जा और नाटकीय कार्य व्यापार की प्रस्तुति से रंग नाटक बनता है। अतः रंग नाटक की रचना को रंग वस्तु की अपेक्षाओं के रूप में ही जाना पहचाना जा सकता है। कहानी का रूपांतरण हो या मौलिक रचना नाटक आपके रूप और रंग से देश में एक अलग साहित्यिक सत्ता रखता है।

**प्रश्न–**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | हिन्दी रंगमंच पर अनूदित नाटकों की प्रस्तुति का क्या कारण हैं? | 2 |
| (2) | कहानी के पात्रों के सपाट संवादों से रंग नाटक क्यों नहीं बनता? | 2 |
| (3) | रंग नाटक की वस्तु को कैसे पहचाना जा सकता हैं? | 2 |
| (4) | रंग नाटक से क्या तात्पर्य है? | 2 |
| (5) | वर्तमान में हिंदी रंगमंच की क्या स्थिति हैं? | 1 |
| (6) | 'साहित्यिक' शब्द में से प्रत्यय अलग कर एक नवीन शब्द बनाए। | 1 |
| (7) | गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए। | 1 |

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

तिनका तिनका लाकर चिड़िया
रचती है आवास नया।
इसी तरह से रच जाता है
सर्जन का आकाश नया।
मानव और दानव में यूँ तो

भेद नजर नहीं आएगा
एक पोंछता कहते आँसू
जी भर एक रुलाएगा।

रचने से ही आ पाता है
जीवन में विश्वास नया
कुछ तो इस धरती पर केवल
खून बहाने आते हैं।
आग बिछाते हैं राहों में
फिर खुद ही जल जाते हैं।

जो होते खुद को मिटाने वाले
वे रचते इतिहास नया।

मंत्र नाश का पढ़ा करें कुछ
द्वार द्वार पर जा करके
फूल खिलने वाले रहते
घर घर फूल खिला करके।

(क) सर्जन का नया आकाश कैसे बनता है? 1

(ख) मानव और दानव में क्या अन्तर है? 1

(ग) जीवन में नया विश्वास कैसे आता है? 1

(घ) अत्याचारी का अन्त क्या होता है? 1

(ङ) नाश का मंत्र पढ़ने और फूल खिलाने से क्या तात्पर्य है 1

3. दृश्य लेखन - 5

4. दिल्ली परिवहन निगम के महाप्रबंधक को बसों में सुधार करने हेतु अनुरोध पत्र लिखिए। 5

अथवा

नगर निगम कार्यालय में सहायक पद हेतु स्ववृत्त सहित आवेदन पत्र लिखिए।

5. विद्यालय के शैक्षिक-विकास और उन्नति को ध्यान में रखते हुए प्रधानाचार्य ने एक समिति का गठन किया। जाँच एवं अध्ययन के पश्चात् समिति की ओर से प्रतिवेदन प्रस्तुत कीजिए। 3

अथवा

कार्यसूची और कार्यवृत्त को परिभाषित करते हुए दोनों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 4

(1) भारत में पत्रकारिता की शुरूआत कब और किससे हुई?

(2) इंटरनेट की कोई एक विशेषता लिखिए।

(3) पत्रकारिता के मूल में कौन सा भाव होता है?

(4) सबसे विख्यात डायरी कौन सी है?

(5) पटकथा का स्रोत क्या है?

7. शब्दकोश पर आधारित होगा। 3

8. निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या करें। 6

भौरंन को गुंजन बिहार बन कुंजन में
मंजुल मलारन को गावनो लागत है।
कहैं पद्माकर गुमानहूँ तैं मानहुँ तैं
प्रानहूँ वैं प्यारो मनभावनो लागत है।
मोरन को सोर घनघोर चहुँ ओरन
हिंडोरन को बृन्द छवि छावनो लगत है
नेह सरसावन में मेघ बरसावन में
सावन में झूलिबो सुहावनो लगत है।

अथवा

वज्र का उर एक छोटे अश्रु-कण में धो गलाया,
दे किसी जीवन सुधा दो घूँट मदिरा माँग लाया?
सो गई आँधी मलय की बात का उपधान ले क्या?
विश्व का अभिशाप क्या चिर नींद बनकर पास आया?
अमरता-सुत चाहता क्यों मृत्यु को उर में बसाना?

9. निम्नलिखित काव्यांशों का काव्य सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए। 3x2=6

(क) झहरि-झहरि झीनी बूँद हैं परति मानो,
घहरि-घहरि घटा घेरी है, गगन में।
आनि कह्यौ स्याम मो सौं चलौ झूलिबे को आज'
फूली न समानी भई ऐसी हौं मगन मैं।।
चाहत उठ्योई उठि गई सो निगोड़ी नींद,
सोए गए भाग मेरे जानि वा जगन में।
आँख खोलि देखौं तो न घन हैं, न घनश्याम,
वेई छाई बूँदें मेरे आंसुँ ह्वै दृगन में।।

(ख) जागृति नहीं अनिद्रा मेरी,
नहीं गई भव निशा अंधेरी।
अंधकार केंद्रित धरती पर,
देती रही ज्योति चकफेरी!

10. किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए। 2×2=4

(क) 'मुरली तऊ गुपालहिं भावति' पद के आधार पर 'गिरिधर नार नवावति' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'हस्तक्षेप' कविता सत्ता की क्रूरता और उसके कारण पैदा होने वाले प्रतिरोध की कविता है।' - स्पष्ट कीजिए

(ग) 'बादल को घिरते देखा है' कविता के आधार पर बताइए कि बादलों का वर्णन करते हुए कवि को कालिदास की याद क्यों आती है?

11. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 5

1888 में ज्योतिबा फुले को 'महात्मा' की उपाधि से सम्मानित किया गया तो उन्होंने कहा- ''मुझे 'महात्मा' कहकर मेरे संघर्ष को पूर्ण विराम मत दीजिए। जब व्यक्ति मठाधीश बन जाता है तब वह संघर्ष नहीं कर सकता। इसलिए आप सब साधारण जन ही रहने दें, मुझे अपने बीच से अलग न करें।'' महात्मा ज्योतिबा फुले की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि वे जो कहते थे, उसे अपने आचरण और व्यवहार में उतारकर दिखाते थे।

अथवा

चाँदनी में एक जादू होता है। लेकिन यह जादू अलग अलग लोगों के लिए अलग अलग है। न मालूम हमारी बात कहाँ से शुरू हुई। मैं डर-डर कर उससे बात करता जा रहा था। कहीं ऐसा न हो कि उसे जाने अनजाने मुझसे कोई चोट पहुँचे क्योंकि उसने अपने विचारों के लिए खून बहाया है, जिन्दगी खत्म की है।

12. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 3x2=6

(क) 'दोपहर का भोजन' शीर्षक किस प्रकार से सार्थक है।?

(ख) 'टार्च बेचने वाले' पाठ के आधार पर निम्न कथन को स्पष्ट करें-
''भव्य पुरुष ने कहा- ''जहां अंधकार है वहीं प्रकाश है।''

(ग) 'खानाबदोश' कहानी में आज के समाज की किन-किन समस्याओं को रेखांकित किया गया है?

13. देव अथवा महादेवी वर्मा का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

अथवा

रांगेय राघव अथवा भारतेंदु हरश्चिन्द्र का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी भाषा-शैलीगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

14. (क) 'हुसैन की कहानी अपनी जबानी' आत्मकथा के आधार पर मकबूल के पिता की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए। 4

अथवा

'दिशाहारा' के आधार पर निम्न कथन को स्पष्ट कीजिए -

''उस समय वह सोच भी नहीं सकता था कि मनुष्य को दु:ख पहुँचाने के अलावा भी साहित्य का कोई उद्देश्य हो सकता है।''

15. किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए। 4x2=8

(क) राधा के चरित्र की ऐसी कौन सी विशेषताएँ हैं जिन्हें आप अपनाना चाहेंगे।

(ख) किस बात से पता चलता है कि मकबूल को अपने दादा से विशेष लगाव था?

(ग) पाठ 'दिशाहारा' के आधार पर शरत् तथा उसके पिता मोतीलाल के स्वभाव की समानताएं बताइए।

## प्रश्न पत्र (हल सहित)

1. हिन्दी में मौलिक नाटकों का अभाव है। इसीलिए हिन्दी रंगमंच पर अनूदित नाटकों की प्रस्तुति की जाती है।

2. कहानी के पात्रों के सपाट संवादों को कह देने भर से वह कथावस्तु नाटक नहीं बन जाती क्योंकि नाटक में कथावस्तु को अभिनय के माध्यम से अभिव्यक्त किया जाता है।

3. रंग नाटक की वस्तु को अभिनय प्रदर्शन, मंच सज्जा और नाटकीय कार्य व्यापार के द्वारा पहचाना जा सकता है।

4. रंग नाटक वह होता है, जिसे मंच पर भली–भाँति खेला जा सके।

5. वर्तमान में हिंदी रंगमंच में गतिविधियाँ बढ़ रही हैं क्योंकि रंग महोत्सवों के अवसर पर रंगमंच पर नाटकों का प्रदर्शन होता है।

6. 'इक' प्रत्यय। नवीन शब्द–साप्ताहिक

7. रंगमंच की दुनिया/रंगमंचीय नाटक की विद्या या अन्य कोई उपयुक्त शीर्षक हो सकता है।

2. (क) जैसे तिनका लाकर चिड़िया अपना घर बनाती है वैसे ही कुछ निर्माण करना भी सर्जन ही करता है।

(ख) मानव सभी दुखी व्यक्तियों के आँसू पोछता है, अर्थात् दुख दूर करने की कोशिश करता है। दानव सभी का नुकसान और रूलाने की सोचता है।

(ग) जब वह कुछ नया सर्जन करता है, निर्माण करता है तब अपनी रचना को देखकर उसके अंदर विश्वास आता है।

(घ) अत्याचारी जब दूसरे के मार्ग में बाधा या रूकावट पैदा करते हैं तो वे स्वंय भी उस बाधा में नष्ट हो जाते हैं।

(ङ) नाश का मंत्र पढ़ने का अर्थ है – जो दुराचारी हो और हमेशा दूसरों का बुरा चाहता है। वह नाश का मंत्र पढ़ता रहता है।

फूल खिलाने से तात्पर्य उन व्यक्तियों से है जो हमेशा दूसरे के मार्ग की कठिनाइयों को दूर करने की सोचते हैं।

3. दृश्य लेखन–

# पत्र

4. सेवा में

महा प्रबंधक

दिल्ली परिवहन निगम

नई दिल्ली।

विषयः बसों में सुधार हेतु।

महोदय/महोदया

मैं आपका ध्यान दिल्ली परिवहन निगम की अपर्याप्त बस सेवा की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। दिल्ली परिवहन निगम की बसों में अभी तक आपेक्षित सुधार नहीं हो पाया है। अन्तर्राज्यीय बस अड्डे के लिए प्रायः बसे नहीं मिलती हैं। जो मिलती हैं उन बसों में सामान लेकर यात्रा करना अत्यन्त कठिन हो गया है। ऑटो रिक्शा वाले ऐसे में मनमाना किराया वसूलते हैं एवं यात्रियों के साथ अच्छे से पेश भी नहीं आते हैं। सामान्य लोगों के लिए तो ये बस ही एक मात्रा सहारा है। हमारे क्षेत्र में तो बसों की संतोषजनक स्थिति भी नहीं है।

आपसे प्रार्थना हैं कि इस क्षेत्र में कम से कम सौ अतिरिक्त बसों की अविलम्ब व्यवस्था की जाए।

आशा है कि आप हमारी प्रार्थना पर शीघ्र अति शीघ्र ध्यान देगें। और समस्या का समाधान करने की कोशिश करेगें।

सधन्यवाद

दिनांक

भवदीय.......................

5. विभिन्न संस्थाओं एवं कार्यालयों के कार्य सम्पन्न करने के लिए कोई न कोई समिति होती है। यह समिति उस संस्था या कार्यालयों पर नज़र रखती है। आपसी विचार विमर्श एवं निर्णय के द्वारा समिति अपना कार्य करती है। ये निर्णय किसी न किसी निर्धारित बैठक में लिए जाते हैं।

अर्थात् बैठक आयोजित करने से पहले एक क्रमवार सूची बनाई जाती है। यह सूची संक्षिप्त होती है। जिसमें विचारणीय मुद्दों को लिखा जाता है। ये लिखे गए क्रमवार विचारणीय मुद्दे या विषय ही कार्यसूची कहलाते हैं। कार्यसूची में प्रस्तुत विचारणीय मुद्दों को समिति बैठक में सचिव द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। समिति के अध्यक्ष की उपस्थिति में सभी सदस्य विचारणीय मुद्दों पर क्रमवार अपने–अपने विचार प्रकट करते हैं। उन मुद्दों का सर्वमान्य हल निकालते हैं और निर्णय लेते हैं। प्रत्येक मुद्दें पर किया गया विचार–विमर्श एवं निर्णय ही कार्यवृत्त कहलाता है। अतः कार्यसूची बैठक में प्रस्तुत किए जाने वाले मुद्दों की क्रमवार सूची है। और कार्यवृत्त प्रत्येक बिन्दु पर किया गया विचार विमर्श एवं लिया गया निर्णय है।

6. (1) भारत में पत्रकारिता की शुरूआत 1826 में बंगाल गजट से मानी जाती है।

(2) इंटरनेट जनसंचार का सबसे आधुनिक और लोकप्रिय माध्यम है। इसमें रेडियों, टेलीविजन, किताब, सिनेमा यहाँ तक की पुस्तकालय के भी सारे गुण मौजूद है।

(3) पत्रकारिता के मूल में जिज्ञासा का भाव होता है।

(4) सबसे विख्यात डायरी ऐनी फ्रैंक की है। जो निजी डायरी होने के साथ–साथ ऐतिहासिक दस्तावेज़ के रूप में भी जानी जाती है।

(5) पटकथा के मूल स्रोत में सबसे पहले कथा का चयन किया जाता है।

7. शब्दकोश पर आधारित

8. प्रसंग सहित व्याख्या

**भौंरन को गुंजन बिहार..................... झूलिबो सुहावनो लागत है।**

**प्रसंग**– कवि– रीतिकालीन कवि पद्माकर द्वारा रचित 'प्रकृति और शृंगार' से लिया गया है।

**मूल भाव**– इस कवित्त में सावन मास की मस्ती और उमंग का वर्णन किया गया है।

**व्याख्याः**— सावन मास का वर्णन करते हुए कवि कहते हैं कि सावन मास में प्रकृति में अनोखी उमंग और उल्लास भरी होती है। वन के कोने—कोने में लिखे हुए फूलों पर भौरें अपनी मधुर वाणी में गुंजार करते हैं। वे भौरें ऐसे लगते हैं जैसे कि प्रेमी और प्रेमिका कुंजों में बैठकर प्रेम भरा मधुर मल्हार राग गा रहे हो। भौरों का गुंजना कवि को प्रेमी—प्रेमिका का मल्हार प्रतीत होता है। कवि कहता है कि ऐसे प्रेम के मौसम में यदि प्रेमिका रूठती है, या मान करती है तो ऐसे में दोनों के बीच प्रेम और अधिक बढ़ जाता है। चारों ओर मोरों की आवाज और बादलो की गडगडाहट की आवाज सुनाई देती है। अर्थात् आकाश में छाए बादलों को देख मोर भी खुशी और प्रेम में नाचने लगते हैं। इस मास में वृक्षों की शाखाओं पर झूले डल गए हैं। और इस मास में वर्षा की बूंदों में अपनी प्रिया या अपने प्रिय के साथ झूलना बहुत ही सुन्दर, अच्छा लगता है और ये उनके प्रेम को और प्रगाढ़ करता है। ऐसे में प्रिय के प्रति अनुराग और मोह का भाव बढ़ जाता है।

**विशेष**—(1) भाषा — ब्रज भाषा

(2) पदावली — कोमलकांत

(3) छंद — कवित्त

(4) रस — संयोग श्रृंगार रस

(5) अनुप्रास अंलकार — बिहार वन, मंजुल मलारन, छवि छावनों वर्णों की आवृत्ति से संगीतात्मकता आ रही है।

9. **काव्य सौन्दर्यः**—

**जाग्रति नहीं अनिद्रा मेरी .................. रही ज्योति चकफेरी।**

**भाव पक्षः** भाव यह है कि कवि को नींद नहीं आ रही है। नींद न आना जागृति की ओर इशारा नहीं करता बल्कि यहाँ कवि समाज में व्याप्त विसंगतियों से परेशान है और यही परेशानी उसकी नींद ना आने का कारण है। नींद न आना निराशा और अंधकार को बताता है। जब तक धरती पर अन्याय, निराशा, अंधकार रहेगा तब तक ज्योति अर्थात् सब कुछ सही होने की आशा का प्रकाश अंधकार को दूर करने के लिए चारों ओर घूमती रहेगा। वह अंधेरा दूर करना चाहता है, पर दूर हो नहीं रहा है, जिससे ज्योति को चकफेरी देनी पडेगी।

**शिल्प पक्षः**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | भव–निशा | – | रुपक अंलकार |
| (2) | भाषा | – | भावानुकूल, संस्कृत निष्ठ |
| (3) | बोली | – | खडी बोली |
| (4) | प्रतीक | – | नए प्रतीकों का प्रयोग |
| (5) | छंद | – | छंद मुक्त रचना। |

10. (क) गोपियाँ मुरली के प्रति सौतिया डाह का भाव रखती हैं। श्री कृष्ण को मुरली के प्रेम में वशीभूत देखकर सखी कहती हैं कि मुरली का श्री कृष्ण के प्रति व्यवहार अच्छा नहीं है। वह उन्हें एक पाँव पर खडा रखती है। उन पर अपना अत्याधिक अधिकार जताती है। वह उनसे अनेक प्रकार की आज्ञाओं का पालन करवाती है। बाँसुरी बजाते समय उनकी कमर टेढी हो जाती है। वह उनकी गर्दन भी झुकवाती है। वह उनके होठों की शय्या पर वास करके अपने पाव दबवाती है। इतना ही नहीं मुरली बजाते समय श्री कृष्ण की भौहें टेढी हो जाती है। नथुने फूल जाते है। इस प्रकार वह हम पर गुस्सा करवाती है। मुरली ने उनको अपने वश में किया हुआ है। यहाँ पर नारी मनोविज्ञान का चित्रण किया हुआ है।

(ख) 'हस्तक्षेप' कविता में बताया गया है कि जब–जब सत्ता की निरंकुशता, क्रूरता बढ़ती है। तब–तब उसके कारण पैदा होने वाला प्रतिरोध भी बढ़ता जाता है। कवि बताता है कि जनतांत्रिक व्यवस्था में यदि समय–समय पर हस्तक्षेप न किया जाए तो वह व्यवस्था जनतांत्रिक न रहकर निरकुंश हो जाती है। इस कविता में ऐसी व्यवस्था की ओर इशारा किया गया है जहाँ कोई हस्तक्षेप करने की हिम्मत नहीं जुटाता है। वह बताना चाहता है कि हस्तक्षेप मुर्दा भी कर सकता है तो फिर जिन्दा व्यक्ति चुप कैसे रह सकता है। यदि जनतंत्र बचाना है तो हस्तक्षेप करना ही पडेगा।

11. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

**1888 में ज्योतिबा फुले .............................. व्यवहार में उतारकर दिखाते थे।**

**प्रसंग**– प्रस्तुत गद्यांश 'सुधा अरोडा' द्वारा रचित 'ज्योतिषा फुले' की जीवनी से लिया गया है।

**संदर्भः**— लेखिका ने यहाँ 'ज्योतिषा फुले' के उस वक्तत्व्य का उल्लेख किया है जो उन्होंने उस समय दिया था जब उन्हे महात्मा कहकर पुकारा था।

**व्याख्याः**—1888 में ज्योतिबा फुले को महात्मा की उपाधि से सम्मानित किया गया। फुले जी ने कहा कि महात्मा की उपाधि मेरे संघर्ष में बाधक बनेगी। उनका तर्क था कि मठाधीश बनने के बाद व्यक्ति आराम पसंद हो जाता है। ऐशो–आराम का जीवन व्यतीत करने वाला व्यक्ति कभी संघर्ष नहीं कर सकता। उनका कहना था कि आप मुझे जैसा हूँ वैसा ही रहने दीजिए मुझे महात्मा या मठाधीश मत बनाओ। मैं अभी अपने जीवन को पूर्ण विराम नहीं देना चाहता मैं अभी समाज की कुरितियों के विरुद्ध संघर्ष करना चाहता हूँ।

**विशेषः** (1) खडी बोली का प्रयोग

(2) भाषा सरल सहज रोचक

(3) ज्योतिबा फुले की कथनी और करनी में समानता बताकर उनके महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया है।

(4) सादा सरल जीवन जीने की प्ररेणा मिलती है।

(5) 'मठाधीश' शब्द से समाज की वर्ग विषमता का पता चलता है।

12. (क) अमरकांत की कहानी 'दोपहर का भोजन' शीर्षक की दृष्टि से सफल रचना है। इस कहानी का सम्पूर्ण कथानक दोपहर के भोजन पर सिमटा है। सिद्धेश्वरी ने दोपहर का भोजन तैयार कर लिया है। सबसे पहले उसका बड़ा बेटा रामचंद्र भोजन के लिए आता है, उसके बात छोटा बेटा मोहन व फिर मुंशी जी भोजन के लिए आते हैं। इस कहानी के पूरे संवाद दोपहर के भोजन पर केन्द्रीत हैं। पात्रों की सभी वार्ताएँ दोपहर का भोजन करते हुए ही होती हैं। अतः इस कहानी का शीर्षक 'दोपहर का भोजन' पूरी तरह से सार्थक और सटीक है।

(ख) जहाँ अंधकार होता है वहीं प्रकाश भी होता है। प्रकाश है तो अंधकार भी अवश्य ही होगा। जिस प्रकार दुख है तो सुख भी है इसी प्रकार अंधकार है तो प्रकाश भी है। अंधकार का स्थान प्रकाश ग्रहण करता है और प्रकाश का स्थान अंधकार ग्रहण करता है। यही इस कथन का अर्थ भी है। अंधकार में कोई ना कोई प्रकाश की किरण अवश्य होती है। अतः उस किरण को तलाश कर अपने लिए जीवन में मार्ग बनाना चाहिए।

13. **देव (जवीन / साहित्यिक परिचय)**

**जीवन परिचयः**— रीतिकालीन रीतिबद्ध कवि। इनका पूरा नाम देवदत्त द्विवेदी था।

**जन्मः**— सन् 1673 ई0 में इटावा उत्तर प्रदेश में हुआ था। ये एक दरबारी कवि थे। अनेक आश्रयदाताओं के साथ रहे। मुख्यतः भोगीलाल आश्रयदाता के आश्रय में रहे थे।

**मृत्युः**— सन् 1767 ई0 में इनका देहान्त हो गया।

**प्रमुख रचनाः**— 'भाव विलास', 'भवानी विलास', 'कुशल विलास', 'रस विलास, 'काव्य—रसायन', प्रेम तरंग प्रेम—चन्द्रिका आदि।

**काव्यगत विशेषताएँः**— प्रेम और सौन्दर्य के कवि। शृंगार के उदात्त रूप का चित्रण अनुप्रास, यमक प्रिय अंलकार है।

**भाषागत विशेषताएँः**—

(1) कोमलकान्त पदावली युक्त ब्रज भाषा।

(2) भाषा में प्रवाह और लालित्य गुण।

(3) प्रचालित मुहावरों का भी खूब प्रयोग।

16. (क) 'हुसैन की कहानी अपनी जबानी' आत्मकथा में मकबूल के पिता शिक्षा के हिमायती थे इसलिए उन्होंने मकबूल को पढ़ने के लिए बडौदा भेजा। वे अपने भाइयों की सहायता करने वाले थे। उन्होंने अपने भाइयों को किरयाने की दुकान खुलवाई। जब दुकान न चली तो रेस्तरां खुलवाया। वे कला के पारखी थे। जब मकबूल ने पेंटिंग बनाई तो उन्होंने उसे गले से लगा लिया था। बेंद्रे की सलाह पर उसके लिए बंबई से पेंट और कागज मंगवाया। मकबूल के अब्बा ने मुल्ला—मौलवियों की परवाह किए बिना मकबूल को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। वे एक खुले दिमाग के व्यक्ति थे।

15. (क) राधा धार्मिक प्रवृत्ति की महिला हैं। वह कम पढ़ी—लिखी होने के बावजूद भी धार्मिक पुस्तकों को पढ़ती है। वह अपनी सास का सम्मान करती है। ऐसा कोई काम नहीं करती है जो उसकी सास को बुरा लगे।

राधा एक हाजिर जवाब महिला है। जब उसकी सास अचानक कमरे में आती है और पूछती है कि ये सब क्या हो रहा है तो वह ही बात को संभालती है जिस कढाई में अंडों का हलुवा बन रहा था वह कहती है कि

श्याम के घुटने में क्रिकेट की गेंद लग गई है कढ़ाई में उसके घुटने पर बाँधने के लिए पुलटिस पकाई जा रही है। राधा की हाजिर जवाबी, कर्त्तव्य परायणता, बडों का सम्मान आदि विशेषताएँ हैं जो अपनाने योग्य है।

(ख) लेखक को अपने दादा से काफी लगाव था यह हम इस आधार पर कह सकते हैं कि लेखक अपने दादा की मृत्यु के बाद उनके कमरे में ही बंद रहता था। वह उनके बिस्तर पर ही सोता था। वह वही भूरी अचकन ओढ़कर सोता था जैसे कि वह अपने दादा से ही लिपटकर सोया हो। इन सब बातों से पता चलता है कि उसे अपने दादा से विशेष लगाव था।

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र–2

## विषय : हिन्दी (ऐच्छिक)

## कक्षा–XI

**समय: 3 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दें-

व्यक्ति, चाहे वह शहर में रहता हो या गाँव में, महल में रहता हो या झोपड़ी में, बहुमंजिली इमारत के फ्लैट में रहता हो या स्वतंत्र बंगले में, वह किसी न किसी का पड़ोसी अवश्य है। बिना पास-पड़ोस के मनुष्य जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है।

एक समय था जब एक ही गाँव, शहर अथवा गली मुहल्ले में रहने वालों के बीच इतनी घनिष्ठता थी कि वे एक दूसरे के यहाँ बाहर से आए लोगों को उनके गंतव्य तक पहुँचा देते थे अथवा उनका पता बता देते थे। क्योंकि वे मिलनसार थे, उनके बीच अपनापन था, वे एक दूसरे के सुख-दुख में सहभागी होते थे। लेकिन आज परिदृश्य पूरी तरह बदला हुआ है। एक ही इमारत में रहने वाले यह नहीं जानते कि पास वाले फ्लैट में कौन रहता है? तो गली मोहल्लों में रहने वालों से जान-पहचान होने का तो प्रश्न ही पैदा नहीं होता। वे रहते तो पास-पास हैं, लेकिन अजनबियों की तरह। क्या इसी का नाम पड़ोस है?

आज व्यस्त और भागमभाग भरे शहरी और महानगरीय जीवन में व्यक्ति अपने पास रहने वाले तक को नहीं पहचानता। आखिर पास रहकर भी यह दूरी क्यों?

आज महानगरों में रहने वाले लोग अपने आप में मस्त रहते हैं। उनका अपना एक अलग 'सोशल सर्कल' होता है, उसी में उनकी बैठक है, आना-जाना है। उनकी दुनिया वहीं तक सीमित है। उन्हें अपने आस-पास की दुनिया से कोई सरोकार नहीं। आस पड़ोस में अथवा अपने बहुमंजिले भवन में कौन रहता है? कौन नया व्यक्ति रहने आया है? और कौन छोड़कर चल गया है इससे किसी को कोई मतलब नहीं।

(क) आज का महानगरीय जीवन कैसा है? (2)

(ख) व्यस्तता का शहरी जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा? (2)

(ग) पुराना समय कैसा था? (2)

(घ) आज के महानगरीय लोग कैसे हैं? (2)

(ङ) समास-विग्रह कर समास का नाम लिखो - (1)
सुख-दुख, आस-पास

(च) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखें। (1)

(छ) 'पड़ोसी' शब्द से क्या अभिप्राय हैं। (1)

2. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए।
नाम अलग हैं देश-देश के, पर वसुंधरा एक है,

फल-फूलों के रूप अलग पर भूमि उर्वरा एक है,
धरा बाँटकर हृदय न बाँटो, दूर रहो संहार से।।
कभी न सोचो तुम अनाथ, एकाकी या निष्प्राण रे!
बूँद-बूँद करती है मिलकर, सागर का निर्माण रे!
लहर लहर देती संदेश यह, दूर क्षितिज के पार से।।
धर्म वही है, जो करता है, मानव का उद्धार रे!
धर्म नहीं वह जो कि डाल दे, दिल में एक दरार रे!
करो न दूषित आँगन मन का, नफरत की दीवार से।।
सीमाओं को लांघ न कुचलो, स्वतंत्रता का शीश रे!
बमबारी की स्वरलिपि में मत लिखो शांति का गीत रे!
बँध न सकेगी लय गीतों की, ऐसे स्वर विस्तार से।।
राजनीति में स्वार्थ न लाओ, भरो न विष संसार में,
पशुता भरकर संस्कृति में, मत भरो वासना प्यार में,
करो न कलुषित जन-जीवन तुम, रूप प्रणय व्यापार से।।

(क) लहरें क्या संदेश दे रही हैं? 1

(ख) धर्म की पहचान क्या है? 1

(ग) शांति गीत कैसा होना चाहिए? 1

(घ) कवि क्या करने को मना करता है? 1

(ङ) राजनीति, संस्कृति और जन-जीवन के लिए क्या-क्या घातक है? 1

3. दृश्य लेखन - 5

4. अपने शहर की कानून व्यवस्था की निरंतर बिगड़ती स्थिति का विवरण देते हुए उससे निपटने के लिए पुलिस आयुक्त को पत्र लिखें। 5

अथवा

'दैनिक भास्कर' को अपने खेल विभाग के लिए संवाददाताओं की आवश्कता है। इस पद हेतु खेलों का ज्ञान और उनमें रुचि के साथ-साथ हिन्दी भाषा में लेखन अभ्यास तथा अच्छी गति हो। इस पद के लिए प्रधान सम्पादक को आवेदन पत्र लिखें।
(स्ववृत्त संलग्न करें)

5. विद्यालय में जिला-स्तर की खेलकूद संबंधी गतिविधियाँ होनी है, इसके उचित संचालन के लिए बैठक से पूर्व कार्यसूची अथवा कार्यवृत्त बनाइए। 3

6. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

1. रेडियो का अविष्कार किसने किया?
2. अंतर्वेयाक्तिक संचार से आप क्या समझते हैं?
3. फीडबैक क्या है?
4. समाचार के संदर्भ में डेडलाइन क्या है?
5. पीत-पत्रकारिता क्या है?

7. शब्दकोश पर आधारित प्रश्न (4)

8. किसी एक काव्यांश की सप्रंग व्याख्या कीजिए- (6)

सॉंसनि ही सौं समीर गयो अरु, आँसुन ही सब नीर ढरि।
तेज गयो गुन लै अपनो, अरु भूमि गई तन की तनुता करि।।
'देव' जियै मिलिबेही की आस कि, आसहू पास आकश रह्यो भरि,
जा दिन तै मुख फेरि हरै हँसि, हेरि हियो जु लियो हरि जू हरि।

अथवा

चिर सजग आँखें उनींदी आज कैसा व्यस्त बाना।
जाग तुझको दूर जाना!
अचल हिमगिरि के हृदय में आज चाहे कंप हो ले,
या प्रलय के आँसुओं में मौन अलसित व्योम रो ले;
आज पी आलोक को डोले तिमिर की छोर छाया,
जागकर विद्युत-शिखाओं में निठुर तूफ़ान बोले!
पर तुझे है नाश-पथ पर चिह्न अपने छोड़ आना।
जाग तुझको दूर जाना!

9. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2×2 = 4

(क) 'सपना' सवैये में गोपी की दोनों अवस्थाओं को स्पष्ट करें। साथ ही स्पष्ट करें कि नींद टूटने को भाग सो जाना क्यों कहा गया है?

(ख) 'संध्या के बाद' कविता के आधार पर 'कर्म और गुण के समान ही सकल आय व्यय का हो वितरण'-पंक्ति के माध्यम से कवि कैसे समाज की ओर संकेत कर रहा है?

(ग) 'घर में वापसी' कविता के आधार पर निम्न पंक्ति का आशय स्पष्ट करें -
'पत्नी की आँखें आँखे नहीं हाथ हैं,
जो मुझे थामे हुए हैं।'

10. निम्नलिखित काव्यांशों का काव्य सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए- 3×2 = 6

(क) कोमल तन आज्ञा करवावति, कटि टेढ़ौ ह्वै आवति।
अति अधीन सुजान कनौड़े, गिरिधर नार नवावति।

(ख) सिमट पंख सांझ की लाली
जा बैठी अब तरु शिखरों पर

ताम्रपर्ण पीपल से, शतमुख
झरते चंचल स्वर्णिम निर्झर।
ज्योति स्तंभ-सा धंस सरिता में
सूर्य क्षितिज पर होता ओझल,

11. निम्नलिखित में से किसी एक गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए- (5)

(क) "मैं आज मनुष्य को एक घने अंधकार में देख रहा हूँ। उसके भीतर कुछ बुझ गया है। यह युग ही अन्धकारमय है। यह सर्वग्राही अन्धकार सम्पूर्ण विश्व को अपने उदर में छिपाए है। आज मनुष्य इस अन्धकार से घबरा उठा है। वह पथभ्रष्ट हो गया है। आज आत्मा में भी अन्धकार है। अन्तर की आँखें ज्योतिहीन हो गई हैं। वे उसे भेद नहीं पातीं। मानव-आत्मा अन्धकार में घुटती है। मैं देख रहा हूँ, मनुष्य की आत्मा भय और पीड़ा से त्रस्त है।"

अथवा

चारों ओर आँख उठाकर देखिए तो बिना काम करने वालों की ही चारों ओर बढ़ती है। रोज़गार कहीं कुछ भी नहीं है, अमीरों की मुसाहबी, दल्लाली या अमीरों के नौजवान लड़कों को खराब करना या किसी की जमा मार लेना, इसके सिवा बतलाइए कौन रोज़गार है जिससे कोई रुपया मिलें। चारों ओर दरिद्रता की आग लगी हुई है। किसी ने बहुत ठीक कहा है कि दरिद्र, कुटुंबी इस तरह अपनी इज्जत बचाए फिरता है, जैसे लाजवंती कुल की बहू फटे कपड़े में अपना अंग छिपाए रहती है। वही दशा हिन्दुस्तान की है।

12. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 3x2 = 6

(क) 'बच्चे हामिद ने बूढ़े हामिद का पार्ट खेला था। बुढ़िया अमीना बालिका अमीना बन गई'-ईदगाह पाठ के आधार पर कथन का आशय स्पष्ट करें।

(ख) 'गूँगा दया या सहानुभूति नहीं, अधिकार चाहता था'- गूँगे कहानी के आधार पर कथन का आशय स्पष्ट करें।

(ग) 'उसकी पूरी जिंदगी भूल का एक नक्शा है' - इस कथन द्वारा लेखक व्यक्ति के बारे में क्या कहना चाहता है?

13. पद्माकर अथवा महादेवी वर्मा का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

अथवा

हरिशंकर परसाई अथवा सुधार अरोड़ा का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी शैलीगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

14. किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए- 4x2 = 8

(क) एकांकी (अण्डे के छिलके) में अम्माँ की जो तस्वीर उभरती है, अंत में वह बिल्कुल बदल जाती है- टिप्पणी करें।

**(ख) 'लेखक जन्मजात कलाकार है' - यह तथ्य किस प्रकार उद्घाटित होता है।**

**(ग) नाना के घर किन-किन बातों का निषेध था? शरत् को उन निषिद्ध कार्यों को करना क्यों प्रिय था? ('दिशाहारा पाठ' के आधार पर उत्तर दें।)**

15. **(क) कला के प्रति लोगों का नजरिया पहले कैसा था? उसमें अब क्या परिवर्तन आया है?** **4**

अथवा

शरत् की रचनाओं में उनके जीवन की अनेक घटनाएँ व पात्र सजीव हो उठे हैं। पाठ 'दिशाहारा' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र–3

## Subject – Hindi Elective (हिन्दी ऐच्छिक)

## कक्षा–XI

**समयः 3 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।

### खण्ड 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 10

जीवन में हमें वही प्राप्त होता है जो हम जीवन को देते हैं, यह एक स्वयंसिद्ध तथ्य है। कर्म का सिद्धान्त भी इसी सत्य का उद्‌घाअन करता है कि जैसा हम बीजते हैं वैसा ही काटते हैं। इसलिए हमें सादा जीवन उच्च विचार रखने की प्रेरणा दी जाती है। साधारणतः लोग सादे जीवन का यह अर्थ मान लेते हैं कि उन्हें अपनी आवश्यकताएँ कम करके जीना चाहिए। जबकि सत्य यह है कि रोटी, कपड़ा और मकान ये तो जीवन की मूलभूत आवश्यकताएँ हैं। इन्हें कम नहीं किया जा सकता। जीवन की सादगी का अर्थ यह है कि वह आडम्बरहीन, छल–प्रपंच से रहित व वास्तविकता पर आधारित हो। जीवन में सादगी के आगमन से अपने आप शुचिता आ जाती है और शुचिता के समावेश से जीवन में उच्च विचारों का प्रवेश निर्बाध होने लगता है। ऊँचे विचार जीवन की गाड़ी की यात्रा को सुगम बना देते हैं। जहाँ उच्च विचार होते हैं वहाँ विकास व समृद्धि के द्वार खुल जाते हैं। ऊँचे विचारों से युक्त व्यक्ति जीवन की कठिन परिस्थितियों को स्वीकार करते हुए उसमें से ऐसा मार्ग चयन कर लेता है जो आनन्द और उत्साह से परिपूर्ण हो।

क) सादा जीवन से क्या अभिप्राय है? 2

ख) सादा जीवन जीने से क्या लाभ प्राप्त होता है? 2

ग) उच्च विचारों से ओत–प्रोत व्यक्ति की क्या विशेषता होती है? 2

घ) ऊँचे विचारों से जीवन–यात्रा सुगम कैसे हो जाती है? 2

ड़) गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

च) कर्म का सिद्धांत क्या है? 1

छ) शुचिता, आडम्बरहीन—उपसर्ग / प्रत्यय अलग करें। 1

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए — 1x5=5

न पुरूषार्थ बिना वह स्वर्ग है,
न पुरूषार्थ बिना अपवर्ग है।
न पुरूषार्थ बिना क्रियता कहीं,
न पुरूषार्थ बिना प्रियता कहीं।
सफलता वर—तुल्य वरो, उठो
पुरूष हो पुरूषार्थ करो, उठो।
न जिसमें कुछ पौरूष हो यहाँ —
सफलता वह पा सकता कहाँ ?
अपुरूषार्थ भयंकर पाप है,
न उसमें यश है न प्रताप है।
न कृमि—कीट समान करो, उठो
पुरूष हो पुरूषार्थ करो, उठो।।

क) इस काव्यांश में मानव को क्या प्रेरणा दी गई है?

ख) अपुरूषार्थ भयंकर पाप है—कैसे?

ग) सफलता वर—तुल्य वरो, उठो—इस पंक्ति के माध्यम से कवि क्या स्पष्ट करना चाहता है?

घ) पुरूषार्थ करने के क्या लाभ है?

ड़) काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

**खण्ड 'ख'**

3. दृश्य लेखन — 5

4. पुलिस अधीक्षक को लाउडस्पीकर के कारण उत्पन्न कठिनाइयों का वर्णन करते हुए शिकायती—पत्र लिखिए। 5

अथवा

बैंक ऑफ इण्डिया को कार्यालय सहायकों की आवश्यकता है। बैंक प्रबन्धक को इस पद के लिए आवेदन—पत्र लिखिए।

5. आधुनिक जनसंचार माध्यमों के उपयोग से उत्पन्न खतरों का उल्लेख कीजिए। 3

अथवा

रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी दयानन्द विहार की कार्यकारिणी समिति की बैठक के चुनाव के लिए कार्य सूची बनाइए।

6. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए – 1x4=4

क) एनी फ्रेंक की डायरी मूल रूप से किस भाषा में लिखी गई है?

ख) पटकथा की मूल इकाई क्या है?

ग) समाचार क्या है?

घ) रेडियो किस प्रकार का जनसंचार माध्यम है?

7. शब्दकोश पर आधारित होगा– 3

8. निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 6

जाग तुझको दूर जाना।
चिर सजग आँखें उनींदी आज कैसा व्यस्त बाना।
जाग तुझको दूर जाना।
अचल हिमगिरि के हृदय में आज चाहे कंप हो ले,
या प्रलय के आँसुओं में मौन अलसित व्योम रो लें,
आज पी आलोक को डोले तिमिर की घोर छाया,
जागकर विद्युत–शिखाओं में निठुर तूफान बोले।
पर तुझे है नाशपथ पर चिह्न अपने छोड़ आना
जाग तुझको दूर जाना।

अथवा

झहरि–झहरि झीनी बूँद हैं परति मानो,
घहरि–घहरि घटा घेरी है गगन में।
आनि कह्यो स्याम मो सौ 'चलौ झूलिबे को आज'
फूली न समानी भई ऐसी हौं मगन मैं।।
चाहत उठ्योई उठि गई सो निगोड़ी नींद,
सोए गए भाग मेरे जानि वा जगन में।

आँख खोलि देखौं तौ न घन हैं, न घनश्याम
वेई छाई बूँदें मेरे आँसु ह्वै दृगन में।

9. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 2x2=4

क) सूरदास जी द्वारा कृष्ण के अधरों की तुलना सेज से क्यों की गई है?

ख) संध्या के बाद कविता के आधार पर लाला के मन में उठने वाली दुविधा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

ग) कस्तूरी मृग के अपने ऊपर चिढ़ने का क्या कारण है?

10. किन्हीं दो काव्यांशों का काव्य–सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए – 3+3=6

क) जागृति नहीं अनिद्रा मेरी, नहीं गई भव–निशा अंधेरी।

ख) माँ की आँखें पड़ाव से पहले ही तीर्थ यात्रा की बस में दो पंचर पहिए हैं।

ग) बालम आओ हमारे गेह रे, तुम बिन दुखिया देह रे।

11. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 5

और ये गूँगे.......... अनेक–अनेक हो संसार में भिन्न–भिन्न रूपों में छा गए हैं जो कहना चाहते हैं, पर कह नहीं पाते। जिनके हृदय की प्रतिहिंसा न्याय और अन्याय को परखकर भी अत्याचार को चुनौती नहीं दे सकती क्योंकि बोलने के लिए स्वर होकर भी स्वर में अर्थ नहीं है........ क्योंकि वे असमर्थ हैं।

अथवा

साँझ होते ही सारा माहौल भाँय–भाँय करने लगता था। दिन भर के थके हारे मज़दूर अपने–अपने दड़बों में घुस जाते थे। साँप–बिच्छू का डर लगा रहता था। जैसे समूचा जंगल झोंपड़ी के दरवाज़े पर आकर खड़ा हो गया है। ऐसे माहौल में मानो का जी घबराने लगता था। लेकिन करे भी तो क्या! न जाने कितनी बार सुक्रिया से कहा था मानो ने, ''अपने देश की सूखी रोटी भी परदेश के पकवानों से अच्छी होती है।''

12. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 3+3=6

क) ज्योतिबा फुले व सावित्री बाई का दाम्पत्य जीवन किस प्रकार आधुनिक दम्पत्तियों को प्रेरणा प्रदान करता है?

ख) 'उसकी माँ' कहानी के आधार पर लाल का चरित्र–चित्रण कीजिए।

ग) 'जिस प्रकार ट्रेन बिना इंजन के नहीं चल सकती, ठीक उसी प्रकार हिन्दुस्तानियों को चलाने वाला कोई हो' इस पंक्ति से लेखक भारतेन्दु

हरिशचन्द्र ने अपने देश की खराबियों के मूल कारण खोजने को क्यों कहा है?

13. 'देव' अथवा 'नरेन्द्र शर्मा' के जीवन और रचनाओं का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनकी किन्हीं दो काव्यगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 5

अथवा

'भारतेन्द्र हरिशचन्द्र' या 'रांगेय राघव' के जीवन और रचनाओं का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनकी भाषागत शैली की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

14. 'पराया घर तो लगता ही है भाभी' अपने भाई–भाभी के कमरे में श्याम को पराये–पन का अहसास क्यों होता है? श्याम की भाभी के घर में सफाई रखने वाले कार्य से आपको क्या प्रेरणा मिलती है? 4

अथवा

दादा की मौत के बाद मकबूल को कहाँ और क्यों छोड़ा जाता है? वहाँ उसकी दोस्ती किन–किन के साथ होती है? उन छः दोस्तों की घनिष्ठ मित्रता से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?

15. क) ''पिता का यह अधूरा–पन भी उसकी प्रेरक शक्ति बन गया।'' 'अवारा मसीहा' के लेखक ने ऐसा क्यों कहा? 4+4=8

ख) कला के प्रति लोगों का नज़रिया पहले कैसा था? उसमें अब क्या बदलाव आया है?

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र–3

## उत्तर संकेत एवं अंक योजना

1. अपठित गद्यांश।

   क) आडंबरहीन, छल–पपंच से रहित वास्तविकता पर आधारित जीवन। 2

   ख) शुचिता का आगमन व जीवन में उच्च विचारों का निर्बाध प्रवेश। 2

   ग) कठिन परिस्थितियों में भी आनन्द व उत्साह से परिपूर्ण मार्ग का चयन करना। 2

   घ) उच्च विचारधारा से विकास व समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हो जाता है। 2

   ड़) सादा जीवन उच्च विचार या अन्य उपयुक्त शीर्षक। 1

   च़) जैसा बीजते हैं वैसा काटते हैं। 1

   छ) ता, हीन प्रत्यय। 1

2. अपठित काव्यांश –

   क) मानव को समस्त शक्तियों को एकल करने व सफलता पाने की प्रेरणा दी गई है। 1

   ख) अपुरूषार्थ से न यश मिलता है न वीरत्व प्राप्त होता है। 1

   ग) निरंतर परिश्रम करते हुए वरदान के समान सफलता को धारण करो। 1

   घ) यश व वीरत्व प्राप्त होता है, धरती पर जीवन स्वर्ग तुल्य हो जाता है। 1

   ड़) पुरूष हो पुरूषार्थ करो। पुरूषार्थ की महिमा आदि। 1

3. दृश्य लेखन – 3

4. पत्र का अंक विभाजन इस प्रकार है –

   क) आरम्भ एवं समाप्ति 1

   ख) विषय वस्तु 3

   ग) भाषा की शुद्धता 1

5. आधुनिक जनसंचार माध्यमों के उपयोग से उत्पन्न खतरे निम्नलिखित हैं – 5

   1) समय की बर्बादी

   2) उपभोक्तावाद का बढ़ावा

   3) बच्चों की आँखों पर बुरा प्रभाव

   4) खान–पान की आदत बिगड़ना

5) पारिवारिक संबंधों में दूरी

6) फैशन व अश्लीलता को बढ़ावा

7) विज्ञापन जनता को दिग्भ्रमित करने वाले आदि।

अथवा

तिथि एवं समय

स्थान – सामुदायिक केंद्र 3

कार्य सूचि

1) सचिव का स्वागत

2) पिछली बैठक के कार्यवृत्त पर चर्चा

3) कार्यकारिणी की वार्षिक आम सभा के कार्यक्रम पर विचार।

4) चुनाव तिथि व कार्यक्रम निर्धारण।

5) समिति के आय व व्यय पर चर्चा।

6) समिति का घोषणा–पत्र

7) धन्यवाद ज्ञापन / आदि

हस्ताक्षर

(सचिव)

रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी

दयानंद विहार, दिल्ली।

6. क) डच भाषा 1

ख) दृश्य 1

ग) किसी भी ताजी घटना, विचार या समस्या की रिपोर्ट जिसमें अधिकाधिक लोगों की रूचि हो और जिसका अधिक से अधिक लोगों पर प्रभाव पड़े 1

घ) श्रव्य साधन

7. शब्दकोश पर आधारित होगा– 3

8. सप्रसंग व्याख्या : अंक विभाजन। 6

1) संदर्भ–कवि, कविता ½+½

2) प्रसंग–पूर्वापर संबंध 1

3) व्याख्या 3

4) काव्य–सौंदर्य 1

जाग तुझको दूर जाना ...................................।

कवयित्री : महादेवी वर्मा

कविता : जाग तुझको दूर जाना

प्रसंग : मानव को निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा।

**व्याख्येय बिन्दु :**

- मंजिल/लक्ष्य दूर, लगातार प्रयासरत रहना
- मंजिल पाने हेतु निरंतर सचेत व जागरूक रहना
- आलस्य त्यागना
- विपरीत परिस्थितियों में भी संघर्षरत हो चलायमान रहना।
- विनाश के रास्ते में भी अपने चरण चिह्न छोड़ना।

**काव्य–सौंदर्य :**

- चित्रात्मक शैली
- खड़ी बोली हिंदी
- प्रतीकात्मक भाषा
- ओज गुण, वीर रस
- भाषा सरल, सहज, प्रवाह भय, प्रभावशाली, सुबोध, गंभीर
- खड़ी बोली हिंदी, तत्सम, शब्दों का अधिक्य
- छंद मुक्त भाषा आदि।

अथवा

झहरि–झहरि ................ ................. .................

कवि : देव

कविता : सपना

प्रसंग : गोपी की स्वप्नावस्था का चित्रण।

**व्याख्येय बिन्दु :**

- वर्षा वस्तु में बूंदों का झर–झर कर पड़ना।
- आकाश में काली घटा का घिरना।
- नायिका निद्रामग्न, स्वप्नलीन।
- स्वप्न में कृष्ण को देखना, उनके निमंत्रण को स्वीकार करना।
- उठने के प्रयास में नींद टूटना, भाग्य सो जाना।
- न कृष्ण न बादल / संयोगावस्था से वियोगावस्था में आना।

**काव्य–सौन्दर्य :**

- श्रृंगार रस – दोनों पक्ष (संयोग व वियोग) का सुन्दर चित्रण।
- ब्रज भाषा, छंद युक्त भाषा, कवित छंद।
- गेयता व संगीतमयता।
- अलंकार–पुनरूक्तिप्रकाश, अनुप्रास, मानवीकरण आदि।

9. किन्हीं दो के उत्तर अपेक्षित। 2x2=4

क) बाँसुरी के सातों छिद्रों पर इधर–उधर जाती–आती अंगुलियाँ ऐसा अहसास कराती थी मानों श्री कृष्ण के होठों रूपी शैय्या पर लेटी बाँसुरी की सेवा कर रही हों।

ख) छोटी एवं संकुचित दुकान को देखकर लाला स्वयं का अपमानित व दुःख का अनुभव करता है। संकुचित आय, जीवन में सुख का अभाव, परिवार के लिए मूलभूत जरूरतों को भी न जुटा पाना, कम आय के अंधकारमय जीवन, जीवन में सजीवता का न बचना आदि।

ग) नाभि में सुगंधित पदार्थ 'कस्तूरी' से अनभिज्ञ/मस्त करने वाली सुगंध स्वयं में, परन्तु सत्य से अपरिचित। कस्तूरी को बाहर ढूँढ़ने के लिए भाग–दौड़ करना पर सब निरर्थक।

10. किन्हीं दो का काव्य–सौन्दर्य – 3+3=6

अंक विभाजन – • भाव–सौन्दर्य 1½

• शिल्प–सौन्दर्य 1½

क) भाव–सौन्दर्य :–

कवि के लिए अन्तर्मन और संसार–दोनों में सर्वत्र अंधकार। नींद टूटना जागरण नहीं है। जागरण सुख–समृद्धि का प्रतीक होता है जबकि अनिद्रा अर्थात् विश्व व्याप्त सामाजिक अव्यवस्था से उत्पन्न निराशा अर्थात् अनिद्रा अधिक कष्टदायक है।

**शिल्प–सौन्दर्य :–**

- सरल, सुबोध, लाक्षणिक भाषा
- खड़ी बोली हिंदी
- तत्सम व तद्भव शब्दावली
- सामाजिक अव्यवस्था के कारण अन्तर्मन में बेचैनी
- प्रतीकात्मक भाषा आदि।

ख) माँ की आँखें .................. .................. ..................

भाव–सौन्दर्य :–

'बस के दो पंचर पहिए' प्रतीक माँ की आँखों के लिए प्रयुक्त। माँ की आँखें गरीबी के कारण असमय ही अपना महत्त्व व तेज खो बैठी है। आँखें जीवन की निराशा व टूटन को अभिव्यक्त करती है।

**शिल्प–सौन्दर्य :–**

- भाषा सरल, समय, भावपूर्ण।
- लाक्षणिकता व प्रतीकात्मकता।
- प्रतीक योजना सार्थक और समर्थ।
- दृश्य बिंब आदि।

ग) बालम आओ हमारे .................. .................. ..................

भाव–सौंदर्य :–

जीवात्मा की विरह अवस्था का सजीव चित्रण। परमात्मा रूपी प्रियतम का

आह्वान। परमात्मा से मिलन के पश्चात् ही विरह पीड़ा से मुक्ति। इसलिए ईश्वर का आह्वान करता है।

**शिल्प–सौन्दर्य :–**

- भाषा सरल, सरल, प्रवाहमय, प्रभावशाली।
- भक्तिरस
- सधुक्कड़ी भाषा, छंदयुक्त, गेय, संगीतमय भाषा।
- अनुप्रास अलंकार आदि।

11. गद्यांश की व्याख्या – अंक विभाजन। 5

संदर्भ व प्रसंग 1

व्याख्या 3

विशेष कथन 1

और ये गूंगे ............. अनेक ............. .............

पाठ : गूंगे

लेखक : रांगेय राघव

**व्याख्या–बिन्दु –**

- मूक बधिर बालक की व्यथा, शोषण व आक्रोश का वर्णन व उसके माध्यम से समाज के लोगों पर व्यंग्य।
- आज के मानव के गूंगेपन पर व्यंग्य कि वह सामाजिक अन्याय को देखकर भी प्रतिक्रिया व्यक्त नही कर पाता।
- उसका मन न्याय और अन्याय में भेद करके भी अत्याचार का विरोध नहीं कर पाता आदि।

**विशेष :**

- सरल एवं सुबोध भाषा शैली का अनुकरण।
- पेट की आग भूख का प्रतीक।
- अन्याय को समझकार भी उसका विरोध करने में अक्षम।

अथवा

साँझ होते ही ................ ................ ................

पाठ : खानाबदोश

लेखक : ओमप्रकाश बाल्मीकि

**व्याख्या–बिन्दु –**

- मजबूर वर्ग की ईमानदारी और मेहनत भी जिंदगी के साथ–साथ उनके जीवन की कठिनाइयों का वर्णन।
- भट्टे का सुनसान व डरावना वातावरण।
- सुकिया को समझना कि अपने गांव में तंगी में गुजारा करना ज्यादा अच्छा क्योंकि वहाँ सभी लोग जान–पहचान के, जिनके साथ दुःख–सुख बाँटा जा सकता है। आदि।

**विशेष :**

- भट्टे पर काम करने वाले मजदूरों की बस्ती का यथार्थ चित्रण किया गया है।
- शोषित वर्ग की व्यथा व मनोदशा का मार्मिक चित्रण है।
- भाषा सरल व सुबोध है।

12. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित :– 3x2=6

क)
- एक–दूसरे के प्रति समर्पित।
- एक–दूसरे की भावनाओं को समझना, उनका सम्मान करना।
- मत–भेद होने पर भी एक–दूसरे के विचारो ंको समझने का प्रयत्न करना।
- दोनों में एकसूत्रात्मकता होना।
- अच्छे कार्यों में परिवार व समाज का विरोध सहकर भी कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करना आदि।

ख)
- सुडौल, सुंदर तथा तेजस्वी बालक
- जागरूक युवक

- देशभक्त
- नेतृत्व का गुण
- निडर व साहसी
- अपनी शक्ति व सामर्थ्य पर विश्वास आदि।

ग) रेलगाड़ी को चलाने हेतु इंजन की आवश्यकता, वैसे ही हिंदुस्तानी स्वयं काम करने के आदि नहीं हैं अतः उन्हें काम करवाने हेतु इंजन के समान मुखिया की आवश्यकता। मूल खराबी यही है। ऐसी कमियों को ढूँढ़ना व दूर करना, बिना मुखिया के भी नेतृत्व की भावना विकसित करना व देश की उन्नति के लिए आवश्यक।

13. अंक विभाजन

| | | |
|---|---|---|
| क) | जन्म व जीवन परिचय | 2 |
| ख) | रचनाएँ | 1 |
| ग) | काव्यगत विशेषताएँ / भाषा शैली | 2 |

**1) देव** –

जन्म – 1673 ई. इटावा, उत्तर प्रदेश

मृत्यु – 1767 ई.

रचनाएँ – रस विलास, भाव विलास, भवानी विलास, प्रेम चन्द्रिका आदि।

काव्यगत विशेषताएँ – कवित्त और सवैयों में प्रेम और सौन्दर्य का चित्रण। रीतिकालीन कवि। दरबारी कवि होने के कारण जीवन के विविध दृश्यों का अभाव।

भाषागत विशेषताएँ – मंजी हुई कोमल ब्रज भाषा। इस भाषा में अनुप्रास की अनुपम छटा है। प्रसाद गुण तथा गंभीरता है। जहाँ तहाँ मुहावरों का प्रयोग, रस अलंकार शब्द शक्ति का वर्णन। शृंगार रस की अधिकता है।

अथवा

**2) नरेन्द्र शर्मा** –

जन्म – 1923

मृत्यु – 1989

आर्य समाज में गहरी आस्था। उच्च शिक्षा इलाहाबाद में, काशी विद्यापीठ के शिक्षक जवाहरलाल नेहरू जी के सहायक सचिव रहते हुए

स्वतंत्रता आन्दोलन में भाग लिया, जेल भी गए। कई फिल्मों के संवाद व गीत भी लिखे। आकाशवाणी – विविध भारती कार्यक्रम के संचालक रहे।

**रचनाएँ –**

काव्य संग्रह – प्रभात फेरी, पलाश वन, मिट्टी के फूल, कामिनी, रक्तचंदन, प्यासा निर्झर, सुवर्ण आदि।

**काव्यगत विशेषताएँ –**

प्रगतिवाद से प्रभावित गीतकार निम्नवर्ग का उत्थान, नारी की अस्मिता और प्रगति का निरंतर समर्थन, आम आदमी की भाषा। उपमा, रूपक, अन्योक्ति, मानवीकरण आदि अलंकारों का प्रयोग मिलता है। तत्सम, तद्भव, देशज, अरबी, फारसी शब्दों का सहज प्रयोग।

3) **भारतेन्दु हरिश्चन्द्र –**

जीवन परिचय

जन्म – 1850

मृत्यु – 1885

बचपन में माता–पिता का देहांत। पूर्वजों का सम्बन्ध दिल्ली के शाही घराने से था अंग्रेजी, उर्दू, हिंदी, मराठी, गुजराती पंजाबी, बंगला, संस्कृत, भाषाओं के अच्छे ज्ञाता।

**रचनाएँ –**

**नाटक**–'प्रेम जोगिनी', 'सत्य हरिश्चन्द्र', 'भारत जननी', 'मुद्राराक्षस', 'अँधेर नगरी', 'भारत दुर्दशा'।

**भाषा शैली –**

तत्कालीन समाज में प्रचलित हिंदी का रचनाओं में प्रयोग। देशज व विदेशी शब्दों का भरपूर प्रयोग। विभिन्न दुष्टांतों व प्रसंगों के माध्यम से कथन का स्पष्टीकरण।

4) **रांगेय राघव**

जीवन परिचय

जन्म – 1923

मृत्यु – 1962

प्रसिद्ध कथाकार ने आगरा विश्वविद्यालय से एम.ए. व पी.एच.डी. की डिग्री प्राप्त की। 1961 में राजस्थान साहित्य अकादमी से पुरस्कृत हुए।

**रचनाएँ –**

**<u>कहानी संग्रह</u>**–'समुद्र के फेन', 'अधूरी सूरत', 'राम राज्य का वैभव', 'देव दासी'।

**उपन्यास –**

घरौंदा, सीधा सादा रास्ता, बोलते खंडहर

**भाषा शैली –**

भाषा में सरलता व प्रवाह का गुण तत्सम् तद्‌भव के साथ–साथ विदेशी शब्दों का भी सहज प्रयोग।

संवादात्मक शैली का सहज प्रयोग। कहानियों द्वारा जीवन के विविध पहलुओं का सहज उद्‌घाटन।

**प्रश्न नं. 14 का उत्तर –**

भाभी के आने से कमरे का नक्शा ही बदल गया था जो पहले अव्यवस्थित रहता था अब सभी वस्तुएँ अपने अपने स्थान पर व्यवस्थित थी, दरवाजे के पीछे एक आध कोट पैंट नजर आती है, टेबल चमचमा रही है, मानों नयी–नयी पॉलिश होकर आई हो इसलिए श्याम को पराएपन का अहसास होता है।

**प्रेरणा –**

घर के साफ सुथरे रखें। इधर उधर फैली वस्तुओं को करीने से व्यवस्थित रखें। कमरे में कहीं गंदगी न हो, हर चीज अपनी–अपनी जगह पर व्यवस्थित हो। फूहड़पन को छोड़कर सुधडता का परिचय हो।

अथवा

दादा की मौत के सदमे में उबरने के लिए मकबूल को बोर्डिंग स्कूल भेजा जाता है। वहाँ उसकी दोस्ती पाँच लड़कों से होती है। एक व्यापारी है, एक रेडियो की आवाज है, एक कराची का नागरिक है, एक मोती व्यापारी है व एक मस्जिद का मेम्बर है। सभी अलग–अलग दिशाओं में बँट गए हैं, परंतु दो साल की नज़दीकी तमाम उम्र कभी दिल की दूरी में नहीं बदल पाई।

**प्रेरणा –**

मित्र बनाएँ और सच्ची मित्रता निभाएँ। सुख दुःख में उम्रभर साथी बने रहे। दूर रहकर भी एक दूसरे से तहेदिल से प्रेम करें विश्वास एक दूसरे पर बनाए रखें। मित्रता में ऊँच नीच का कोई बन्धन नहीं होता।

**प्रश्न नं. 15 का उत्तर –**

क) शरत् के पिता मोतीलाल यायावत् प्रकृति के स्वप्नदर्शी व्यक्ति थे। परिवार या जीविका का कोई भी साधन उन्हें बाँधकर नहीं रख सका। उन्हें कहानी उपन्यास कविता आदि लिखने का शौक था। रचना का आरम्भ जितना महत्वपूर्ण होता था अन्त उतना ही महत्वहीन होता था। एक रचना को अधूरी छोड़कर दूसरी रचना लिखना शुरू कर देते थे। आदर्श ऊँचा परन्तु अन्त तक पहुँचने की क्षमता नहीं थी। सभी रचनाएँ अधूरी थीं। शरत् ने बड़े होकर पिता की सभी रचनाएँ निकाल पर पढ़ी परन्तु अन्त न मिलने पर सोचता था, बाबा ने इनका अन्त क्यों नहीं लिखा? अगर पूरा करते तो अन्त कैसा होता? इसी अंत की खोज और आस–पास के वातावरण को जानने की इच्छा ने शरत को कथा शिल्पी शरतचन्द्र बना दिया।

ख) कला को राजा–महाराजाओं का शौक माना जाता था। आर्ट का केन्द्र वही लोग रहते थे, जिनके पास खाली समय रहता था व रोटी कमाने की चिन्ता नहीं थी। आर्ट केवल राजे महाराजाओं और अमीरों की दीवारों की शोभा बन कर रह जाती थी। आम लोगों में इसे सम्मानजनक नज़रों से नहीं देखा जाता था। समय के साथ–साथ सोच में बदलाव आया। आम लोगों में भी कला के प्रति रूचि उत्पन्न हुई है। यह अब एक पूर्ण व्यवसाय बन गया है। अब कलाकृतियाँ अमीरों की ही नहीं आम घरों में पेंटिंग करना लगाना सम्मानजनक हो गया है। कलाकारों को भी अब हेय दृष्टि से नहीं देखा जाता।

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र–4

## विषय – हिन्दी ऐच्छिक)

## कक्षा– ग्यारहवीं

**समयः 3 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।

**खण्ड 'क'**

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 10

हमारा हिमालय से कन्याकुमारी तक फैला हुआ देश, आकार और आत्मा दोनों दृष्टियों से महान और सुंदर है। उसका बाह्य सौंदर्य विविधता की सामंजस्यपूर्ण स्थिति है और आत्मा का सौंदर्य विविधता में छिपी हुई एकता की अनुभूति है। चाहे कभी न पिघलने वाला हिम का प्राचीर हो, चाहे कभी न जमने वाला अतल समुद्र हो, चाहे किरणों की रेखाओं से खचित हीरतिमा हो, चाहे एकरस शून्यता ओढ़े हुए मरू हो, चाहे साँवले भरे मेघ हों, चाहे लपटों में साँस लेता हुआ बवंडर हो, सब अपनी भिन्नता में भी एक ही देवता के विग्रह का पूर्णता देते हैं। जैसे मूर्ति के एक अंग का टूट जाना संपूर्ण देव–विग्रह को खंडित कर देता है, वैसे ही हमारे देश की अखंडता के लिए विविधता की स्थिति है।

यदि इस भौगोलिक विविधता में व्याप्त सांसकृतिक एकता न होती, तो यह विविध नदी, पर्वत, वनों का संग्रह–मात्र रह जाता। परंतु इस महादेश की प्रतिभा ने इसकी अंतरात्मा को एक रसभयता में प्लवित करके इसे विशिष्ट व्यक्तित्व प्रदान किया है, जिसमें यह आसमुद्र एक नाम की परिधि में बँध जाता है।

हर देश अपनी सीमा में विकास पाने वाले जीवन के साथ एक भौतिक इकाई है, जिससे वह समस्त विश्व की भौतिक और भौगोलिक इकाई से जुड़ा हुआ है। विकास की दृष्टि से उसकी दूसरी स्थिति आत्म–रक्षात्मक तथा व्यदस्थापरक राजनीतिक सत्ता में है। तीसरी सबसे गहरी व व्यापक स्थिति उसकी सांस्कृति

गतिशीलता में है, जिससे वह अपने विशेष व्यक्तित्व की रक्षा और विकास करता हुआ विश्व–जीवन के विकास में योग देता है। यह सभी बाह्य और स्थूल तथा आंतरिक और सूक्ष्म स्थितियाँ एक–दूसरे पर प्रभाव डालती और एक–दूसरी से संयमित होती चलती हैं।

एक विशेष भूखंड में रहने वाले मानव का प्रथम परिचय, संपर्क और संघर्ष अपने वातावरण से ही होता है और उससे प्राप्त जय, पराजय समन्वय आदि से उसका कार्य–जगत ही संचालित नहीं होता, प्रत्युत अंतर्जगत और मानसिक संस्कार भी प्रभावित होते हैं।

(i) गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 1

(ii) हमारे देश की सुंदरता किसमें निहित है? 2

(iii) कौन एक ही देवता के विग्रह को पूर्णता प्रदान करते हैं? 2

(iv) हमारे देश की अखंडता के लिए विविधता की स्थिति कैसी हैं? 2

(v) हमारा देश कहाँ से कहाँ तक फैला है व इसकी भौगोलिक विविधता में क्या व्याप्त है? 2

(vi) कोई देश अपने विशेष व्यक्तित्व की रक्षा कैसे करता है? 1

(vii) हमारे देश की अंतरात्मा किसमें डुबी हुई है? 1

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

कोलाहल हो,
या सन्नाटा, कविता सदा सृजन करती है,
जब भी आँसू
हुआ पराजित, कविता सदा जंग लड़ती है।

जब भी कर्ता हुआ अकर्ता,
कविता ने जीना सिखलाया
यात्राएँ जब मौन हो गई
कविता ने चलना सिखलाया।

जब भी तम का
जुल्म चढ़ा है, कविता नया सूर्य गढ़ती है,
जब गीतों की फलसें लुटतीं
शीलहरण होता कलियों का,
शब्दहीन जब हुई चेतना
तब–तब चैन लुटा गलियों का
    जब कुर्सी का
    कंस गरजता, कविता स्वयं कृष्ण बनती है।
    अपने भी हो गए पराए
    यूँ झूठे अनुबंध हो गए
    घर में ही वनवास हो रहा
    यूँ गूँगे संबंध हो गए।

(क) कविता को सृजनात्मक क्यों कहा गया है? 1

(ख) 'कविता सदा जंग लड़ती है' का क्या भाव है? 1

(ग) कविता जीना कब सिखाती है? 1

(घ) जब निराशा और अंधकार पाँव पसारता है तब प्रेरणा कहाँ से मिलती है? 1

(ङ) 'परस्पर संबंधों में दूरियाँ बढ़ने लगी' यह भाव किस पंक्ति में आया है? 1

**खंड–'ख'**

3. दृश्य लेखन – 5

बाढ़ का दृश्य

अथवा

साप्ताहिक बाजार

4. रोज़गार कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए किसी समाचार पत्र के संपादक को पत्रा लिखिए। 5

**या**

अस्थाई आधार पर भरे जाने वाले लिपिक पद हेतु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष के अपनी योग्यताओं का विवरण देते हुए आवेदन पत्र लिखिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 4

(i) संचार प्रक्रिया के तत्व कौन–कौन से हैं?

(ii) भारत का कौन–सा अखबार सिर्फ इंटनेट पर उपलब्ध है?

(iii) हिंदी का पहला साप्ताहिक पत्र कौन–सा है?

(iv) भारत में पहला छापाखाना कहाँ और कब खुला था?

(v) ब्रेकिंग न्यूज से क्या आशय हैं?

6. विद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के लिए बुलाई गई बैठक हेतु कार्यसूची बनाइए। 3

अथवा

विद्यालय में हिंदी साहित्य परिषद् की एक सभा हिंदी दिवस समारोह को मनाने हेतु आयोजित की गई। उसका प्रतिवेदन लिखिए।

7. शब्दकोश किसे कहते हैं? 3

अथवा

संयुक्त व्यंजन वाले शब्द कहाँ मिलते हैं?

8. किसी एक काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 6

जब तब नींद उचट जाती है
पर क्या नींद उचट जाने से
रात किसी की कट जाती हैं?
देख–देख दुःस्वप्न भयंकर,
चौंक–चौंक उठता हूँ डरकर,
पर भीतर के दुःस्वप्नों से
अधिक भयावह है तम बाहर!

आती नहीं उषा, बस कोवल
आने की आहट आती है।

**अथवा**

नभ तारक–सा खंडित पुलकित
यह क्षरु–धारा को चूम रहा,
वह अंगारों का मधु–रस पी
केशर–किरणों–सा झूम रहा,
अनमोल बना रहने को कब टूटा कंचन हीरक पिछला ?

9. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 2×2=4

(क) मुर्दे का हस्तक्षेप क्या प्रश्न खड़ा करता है? कविता के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

(ख) प्रणय–कलह से कवि का क्या तात्पर्य हैं?

(ग) 'बालम आवो हमारे गेह रे' में कवि किसका आह्वान कर रहा है और क्यों?

10. निम्नलिखित काव्यांशों का काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए– 3×2=6

(क) लट पर बगुलों–सी वृद्धाएँ
विधवाएँ जप ध्यान में मगन,
मंथर धारा में बहता
जिनका अदृश्य, गति अंतर–रोदन!

(ख) वह अचल धरा को भेंट रहा,
शत–शत निर्झर में हो चंचल,
चिर परिधि बना भू को घेरे
इसका नित उर्मिल करूणा जल
कब सागर उर पाषाण हुआ, कब गिरि ने निर्भय तन बदला?

11. निम्न में से किसी एक गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 5

उसने कहा– ''उस टार्च की कोई दुकान बाजार में नहीं है। वह बहुत सूक्ष्म है। गमर कीमत उसकी बहुत मिल जाती है। तू एक–दो दिन रह, तो मैं तुझे सब समझा देता हूँ।''

**अथवा**

भट्ठे से उठते काले धुएँ ने आकाश तले एक काली चादर फैला दी थी। सब कुछ छोड़कर मानो और सुकिदा चल पड़े थे। एक खानाबदोश की तरह, जिन्हें एक घर चाहिए था, रहने के लिए। पीछे छूट गए थे कुछ बे तरतीब पल, पसीने के अक्स जो कभी इतिहास नहीं बन सकेंगे। खानाबदोश ज़िंदगी का एक पड़ाव था यह भट्ठा।

12. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 3×2=6

(क) 'उसकी माँ, कहानी में दो तरह की मानसिकताओं का संघर्ष है। एक का प्रतिनिधित्व लाल करता है और दूसरे का उसका चाचा। आपकी नज़र में कौन सही है? तर्क सहित बताइए।

(ख) 'मनुष्य की करूणा की भावना उसके भीतर के गूँगेपन की प्रतिछाया है।' 'गूँगे' कहानी के इस कथन को वर्तमान सामाजिक परिवेश के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए।

(ग) देश की सब प्रकार की उन्नति हो, इसके लिए भारतेन्दु हरिश्चंद्र ने जो उपाय बताए है उनका वर्णन कीजिए।

13. कबीर अथवा सुमित्रानंदन पंत का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

**अथवा**

प्रेमचंद अथवा भारतेंदु हरिश्चंद्र का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

14. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 4×2=8

(क) 'अंडे के छिलके' एकांकी में पीढ़ियों की टकराहट से पुराने मूल्यों की टूटन और नए मूल्यों का उभार है। स्पष्ट कीजिए।

(ख) नाना के घर किन–किन बातों का निषेध था? शरत् को यही कार्य प्रिय थे– क्यों?

(ग) प्रचार–प्रसार के पुराने व वर्तमान तरीकों में क्या अंतर है? 'हुसैन की कहानी अपनी ज़बानी' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

15. पढ़ने–पढ़ाने के उस समय के और वर्तमान के तौर–तरीकों में क्या अंतर और समानताएँ हैं? दिशाहरा' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। आप कौन से तरीके के पक्ष में है और क्यों?

**अथवा**

जन्मजात कलाकार की कौन–कौन सी विशेषताएँ होती है– 'हुसैन की कहानी अपनी ज़बानी' के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र–5

## विषय – हिन्दी ऐच्छिक)

## कक्षा– ग्यारहवीं

**समयः 3 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

(1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 11

आज पृथ्वी का वायुमंडल ही नहीं अंतरिक्ष तक प्रदूषित हो गया है। अंतरिक्ष में इतना कचरा इकट्ठा हो गया है कि यदि ओजोन परत का छेद बढ़ गया तो सूर्य से आनेवाली विषैली और जहरीली किरणें आसानी से हमारी पृथ्वी पर आने लगेंगी और सारी पृथ्वी को ही तहस–नह कर देंगी।

भारतीय ऋषिगण तथा मनीषी इन संभावित खतरों को समझते थे, इसलिए उन्होंने भारतीय जीवन शैली में ऐसी परंपराओं, विश्वासों और कार्यों को व्यक्ति की दिनचर्या में शामिल किया, जिससे अपने–आप पर्यावरण का संतुलन बना रहे और वह प्रदूषित न होने पाए।

हम भारतीयों की दिनचर्या ही प्रातःकाल नदी–सरोवरों में स्नान से शुरू होती थी। नदी–सरोवरों में विशेष पर्वों पर स्नान करने को पुण्य का काम माना जाता रहा है। अतः स्वाभाविक ही है कि जब हम नदी–सरोवरों को इतना पवित्र मानते थे तो उनकी रक्षा के प्रति भी सचेष्ट थे। वर्षा के पानी को एकत्रित किया जाता था तथा इसे बाग–बगगीचों में सिंचाई के काम में लाया जाता था, जिससे नदियों में गंदगी नहीं मिल पाती थी और उनका जल भी प्रदूषित नहीं हो पाता था।

आजकल तो शहरों के नालों और औद्योगिक क्षेत्रों से निकला रसायनयुक्त जहरीला पानी भी बिना उपचार के नदियों में मिलाया जा रहा है, जिससे नदियों का पानी जहरीला हो गया है। उनमें रहने वाले जीव–जंतु मछली, मगरमच्छ, कछुए आदि मर रहे हैं।

(क) ओजोन परत का छिद्र बढ़ाने से क्या नुकसान होगा? 2

(ख) भारतीय मनीषियों ने पर्यावरण के संभावित खतरों को समझकर क्या किया था? 2

(ग) नदी–सरोवरों के प्रति हम किस प्रकार सचेष्ट थे? 2

(घ) नदियों का पानी जहरीला क्यों हो रहा है? 2

(ङ) 'प्रदूषित' शब्द में से उपसर्ग और प्रत्यय अलग करें? 2

(च) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

संघर्ष से हटकर जिए तो क्या जिए हम या कि तुम।
जो नत हुआ वह मृत हुआ ज्यों वृंत से झरकर कुसुम।
जो लक्ष्य भूल रूका नहीं।
जो हार देख झुका नहीं।
जिसने प्रणय पाथेय माना जीत उसकी ही रही।
ऐसा करो जिससे न प्राणों में कहीं जड़ता रहे।
जो है जहाँ चुपचाप अपने–आप से लड़ता रहे।
जो भी परिस्थितियाँ मिलें।
काँटें चुभें, कलियाँ खिलें।
हारे नहीं इंसान, है संदेश जीवन का यही।
सच हम नहीं सच तुम नहीं।

(क) 'जो नत हुआ वह मृत हुआ' का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

(ख) 'वृंत से झरकर कुसुम' किसे बताया गया है और क्यों? 1

(ग) जीवन के संदर्भ में काँटे चुभने और कलियाँ खिलने का क्या आशय है? 1

(घ) कवि के अनुसार जीवन का संदेश क्या है? 1

(ङ) 'ज्यों वृंत से झरकर' में कौन–सा अलंकार है? 1

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दृश्य लेखन लिखिए– 5

रिमझिम बरसते बादल

अथवा

सड़क दुर्घटना

4. दिल्ली नगर निगम कार्यालय में सहायक पद के लिए स्ववृत्त आवेदन पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

आपके क्षेत्र में बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

5. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 4

(क) पीत पत्रकारिता क्या है?

(ख) अंश्कालिक पत्रकार से आप क्या समझते हैं?

(ग) एडवोकेसी पत्रकारिता क्या है?

(घ) अंतर्वेयक्तिक संचार से आप क्या समझते हैं?

6. कार्यसूची और कार्यवृत्त को परिभाषित करते हुए दोनों में अंतर स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

विद्यालय में हिन्दी दिवस समारोह मनाने के लिए आयोजित हिन्दी साहित्य परिषद् की सभा का प्रतिवेदन लिखिए।

7. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के अनुसार क्रमवद्ध कीजिए : 3

संध्या, बुद्धिमान, रजनी।

**अथवा**

शब्दकोश से शब्दों के विषय में क्या–क्या जानकारी मिलती है?

8. किसी एक काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

अरे इन दोहुन राह न पाई।

हिन्दू अपनी करै बड़ाई गागर छुवन न देई।

बेस्या के पायन–तार सोवै यह देखो हिन्दुआई।
मुसलमान के पीर–औलिया मुर्गी–मुर्गा खाई।
खाला केरी बंटी ब्याहैं घरहि में करै सगाई।
बाहर से एक मुर्दा लाए धोय–धाय चढ़वाई
सब सखियाँ मिलि जेंवन बैठी घर भर करैं बड़ाई।
हिन्दुन की हिन्दुवाई देखी तुरकन की तुरकाई।
कहै कबीर सुनो भाई साधो कौन राह ह्वै जाई।।

**अथवा**

सब आँखों के आँसू उजले सबके सपनों में सत्य पला।
जिसने उसको ज्वाला सौंपी
उसने इसमें मकरंद भरा,
आलोक लुटाता वह घुल–घुल
देता झर यह सौरभ बिखरा।
दोनों संगी पथ एक किन्तु कब दीप खिला कब फूल जला?

9. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 4

(क) खेल में कृष्ण के रूठने पर उनके साथियों ने उन्हें डाँटते हुए क्या–क्या तर्क दिए?

(ख) वृद्धाओं को कवि ने बगुलों–सा क्यों कहा है?

(ग) कवि ने भीतर के दु:स्वप्नों से भयावह किसे माना और क्यों?

10. निम्न काव्यांशें में से किन्हीं दो का काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए : 6

(क) कोमल तन आज्ञा, करवावति, कटि टेढ़ौ ह्वै आवति।
अति अधीन सुजान कनौड़े, गिरिधर नार नवावति।।

(ख) कह न ठंडी साँस में अब भूल वह जलती कहानी,
आग हो उर में तभी दृग में सजेगा आज पानी,

(ग) जब कोई नहीं करता

तब नगर के बीच से गुजरता हुआ मुर्दा

यह प्रश्न कर हस्तेक्षप करता है–

मनुष्य क्यों मरता है?

11. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

और ये गूँगे.... अनेक–अनेक हो संसारी में भिन्न–भिन्न रूपों में छा गए हैं– जो कहाना चाहते हैं पर वह नहीं पाते। जिनके हृदय की प्रतिहिंसा न्याय और अन्याय को परखकर भी अत्याचार को चुनौती नहीं दे सकती, क्योंकि बोलने के लिए स्वर होकर भी स्वर में अर्थ नहीं है.... क्योंकि वे असमर्थ हैं।

**अथवा**

लेकिन आज मैं यह सोचता हूँ कि सांसारिक समझौते से ज्यादा विनाशक कोई चीज़ नहीं– खासतौर पर वहाँ, जहाँ किसी अच्छी महत्त्वपूर्ण बात करने के मार्ग में अपने या अपने जैसे– लोग और पराए लोग आड़े आते हों। जितनी जबरदस्त उनकी बाधा होगी, उतनी ही बड़ी लड़ाई भी होगी अथवा उतना ही निम्नतम समझौता होगा।

12. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 6

(क) 'ईदगाह' शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

(ख) 'गूँगे' कहानी में आज के समाज की किन–किन समस्यओं को रेखांकित किया गया है?

(ग) लाल और उसके साथियों ने कैसे सिद्ध किया कि जानकी माँ नहीं भारत माता है? इसमें जानकी के चरित्र की किस विशेषता का पता चलता है?

13. नागार्जुन अथवा रांधेय राघव का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी काव्गत विशेषताओं पर प्रकाशडालिए 5

**अथवा**

सुधा अरोड़ा अथवा भारतेंदु हरिश्चंद्र के जीवन साहित्य और भाषा–शैली पर प्रकाश डालिए।

14. एकांकी (अंडे के छिलके) में अम्मा की जो तस्वीर उभरती है अंत में वह बिल्कुल बदल जाती है। टिप्पणी कीजिए। 4

**अथवा**

लेखक जन्म जात कलाकार हैं– यह तथ्य किस प्रकार उद्‌घाटित होता है?

15. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8

(क) अंडे खाना 'चंद्रकांता संतति' पढ़ना आदि किन्हीं सदर्भों में गलत नहीं है, फिर भी नाटक के पात्र इन्हें छिपकर करते हैं। क्यों? उनकी जगह आप होते तो क्या करते हैं?

(ख) कला के प्रति लोगों का नज़रिया पहले कैसा था। उसमें अब क्या बदलाव आया है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) शरत की रचनाओं में उनके जीवन के अनेक घटनाएँ और पात्र सजीव हो उठे हैं। पाठ के आधार पर विवेचना कीजिए।

## ANNUAL EXAMINATION, 2018-19

Subject – **हिन्दी (ऐच्छिक)**

**कक्षा**–XI

**समयः 3 घण्टे** **पूर्णांक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

(1) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(2) सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।

(3) प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमानुसार दें।

(4) शुद्धता व स्पष्टता का ध्यान रखें।

(5) जिन प्रश्नों के विकल्प दिए गए हैं, उनमें निर्धारित प्रश्नों के उत्तर लिखें।

**खण्ड 'क'**

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 11

वर्तमान युग सुविधावादी युग है। प्राचीन युग में राजा–महाराजाओं के लिए सुलभ सामग्री वर्तमान में जन–साधारण के लिए उपलब्ध है। फिर भी हर व्यक्ति तनावग्रस्त दिखाई देता है। उसे पहले से कहीं अधिक चिंताएँ चारों ओर घेरे हुए हैं। हालांकि जहाँ जीवन है, वहाँ समस्याएँ व कठिनाएँ होती ही हैं। ये ही तो जीवन के होने का सबूत होती है। उनका समाधान और प्रतिकार सशक्त विचार, आंतरिक बल और साहस से ही हो सकता है। आत्मविश्वास की ज्योति प्रज्ज्वलित करने से ही विकास का मार्ग प्रशस्त हो सकता है, समाधान की दिशा प्राप्त हो सकती है।

व्यक्ति व परिस्थिति का गहरा संबंध है जिसे अनुकूल परिस्थितियाँ प्राप्त होती हैं वह सहजता से विकास कर सकता है। प्रतिकूल परिवेश में सफलता कठिन होती है। जिसका आत्मबल प्रबल है, वह प्रतिकूल परिस्थितियों को भी अनुकूलता में बदल सकता है। उसके अभाव में सौभाग्य से प्राप्त अवसर भी अभिशाप बन जाते हैं। अतः स्वयं को दीन–हीन समझना भी पाप है। आधुनिक मनोविज्ञान के अनुसार महत्ता की ग्रंथि अर्थात् सुपिरियॉरिटी कॉम्प्लेक्स व हीनता की ग्रंथि यानि इनफिरियॉरिटी कॉम्प्लेक्स– इन दोनों ग्रंथि से जीवन में प्रगति व सफलता पाने हेतु मुक्ति प्राप्त करना जरूरी है। अतः जीवन में हीनता

व भीरूता की भावना को प्रोत्साहन न दें। आत्मशक्ति का आधार सबल बनाएँ जीवन की धारा को संतुलित व व्यवस्थत करें। कुछ बड़ा सोचें, ऐसी दुनिया बनाएँ जिसके बारे में हमसे पहले किसी न सपना भी न देखा हो।

(क) महत्ता की ग्रंथि व हीनता की ग्रंथि से मुक्ति पाना क्यों आवश्यक है? 2

(ख) जीवन में अनुकूल व प्रतिकूल परिस्थितियों का क्या प्रभाव पड़ता है? 2

(ग) 'प्रबल आत्मबल जीवन में सहायकत है।' कैसे? 2

(घ) जीवन की समस्याओं का समाधान कैसे संभव है? 2

(ड़) आत्मविश्वास का गुण मानव जीवन को किस दिशा में ले जाने में सहायक है? 2

(च) लेखक मानव को जीवन में कैसी सोच बनाने की प्रेरणा दे रहा है? 1

2. निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर किसी एक काव्यांश के पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1×5=5

निर्मम कुम्हार की थापी से, कितने रूपों में कुटी–पिटी,
हर बार बिखर गई किंतु मिट्टी फिर भी तो नहीं मिटी।
आशा में निश्छल पल जाए, छलना में पड़कर छल जाए
सूरज दमके तो तप जाए रजनी ठुमके तो ढल जाए,
यों तो बच्चों की गुड़िया सी, भोली मिट्टी की हस्ती क्या
आँधी आए तो उड़ जाए, पानी बरसे तो गल जाए
फसलें उगती फसले कटती लेकिन धरती चिर उर्वर है।
सौ बार बने सो बार मिटे लेकिन मिट्टी अविनश्वर है।

(क) रात होने का मिट्टी पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(ख) मिट्टी चिर उर्वरा कैसे है? सिद्ध कीजिए।

(ग) किन–किन परिस्थितियों में मिट्टी का स्वरूप नहीं बदला?

(घ) मिट्टी की तुलना किससे की गई है?

(ङ) आँधी व पानी मिट्टी को किस प्रकार प्रभावित करते हैं?

**अथवा**

विषुवत रेखा का वासी जो
　　　　जीता है नि हाँफ–हाँफ कर
रखता है अनुराग अलौकिक
　　　　वह भी अपनी मातृभूमि पर।
ध्रुववासी जो हिम में, तम में
　　　　जी लेता है काँप–काँप कर।
वह भी अपनी मातृभूमि पर
　　　　कर देता है प्राण–निछावर
तुम तो हे प्रिय बंधु! स्वर्ग–सी,
　　　　सुखद, सकल विभवों की आकर
धरा शिरोमणि मातृभूमि में
　　　　धन्य हुए तो जीवन पाकर।

(क) भारतवासी का जीवन धन्य क्यों है?

(ख) ध्रुवीय क्षेत्र में रहने वालों के जीवन में क्या–क्या कठिनाइयाँ हैं?

(ग) विषुवत रेखा का वासी हाँफ–हाँफ कर क्यों जीता है?

(घ) 'धरा–शिरोमणि मातृभूमि' का क्या आशय है?

(ङ) उपर्युक्त काव्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक दीजिए।

**खण्ड–'ख'**

3. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए – 8
   (क) हमारी प्रमुख राष्ट्रीय समस्याएँ
   (ख) पर्वतीय स्थान की यात्रा
   (ग) आधुनिक नारी के बढ़ते कदम
   (घ) मुझे अपने भारतीय होने पर गर्व क्यों?

4. राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता पद पर नियुक्ति हेतु दिल्ली प्रदेश सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष को आवदेन–पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारी को पत्र लिखकर अपनी कॉलोनी में अनियमित व अपर्याप्त जल वितरण से होने वाली असुविधाओं के प्रति ध्यान आकृष्ट कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×4=4

(क) पत्रकारिता का विकास क्यों हुआ?

(ख) डायरी लेखन के दो लाभ लिखिए।

(ग) समाचार लेखन की भाषा कैसी होनी चाहिए?

(घ) प्रेस विज्ञप्ति क्या है?

(ङ) जनसंचार के आधुनिक माध्यम कौन–कौन से हैं?

6. प्रतिवेदन लेखन के लिए ध्यान रखने योग्य बातों का उल्लेख कीजिए। 3

**अथवा**

नवयुग पब्लिक स्कूल प्रबंध समिति की नए शैक्षिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व की बैठक हेतु कार्यसूची तैयार कीजिए।

7. निम्नलिखित काव्यांशों में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 6

जब तब नींद उचट जाती है
पर क्या नींद उचट जाने से
रात किसी की कट जाती है?
देख–देख दुःस्वप्न भयंकर
चौंक–चौंक उठता हूँ डर कर,
पर भीतर के दुःस्वप्नों से
अधिक भयावह है हम बाहर!

**अथवा**

भौंरन को गुंजन वन कुंजन में
मंजुल मलारन को गावनों लगत है।
कहै पद्‌माकर गुमानहूँ तें मानहूँ तैं
प्रानहूँ तैं प्यारों मनभावनो लगत है
मोरन को सोर घनघोर चहुँ ओरन,
हिंडोरन को वृंद छवि छावनों लगत है
नेह सरसावन में मेह बरसावन में
सावन में झूलिबो सुहावनो लगत है।

8. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 2+2=4

(क) 'सूरदास' के पद के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि मुरली श्रीकृष्ण पर किस—किस प्रकार शासन करती है?

(ख) सोन खगों की पंक्तियाँ कवि सुमित्रानंदन पंत को कैसी लगती हैं?

(ग) प्रकृति किस प्रकार मनुष्य को उसके लक्ष्य तक पहुँचाने में सहायक सिद्ध होती है? सब आँखों के ....... कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(घ) मगध के माध्यम से 'हस्तक्षेप' कविता में किस व्यवस्था की ओर संकेत किया गया है? स्पष्ट कीजिए।

9. निम्नलिखित में से किन्हीं दो काव्यांशो का काव्य—सौंदर्य लिखिए: 3+3=6

(क) हिन्दुन की हिन्दुवाई देखी तुरकन की तुरकाई।
कहैं कबीर सुनो भाई साधो कौन राह है जाई।

(ख) तरल तरुण कस्तूरी मृग को अपने पर चिढ़ते देखा है,
बादल को घिरते देखा है।

(ग) वैसे हम स्वजन हैं, करीब हैं बीच की दीवार के दोनों ओर
क्योंकि हम पेशेवर गरीब हैं।

(घ) चाहत उठ्योई उठि गई सो निगोड़ी नींद,
सोए गए भाग मेरे जाने वा जगन में।

10. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजि— 5

चाचा जी, नष्ट हो जाना तो यहाँ का नियम है। जो सँवारा गया है वह बिगड़ेगा ही। हमें दुर्बलता के डर से अपना काम नहीं रोकना चाहिए। कर्म के समय हमारी भुजाएँ दुर्बल नहीं, भगवान की सहस्र भुजाओं की सखियाँ हैं।

**अथवा**

सुशीला ने आगे बढ़कर इशारा किया— मुँह खोलो् और गूँगे ने मुँह खोल दिया, लेकिन उसमें कुछ दिखाई नहीं दिया। पूछा— 'गले में कौआ है?' गूँगा समझ गया। इशारे में ही बता दिया— 'किसी ने बचपन में गला साफ करने की कोशिश में काकल काट दिया' और वह ऐसे बोलता है, जैसे घायल पशु कराह उठता है, शिकायत करता है जैसे कुत्ता चिल्ला रहा हो ओर कभी—कभी उसके स्वर में ज्वालामुखी के विस्फोट की—सी भयानकता थपेड़े मार उठती है। वह जानता है कि वह सुन नहीं सकता और बता—बताकर मुस्कुराता है। वह जानता है कि उसकी बोली को कोई नहीं समझता फिर भी बोलता है।

11. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 3+3=6

(क) 'ईदगाह' कहानी में वर्णित नमाज के दृश्य का वर्णन कीजिए।

(ख) असगर ठेकेदार के साथ जसदेव को आता देखकर सूबेसिंह क्यों बिफर पड़ा और जसदेव को मारने का क्या कारण था?

(ग) आपके विचार से देश की उन्नति किस प्रकार संभव है? भारत वर्ष की उन्नति ..... निबंध के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(घ) फुले दम्पत्ति का जीवन किस प्रकार आधुनिक दम्पत्तियों को प्रेरणा प्रदान करता है?

12. देव/धूमिल के जीवन व रचनाओं का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनकी काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

**अथवा**

ओमप्रकाश वाल्मीकि/हरिशंकर परसाई के जीवन और रचनाओं का संक्षिप्त परिचय देते हुए उनकी भाषाशैली की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

13. 'आवाराम मसीहा' में बाल–सुलभ चंचलताओं और शरारतों के विभिन्न प्रसंगों में से आपको कौन–सा अंश अच्छा लगा और क्यों? 4

**अथवा**

'अंडे के छिलके' एकांकी में प्रत्येक पात्र दोहरेपन की जिंदगी जी रहा है। स्पष्ट कीजिए।

14. निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 4+4=8

(क) आप कैसे कह सकते हैं कि शरत और धीरू सच्चे दोस्त थे?

(ख) मोतीलाल के पिता बैकुंठनाथ चटोपाध्याय (शरत् के दादा) की मृत्यु किन कारणों से हुई?

(ग) मकबूल फिदा हुसैन को उनकी मंजिल तक पहुँचाने में उनके पिता के योगदान को स्पष्ट कीजिए।

(घ) ''पराया घर तो लगता ही है, भाभी'' अपने भाई–भाभी के कमरे में श्याम को परायेपन का अहसास क्यों होता है?

# MARKING SCHEME, 2018-19

**Subject : हिन्दी (ऐच्छिक)**

**Class : XI**

**Time : 3 Hrs.** **M. M. : 80**

**Note :** **A great care has been taken while preparing the marking scheme, but still the examiners are advised to verify the answer at their own level.**

**खण्ड 'क'**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **अपठित गद्यांश –** | 11 |
| | (क) जीवन में प्रगति व सफलता पाने हेतु। | 2 |
| | (ख) अनुकूलता में सहजता से विकास संभव। प्रतिकूलता में सफलता प्राप्ति कठिन। | 2 |
| | (ग) आत्मबल के सहारे प्रतिकूल परिस्थितियों में बदलाव। सफलता प्राप्ति अवश्यंभावी। | 2 |
| | (घ) सशक्त विचार, आंतरिक बल और साहस से जीवन की समस्याओं का समाधान संभव। | 2 |
| | (ङ) विकास का मार्ग प्रशस्त करने में, समाधान की दिशा प्राप्ति में। | 2 |
| | (च) सकारात्मक सोच। | 1 |
| 2. | **अपठित काव्यांश –** | 1 × 5 = 5 |
| | (क) मिट्टी का ढलना। | 1 |
| | (ख) फसलें उगना, कटना, पुनः फसलें उगना। | 1 |
| | (ग) कुम्हार के कूटने-पीसने पर, धूप में तपने में, बार-बार बिखरने पर। | 1 |
| | (घ) गुड़िया से। | 1 |
| | (ङ) आँधी आने पर मिट्टी उड़ना। पानी से मिट्टी गलना। | 1 |

**अथवा**

(क) क्योंकि भारत भूमि सभी सुखों की खान है।

(ख) क्योंकि वहाँ अत्यधिक सर्दी तथा सुख-सुविधा का अभाव है।

(ग) विषुवत रेखा में अत्यधिक गर्मी के कारण वह हाँफ-हाँफ कर रहता है।

(घ) सम्पूर्ण धरती की शिरोमणि या सर्वश्रेष्ठ भूमि है।

(ङ) 'मातृभूमि' अथवा अन्य उपयुक्त शीर्षक मान्य है।

## खण्ड 'ख'

**3. निबंध –** **8**

- भूमिका 1
- विषय-वस्तु 4
- भाषा/प्रस्तुति 2
- उपसंहार 1

**4. पत्र –** **5**

- आरंभ व अंत 2
- विषय-वस्तु 2
- भाषा 1

**5. प्रश्न –** **1 × 4 = 4**

(क) मानव की जिज्ञासा को शांत करने हेतु।

(ख) अपने को बेहतर तरीके से समझ पाना, गुणों-अवगुणों का ज्ञान।

(ग) सरल, आम बोलचाल की भाषा, विशेषण, अतिश्योक्ति से मुक्त।

(घ) व्यक्ति या संस्थान द्वारा लिए गए निर्णय को प्रेस के माध्यम से सर्वसामान्य तक पहुँचाना।

(ङ) समाचार-पत्र, रेडियो, टेलिविजन, इंटरनेट।

**6. प्रतिवेदन – ध्यान रखने योग्य बातें –** **3**

- रूपरेखा पहले बनाना
- तथ्यों का संकलन
- विषय केन्द्रित अध्ययन
- विचारों की प्रमाणिकता
- अनावश्यक विस्तार से बचना आदि।

**अथवा**

**कार्यसूची –**

- विषय – ...............
- दिनांक – .............
- समय – ..............
- स्थल – ..............

**कार्यसूची – बिंदु**

- सदस्यों का स्वागत।
- शिक्षण शुल्क में नए सत्र में वृद्धि का प्रस्ताव।
- नए शिक्षकों का चयन।
- नव वर्ष हेतु तैयार बजट पर चर्चा व अनुमोदन।

• नव वर्ष में परीक्षा परिणाम को और बेहतर बनाने पर विचार।

• विद्यालय के सौंदर्यकरण पर विचार।

• धन्यवाद ज्ञापन।

## खण्ड 'ग'

7. **काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या –** 6

• संदर्भ 1

• प्रसंग 1

• व्याख्या 3

• भाव व काव्य सौन्दर्य 1

**संदर्भ** – कवि – नरेन्द्र शर्मा

**कविता** – नींद उचट जाती है।

**प्रसंग** – व्यक्तिगत नींद के माध्यम से मानव जीवन में व्याप्त निराशा से उत्पन्न भयावह स्थिति का वर्णन।

**व्याख्या** – सोते-सोते अचानक नींद टूट जाने पर किसी की रात आसानी से न कटना। स्वयं के बुरे सपनों से भयभीत होकर चौंक जाना, भयानक स्वप्न देखकर डर जाना। परन्तु मन के अंदर के भयंकर स्वप्न से अधिक भयावह बाहर का अंधकार अर्थात् समाज में फैली अशांति, अज्ञानता, चेतनशून्यता रूपी अंधेरा।

**भाव व काव्य सौंदर्य** –

रात्रि के माध्यम से समाज में फैली अशांति व जागरूकता के अभाव रूपी अंधकार के प्रति सुंदर शब्दों में चिंता प्रकट करना।

• सरल व प्रवाहपूर्ण भाषा।

• प्रतीकात्मक शैली, पुनरुक्ति प्रकाश अलंकार, खड़ी बोली, तत्सम व तद्भव शब्दावली आदि।

**अथवा**

**संदर्भ** – कवि – पद्माकर

**कविता** – कवित्त

**प्रसंग** – सावन के प्राकृतिक वैभव तथा बादलों के जल के रूप में प्रेम की बरसात का मनमोहक वर्णन।

**व्याख्या** – सावन का महीना – इस ऋतु में बाग-बगीचों व वनों में विचरण करते भँवरों की गुंजार मानो राग मल्हार की प्रस्तुति। सावन माह में प्रिय मिलन की आतुरता में वृद्धि। चारों ओर मोरों के गूँजने का व बादलों के बरसने का शोर, वृक्षों की शाखाओं पर झूलों का शोभा पाना। प्रेम में सरसता उत्पन्न करने वाले तथा वर्षा करने वाले इस माह में झूला झूलना सुहावना प्रतीत होना।

**भाव व काव्य सौंदर्य –**

• सावन की प्राकृतिक छटा द्वारा प्रेमिका के हृदय में प्रियतम से मिलने की इच्छा जागृत करना।

• ब्रज भाषा, सरसता व मधुरता से युक्त भाषा, छंद युक्त भाषा, माधुर्य गुण व शृंगार रस, गेयता व संगीतमयता विद्यमान आदि।

8. **किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर –** **2 + 2 = 4**

(क) कृष्ण को अपने वश में करना, एक पैर पर खड़ा करना, उनके कोमल शरीर से अपनी आज्ञाओं का पालन करवाना, कमर टेढ़ी करवाना, गर्दन झुकवा देना, होठों की शैया पर लेटकर अपने पैर दबवाना। 2

(ख) सूर्य के प्रकाश के कारण पक्षियों की पंक्तियाँ आकाश में चित्रवत् प्रतीत होना। उनकी धीमी आवाज का शांत आकाश को ध्वनित करना, नभ गति से आकाश को शब्दायित करना। 2

(ग) प्रकृति के नियमपूर्वक कार्य करने से हमें भी कार्य करने की प्रेरणा मिलना, पर्वतों द्वारा अडिग रहने की, दीपक द्वारा दूसरों को प्रकाशित करने की, फूलों से स्वयं नष्ट होकर त्याग वृत्ति की प्रेरणा मिलना। 2

(घ) मगध के माध्यम से कवि निरंकुश शासन व्यवस्था की ओर इशारा कर रहा है कि जब जनता शासन व्यवस्था की ओर दखल न दे पाये तो उस समय शासन व्यवस्था निरंकुश हो जाती है। अत: जनता का हस्तक्षेप आवश्यक है शासन व्यवस्था को जनहित बनाये रखने के लिए। 2

9. **दो काव्यांशों का काव्य-सौन्दर्य –** **3 + 3 = 6**

• भाव सौन्दर्य 1

• काव्य सौन्दर्य 2

(क) **भाव सौंदर्य** – दोनों धर्म के लोगों द्वारा बड़ी-बड़ी बातें करना परन्तु उन्हें अपने व्यवहार में न लाना – इस बात की कड़ी आलोचना।

**काव्य सौंदर्य** – सधुक्कड़ी भाषा, छंदयुक्त भाषा, व्यंग्यात्मकता का गुण। भावानुकूल व सरस भाषा आदि।

(ख) **भाव सौंदर्य** – हिमालय क्षेत्र में पाए जाने वाले कस्तूरी मृग की निश्छलता का स्वाभाविक चित्रण।

**काव्य सौंदर्य** – खड़ी बोली, चित्रात्मक शैली, माधुर्य गुण, अनुप्रास अलंकार, चाक्षुष बिम्ब आदि।

(ग) **भाव सौंदर्य** – परिवार में रिश्तों की गरिमा व एक-दूसरे की इच्छाओं व भावनाओं को समझते हुए भी गरीबी के कारण पूरा न कर पाने की विवशता प्रकट करना।

**काव्य सौंदर्य** – खड़ी बोली, लाक्षणिक व प्रतीकात्मक भाषा, मुक्त छंद, तत्सम व उर्दू शब्दों का प्रयोग आदि।

(घ) **भाव सौंदर्य** – नायिका का सपने में जैसे ही श्रीकृष्ण से मिलने के लिए उठना, वैसे ही नींद का भाग जाना और नायिका का दुखी हो जाना।

**काव्य सौंदर्य** – ब्रज भाषा, वर्णनात्मक शैली, छंद पद, शृंगार रस, माधुर्य गुण।

**10. गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या –** 5

- प्रसंग 2
- व्याख्या 2
- विशेष 1

**प्रसंग –** पांडेय बेचन शर्मा उग्र द्वारा 'उसकी माँ' कहानी में लाल के माध्यम से परिवर्तन के लिए कर्मवादी सोच को उजागर करना।

**व्याख्या –** लेखक द्वारा लाल को शक्तिशाली अंग्रेजी सत्ता के भय से आतंकित करने पर लाल का उत्तर – चाचा जी, नष्ट होना प्रकृति का नियम अर्थात् मृत्यु निश्चित। हर सजाया-सँवारा गया कार्य अवश्यमेव बिगड़ना। अत: दुर्बलता के डर से अपने कर्म को कभी न रोकना यह भी न सोचना कि इसका परिणाम क्या होगा। परिवर्तन लाने हेतु कर्तव्यबद्ध भाव रखना।

**विशेष –** खड़ी बोली, तर्कपूर्ण शैली, सरल व सहज भाषा, संवाद शैली आदि।

**अथवा**

**लेखक**–रांगेय राघव **कहानी**–गूँगे

**प्रसंग –** गूँगे द्वारा अपने मुख से विचित्र आवाजों द्वारा अपनी पीड़ा बताने का प्रयास करना।

**व्याख्या –** सुशीला द्वारा 'गले में कौआ है अथवा नहीं' यह पूछने पर सप्रयास समझाना कि बचपन में गला साफ करने की कोशिश में कौआ काटना। मुँह से निकलने वाली आवाज कभी घायल पशु के कराहने की आवाज के समान। कभी-कभी ज्वालामुखी के विस्फोट की-सी भयानकता स्पष्ट होना। गूँगे में समाहित आक्रोश प्रकट करना, उसकी बात को न समझना – यह जानते हुए भी उसके द्वारा बोलकर बताने का उसका प्रयास।

**विशेष –** गूँगे की भावना का सजीव व मर्मस्पर्शी चित्रण, भाषा सरल व भावातिरेक से परिपूर्ण, संवाद शैली आदि।

**11. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर –** 3 + 3 = 6

(क) सभी का पंक्ति से क्रमबद्ध खड़े होना, लाखों सिरों का एक साथ सजदे के लिए झुकना, फिर सबका एक साथ खड़े होना व घुटनों के बल बैठना। कई बार यही क्रिया होना सुंदर संचालन व सुंदर व्यवस्था मानो बिजली के लाखों बल्ब एक साथ प्रदीप्त व एक साथ बुझ रहे हों। सामूहिक क्रियाओं के विस्तार और अनंतता का हृदय को श्रद्धा व गर्व व आत्मांनद के साथ भर देना।

(ख) सूबे सिंह भट्ठे के मालिक मुखतार सिंह का पुत्र। बुरे चरित्र वाला, स्त्रियों की इज्जत से खिलवाड़ करने वाला। किसनी से जी भरने के बाद मानो को दफ्तर में बुलाना, मानो को वहाँ न भेजकर जसदेव का दफ्तर में जाकर काम पूछना, मानो के स्थान पर जसदेव को देखकर व उसकी बात सुनकर क्रोधित होकर बिफर पड़ना व जसदेव को पीटना।

(ग)
- जनसंख्या पर नियंत्रण
- भ्रष्टाचार पर रोक
- स्व का त्याग

• देशहित की सोच

• स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग पर बल

• निज भाषा की उन्नति

• सभी धर्मों व जातियों का समान आदर

• स्वदेशी तकनीक का प्रचार-प्रसार

• अंधविश्वास से दूरी

• शिक्षा को रोजगार परक बनाना आदि।

(घ) फुले दम्पत्ति का दाम्पत्य जीवन आधुनिक दम्पत्तियों को प्रेरणा देता है कि दम्पत्तियों को आपस में कंधे से कंधा मिलाकर कोई भी काम किया जाए तो उसमें सफलता अवश्य मिलती है। दोनों में एक सूत्रात्मकता होनी चाहिए। दोनों को एक-दूसरे की जड़ें न खोदकर एक-दूसरे का सहारा बनना चाहिए।

**12. जीवन परिचय** **5**

• परिचय 2

• रचनाएँ 1

• भाषागत विशेषताएँ 2

**देव**

**जीवन परिचय** – रीतिकालीन महाकवि का जन्म उत्तर प्रदेश के इटावा में। पूरा नाम देवदत्त द्विवेदी। आलमशाह के संपर्क में आने के बाद अनेक आश्रयदाता बदलना, सबसे अधिक संतुष्टि भोगीलाल नामक आश्रयदाता से प्राप्त, जिसने उनके काव्य से प्रसन्न होकर लाखों की संपत्ति दान की। राजदरबारों के आडंबरपूर्ण व चाटुकारिता पूर्ण जीवन का निकटता से अनुभव। अत: ऐसे जीवन से वितृष्णा।

**रचनाएँ** – रस विलास, भाव विलास, कुशल विलास आदि।

**काव्यगत विशेषताएँ** – मधुर ब्रज भाषा का प्रयोग। रचनाओं में अनुप्रास व यमक अलंकार के प्रति प्रबल आकर्षण। ध्वनि योजना, शृंगार रस व कल्पना शक्ति का प्रयोग।

**अथवा**

**धूमिल**

**जीवन परिचय** – जन्म वाराणसी में, मूल नाम सुदामा पाण्डेय, 'धूमिल' नाम कविता लिखने हेतु अपनाना। आई. टी. आई. (वाराणसी) से विद्युत डिप्लोमा करना, साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित। 39 वर्ष की अल्पायु में मृत्यु।

**रचनाएँ** – संसद से सड़क तक, कल सुनना मुझे और सुदाम पाण्डेय का प्रजातंत्र।

**काव्यगत शैली** – खड़ी बोली का प्रयोग। भाषा काव्य सत्य को जीवन सत्य के अधिक निकट लाने में सक्षम। सहज-सरल शब्दावली में अभिव्यक्ति। लाक्षणिकता व प्रतीकात्मकता दर्शनीय।

**अथवा**

**ओमप्रकाश वाल्मीकि**

**जीवन परिचय** – जन्म उत्तर प्रदेश में निर्धन हरिजन परिवार में, बचपन सामाजिक व आर्थिक कठिनाइयों में व्यतीत। हिंदी विषय में एम. ए.। नाटकों के अभियन व निर्देशन में गहरी रुचि। कई पुरस्कारों से सम्मानित।

**रचनाएँ** – सलाम, घुसपैठिए, जूठन, सदियों का संताप।

**साहित्यिक शैली** – जातीय अपमान व उत्पीड़न का जीवन्त वर्णन। भाषा सहज, तथ्यपरक, सरल, सामान्य बोलचाल की, व्यंग्य का पुट विद्यमान। पात्रों के अनुसार भाषा प्रयोग।

**अथवा**

**हरिशंकर परसाई**

**जीवन परिचय** – जन्म मध्य प्रदेश में, उच्च शिक्षा नागपुर में, हिंदी में एम. ए.। कुछ वर्ष तक अध्यापन बाद में स्वतंत्र लेखन। वसुधा नामक मासिक साहित्यिक पत्रिका का प्रकाशन।

**रचनाएँ** – हँसते हैं रोते हैं, तट की खोज, ज्वाला और जल, और अंत में प्रेमचंद के फटे जूते।

**भाषा शैली** – सरल भाषा, सरसता व व्यंग्य का पुट। संस्कृत, उर्दू व अंग्रेजी भाषा के शब्दों का प्रयोग।

13. साँप को वश में करना, शिक्षक की चिलम में ईंट के टुकड़े भरना, घड़ी का समय बदलना, भोलू को चूने के ढेर पर गिराना आदि विभिन्न प्रसंगों में से किसी एक घटना का वर्णन।

बालसुलभ चंचलता का स्वाभाविक चित्रण। स्वयं की शरारतें याद आना आदि किसी भी उचित तर्क के लिए अंक दें। **4**

**अथवा**

एकांकी का दोहरी मानसिकता के द्वंद्व को उद्घाटित करना व परम्पराओं के टूटने का सजीव वर्णन। एक ओर अंडे का सेवन करना तो दूसरी ओर उसका नाम लेने में घृणास्पद भाव व्यक्त करना। थोथे आदर्शवाद का चोला ओढ़े सभी पात्रों का दोहरेपन की जिंदगी जीना।

राधा का आदर्शवाद की प्रतिमूर्ति बनना परंतु चोरी छिपे चंद्रकांता उपन्यास पढ़ना।

श्याम का अंडे का नाम न लेने का उपदेश देना, वहीं दूसरी ओर प्रतिदिन अंडे का सेवन करना।

गोपाल को पाँच साल से सिगरेट पीने की लत।

बड़े भाई माधव सबकी कमजोरियों से अवगत पर जाहिर न होने देना।

अम्मा का भी सब कुछ जानकर भी अनजान बने रहने का नाटक।

14. **किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर –** **4 + 4 = 8**

(क) धीरू शरत् की सहपाठिनी, विद्यालय के बाहर मछली पकड़ने, नाव में सवार होकर घूमने, वन भ्रमण करने, बाग से फल-फूल चुराने, पतंग उड़ाने आदि में शरत् का साथ देना। करौंदे के फल लगने पर उसकी माला शरत् को भेंट करना। भोलू को चूने में गिराकर भागे शरत् के गुप्त स्थान पर जाकर उसे मूडी खिलाना, शरत् का पानी लाने के लिए उस पर रौब जमाना, उसकी पीठ पर घूँसा जमाना, धीरू का उसकी माँ को हुक्का पीने की शिकायत करना, शरत् की माँ द्वारा पिटाई व बाद में धीरू को पीटकर उसका बदला लेना बावजूद इसके दोनों की दोस्ती का प्रगाढ़ होना। हर दिन साथ रहना व संध्या समय अपमान व मार खाना दोनों की दिनचर्या। 4

(ख) शरत् के दादा बैकुंठनाथ चट्टोपाध्याय राढ़ी ब्राह्मण परिवार से सम्बन्धित, स्वाधीनचेत्ता व निर्भीक व्यक्ति। जमींदार के मुकदमे की झूठी गवाही देने से इंकार, जमींदार का क्रोधित होना, एक दिन उनका अचानक गायब होना, अगली सुबह उनके मारे जाने की खबर मिलना। 4

(ग) • दादा की मृत्यु के बाद दु:खी व गुमसुम मकबूल को छात्रावास में दाखिल करवाना।

• किताबें बेचकर ऑयल पेंटिंग बनाने के बारे में शिकायत मिलने पर उसे न डाँटना, अपितु खुश होकर उसे प्रोत्साहित करना, उत्साहवर्धन करना।

• बेंद्रे साहिब के कहने पर मकबूल के लिए बंबई से पेंट व केनवस मँगवाना। बेंद्रे साहिब की सलाह पर सभी प्रतिबंधों को तोड़ते हुए बेटे को जीवन में रंग भरने की स्वीकृति देना।

(घ) भाभी ने घर में आकर भाई के कमरे का नक्शा ही बदल दिया। पहले यह कमरा उसके कमरे जैसा बिखरा रहता था। सभी चीजें चारपाई या मेज पर पड़ी रहती थीं। किंतु अब भैया की टेबल चमक रही है। हर चीज अपनी जगह पर व्यवस्थित ढंग से रखी हुई है। अब पहले जैसी बात नहीं रही। इसी कारण श्याम को इस कमरे में परायेपन का अहसास हो रहा है।